  1. तैत्तिरीय 2. मैत्रायणी 3. कठ 4. कपिष्ठल
- कृष्णयजुर्वेद के आरण्यक हैं— दो
  1. तैत्तिरीय आरण्यक 2. मैत्रायणी आरण्यक
- शुक्ल यजुर्वेद के उपनिषद् हैं— दो
  1. ईशावस्योपनिषद् 2. बृहदारण्यकोपनिषद्
- शुक्ल यजुर्वेद की शिक्षा है— याज्ञवल्क्य शिक्षा
- शुक्ल यजुर्वेद की शिक्षा है— माध्यन्दिन शिक्षा
- कृष्ण यजुर्वेद की शिक्षा है— वाशिष्ठी शिक्षा

3. संस्कृत वाङ्मय का बृहद् इतिहास— बलदेव उपाध्याय पृ.सं. 219
4. संस्कृत वाङ्मय का बृहद् इतिहास— बलदेव उपाध्याय पृ.सं. 219

- कृष्ण यजुर्वेद की शिक्षा है— माण्डव्य शिक्षा
- कृष्ण यजुर्वेद की शिक्षा है— भारद्वाज शिक्षा
- शुक्ल यजुर्वेद का प्रातिशाख्य है— वाजसनेयि प्रातिशाख्य (कात्यायन कृत)
- कृष्ण यजुर्वेद का प्रातिशाख्य है— तैत्तिरीय प्रातिशाख्य
- शुक्ल यजुर्वेद का श्रौतसूत्र है— कात्यायन या पारस्कर
- कृष्ण यजुर्वेद के श्रौतसूत्र हैं— बौधायन, आपस्तम्ब, सत्याषाण, वैखानस, भारद्वाज, कठ, वाधूल, वाराह, मानव, मैत्री
- शुक्ल यजुर्वेद का गृह्यसूत्र है— कात्यायन या पारस्कर
- कृष्ण यजुर्वेद के गृह्यसूत्र हैं— कठ, आपस्तम्ब, बौधायन, वैखानस, भारद्वाज, वाधूल
- शुक्ल यजुर्वेद के धर्मसूत्र हैं— दो 1. हारीत 2. शङ्ख
- कृष्ण यजुर्वेद के धर्मसूत्र हैं— विष्णु, वशिष्ठ, आपस्तम्ब, बौधायन, हिरण्यकेशी, वैखानस
- शुक्ल यजुर्वेद का शुल्बसूत्र है— कात्यायन
- कृष्ण यजुर्वेद के शुल्बसूत्र हैं— मानव, बौधायन, आपस्तम्ब, मैत्रायणी, वाराह, वाधूल
- तैत्तिरीय शाखा में काण्ड हैं— 7
- तैत्तिरीय शाखा में प्रपाठक हैं— 44
- तैत्तिरीय शाखा में अनुवाक हैं— 631
- तैत्तिरीय शाखा में मन्त्र हैं— 2198
- सायणाचार्य ने सर्वप्रथम भाष्य लिखा था— तैत्तिरीय संहिता पर
- मैत्रायणी संहिता में काण्ड हैं— 4
- मैत्रायणी संहिता में प्रपाठक हैं— 54
- मैत्रायणी संहिता में मन्त्र हैं— 2144
- इस (मैत्रायणी) शाखा को कहते हैं— कलाप या कालापक
- कठ संहिता में स्थानक हैं— 40

- कठ संहिता में अनुवाक हैं— 843
- कठ संहिता में मन्त्र हैं— 3091
- कपिष्ठल शाखा में हैं— 6 अष्टक
- 6 अष्टक विभक्त हैं— 48 अध्यायों में
- यजुर्वेद के भाष्यकर्त्ता हैं— दयानन्द सरस्वती
- मनस्तत्त्व की विवेचना के लिए प्रसिद्ध यजुर्वेदीय सूक्त है— शिवसंकल्प सूक्त
- 'शतपथ' का शाब्दिक अर्थ है— 'शतं पन्थानो यस्य तच्छतपथम्'
- शुक्ल यजुर्वेद के अनुसार पिनाक धनुष है— रुद्र का
- कृष्ण यजुर्वेद का उपनिषद् है— कठोपनिषद्, मैत्राण्युपनिषद्, तैत्तिरीयोपनिषद्, श्वेताश्वेतरोपनिषद्
- याज्ञवल्क्य की पत्नियाँ थीं— दो
  1. मैत्रेयी 2. कात्यायनी
- वन में जाते समय याज्ञवल्क्य ने ब्रह्म विद्या की शिक्षा दी थी— मैत्रेयी को
- वेदत्रयी हैं— पारलौकिक फलों के दाता



सामवेद संहिता

- ➢ साम का विषय है— स्तुतिस्तोम
- ➢ सामवेद का ऋत्विक् है— उद्गाता
- ➢ सामवेद को कहा जाता है— औद्गात्र वेद
- ➢ सामवेद के आचार्य हैं— जैमिनि
- ➢ सामवेद का देवता है— सूर्य
- ➢ 'सा' का अर्थ है— ऋचा
- ➢ 'अम' का अर्थ है— गान (गान्धार आदि स्वर)
- ➢ गीता में कृष्ण ने जिस वेद को अपना स्वरूप बताया है, उसका नाम है— सामवेद[1]
- ➢ ओङ्कार का दूसरा नाम है— उद्गीथ
- ➢ 'वेदानां सामवेदोऽस्मि' यह उक्ति है— श्रीमद्भगवतगीता[2] में (गी.10/42)
- ➢ महाभाष्यकार पतञ्जलि के अनुसार सामवेद की शाखाएँ हैं— 1000 (सहस्र)
- ➢ 'सहस्रवर्त्मा सामवेदः' यह सम्बद्ध है— महाभाष्य से
- ➢ सामवेद की उपलब्ध शाखाएँ हैं— तीन

  1. कौथुमीय 2. राणायनीय 3. जैमिनीय या तलवकार
- ➢ सामवेद की सर्वाधिक लोकप्रिय शाखा है— कौथुमीय शाखा
- ➢ सामवेदीय ब्राह्मणों की संख्या है— 9
- ➢ सामवेदीय ब्राह्मण है— पञ्चविंश
- ➢ पञ्चविंश ब्राह्मण को कहते हैं— प्रौढब्राह्मण, महाब्राह्मण, ताण्ड्यब्राह्मण
- ➢ प्रौढब्राह्मण से सम्बन्धित वेद है— सामवेद

1. भगवद्गीता-10/42 2. भगवद्गीता-10/42

- ➢ सामवेद का ब्राह्मण है— षड्विंश ब्राह्मण
- ➢ षड्विंश ब्राह्मण को कहा जाता है— अद्भुत ब्राह्मण
- ➢ सामवेदीय ब्राह्मण है— सामविधान ब्राह्मण
- ➢ सामवेदीय ब्राह्मण है— आर्षेय ब्राह्मण
- ➢ सामवेदीय ब्राह्मण है— दैवत ब्राह्मण
- ➢ सामवेदीय ब्राह्मण है— उपनिषद् ब्राह्मण
- ➢ सामवेदीय ब्राह्मण है— संहितोपनिषद् ब्राह्मण
- ➢ सामवेदीय ब्राह्मण है— वंश ब्राह्मण
- ➢ सामवेदीय ब्राह्मण है— जैमिनीय या तलवकार ब्राह्मण
- ➢ सामवेद में उपनिषद् हैं— दो

  1. छान्दोग्योपनिषद् 2. केनोपनिषद्
- ➢ सामवेद में आरण्यक हैं— दो

  1. जैमिनीय / तलवकार 2. छान्दोग्य आरण्यक
- ➢ सामवेदीय शिक्षा का नाम है— नारदीय शिक्षा
- ➢ ऋक्तन्त्र के रचनाकार— शाकटायन
- ➢ सामवेद का प्रातिशाख्य है— पुष्यसूत्र प्रातिशाख्य
- ➢ पुष्यसूत्र प्रातिशाख्य के रचनाकार हैं— पुष्य ऋषि
- ➢ सामवेद में छन्द हैं— दो 1. गाथा 2. प्रगाथा
- ➢ सामवेद के श्रौतसूत्र हैं— लाट्यायन, द्राह्यायण, मशकसूत्र / आर्षेय, खादिर, जैमिनीय
- ➢ सामवेद के गृह्यसूत्र हैं— खादिर, गोभिल, गौतम, जैमिनीय
- ➢ सामवेद का एकमात्र धर्मसूत्र है— गौतम धर्मसूत्र
- ➢ गौतम धर्मसूत्र से सम्बन्धित वेद है— सामवेद
- ➢ सबसे प्राचीन धर्मसूत्र है— गौतम धर्मसूत्र
- ➢ सामवेद में नहीं है— शुल्बसूत्र
- ➢ सामवेद की कुल शाखाएँ हैं— 13

- सामवेद विभक्त है— दो भागों में 1. पूर्वार्चिक 2. उत्तरार्चिक
- सामवेद के पूर्वार्चिक में काण्ड हैं— चार
  1. आग्नेय 2. ऐन्द्र 3. पवमान 4. आरण्यकाण्ड महानाम्नी
- सामवेद के पूर्वार्चिक में प्रपाठक (अध्याय) हैं— 6
- सामवेद के पूर्वार्चिक में कुल मन्त्रों की संख्या है— 650
- सामवेद के उत्तरार्चिक में प्रपाठक हैं— 9 या 21 अध्याय
- उत्तरार्चिक में कुल मन्त्रों की संख्या है— 1225
- सामवेद में कुल मन्त्रों की संख्या है— 1875
- सामवेद में ऋग्वेदस्थ मन्त्रों की संख्या— 1771 [3]
- सामवेद के मन्त्र हैं— 104
- उत्तरार्चिक में सूक्त हैं— 400
- सामवेद के अधिकांश मन्त्र हैं— 'ऋ.' के 8वें एवं 9वें मण्डल से
- गान कितने प्रकार के होते हैं?— चार
  1. ग्राम या वेय गान 2. अरण्यगान 3. ऊहगान 4. उह्यगान
- सामगान हैं— पाँच
  1. प्रस्ताव 2. उद्गीथ 3. प्रतिहार 4. उपद्रव 5. निधन
- 'हुँ' से प्रारम्भ होने वाला सामगान है— प्रस्ताव
- ऋचाओं का संग्रह है— आर्चिक
- 'ऊँ' से प्रारम्भ होने वाला सामगान है— उद्गीथ
- सामवेद का प्रधान ऋत्विक् है— उद्गाता
- 'प्रतिहार' का अर्थ है— दो को जोड़ने वाला
- 'प्रतिहार' को गाने वाला ऋत्विक् है— प्रतिहर्ता
- 'उपद्रव' को गाने वाला ऋत्विक् है— उद्गाता
- मन्त्र का दो पद्यांश होता है— निधन में
- निधन का गायन करते हैं— प्रस्तोता, उद्गाता और प्रतिहर्त्ता

3. सं.सा.समी.इति.— कपिल देव द्विवेदी पृ.सं. 60

- सामविकार हैं— 6 [4]
- सामविकार के क्रमशः नाम हैं— 1. विकार 2. विश्लेषण
- 3. विकर्षण 4. अभ्यास 5. विराम 6. स्तोभ
- 'शब्द' को आवश्यकतानुसार परिवर्तित करने वाला सामविकार है— विकार
- शब्द या पद को तोड़ने वाला सामविकार है— विश्लेषण
- एक स्वर को देर तक खींचने वाला सामविकार है— विकर्षण
- किसी पद को बार-बार बोलने वाला सामविकार है— अभ्यास
- गान की सुविधा के लिए शब्द को तोड़कर रुक जाने वाला सामविकार है— विराम
- आलाप के योग्य पदों को ऊपर से जोड़ने वाला सामविकार है— स्तोभ
- पूर्वार्चिक का प्रथम प्रपाठक कहलाता है— अग्निपर्व या आग्नेय काण्ड
- पूर्वार्चिक का द्वितीय से चतुर्थ तक का प्रपाठक कहलाता है— ऐन्द्रपर्व
- पूर्वार्चिक का पञ्चम प्रपाठक कहलाता है— पवमानपर्व
- पूर्वार्चिक का षष्ठ प्रपाठक कहलाता है— अरण्यपर्व
- उद्गाता प्रथमतः संगीत शिक्षा से शिक्षित होता है— पूर्वार्चिक भाग में
- ऋग्वेद के 1771 मन्त्रों में 267 पुनरुक्त मन्त्रों को निकालने पर मन्त्र बचते हैं— 1504
- सामवेद में ऋग्वेद के मन्त्र हैं— 1504
- संगीत के आधार पर सामवेद के प्रमुख स्वर हैं— सात
- कौथुम शाखा के उच्चारण की पद्धति है— दो
  1. नागर पद्धति 2. मद्र पद्धति
- नारदीय शिक्षा के अनुसार सामगान सम्बन्धी स्वरों की संख्या है— 7



4. सं.सा.समी.इति.— कपिल देव द्विवेदी पृ.सं. 62

अथर्ववेद संहिता

- अथर्ववेद का ऋत्विक् है— ब्रह्मा
- अथर्ववेद का देवता है— सोम
- अथर्ववेद का आचार्य है— सुमन्तु
- यज्ञ का अध्यक्ष होता है— ब्रह्मा
- अथर्ववेद का प्रतिपाद्य विषय है— प्रायश्चित्त
- अथर्ववेद फल देने वाला है— ऐहिक
- अथर्वा ऋषि का वंश है— अंगिरा
- वेदत्रयी हैं— पारलौकिक फलों के दाता
- अथर्ववेद संहिता के नामकरण के कारण ऋषि हैं— अथर्वा
- अथर्ववेद के अन्य नाम हैं— आंगिरस वेद, अथर्वाङ्गिरो-वेद, ब्रह्मवेद, क्षत्रवेद, भृग्वङ्गिरोवेद, भैषज्यवेद, छन्दोवेद, महीवेद [1]
- अथर्ववेद का प्राचीन नाम है— अथर्वाङ्गिरस
- पतञ्जलि के अनुसार अथर्ववेद की शाखाएँ हैं— 9 (नवधाऽऽथर्वणो वेदः) [2]
- अथर्ववेद की उपलब्ध शाखा है— दो 1. शौनक 2. पैप्पलाद
- अथर्ववेद की सर्वाधिक लोकप्रिय शाखा है— शौनक शाखा
- अथर्ववेद का एकमात्र ब्राह्मण है— गोपथ ब्राह्मण
- अथर्ववेद में नहीं है— आरण्यक
- अथर्ववेद में उपनिषद् हैं— तीन
  1. प्रश्नोपनिषद् 2. मुण्डकोपनिषद् 3. माण्डूक्योपनिषद्
- अथर्ववेद की एकमात्र शिक्षा है— माण्डुकी शिक्षा

---

1. सं. सा. समी. इति.— कपिल देव द्विवेदी पृ.सं. 65
2. सं. सा. समी. इति.— कपिल देव द्विवेदी पृ.सं. 66

- अथर्ववेद में प्रातिशाख्य हैं— दो
  1. शौनकीय प्रातिशाख्य 2. अथर्ववेद प्रातिशाख्य
- अथर्ववेद का श्रौतसूत्र है— वैतान
- अथर्ववेद का गृह्यसूत्र है— कौशिक
- अथर्ववेद में नहीं है— धर्मसूत्र
- अथर्ववेद में नहीं है— शुल्ब सूत्र
- शौनकीय शाखा में काण्ड हैं— 20
- शौनकीय शाखा में सूक्त हैं— 730 [3]
- अथर्ववेद का सबसे बड़ा काण्ड है— 20वाँ काण्ड
- अथर्ववेद का सबसे छोटा काण्ड है— 17वाँ काण्ड
- अथर्ववेद में मन्त्रों की संख्या है— 5987 [4]
- अथर्ववेद के उपवेद हैं— पाँच
  1. सर्पवेद 2. पिशाचवेद 3. असुरवेद 4. इतिहासवेद 5. पुराणवेद[5]
- इनमें से प्राप्य उपवेद हैं— दो 1. इतिहासवेद 2. पुराणवेद
- अथर्ववेद की शाखाओं के नाम हैं— नौ
  1. पैप्पलाद 2. स्तोद (तौद) 3. मोद 4. शौनकीय 5. जाजल 6. जलद 7. ब्रह्मवेद 8. देवदर्श 9. चारणवैद्य
- चारणवैद्य शाखा है— अथर्ववेद की
- अथर्ववेद के सूक्तों में प्रतिपादित विषयों को तीन वर्गों में रखा जाता है— 1. अध्यात्मप्रकरण 2. अधिभूतप्रकरण 3. अधिदैवतप्रकरण
- अथर्ववेद का 15वाँ काण्ड कहलाता है— व्रात्यकाण्ड
- अथर्ववेद की विषय सामग्री को विभाजित किया जाता है— 8 वर्गों में
  1. भैषज्य सूक्त 2. आयुष्य सूक्त 3. पौष्टिक सूक्त 4. स्त्रीकर्मसूक्त 5. प्रायश्चित्त सूक्त 6. ब्रह्मण्यसूक्त 7. राजकर्म सूक्त 8. अभिचारसूक्त

---

3. सं. सा. समी. इति.— कपिल देव द्विवेदी पृ.सं. 66
4. सं. सा. समी. इति.— कपिल देव द्विवेदी पृ.सं. 66
5. गोपथ ब्राह्मण - 1/10

वैदिक-साहित्य
(एक संक्षिप्त परिचय)

वेद (संहिता)	ब्राह्मण	आरण्यक	उपनिषद्	शिक्षा/प्रातिशाख्य	कल्पसूत्र				अन्य
					श्रौतसूत्र	गृह्यसूत्र	धर्मसूत्र	शुल्बसूत्र	
ऋग्वेद शाखा 1. शाकलशाखा 2. वाष्कलशाखा 3. आश्वलायनशाखा 4. शांखायनशाखा 5. माण्डूकायनशाखा	1. ऐतरेय ब्राह्मण 2. शांखायन या कौषीतकि ब्राह्मण	1. ऐतरेय 2. शांखायन	1. ऐतरेयोपनिषद् 2. कौषीतकि-उपनिषद् 3. वाष्कलोप-निषद्	1. पाणिनीयशिक्षा 2. ऋक्प्रातिशाख्य/ परिषद् (पार्षद्) ऋक्लक्षण (शौनक की रचना)	1.आश्व-लायन 2.कौषी-तकि या शांखायन	1.आश्व-लायन 2.शांखा-यन 3.शाम्बव्य	वशिष्ठ धर्मसूत्र (एकमात्र)	कोई नहीं	ऋत्विक्— होता मन्त्र— 10580 1/4 सूक्त— 1017 अनुवाक - 85 मण्डल— 10, मुख्य देवता— अग्नि अष्टक— 8 अध्याय— 64, आचार्य— पैल वर्ग — 2024 **काल निर्धारण** 1. मैक्समूलर— 1000-1200 B.C. 2. वेबर— लगभग-1200-1500 B.C 3. तिलक— 2500-4000 B.C 4. योकोबी— 2500-4500 B.C 5. विन्टरनित्ज— 4500-6000 B.C

वेद (संहिता)	ब्राह्मण	आरण्यक	उपनिषद्	शिक्षा/प्रातिशाख्य	कल्पसूत्र				अन्य
					श्रौतसूत्र	गृह्यसूत्र	धर्मसूत्र	शुल्बसूत्र	
यजुर्वेद शाखा 1. शुक्लयजुर्वेद-शाखा i. माध्यन्दिन या वाजसनेयिशाखा ii काण्वशाखा	1. शुक्ल. i. शतपथ (माध्यन्दिन शाखा) ii शतपथ (काण्वशाखा)	1. शुक्ल. i. बृहदारण्यक (दोनों शाखाओं में)	1. शुक्ल. i. ईशावास्योपनिषद् ii. बृहदारण्यकोपनिषद्	1. वाजसनेयि-प्रातिशाख्य (कात्यायन) 2. तैत्तिरीय प्रा. 3. याज्ञवल्क्य शिक्षा	शुक्ल. 1.कात्या-यन या पारस्कर	शुक्ल. 1.कात्या-यन या पारस्कर	शुक्ल. 1.हारीत 2.शंख	शुक्ल. 1.कात्या-यन	ऋत्विक्— अध्वर्यु शाखाएँ— 85 मुख्य देवता— वायु मुख्य आचार्य— वैशम्पायन विषय— विविधयागादि
2. कृष्ण यजुर्वेद-शाखा 1. तैत्तिरीयशाखा 2. मैत्रायणीशाखा 3. कठशाखा 4. कपिष्ठलशाखा	2. कृष्ण. 1. तैत्तिरीय 2. मैत्रायणी 3. कठ 4. कपिष्ठल	2. कृष्ण. i. तैत्तिरीय ii. मैत्रायणी	2. कृष्ण. i. कठोपनिषद् ii. मैत्राण्यु-पनिषद् iii. तैत्तिरीयोप-निषद् iv. श्वेताश्वेतरो-पनिषद्	4. वाशिष्ठी शिक्षा 5. माण्डव्य शिक्षा 6. भारद्वाज शिक्षा 7. माध्यन्दिन शिक्षा 8. अवसाननिर्णय शिक्षा	2.कृष्ण. 1.कठ 2.आप-स्तम्ब 3.बौधा-यन 4.सत्या-षण 5.वैखानस 6.भारद्वाज 7.वाधूल	2.कृष्ण. 1. कठ 2. आप-स्तम्ब 3. बौधा-यन 4. सत्या-षण 5.वैखानस 6.भारद्वाज 7.वाधूल	2.कृष्ण. 1.विष्णु 2.वशिष्ठ 3.आप-स्तम्ब 4.बौधायन 5.हिरण्य-केशी 6.वैखानस	2.कृष्ण. 1. मानव 2. बौधा-यन 3. आप-स्तम्ब 4. मैत्रा-यणी 5. वाराह 6. वाधूल	1. वाजसनेयिशाखा- अध्याय— 40 अनुवाक— 303 मन्त्र/कण्डिकाएँ— 1975 2. काण्व शाखा— अध्याय— 40 अनुवाक— 328 मन्त्र— 2086

वेद (संहिता)	ब्राह्मण	आरण्यक	उपनिषद्	शिक्षा/प्रातिशाख्य	कल्पसूत्र				अन्य
					श्रौतसूत्र	गृह्यसूत्र	धर्मसूत्र	शुल्बसूत्र	
सामवेद शाखा 1. कौथुमीयशाखा 2. राणायनीयशाखा 3. जैमिनीयशाखा	1. प्रौढ/ पञ्चविंश/ महाब्राह्मण 2. षड्विंश 3. सामविधान 4. आर्षेय 5. देवताध्याय 6. उपनिषद्/ मन्त्र या छान्दोग्य 7. संहितोपनिषद् 8. वंशब्राह्मण 9. जैमिनीय या तलवकार	1. तलवकार या जैमिनीयोपनिषद् 2. छान्दोग्य-आरण्यक	1. छान्दोग्योपनिषद् 2. केनोपनिषद्	1. नारदीय शिक्षा 2. ऋक्तन्त्र 3. पुष्पसूत्र प्रातिशाख्य (पुष्प ऋषि प्रणीत)	1. लाट्यायन 2. द्राह्यायण 3. मशक-सूत्र या आर्षेय 4. खादिर 5. जैमिनीय	1. खादिर 2. गोभिल 3. गौतम 4. जैमिनीय	1. गौतम धर्मसूत्र (एकमात्र)	(कोई नहीं)	शाखाएँ— 1000 (सहस्रवर्त्मा सामवेद:) कौथुमीयशाखा पूर्वार्चिक— 650 मन्त्र उत्तरार्चिक— 1225 मन्त्र कुल— 1875 मन्त्र सामविकार— 6 सामगान— 5 ऋत्विक्— उद्गाता मुख्य आचार्य— जैमिनि मुख्य देवता— सूर्य विषय— स्तुतिस्तोम

वेद (संहिता)	ब्राह्मण	आरण्यक	उपनिषद्	शिक्षा/प्रातिशाख्य	कल्पसूत्र				अन्य
					श्रौतसूत्र	गृह्यसूत्र	धर्मसूत्र	शुल्बसूत्र	
अथर्ववेद शाखा 1. पिप्पलादशाखा 2. शौनकशाखा 3. मोदशाखा 4. स्तौदशाखा 5. जाजलशाखा 6. जलदशाखा 7. ब्रह्मवेदशाखा 8. देवदर्शशाखा 9. चारणवैद्यशाखा	1. गोपथ (एकमात्र)	कोई नहीं	1. प्रश्नोपनिषद् 2. मुण्डकोपनिषद् 3. माण्डूक्योपनिषद्	1. माण्डूकी शिक्षा 2. शौनकीय प्रातिशाख्य 3. अथर्ववेद प्रातिशाख्य	1. वैतान (एकमात्र)	1. कौशिक (एकमात्र)	कोई नहीं	कोई नहीं	ऋत्विक्— ब्रह्मा आचार्य— सुमन्तु देवता— सोम काण्ड— 20 सूक्त— 731 मन्त्र— 6000

- रोग तथा उसके निदान का उल्लेख स्थल है— भैषज्य सूक्त
- स्वास्थ्य परक बातों का उल्लेख स्थल है— आयुष्य सूक्त
- कृषिकार्य, गृह निर्माणादि का उल्लेख स्थल है— पौष्टिक सूक्त
- विवाह, प्रेम, सन्तानोत्पत्ति इत्यादि का उल्लेख स्थल है— स्त्रीकर्म सूक्त
- प्रायश्चित्त करने के मन्त्र हैं— प्रायश्चित्त सूक्त में
- सृष्टि के परमतत्त्व परब्रह्म का विवेचन स्थल है— ब्रह्मण्य सूक्त
- राजाओं तथा उनके कार्य एवं जादू-टोने के मन्त्र स्थल हैं— राजकर्म सूक्त
- दैत्य, राक्षस, शत्रु आदि के क्रिया-कलाप का स्थल है— अभिचार सूक्त
- यज्ञ के पूर्ण संस्कार के लिए आवश्यक वेद है— अथर्ववेद
- 'शं नो देवीरभीष्टये' उक्ति है— अथर्ववेद की
- अथर्ववेद का विवाह से सम्बन्धित काण्ड है— 14वाँ काण्ड
- अथर्ववेद के 20वें काण्ड का अधिकतम सूक्त सम्बन्धित है— इन्द्र से
- गोपथब्राह्मण विभाजित है— दो भागों में 1. पूर्वगोपथ 2. उत्तरगोपथ
- पूर्वगोपथ में प्रपाठक हैं— 5
- उत्तरगोपथ में प्रपाठक हैं— 6
- गोपथब्राह्मण में कुल प्रपाठक हैं— 11
- भूमिसूक्त से सम्बन्धित वेद है— अथर्ववेद
- पृथ्वी सूक्त सम्बन्धित वेद है— अथर्ववेद
- सबसे अर्वाचीन ब्राह्मण है — गोपथ



वेद का काल निर्धारण

- वैदिक काल के सम्बन्ध में प्रथम प्रयत्नकर्त्ता थे— मैक्समूलर महोदय
- मैक्समूलर का सम्बन्ध था— जर्मनी देश से
- बुद्ध को आधार मानकर वैदिक साहित्य का प्रारम्भ माना है— मैक्समूलर ने[1] (1200B.C.)
- बुद्ध का आविर्भाव काल है— 500 ई.पू.
- मैक्समूलर ने समग्र वैदिक युग को बाँटा है— चार विभागों में [2]
  1. छन्द काल 2. मन्त्र काल 3. ब्राह्मण काल 4. सूत्र काल
- छन्द काल है— 1200 ई.पू. से 1000 ई.पू.
- मन्त्र काल है— 1000 ई.पू. से 800 ई.पू.
- ब्राह्मण काल है— 800 ई.पू. से 600 ई.पू.
- सूत्र काल है— 600 ई.पू. से 200 ई.पू.
- मैक्समूलर के मत में ऋग्वेद का काल है— 1200 ई.पू.
- वेदों का समय अनिश्चित मानते हैं— प्रो.ए.वेबर
- प्रो. ए. वेबर थे— जर्मन विद्वान्
- वेबर के मत में ऋग्वैदिक काल इसके बाद का कभी भी स्वीकार नहीं किया जा सकता— 1200 ई.पू. या 1500 ई.पू.
- पाश्चात्य विद्वान्, जिसने ज्योतिष को आधार बनाकर वेदकाल निर्धारण किया है— याकोबी
- याकोबी का पूरा नाम है— हरमन याकोबी (जर्मन)
- कृत्तिका और वसन्त-सम्पात के आधार पर ऋग्वेद का काल निर्धारण किया था— याकोबी ने
- याकोबी ऋग्वेद का काल मानते हैं— 4500 ई.पू.

---

1. सं.सा. समी. इति.— कपिल देव द्विवेदी पृ. सं. 53
2. पृ. सं. 51

- ➢ ज्योतिष के आधार पर वेदों का काल निर्धारण करने वाले भारतीय विद्वान हैं— बालगङ्गाधर तिलक
- ➢ तिलक ने वैदिक काल को विभक्त किया है— चार भागों में[1],
  1. अदिति काल 2. मृगशिरा काल
  3. कृत्तिका काल 4. अन्तिम काल
- ➢ अदिति काल है— 6000 ई.पू. से 4000 ई.पू.
- ➢ मृगशिरा काल है— 4000 ई.पू. से 2500 ई.पू.
- ➢ कृत्तिका काल है— 2500 ई.पू. से 1400 ई.पू.
- ➢ अन्तिम काल है— 1400 ई.पू. से 500 ई.पू.
- ➢ तिलक के अनुसार आर्य सभ्यता के लिए सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण काल था— मृगशिरा काल [2]
- ➢ कृत्तिका काल में रचना हुई— वेदाङ्ग ज्योतिष की
- ➢ तिलक के मत में षड्दर्शन सूत्रों की रचना हुई— अन्तिम काल में
- ➢ बौद्ध धर्म का उद्भव हुआ— अन्तिम काल में
- ➢ विन्टरनित्स ऋग्वेद का समय मानते हैं— 2500 ई.पू.
- ➢ पुरातात्त्विक आधार पर भारतीय मत में ऋग्वेद का काल है— 4000 ई. पू.
- ➢ पुरातात्त्विक आधार पर पाश्चात्य में ऋग्वेद का काल है— 2000 ई.पू.
- ➢ ऋग्वैदिक मन्त्रों की अधिक रचना हुई है— मृगशिरा काल में



---

1. संस्कृत सा. इति.— उमा शङ्कर शर्मा ऋषि पृ. सं.102
2. सं. सा. स. इति.— कपिल देव द्विवेदी पृ. सं. 53

अग्नि सूक्त (ऋग्वेद 1.1)

- ➢ अग्नि सूक्त से सम्बद्ध वेद है— ऋग्वेद
- ➢ अग्नि सूक्त के ऋषि हैं— विश्वामित्र
- ➢ अग्नि सूक्त का देवता है— अग्नि
- ➢ अग्नि सूक्त में छन्द है— गायत्री
- ➢ गायत्री छन्द में वर्ण हैं— 24
- ➢ अग्नि देवता है— पृथ्वी स्थानीय
- ➢ ऋग्वेद में अग्नि वर्णित सूक्त हैं— 200
- ➢ वैदिक आर्यों का सर्वाधिक पवित्र देवता है— अग्नि
- ➢ सभी मण्डलों के प्रारम्भिक सूक्त में वर्णन है— अग्नि का
- ➢ सूक्तों के आधार पर इन्द्र के बाद स्थान है— अग्नि का
- ➢ अग्नि शब्द संस्कृत में बना है— 'अग्' धातु से
- ➢ यास्क द्वारा निरुक्त में अग्नि का निर्वचन किया गया— 7/14 में
- ➢ यास्क के अनुसार अग्नि का निर्वचन है— 1. अग्रणीः भवति 2. अग्रं यज्ञेषु प्रणीयते 3. अङ्गं नयति सन्नमानः
- ➢ स्थौलाष्ठीवि के अनुसार अग्नि का निर्वचन है— 'अक्नोपनः भवति'
- ➢ सात जिह्वाओं वाला कहा गया है— अग्नि
- ➢ अग्नि का नेत्र है— घृत (घृतं मे चक्षुः)
- ➢ अग्नि का रूप है— घृत
- ➢ अग्नि को कहा जाता है— ऋत्विक्
- ➢ अग्नि को कहा जाता है— होता
- ➢ अग्नि को कहा जाता है— पुरोहित
- ➢ अग्नि को कहा जाता है— रत्नधातम्
- ➢ अग्नि को कहा जाता है— गृहपति

अग्नि के दाँत हैं— स्वर्णिम

- ऋग्वेद में अग्नि के कितने जन्मों का उल्लेख है— तीन जन्मों का
- ऋग्वेद में अग्नि का प्रथम जन्म मान्य है— यज्ञ में दो अरणियों से
- अग्नि का द्वितीय जन्म मान्य है— अन्तरिक्ष जल से
- अग्नि का तृतीय जन्म मान्य है— द्युलोक में
- द्युस्थानीय अग्नि का रूप माना जाता है— सूर्य को
- द्विजन्मा कहे जाते हैं— अग्निदेव
- 'दूतं वृणीमहे' यहाँ 'दूत' कहा गया है— अग्निदेव को
- अग्नि देव के लिए प्रयुक्त असुर शब्द का अभिप्राय है— असु या प्राण शक्ति प्रदान करने वाला
- अग्नि का मुख्य गुण है— प्रकाश
- अग्नि का प्रकाश होता है— भास्वर ज्वाला युक्त
- अन्तरिक्ष में अग्नि का तात्पर्य है— विद्युत से
- ऋग्वेद के पुरुष सूक्त के अनुसार अग्नि की उत्पत्ति हुई है— विराट् पुरुष के मुख से
- अग्नि का उद्भावक कहा गया है— इन्द्र को
- अग्नि का प्रिय पेय है— घृत
- अग्नि दिन में भोजन करता है— तीन बार
- अग्नि का पथ है— कृष्ण-वर्ण
- अग्नि का घनिष्ठ सम्बन्ध है— इन्द्र के साथ
- अग्नि का यमल भाई है— इन्द्र
- अग्नि का भाई है— वरुण
- ऋग्वेद के प्रथम मण्डल का प्रथम सूक्त है— अग्नि
- अग्नि सूक्त में कुल मन्त्र हैं— 9
- अग्नि के पिता हैं— द्यौः
- अरणियों को भी कहा गया है— अग्नि का माता-पिता

1. ऋ. 10/10 पुरुष सूक्त— 'मुखादिन्द्रश्च'

- इसमें ऊर्ध्वारणि है— पुरुष
- इनमें अधोऽरणि है— स्त्री
- अग्नि को सन्तान कहा गया है— 10 युवतियों का
- 10 युवतियाँ हैं— हाथ की दस अंगुलियाँ
- अग्नि कहा गया है— 'सहसः पुत्रः'
- 'सहस' का अर्थ है— शक्ति
- अग्निदेव यज्ञ की हवि को ग्रहण करते हैं— स्वयं
- इसके साथ ही हवि को पहुँचाते हैं— देवताओं के पास
- देवताओं को यज्ञस्थल पर लाते हैं— अग्निदेव
- अग्नि प्रतिदिन के तथा प्रत्येक घर के हैं— अतिथि
- प्राचीन और अर्वाचीन ऋषियों द्वारा स्तुत्य हैं— अग्नि
- ऋग्वेद का प्रारम्भिक सूक्त है— अग्नि सूक्त
- ऋग्वैदिक क्रमांक-1.1.1 सूक्त का देवता है— अग्नि

- **अग्नि का विशेषण—**

ऋत्विक्, होता, पुरोहित, रत्नधातम्, कविक्रतु, चित्रश्रवस्तम, कवि, धूमकेतु, गृहपति, दमूनस, अङ्गिरस, विश्ववेदाः, सहस्राक्ष, त्रिमूर्धा, सप्तरश्मि, घृतपृष्ठ, घृतलोम, घृतप्रतीक, जातवेदश, वैश्वानर, शोचिष्केश, मद्रजिह्व, उर्जोनपात, अपानपात्, ज्वाललोम, विश्वपति ।



इन्द्र सूक्त (ऋ.-2.12)

- ➢ ऋग्वेद के द्वितीय मण्डल का 12वाँ सूक्त है— इन्द्र सूक्त
- ➢ इन्द्र सूक्त का ऋषि है— गृत्समद
- ➢ इन्द्र सूक्त का देवता है— इन्द्र
- ➢ इन्द्र सूक्त का छन्द है— त्रिष्टुप्
- ➢ त्रिष्टुप् छन्द में वर्ण होते हैं— 44
- ➢ इन्द्र देवता हैं— अन्तरिक्ष स्थानीय
- ➢ इन्द्र की स्तुति की गयी है— 250 सूक्तों में
- ➢ ऋग्वेद का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण देवता है— इन्द्र
- ➢ इन्द्र का प्रिय पेय है— सोमरस
- ➢ इन्द्र को कहा जाता है— सोमपा
- ➢ सूक्तों के आधार पर इन्द्र का स्थान है— प्रथम
- ➢ इन्द्र की अन्य देवताओं के साथ की गयी स्तुति में सूक्तों की संख्या है— 50
- ➢ यास्कानुसार इन्द्र की व्युत्पत्तियाँ हैं— इरां ददाति, इरां दृणति, इरां धारयते इत्यादि
- ➢ इन्द्र के पिता हैं— द्यौः
- ➢ इन्द्र की माता हैं— अदिति
- ➢ इन्द्र की पत्नी हैं— इन्द्राणी (शची)
- ➢ इन्द्र का अस्त्र है— वज्र
- ➢ इन्द्र के वज्र को बनाया है— त्वष्टा ने
- ➢ पुरुष सूक्त के अनुसार इन्द्र की उत्पत्ति हुई है— विराट पुरुष के मुख से
- ➢ इन्द्र मित्र है— मरुत् का
- ➢ इन्द्र को कहा जाता है— मरुत्सखा, मरुत्वान
- ➢ इन्द्र का रथ खींचा जाता है— दो भूरे रंग के अश्वों द्वारा
- ➢ इन्द्र के रथ का निर्माण किया गया है— देव शिल्पी ऋभुओं द्वारा

- ➢ इन्द्र को कहा गया है— सप्तरश्मियों वाला
- ➢ 'वृत्र' का नाम है— अहि
- ➢ मैक्समूलर इन्द्र को मानते हैं-- सूर्य का प्रतिरूप
- ➢ इन्द्र का सबसे महत्त्वपूर्ण कार्य है— वृत्रवध
- ➢ ग्रासमान इन्द्र को मानता है— प्रकाशमान
- ➢ तिलक के अनुसार इन्द्र प्रतीक है— सूर्य का
- ➢ इन्द्र को कहा जाता है— अपांनेता
- ➢ इन्द्र सूक्त में मन्त्र हैं— 15
- ➢ 'अहि' को मारकर इन्द्र ने प्रवाहित किया— सात नदियों को
- ➢ इन्द्र ने बलि नामक असुर की गुफा से बाहर निकाला था— गायों को
- ➢ दनु के पुत्र का वध करने वाला है— इन्द्र
- ➢ ऋग्वेद का सर्वश्रेष्ठ देवता है— इन्द्र
- ➢ 40 वर्षों में ढूंढकर जिसे इन्द्र ने मार डाला, वह था— शम्बर
- ➢ शौनक के अनुसार इन्द्र के प्रधान कार्य हैं— चार
- ➢ इन्द्र का जुड़वा भाई है— अग्नि
- ➢ इन्द्र के किस नाम का उल्लेख ऋग्वेद में सर्वाधिक है?— वृत्रहन्
- ➢ अवेस्ता में इन्द्र को कहा गया है— असुर
- ➢ 'वृत्रहन्' शब्द अवेस्ता में जाना जाता है— वेरेथ्रध्न
- ➢ वेरेथ्रध्न देव है— विजय का
- ➢ देवताओं में भूयिष्ठ सूक्त के द्वारा स्तुत्यदेव हैं— इन्द्र
- ➢ इन्द्र का स्थायी सहायक है— मरुद्गण
- ➢ इन्द्र देव किसका प्रतिनिधि है?— वायु का

इन्द्र का विशेषण—

वृत्रहा, सुशिप्र, सोमपा, शक्र, पुरन्दर, वज्री, मघवन, वज्र, वज्रबाहु, हरिकेश, हरिश्मश्रु, हिरण्यबाहु, चित्रभानु, पुरुहूत, वृषा, शचीपति, आखण्डल, सोमी, धनञ्जय, गोत्रभिद्, मनस्वान्, संवृक्समत्सु, सप्तरश्मि, अपांनेता, मरुत्सखा आदि।

नोट— (इन्द्र सूक्त में ही इन्द्र देवता का वर्णन किया गया है)



पुरुष सूक्त (ऋ.10.90)

- ऋग्वेद 10/90 क्रमांक का सूक्त है— पुरुष सूक्त
- पुरुष सूक्त का ऋषि है— नारायण
- पुरुष सूक्त का देवता है— पुरुष
- पुरुष सूक्त में 1-15 तक के मन्त्र में छन्द है— अनुष्टुप्
- पुरुष सूक्त के अन्तिम मन्त्र में छन्द है— त्रिष्टुप्
- अनुष्टुप् छन्द में वर्ण होते हैं— 32
- त्रिष्टुप् छन्द में वर्ण होते हैं— 44
- एकेश्वरवाद का मूल स्रोत है— पुरुष सूक्त
- सहस्रशीर्षा कौन है?— पुरुष
- समस्त मरणशील प्राणी पुरुष का है— चतुर्थांश मात्र
- पुरुष को अवकल्पित किया गया है— हवि के रूप में
- वसन्त ऋतु का प्रयोग किया गया है— घृत के रूप में
- ग्रीष्म ऋतु का प्रयोग किया गया है— ईंधन के रूप में
- शरद ऋतु का प्रयोग किया गया है— हवि के रूप में
- आदिपुरुष से उत्पन्न हुआ— विराट् पुरुष
- विराट् पुरुष से अधिष्ठाता के रूप में उत्पन्न हुआ— जीवात्मा
- पुरुष के शीर्ष से उत्पन्न हुआ— द्युलोक
- पुरुष के नाभि से उत्पन्न हुआ— अन्तरिक्ष लोक
- पुरुष के पैरों से उत्पन्न हुआ— भू-लोक (भूमि)
- पुरुष स्वामी है— अमरता का
- हजारों नेत्रों वाला है— पुरुष
- तीन पादों से युक्त पुरुष उठ गया है— ऊपर
- पुरुष का मुख था— ब्राह्मण
- दोनों भुजाओं से उत्पन्न हुआ— क्षत्रिय
- पुरुष की जंघा से उत्पन्न हुआ— वैश्य

- पुरुष के दोनों पैरों से उत्पन्न हुआ— शूद्र
- मन से उत्पन्न हुआ— चन्द्रमा
- नेत्र से उत्पन्न हुआ— सूर्य
- मुख से उत्पन्न हुआ— इन्द्र और अग्नि
- प्राण से उत्पन्न हुआ— वायु
- कानों से उत्पन्न हुईं— दिशाएँ
- पुरुष रूपी पशु को बाँधने के लिए थी— सात परिधियाँ और समिधाएँ
- देवताओं ने यज्ञ के द्वारा यजन किया— यज्ञस्वरूप प्रजापति का

पुरुष सूक्त में कुल मंत्र हैं— 16

✦✦✦

हिरण्यगर्भ सूक्त (ऋ.10.121)

- हिरण्यगर्भ सूक्त है— एक दार्शनिक सूक्त
- ऋग्वेद के दशम मण्डल का 121वाँ सूक्त है— हिरण्यगर्भ सूक्त
- इस सूक्त का ऋषि है— हिरण्यगर्भ
- हिरण्यगर्भ को कहा गया है— प्रजापतिपुत्र
- हिरण्यगर्भ सूक्त का देवता है— 'क' संज्ञक प्रजापति
- हिरण्यगर्भ सूक्त का छन्द है— त्रिष्टुप्
- हिरण्यगर्भ सूक्त में कुल मन्त्र हैं— 10
- अन्तिम मन्त्र को छोड़कर शेष सभी मन्त्रों के अन्त में है— 'कस्मै देवाय हविषा विधेम'
- हिरण्यगर्भ सूक्त में सर्वप्रथम उत्पन्न हुआ— प्रजापति
- प्रजापति का नामोल्लेख करता है— दसवाँ मन्त्र
- सायण के अनुसार प्रजापति को कहा जाता है— हिरण्यगर्भ

✦✦✦

नासदीय सूक्त (ऋ.10.129)

- ➢ नासदीय सूक्त की प्रकृति है— दार्शनिक
- ➢ नासदीय सूक्त का ऋषि है— परमेष्ठी प्रजापति
- ➢ नासदीय सूक्त का देवता है— भाववृत्त अर्थात् परमात्मा
- ➢ नासदीय सूक्त में मन्त्र हैं— 7
- ➢ ऋग्वेद के 10वें मण्डल का 129वाँ सूक्त है—नासदीय सूक्त
- ➢ सम्पूर्ण नासदीय सूक्त निबद्ध है— त्रिष्टुप् छन्द में
- ➢ इस सूक्त के अनुसार सर्वप्रथम उत्पन्न हुआ— काम
- ➢ अलौकिक दार्शनिक चिन्तनधारा का मौलिक परिचायक है— नासदीय सूक्त
- ➢ नासदीय सूक्त में आराधना की गयी है— केवल दार्शनिक तत्त्व की

✦✦✦

वाक्सूक्त (ऋ.10.125)

- ➢ वाक् सूक्त की ऋषिका हैं—अम्भृण ऋषि की पुत्री वाक्
- ➢ वाक् सूक्त के देवता हैं—वाक् अथवा परमात्मा
- ➢ वाक्सूक्त है—आध्यात्मिक
- ➢ वाक्सूक्त में कुल मन्त्र हैं—8
- ➢ वाक्सूक्त के दूसरे मन्त्र का छन्द है—जगती
- ➢ जगती छन्द में वर्ण होते हैं— 48
- ➢ शेष सात मन्त्रों का छन्द है—त्रिष्टुप्
- ➢ परमेश्वरी शक्ति है—वाक्
- ➢ ब्रह्मज्ञानवती है—वाक्
- ➢ रुद्र के धनुष को तान देती है—वाक्

- ➢ सायणाचार्य ने वाक् को कहा है—माया
- ➢ यजमान के लिए धन धारण करती है—वाक्
- ➢ रुद्रों तथा वसुओं के साथ चलती है—वागाम्भृणी
- ➢ आदित्यों और विश्वदेवों के साथ चलती है—वागाम्भृणी

✦✦✦

पृथ्वीसूक्त (अथर्व.12/1)

- ➢ पृथ्वी सूक्त का ऋषि है—अथर्वा
- ➢ पृथ्वी सूक्त का देवता है—पृथ्वी (भूमि)
- ➢ पृथ्वी सूक्त में कुल मन्त्र हैं—63
- ➢ अतीत (भूत) और अनागत (भविष्य) की पत्नी कहा जाता है—पृथ्वी को
- ➢ यज्ञ विधान के मार्ग हैं—दो 1. वाक् 2. मन
- ➢ पृथ्वी सूक्त का क्रमांक है—अथर्ववेद के 12वें काण्ड का प्रथम सूक्त
- ➢ **माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः** से सम्बन्धि सूक्त है—पृथ्वी

✦✦✦

वैदिक देवता

सवितृ

- ➢ सवितृ देवता है— द्युस्थानीय
- ➢ ऋग्वेद के कितने सूक्तों में इनकी पूर्णतः स्तुति है?— 11
- ➢ गायत्री मन्त्र प्रत्यक्षतः सम्बन्धित है— सवितृ देव से
- ➢ 'ॐ भूर्भुवः स्वः' मन्त्र का नाम है— गायत्री मन्त्र
- ➢ सवितृ देव का लक्षण अधिक मिलता है— सूर्यदेव से
- ➢ किस युग में सविता तथा सूर्य अभिन्न कहे गए हैं?— पौराणिक युग में
- ➢ वैदिककाल में सविता किस रूप में मान्य हैं?— अमूर्त, भावात्मक प्रेरक
- ➢ वैदिक काल में सूर्य मान्य हुए— मूर्त्त रूप में
- ➢ 'सविता सर्वस्य प्रसविता' इस निर्वचन का उल्लेख स्थल है— निरुक्त (10/31)
- ➢ ऋग्वेद में गायत्री मन्त्र उल्लिखित है— 3/62/10
- ➢ सवितृदेव हैं— स्वर्णिम
- ➢ सवितृदेव का केश है— पीला तथा सुनहला
- ➢ सविता का प्रत्येक कार्य सम्बन्धित है— प्रसव से
- ➢ सविता शब्द निष्पन्न होता है— 'सू' धातु से तृच् प्रत्यय लगाने पर
- ➢ सविता का सम्बन्ध है— सूर्य से
- ➢ प्रातः तथा सायंकाल से सम्बद्ध है— सविता
- ➢ 'आ कृष्णेन रजसा वर्तमानो' यह सम्बद्ध है— सविता से

सवितृदेव का विशेषण—

हिरण्यपाणि, सुपर्ण, सुनीथ, हिरण्याक्ष, हिरण्यस्तूप, विचर्षणि, सुमृळीक दमूना, स्वर्णनेत्र, स्वर्णहस्त, स्वर्णपाद, स्वर्णजिह्व।



विष्णु

- ➢ विष्णु देव हैं— द्युस्थानीय
- ➢ विष्णु सूक्त का देवता है— विष्णु
- ➢ विष्णु देव ऋग्वेद के कितने सूक्तों में स्तुत्य हैं?— 5
- ➢ विष्णु का मित्र है— इन्द्र
- ➢ गर्भ का रक्षक है— विष्णु
- ➢ सूर्य के तीनों लोक विष्णु के हैं— तीन पाद
- ➢ विष्णु शब्द की व्युत्पत्ति में धातु है— 'विष्'
- ➢ 'विष्' धातु का अभिप्राय है— व्यापनशील
- ➢ विष्णु 'पद' पृथ्वी पर है— अग्नि
- ➢ वायु मण्डल में विष्णु 'पद' है— विद्युत
- ➢ स्वर्ग में विष्णु 'पद' है— सूर्य प्रकाश
- ➢ विष्णु का वैदिक रूप पुराणों में जिस अवतार में प्राप्त होता है, वह है— वामनावतार
- ➢ इन्द्र के अनुज रूप में जाना जाता है— विष्णु
- ➢ विष्णु जिस देव की कल्पना है, वह है— सूर्यदेव
- ➢ विष्णु का वाहन है— गरुड़
- ➢ विष्णु का रूपान्तर देव है— नारायण

विष्णु का विशेषण—

उरुक्रम, उरुगाय, कुरच, गिरिष्ठा, वृष्ण, गिरिक्षित, विक्रम, त्रिविक्रम, भीम।



रुद्र

- ➢ रुद्र का वर्णन है— ऋग्वेद में
- ➢ रुद्र देव हैं— अन्तरिक्ष स्थानीय
- ➢ रुद्र वर्णित सूक्त हैं— तीन (1/114, 2/33, 7/46)
- ➢ रुद्र सूक्त का देवता है— रुद्र (2/33)
- ➢ अन्य देवताओं के साथ रुद्र का नाम आया है— 50 बार
- ➢ रुद्र का वर्ण है— भूरा
- ➢ वाजसनेयिसंहिता में रुद्र को कहा गया है— रक्तवर्णी
- ➢ रुद्र का शस्त्र है— धनुष तथा बाण
- ➢ रुद्र को कहा गया है— मरुतों का पिता
- ➢ देवताओं का कुशल वैद्य है— रुद्र
- ➢ रुद्र का सम्बन्ध किस स्थान से है— अन्तरिक्ष
- ➢ ऋग्वेद के प्रथम मण्डल के 114वें सूक्त के ऋषि हैं— कुत्स आंगिरस
- ➢ ऋग्वेद के प्रथम मण्डल के 114वें सूक्त में कुल मन्त्र हैं— 11
- ➢ ऋग्वेद के प्रथम मण्डल के 114वें सूक्त के 1 से 9 मन्त्र में छन्द है— जगती
- ➢ ऋग्वेद के प्रथम मण्डल के 114वें सूक्त के 10-11 मन्त्र में छन्द है— त्रिष्टुप्
- ➢ ऋग्वेद के द्वितीय मण्डल के 33वें सूक्त के ऋषि हैं— गृत्समद भार्गवशौनक
- ➢ ऋग्वेद के द्वितीय मण्डल के 33वें सूक्त में छन्द है— त्रिष्टुप्
- ➢ ऋग्वेद के द्वितीय मण्डल के 33वें सूक्त में कुल मन्त्र हैं— 15
- ➢ ऋग्वेद के सप्तम मण्डल के 46वें सूक्त के ऋषि हैं— वशिष्ठ मैत्रावरुणि
- ➢ ऋग्वेद के सप्तम मण्डल के 46वें सूक्त में कुल मन्त्र हैं— 4
- ➢ ऋग्वेद के सप्तम मण्डल के 46वें सूक्त के अन्त में छन्द है— जगती

- ➢ ऋग्वेद के सप्तम मण्डल के 46वें सूक्त के 4 मन्त्र में छन्द है— त्रिष्टुप्
- ➢ रुद्र के लिए प्रयुक्त असुर का अर्थ है— प्राणशक्तियुक्त

रुद्र का विशेषण—

त्र्यम्बक, कृत्तिवास, नीललोहित, भव, सर्व, पशुपति, मरुत्पिता, असुर, मरुत्वान, मीढ्वान, तव्यान, वङ्कु, भिषक्त, जलाषभेषज, वभ्रु, रक्तवर्णी, शिव, मृणयाकु ।

+++

बृहस्पति

- ➢ बृहस्पति देव से सम्बद्ध लोक है— पृथ्वीलोक
- ➢ बृहस्पति देव हैं— पृथ्वी स्थानीय
- ➢ बृहस्पति सूक्त का देवता है— बृहस्पति
- ➢ ऋग्वेद में पूर्णरूप से बृहस्पति देव से सम्बद्ध सूक्तों की संख्या है— 11 (एकादश)
- ➢ बृहस्पति द्रेव कहलाते हैं— ब्रह्मणस्पति
- ➢ सदस्पति हैं— बृहस्पति देव
- ➢ ब्रह्मणस्पति का अर्थ है— मन्त्र के पति
- ➢ बृहस्पति को कहा जाता है— शक्ति का पुत्र या आङ्गिरस
- ➢ बृहस्पति की समानता है— अग्नि के साथ

बृहस्पति का विशेषण—

गणपति, सप्तरश्मि, सप्तमुख, सप्तजिह्व, ब्रह्मणस्पति, पथिकृत, मद्रजिह्व, सदस्पति



+++

अश्विनौ

- अश्विनौ देवता हैं— द्युस्थानीय
- ऋग्वेद में सम्पूर्णतः यह स्तुत्य हैं— 50 सूक्तों में
- सूक्तों का देवता है— अश्विनौ
- अश्विनौ पति कहलाता है— सूर्या का
- सूर्या का पति है— अश्विनौ
- काल पुष्पों की माला धारण करता है— अश्विनौ
- दस्रा उपाधि वाला है— अश्विनौ
- युगल देवता हैं— अश्विनौ
- सोम की अपेक्षा मधु से अधिक प्रेम करने वाला है— अश्विनौ
- 'दिव्य-भिषक्' उपाधिवाला है— अश्विनौ
- भुज्य का उद्धार करने वाला देवता है— अश्विनौ
- ऋजास्व को आंखे प्रदान करने वाला देवता है— अश्विनौ
- 'नासत्या' विशेषण वाला देवता है— अश्विनौ
- च्यवन ऋषि को वृद्ध से युवा बनाने वाला देवता है— अश्विनौ
- 'विश्पला' को पैर प्रदान करने वाले देवता हैं— अश्विनौ
- गुफा में बद्ध 'अत्रि' का उद्धार करने वाला देवता है— अश्विनौ
- 'शयु' के लिए बन्ध्या गाय को दूध वाली बनाने वाला देवत है— अश्विनौ
- 'रेभ' को दश रात्रि के बाद जल से बाहर निकालने वाला देवत है— अश्विनौ
- अर्द्धरात्रि से सूर्योदयपर्यन्त किस देवता का समय है?— अश्विनौ क
- 'सद्यो जंघामायसीं विश्वपलायै' इस मन्त्र से सम्बद्ध देवता हैं— अश्विनं
- 'पेदु' को सफेद शीघ्रगामी अश्व दिया था— अश्विनौ ने

अश्विनौ का विशेषण—

- नासत्या, दस्रा, मधुयुवा, हिरण्यवर्तनि, दिवो, नपाताः मध्वी,
- नराः तुविष्मा, अध्रिगू।

+++

वरुण

- वरुण देवता हैं— द्युस्थानीय
- ऋग्वेद के सूक्तों में सम्पूर्णतः वरुण देव स्तुत्य हैं— 12 सूक्तों में
- वरुण के नेत्र कहे गए हैं— सूर्य
- इसकी व्युत्पत्ति है— वरुणो वृणोतीति सतः

वरुण देव के विशेषण—

क्षत्रिय, धृतव्रत, दूतदक्षः, स्वराट्, मायावी, उरुशंशः इत्यादि।

(नोट— विस्तृत जानकारी के लिए एच्छिक वर्ग के वेद भाग का वरुण सूक्त देखें।)

+++

उषस्

- उषा से सम्बद्ध लोक है— द्युलोक
- ऋग्वेद में उषा विषयक सूक्त संख्या है— 20
- सूर्य की भार्या और माता है— उषस्
- उषा को बड़ी बहन कहा गया है— रात्रि की
- उषा पुत्री कही गयी है— द्यौस् की

(नोट— विस्तृत जानकारी के लिए एच्छिक वर्ग के वेद भाग का उषस् सूक्त देखें।)

+++

सोम

- सोम देवता हैं—पृथ्वी स्थानीय
- सोम सूक्त का देवता है—सोम
- ऋग्वेद के कितने सूक्तों में सोम की स्तुति की गयी है?—150 सूक्तों में
- ऋग्वेद के किस मण्डल में सोम देवता का वर्णन किया गया है?—नवम मण्डल
- स्वर्ग का पुत्र अथवा दुग्ध कहलाता है—सोम
- सोम की उत्पत्ति कही गयी है—मुञ्जवत् पर्वत पर
- 'मुञ्जवत् पर्वत' पर उत्पत्ति के कारण सोम कहलाता है—मौञ्जवत्
- सोम को उत्पन्न करती हैं—दश युवतियाँ
- सोम के साथ स्तुत्य देवता हैं—इन्द्र, अग्नि, रुद्र अथवा पूषन्
- सोम को कहा गया है—वनस्पतियों का राजा
- सोम मित्र है—इन्द्र का
- 'पवमान' उपाधि वाला है—सोम
- रोग निवारक औषधिरूप में वर्णित देव हैं—सोम
- ऋग्वेद के नवम मण्डल का देवता है—सोम

सोम देवता की विशेषता—

मौञ्जवत्, वनस्पति, वाचस्पति, विश्वचर्षणि, रक्षोहा, महिष्ठ, अमर्त्य, सहस्रधार, इन्द्रपीत, पवमान, मधुमान, औषधिपति इत्यादि।



संवाद-सूक्त

पुरुरवा-उर्वशी (ऋ.10/95)

- पुरुरवा-उर्वशी संवादक्रम है—ऋ.10/95
- ऋग्वेद का 10/95 सूक्त सम्बद्ध है—पुरुरवा-उर्वशी संवाद से
- पुरुरवा-उर्वशी संवाद सूक्त के ऋषि हैं—पुरुरवा
- पुरुरवा-उर्वशी संवाद सूक्त की ऋषिका है—उर्वशी
- पुरुरवा-उर्वशी संवाद सूक्त का देवता है—पुरुरवा और उर्वशी
- पुरुरवा-उर्वशी संवाद सूक्त में कुल मन्त्र है—18
- संवाद सूक्तों का सम्बन्ध है—ऋग्वेद से
- 'न वै स्त्रैणानि सख्यानि सन्ति' यह मन्त्र सम्बद्ध है—पुरुरवा-उर्वशी संवाद से
- 'हये जाये मनसा तिष्ठ घोरे' यह मन्त्र सम्बद्ध है—पुरुरवा-उर्वशी संवाद से
- 'वचांसि मिश्रा कृणवावहै नु' यह मन्त्र सम्बद्ध है—पुरुरवा-उर्वशी संवाद से
- 'श्रिये गावो न धेनवोऽनवन्त' यह मन्त्र सम्बद्ध है—पुरुरवा-उर्वशी संवाद से
- 'अन्तरिक्षप्रां रजसो विमानीमुप' यह मन्त्र सम्बद्ध है—पुरुरवा-उर्वशी संवाद से
- 'प्रजा ते देवान् हविषा यजाति' यह मन्त्र सम्बद्ध है—पुरुरवा-उर्वशी संवाद से
- 'पुरुरवा-उर्वशी संवाद सूक्त में उर्वशी है—अप्सरा
- संवाद सूक्तों में सच्चा प्रेमी है—पुरुरवा
- उर्वशी स्त्रियों का हृदय किसके हृदय के समान बताती है?—सालावृक
- ब्रह्मोत्पन्न मूल सक्रिय तत्त्व 'अप' से उत्पत्ति मानी गयी है—उर्वशी की

- पुरुरवा का व्युत्पत्तिपरक अर्थ है— विपुल शब्दागार
- 'प्राण एव हि पुरुरवा' यह है— निरुक्त 10/4/47 में
- उर्वशी का शब्दार्थ है— हृदय को वश में रखने वाली
- 'हये जाये मनसा तिष्ठ घोरे वंचासि मिश्रा कृणवावहै नु' किसके लिए उद्दिष्ट है?— उर्वशी
- 'हये जाये मनसा तिष्ठ घोरे वंचासि मिश्रा कृणवावहै नु' इस मन्त्र के ऋषि हैं— पुरूरवा
- 'इति त्वा देवा इम आहुरैळ' इसमें 'ऐळ' है— पुरूरवा
- 'घृतस्य स्तोकं सकृदह्न आश्ना तादेवेदं तातृपाणा चरामि' यह उक्ति है— उर्वशी की
- 'श्रिये गावो न धेनवोऽनवन्त' यह उक्ति है— उर्वशी की



यम-यमी (ऋ.10/10)

- यम-यमी संवाद सूक्त ऋग्वेद के किस मण्डल में है?— 10
- यम-यमी संवाद सूक्त का क्रम है— ऋ.10/10
- ऋग्वेद के 10/10 सूक्त से सम्बद्ध है— यम-यमी संवाद
- यम-यमी संवाद सूक्त में छन्द हैं— त्रिष्टुप्
- यम-यमी संवाद सूक्त में कुल मन्त्र हैं— 14
- यमी का सहोदर भाई है— यम
- यम-यमी सूक्त के अनुसार यम-यमी किससे उत्पन्न है?— विवस्वान् से
- संवाद सूक्तों में कामातुर नारी के रूप में वर्णित है— यमी
- यम-यमी संवाद सूक्त के ऋषि का नाम है— यम वैवस्वती
- यम-यमी संवाद सूक्त की ऋषिका का नाम है— यमी वैवस्वती
- यम-यमी संवाद सूक्त के देवता हैं— यम वैवस्वत/यमी वैवस्वती
- पौराणिक सन्दर्भ में यम-यमी हैं— जुड़वा भाई-बहन
- विवस्वान् का अर्थ है— तेजस् सम्पन्न इत्यादि
- 'बृहन् मित्रस्य वरुणस्य धाम कदु ब्रव आह्नो वीच्या नृन्' यह उक्ति है— यमी की
- 'गर्भे नु नै जनिता दम्पती कर्देवस्त्वष्टा सविता विश्वरूपः' यह उक्ति है— यमी की
- 'पापमाहुर्यः स्वसारं निगच्छात्' यह उक्ति है— यम की
- 'रात्रीभिरस्मा अहभिर्दशस्येत् सूर्यस्यचक्षुर्मुहुरुन्मिमीयात्' यह उक्ति है— यम की
- 'आ घा ता गच्छानुत्तरा युगानि' यह सम्बद्ध है— यम-यमी संवाद सूक्त से
- 'गन्धर्वो अप्स्वप्या च योषा सा' यह सम्बद्ध है— यम-यमी संवाद सूक्त से



सरमा-पणि (ऋ.10/108)

- सरमा-पणि संवाद का उल्लेख है— ऋग्वेद में
- सरमा-पणि संवाद क्रम है— ऋ. 10/108
- ऋग्वेद का 10/108 सूक्त सम्बद्ध है— सरमा-पणि संवाद से
- सरमा-पणि संवाद सूक्त में 'पणि' है— असुर
- पणि किस असुर के अनुचर थे?— बल के
- सरमा-पणि संवाद सूक्त के ऋषि हैं— पणि
- सरमा-पणि संवाद सूक्त की ऋषिका है— सरमा
- सरमा-पणि संवाद सूक्त के देवता हैं— सरमा-पणि
- सरमा-पणि संवाद सूक्त में छन्द हैं— त्रिष्टुप्
- सरमा-पणि संवाद सूक्त में कुल मन्त्र हैं— 11
- बृहस्पति की गायों को चुराने वाला था— पणि
- गायों को चुराने की घटना को देख लिया था— बृहस्पति ने
- गायों को चुराने से सम्बन्धित संवाद सूक्त हैं— सरमा-पणि
- सरमा थी— इन्द्र की दूती
- देवशुनी थी— सरमा
- 'आ च गच्छान्मित्रमेना दधा' यह उक्ति है— पणि की
- माथा गवां गोपतिर्नो भवाति' यह उक्ति है— पणि की
- 'गोभिरश्वेभिर्वसुभिर्न्यृष्ट' यह उक्ति है— पणि की
- 'अस्यास्यो अङ्गिरसो नवग्वाः' यह उक्ति है— सरमा की
- 'सोमो ग्रावाण ऋषयश्च विप्राः' यह उक्ति है— सरमा की
- 'नाहं तं वेद दभ्यं दभत्स' यह उक्ति है— सरमा की



विश्वामित्र-नदी संवाद सूक्त (ऋ.3/33)

- विश्वामित्र-नदी संवाद सूक्त का उल्लेख है— ऋग्वेद में
- विश्वामित्र-नदी संवाद सूक्त का क्रम है— ऋ. 3/33
- ऋग्वेद का 3/33 संवाद सूक्त सम्बद्ध है— विश्वामित्र-नदी संवाद से
- विश्वामित्र-नदी संवाद सूक्त में कुल मन्त्र हैं— 13
- विश्वामित्र-नदी संवाद सूक्त में छन्द हैं— त्रिष्टुप्, अनुष्टुप्
- विश्वामित्र-नदी संवाद सूक्त के ऋषि हैं— विश्वामित्र
- विश्वामित्र-नदी संवाद सूक्त की ऋषिका हैं— नदियाँ
- विश्वामित्र-नदी संवाद सूक्त के प्रथम तीन मन्त्रों में किन दो नदियों की स्तुति विश्वामित्र ने की है?— विपाट्-शुतुद्री
- विश्वामित्र-नदी संवाद सूक्त में विश्वामित्र ने अपने पिता का नाम बताया है— कुशिक
- ऋग्वेद के 3/33/9 में विश्वामित्र ने नदियों को सम्बोधित किस पद से किया है?— स्वसारः
- विपाट् का अन्य नाम है— व्यास
- शुतुद्री का अन्य नाम है— सतलुज
- एना वयं पयसा पिन्वमाना, अनुयोनिं देवकृतं चरन्तीः' यह उक्ति है— नदी की
- 'रमध्वं मे वचसे सोम्याय, ऋतावरीरुप मुहूर्तमेवैः' यह उक्ति है— विश्वामित्र की
- 'यदङ्ग त्वा भरताः संतरेयुर्गव्यन्ग्राम इषित इन्द्रजूतः' इसमें 'त्वा' से उद्दिष्ट है— नदी
- 'उद्व ऊर्मिः शम्या हन्त्वापो योक्त्राणि मुञ्चत' यह उक्ति है— विश्वामित्र की
- 'समाराणे ऊर्मिभिः पिन्वमाने' यह उक्ति है— विश्वामित्र की
- 'वत्समिव मातरा संरिहाणे' यह उक्ति है— विश्वामित्र की
- 'आ ते कारो शृणवामा वचांसि' यह उक्ति है— नदी की
- 'आ वो वृणे सुमतिं यज्ञियानाम्' यह उक्ति है— विश्वामित्र की



ब्राह्मण साहित्य

- मन्त्र-भाग के अतिरिक्त शेष वेदभाग है— ब्राह्मण
- जैमिनि का कथन है—'शेषे ब्राह्मण शब्दः'[1]
- ब्राह्मण ग्रन्थों का मुख्य विषय है— विधि
- ब्राह्मण शब्द का प्रयोग प्राप्त होता है— नपुंसक लिङ्ग में[2]
- यह अपवाद स्वरूप पुलिंग में भी प्राप्त है— महाभारत में[3]
- व्युत्पत्ति की दृष्टि से ब्राह्मण निष्पन्न हुआ है— अण् प्रत्यय लगकर
- ब्रह्म शब्द के अर्थ हैं— दो 1. मन्त्र तथा 2. यज्ञ[4]
- ब्राह्मण ग्रन्थ विशेष हैं— जिनमें मन्त्रों की विनियोगात्मिका व्याख्या है[5]
- शतपथ ब्राह्मण में मन्त्रों को कहा गया है— ब्रह्म (ब्रह्म वै मन्त्रः)
- ब्राह्मणों के द्रष्टा को कहा जाता है— आचार्य
- 'मन्त्रब्राह्मणयोर्वेदानामधेयम्' यह उक्ति है— आपस्तम्ब की
- ब्राह्मण ग्रन्थों का वर्तमान स्वरूप है— प्रवचनात्मक और व्याख्यात्मक
- विधियों एवं उनके प्रकृति का निरूपण है— प्रवचनात्मक अंशों में
- विनियुक्त मन्त्रों के औचित्य का प्रदर्शन है— व्याख्यात्मक ढंग से
- ब्राह्मण ग्रन्थों को वेद न मानकर वेदव्याख्यानग्रन्थ माना है— दयानन्द सरस्वती ने
- 'याग' मीमांसा के दो प्रमुख भाग हैं— विधि तथा अर्थवाद
- यज्ञ के कर्मकाण्ड की व्याख्या प्रस्तुत करता है— ब्राह्मण ग्रन्थ
- भट्टभास्कर की उक्ति है—'ब्राह्मणं नाम कर्मणस्तन्मन्त्राणां च व्याख्यान ग्रन्थः'

---


1. जै. मी. सू. 2.1.33
2. मेदिनीकोश
3. महाभारत, उद्योगपर्व, भण्डारकर-संस्करण
4. भट्ट भास्कर, तै. सं. 1.5.1 पर भाष्य
5. सं. सा. बृ. इति.— बलदेव उपाध्याय पृ. सं. 376

- शबरस्वामी के अनुसार ब्राह्मणों के विषय हैं— 10
- शबरस्वामी के द्वारा चर्चित दस विषय उल्लिखित हैं— शाबरभाष्य ग्रन्थ में
- शबरस्वामी के अनुसार ब्राह्मण के दस विषय हैं— हेतु, निर्वचन, निन्दा, प्रशंसा, संशय, विधि, परक्रिया, पुराकल्प, व्यवधारण कल्पना, उपमान
- कर्मकाण्ड के लिए विशेष विधियों का निर्दिष्ट कारण कहलाता है— हेतु
- शब्दों में निहित क्रिया के आधार पर अर्थ प्रकाशन कहलाता है— निर्वचन
- निन्दा और प्रशंसा का समावेश हो जाता है— अर्थवाद में
- स्तुति और निन्दा के वचन कहलाते हैं— अर्थवाद
- कर्म की प्रेरणा देने वाला वाक्य है— विधि
- 'परक्रिया' को कहा जाता है— एक व्यक्ति की कथा
- 'पुराकल्प' में होती है— प्राचीन कथाएँ (एक से अधिक व्यक्ति की कथा)
- संदेह की स्थिति में समुचित निर्णय लेना कहलाता है— व्यवधारण
- समान दृष्टान्त द्वारा विषय को स्पष्ट करना है— उपमान
- यज्ञीयविधियों एवं अनुष्ठानों का उल्लेख है— विधि-भाग में
- वेद मन्त्रों की अर्थ-मीमांसा हुई है— विधि-भाग में
- निरुक्त में शब्दों की व्युत्पत्तियों का मूल माना गया है— ब्राह्मण ग्रन्थ
- आख्यान के कितने भेद हैं— दो 1. स्वल्पकाय 2. दीर्घकाय
- परक्रिया और पुराकल्प किसके अन्तर्गत आते हैं?— आख्यानान्तर्गत
- परक्रिया में नायक होते हैं— एक
- पुराकल्प में नायक होते हैं— अनेक
- मीमांसाकार जैमिनि के अनुसार अर्थवाद के प्रकार हैं— तीन 1. गुणवाद 2. अनुवाद 3. भूतार्थवाद

- ➢ वैदिक मन्त्रों का यज्ञ में उपयोग ही है— विनियोग
- ➢ किस मन्त्र का प्रयोग किस उद्देश्य की सिद्धि के लिए किया जाता है, इसका पता चलता है?— विनियोग से
- ➢ मित्रावरुण का सम्बन्ध है—प्राण और अपान से
- ➢ दिन का देवता है—मित्र
- ➢ 'मित्र' प्रतिनिधि हैं—प्राण के
- ➢ रात्रि का देवता है—वरुण
- ➢ वरुण प्रतीक हैं—अपान के

ब्राह्मण साहित्य की विशेषताएँ—

- ➢ अतीत युग की संरक्षित निधि है—ब्राह्मण
- ➢ ब्राह्मणों में यज्ञीय विषयों के मीमांसक विद्वानों को कहा जाता था—ब्रह्मवादी
- ➢ एक वैज्ञानिक संस्था के रूप में निदर्शन है— यज्ञों का
- ➢ वैदिक व्याकरण एवं पाणिनीय व्याकरण के बीच की कड़ी हैं—ब्राह्मण



ऋग्वेदीय ब्राह्मण

1. ऐतरेय ब्राह्मण

- ➢ ऋग्वेद के ब्राह्मण हैं—दो 1. ऐतरेय ब्राह्मण 2. कौषीतकि ब्राह्मण या शाङ्खायन ब्राह्मण
- ➢ ऋग्वेद की शाकल शाखा का ब्राह्मण है—ऐतरेय ब्राह्मण
- ➢ ऐतरेय ब्राह्मण के प्रवचनकर्ता ऋषि हैं—महीदास ऐतरेय
- ➢ सम्पूर्ण ऐतरेय ब्राह्मण में अध्याय हैं—40
- ➢ प्रत्येक पाँच अध्याय को मिलाकर निष्पन्न होती है—एक पञ्चिका
- ➢ पञ्चिका की कुल संख्या है—आठ
- ➢ अध्याय का अवान्तर विभाजन है—खण्डों में
- ➢ समस्त चालीस अध्यायों में कुल खण्ड हैं—285
- ➢ ऐतरेय ब्राह्मण का वर्ण्य विषय है—सोमयाग
- ➢ समस्त सोमयागों का प्रकृतिभूत है—अग्निष्टोम
- ➢ सप्तम पञ्चिका में विवरण है—राजसूय का
- ➢ सप्तम पञ्चिका के 31 से 33 अध्याय में है—शुनः शेप आख्यान
- ➢ 'चरैवेति-चरैवेति' के कारण प्रसिद्ध है—शुनः शेप आख्यान
- ➢ हरिश्चन्द्रोपाख्यान है—ऐतरेय ब्राह्मण में
- ➢ ऐतरेय ब्राह्मण में प्रथम देवता हैं—अग्नि
- ➢ ऐतरेय ब्राह्मण में परम देवता हैं—विष्णु
- ➢ 'विशुद्धीदं वृष्टिमन्नाद्यं सम्प्रयच्छति' यह सम्बद्ध है—ऐतरेय ब्राह्मण से
- ➢ 'आग्नावैष्णवं पुरोडाशं निर्वपन्ति दीक्षणरेयम' यह सम्बद्ध है—ऐतरेय ब्राह्मण से
- ➢ 'शुनः शेप' आख्यान का नाम है—हरिश्चन्द्रोपाख्यान [1]

---

1. सं. सा. बृ. इति.— बलदेव उपाध्याय पृ.सं. 393

- राज्याभिषेक के समय सुनाया जाता था— हरिश्चन्द्रोपाख्यान
- ऐन्द्रमहाभिषेक तथा चक्रवर्ती राजाओं के अभिषेक का चित्रण है— 38वें अध्याय में

2. कौषीतकि या शाङ्खायन ब्राह्मण

- शाङ्खायन ब्राह्मण का सम्बद्ध है— बाष्कल शाखा से
- सम्पूर्ण शाङ्खायन ब्राह्मण विभक्त है— 30 अध्यायों में
- प्रत्येक अध्यायों का विभाजन है— खण्डों में
- कुल खण्ड हैं— 227[1]
- शाङ्खायन ब्राह्मण में यज्ञ को माना गया है— विष्णु या ब्रह्म का स्वरूप

+++

1. सं.वा.बृ.इति.— बलदेव उपाध्याय पृ.सं. 395

यजुर्वेदीय ब्राह्मण

1. शुक्ल यजुर्वेदीय ब्राह्मण

(i) शतपथ ब्राह्मण

- शुक्ल यजुर्वेद का उपलब्ध ब्राह्मण है— शतपथ ब्राह्मण
- शुक्ल यजुर्वेद की माध्यन्दिन और काण्व दोनों शाखाओं में है— शतपथ ब्राह्मण
- माध्यन्दिन शाखा के शतपथ ब्राह्मण में काण्ड हैं— 14
- माध्यन्दिन शाखा के शतपथ ब्राह्मण में अध्याय हैं— 100
- माध्यन्दिन शाखा के शतपथ ब्राह्मण में काण्डिकाएँ हैं— 7624
- माध्यन्दिन शाखा के शतपथ ब्राह्मण में ब्राह्मणों की संख्या हैं— 438
- काण्व शाखा के शतपथ ब्राह्मण में काण्ड हैं— 17
- काण्व शाखा के शतपथ ब्राह्मण में अध्याय हैं— 104
- काण्व शाखा के शतपथ ब्राह्मण में काण्डिकाएँ हैं— 6806
- काण्व शाखा के शतपथ ब्राह्मण में ब्राह्मणों की संख्या हैं— 435
- शतपथ ब्राह्मण के अन्तिम छः अध्याय है— बृहदारण्यकोपनिषद्
- पुरुरवा-उर्वशी आख्यान है— शतपथ ब्राह्मण में
- 'अग्निर्वैधूमो जायते' यह है— शतपथ ब्राह्मण में
- विधिविधानों का भण्डार है— शतपथ ब्राह्मण में
- 'अमेध्यो वै पुरूषो यदनृतं वदति तेन पूतिरतरतः' यह सम्बद्ध है— शतपथ ब्राह्मण में
- 'यज्ञो वै श्रेष्ठतं कर्म' यह है— शतपथ ब्राह्मण में
- 'एष वै प्रत्यक्षं यज्ञो यो प्रजापति' यह है— शतपथ ब्राह्मण में
- 100 अध्यायों के कारण नाम पड़ा— शतपथ ('शतं पन्थानो-यस्य तच्छतपथम्')
- 'पथ' वाचक है— अध्याय का
- शतपथ के अनुसार यज्ञ का स्वरूप है— द्विविध 1. प्राकृत 2. कृत्रिम

1. सं.वा.बृ.इति.— बलदेव उपाध्याय पृ.सं. 403

- शतपथ ब्राह्मण के अनुसार सोम है— अन्न[1]
- शतपथ ब्राह्मण के अनुसार अग्नि है— अन्नाद[2]
- शतपथ ब्राह्मण ने यज्ञ को कहा है— देवों की आत्मा[3]
- शतपथ ब्राह्मण ने मीमांसा का प्रारम्भ किया है— हविर्यागों से
- हविर्यागों का आधार है— अग्निहोत्र
- पञ्चमहायज्ञों का विशेष विवेचन है— शतपथ ब्राह्मण के 11वें काण्ड में
- शतपथ ब्राह्मण के षष्ठ से 10 काण्ड को कहते हैं— शाण्डिल्य काण्ड
- शतपथ ब्राह्मण में देवता हैं— 33 (8वसु, 11रुद्र, 12 आदित्य, इन्द्र, प्रजापति)
- शतपथ ब्राह्मण में आख्यान हैं— पुरुरवा-उर्वशी, इन्द्र-वृत्र युद्ध, च्यवन-भार्गव तथा शर्यात-मानव, मनु एवं श्रद्धा, जल प्लावन आदि
- इस ब्राह्मण के अनुसार ब्रह्म के दो रूप थे— 1. मूर्त (सत्) 2. अमूर्त (असत्)
- यह ब्राह्मण भी है— स्वराङ्किक
- परम्परा से शतपथ ब्राह्मण के रचयिता माने जाते हैं— वाजसनेयि-याज्ञवल्क्य
- स्कन्दपुराण के नागरखण्ड के अनुसार याज्ञवल्क्य की माता का नाम था— सुनन्दा
- बहन का नाम था— कंसारिका[4]
- याज्ञवल्क्य के शिष्य थे— 100[5]
- शतपथ ब्राह्मण के अन्तिम 6 अध्यायों को कहते हैं— बृहदारण्यकोपनिषद्

2. कृष्ण यजुर्वेदीय ब्राह्मण

(1) मैत्रायणी ब्राह्मण

- मैत्रायणी संहिता का चतुर्थ अध्याय है— मैत्रायणी ब्राह्मण
- यह विभक्त है— तीन अध्यायों में
- इसका महत्त्वपूर्ण आख्यान है— पर्वतोपाख्यान
- प्रजापति पुत्र थे— पर्वत के



2. सं.वां.बृ.इति.— बलदेव उपाध्याय पृ.सं. 403 3. शतपथ ब्राह्मण— 9.3.2.7
4. स्क.पु.नागखण्ड 6.174.6 5. महाभारत शान्तिपर्व, 323.17

सामवेदीय ब्राह्मण

सबसे अधिक ब्राह्मण हैं— सामवेद में

(1) पञ्चविंश ब्राह्मण

- पञ्चविंश ब्राह्मण के अन्य नाम हैं— प्रौढ ब्रा., महा ब्रा., ता. ब्रा.
- पञ्चविंश ब्राह्मण है— ताण्ड्य शाखा का [1]
- पञ्चविंश ब्राह्मण में अध्याय हैं— 25
- पञ्चविंश ब्राह्मण को कहा जाता है— महाब्राह्मण
- सामवेद के ब्राह्मण में सबसे प्रधान है— पञ्चविंश ब्राह्मण
- इसका मुख्य विषय है— सोमयाग
- इसके 17वें अध्याय में वर्णन है— व्रात्य यज्ञ का

(2) षड्विंश ब्राह्मण

- इस ब्राह्मण को कहा जाता है— अद्भुत ब्राह्मण
- सामवेद के कौथुमीय शाखा का ब्राह्मण है— षड्विंश ब्राह्मण
- इसमें प्रपाठक हैं— 3
- भूकम्प, अकाल पुष्प आदि उत्पातों के शान्ति के उपाय वर्णित हैं— षड्विंश ब्रा. में
- वस्तुतः यह परिशिष्ट है— पञ्चविंश ब्राह्मण का [2]
- षड्विंश ब्राह्मण का पञ्चम प्रपाठक कहलाता है— अद्भुत ब्राह्मण

(3) सामविधान ब्राह्मण

- यह विभक्त है— तीन प्रकरणों में
- व्रतों, काम्य प्रयोगों और प्रायश्चित्त का वर्णन है— प्रथम प्रकरण में
- पुत्र प्राप्ति के विभिन्न प्रयोगों का वर्णन है— द्वितीय प्रकरण में

1. सं. सा. स. इति.— कपिलदेव द्विवेदी पृ.सं. 76
2. सं. सा. स. इति.— कपिलदेव द्विवेदी पृ.सं. 76

- ऐश्वर्य, नवगृह प्रवेश एवं आयुष्य प्राप्ति के लिए अनुष्ठान वर्णित हैं— तृतीय प्रकरण में

(4) आर्षेय ब्राह्मण

- यह विभक्त है—तीन प्रपाठकों में
- तीनों प्रपाठक विभक्त हैं—82 खण्डों में
- सामवेद के ऋषियों की सूची है—आर्षेय ब्राह्मण में
- ऋषियों की सूची के कारण इसे कहते हैं—आर्षेय
- इसका सम्बन्ध दो प्रकार के गानों से है—1. ग्रामगेय 2. अरण्यगेय

(5) दैवत (देवताध्याय) ब्राह्मण

- सामवेद का सबसे छोटा ब्राह्मण है—दैवत ब्राह्मण
- यह विभक्त है—तीन खण्डों में
- सामवेद के देवताओं का वर्णन है—दैवत ब्राह्मण में
- सामवेद के वैदिक छन्दों का विवेचन है—दैवत ब्राह्मण में
- इसमें छन्दों का किया गया है—निर्वचन

(6) उपनिषद् ब्राह्मण

- यह ब्राह्मण विभक्त है—दो भागों में
- इस ब्राह्मण में कुल प्रपाठक हैं— 10
- प्रथम भाग में प्रपाठक हैं—2
- प्रथम भाग को कहते हैं— मन्त्र ब्राह्मण या छान्दोग्य ब्राह्मण
- द्वितीय भाग में प्रपाठक हैं—8
- द्वितीय भाग को कहते हैं—छान्दोग्योपनिषद्

(7) संहितोपनिषद् ब्राह्मण

- सामगान की पद्धति का विवेचन है— संहितोपनिषद् ब्राह्मण में
- यह ब्राह्मण विभक्त है— 5 खण्डों में
- प्रत्येक खण्ड विभक्त हैं— सूत्रों में

- 'विद्या ह वै ब्राह्मणमाजगाम' इत्यादि मन्त्रों को उद्धृत किया गया है—तृतीय खण्ड में

(8) वंश— ब्राह्मण

- वंश ब्राह्मण विभक्त है—तीन खण्डों में
- सामवेद के गुरुओं की वंश परम्परा वर्णित है—वंश ब्राह्मण में
- सामवेद के ऋषियों की सूची तथा वंशावली का वर्णन है—वंश ब्राह्मण में

(9) जैमिनीय या तलवकार ब्राह्मण

- सामवेद की जैमिनीयशाखा का ब्राह्मण है—जैमिनीय या तलवकार ब्राह्मण
- यह विभक्त है—5 अध्यायों में
- प्रथम तीन अध्याय सम्बद्ध हैं—यज्ञ-विधियों से
- इसका चतुर्थ अध्याय समाविष्ट करता है—उपनिषद् ब्राह्मण को[1]
- इसका पञ्चम अध्याय समाविष्ट करता है—आर्षेय ब्राह्मण को[2]



---

1. सं. सा. इति. डॉ. उमाशंकर शर्मा ऋषि पृ. सं. 71
2. सं. सा. इति. डॉ. उमाशंकर शर्मा ऋषि पृ. सं. 71

अथर्ववेदीय ब्राह्मण

- अथर्ववेद में ब्राह्मण मिलता है— गोपथ ब्राह्मण (एकमात्र)
- अथर्ववेद का एकमात्र ब्राह्मण है— गोपथ ब्राह्मण
- गोपथ ब्राह्मण के प्रणेता थे— गोपथ ऋषि
- इसे विभक्त किया गया है— दो भागों में 1. पूर्वगोपथ 2. उत्तरगोपथ
- गोपथ ब्राह्मण सम्बद्ध है— पैप्पलाद शाखा से
- पूर्व गोपथ में प्रपाठक हैं— 5
- उत्तर गोपथ में प्रपाठक हैं— 6
- प्रत्येक प्रपाठक विभक्त है— काण्डिकाओं में
- काण्डिकाओं की कुल संख्या है— 258
- पूर्व गोपथ में काण्डिकाएँ हैं— 135
- उत्तर गोपथ में काण्डिकाएँ हैं— 123
- ओंम तथा गायत्री की एवं ब्रह्मचारी के नियमों का वर्णन है— पूर्वगोपथ में
- ऋत्विजों के कार्य एवं उनकी दीक्षा, पुरुषमेध, अश्वमेध यज्ञ आदि हैं— पूर्वगोपथ में
- विविध यज्ञों और उनसे सम्बद्ध आख्यायिकाओं का वर्णन है— उत्तरगोपथ में
- अथर्ववेद का आदि मन्त्र है— पैप्पलाद शाखा का प्रथम मन्त्र
- सबसे अर्वाचीन ब्राह्मण है— गोपथ



आरण्यक

- जो अरण्य में पढ़ा जाय वह है— आरण्यक [1]
- ब्राह्मण ग्रन्थों के परिशिष्ट रूप हैं— आरण्यक
- दार्शनिक सिद्धान्त का निरूपण है— आरण्यक
- आरण्यक किसके लिए है?— वानप्रस्थी के लिए
- वानप्रस्थी रहते हैं— अरण्य में
- ब्राह्मणग्रन्थों एवं उपनिषदों के मध्य की कड़ी है— आरण्यक
- उपनिषदों के तत्त्वज्ञान को समझने के लिए आवश्यक है— आरण्यक
- अरण्य में 'वुञ्' (भांवार्थक) प्रत्यय के योग से निष्पन्न होता है— आरण्यक शब्द
- आरण्यकों का मुख्य प्रतिपाद्य विषय है— प्राणविद्या तथा प्रतीकोपासना
- आयु का कारण है— प्राण [2]
- प्राण को कहा गया है— गोपा
- यज्ञ के दार्शनिक रूप का वर्णन है— आरण्यक में
- आत्म विवेचन है— आरण्यक में
- वर्णाश्रम— धर्म, निष्काम कर्मयोग का वर्णन है— आरण्यक में
- आरण्यकों की चर्चा है— आदिपर्व (महाभारत) में
- अभी आरण्यक प्राप्त है— पाँच-छः
- ब्राह्मणों के अन्तिम भाग कहे जाते हैं— आरण्यक



---

1. तैत्तिरीय आ.भा. श्लोक - 6
2. कौ. ऐ. आ. 2.1.6

(1) ऋग्वेदीय आरण्यक

ऋग्वेद के आरण्यक हैं— दो

1. ऐतरेय आरण्यक 2. कौषीतकि / शांखायन आरण्यक

(i) ऐतरेय आरण्यक

- यह आरण्यक सम्बद्ध है— ऋग्वेद से
- ऋग्वेद की शाकल शाखा का आरण्यक है— ऐतरेय आरण्यक
- ऐतरेय आरण्यक सम्बन्धित है— शाकल शाखा से
- ऐतरेय ब्राह्मण का परिशिष्ट है— ऐतरेय आरण्यक
- ऐतरेय आरण्यक में अध्याय हैं— 18
- 18 अध्याय विभक्त हैं— 5 भागों में
- इन भागों को कहते हैं— आरण्यक
- प्रथम आरण्यक में वर्णन है— 'महाव्रत' का
- ऐतरेय ब्राह्मण के गवामयन कर्म का एक अंश है— महाव्रत
- द्वितीय आरण्यक के प्रथम तीन अध्यायों में वर्णन है—प्राणविद्या एवं पुरुष का
- द्वितीय आरण्यक के चतुर्थ से षष्ठ अध्याय में है—ऐतरेयोपनिषद्
- तृतीय आरण्यक को कहते हैं— संहितोपनिषद्
- संहिता, पद, क्रम एवं स्वर—व्यंजन आदि विषयों का विवेचन है— तृतीय आरण्यक में
- व्याकरण तथा भाषाशास्त्र की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है—तृतीय आरण्यक
- महानाम्नी ऋचाएँ संकलित हैं—चतुर्थ आरण्यक में
- महाव्रत के पाँचवें दिन पढ़ी जाने वाली ऋचाएँ हैं—महानाम्नी
- निष्केवल्य शस्त्र का वर्णन है—अन्तिम आरण्यक में
- ऐतरेय आरण्यक के रचनाकार माने जाते हैं—ऐतरेय महीदास

(ii) कौषीतकि / शाङ्खायन आरण्यक

- ऋग्वेद का दूसरा आरण्यक है— शाङ्खायन/कौषीतकि आरण्यक
- इस आरण्यक में अध्याय हैं— 15
- शाङ्खायन आरण्यक का तीन से षष्ठ अध्याय है—कौषीतकि उपनिषद्

- उशीनर, मत्स्य, काशी, विदेह एवं कुरु पाञ्चाल का निर्देश है— षष्ठाध्याय में
- इसके नवम अध्याय में वर्णन है— प्राण की श्रेष्ठता का
- आध्यात्मिक अग्निहोत्र का विशद निरूपण है— दशम अध्याय में
- आशीर्वाद की प्रार्थना तथा फल का कथन है— 12वें अध्याय में
- आचार्यों की वंश परम्परा है— 15वें अध्याय में

2. यजुर्वेदीय आरण्यक

(i) शुक्ल यजुर्वेद

बृहदारण्यक

- शुक्लयजुर्वेद का एकमात्र आरण्यक है— बृहदारण्यक
- शुक्लयजुर्वेद की दोनों शाखाओं माध्यन्दिन / वाजसनेयि और काण्व में एक मात्र आरण्यक है— बृहदारण्यक
- शतपथ ब्राह्मण का अन्तिम काण्ड है— बृहदारण्यक
- बृहदारण्यक में अध्याय हैं— 6
- यज्ञों के रहस्य का वर्णन होने के कारण कहा जाता है—आरण्यक
- उपनिषदों का प्रतिपाद्य विषय है—बृहदारण्यक में

(ii) कृष्ण यजुर्वेदीय आरण्यक

कृष्ण यजुर्वेद के आरण्यक हैं— दो

1. तैत्तिरीय आरण्यक 2. मैत्रायणी आरण्यक

1. तैत्तिरीय आरण्यक

- कृष्णयजुर्वेद की तैत्तिरीय शाखा का आरण्यक है—तैत्तिरीय आरण्यक
- तैत्तिरीय आरण्यक विभक्त है— 10 परिच्छेदों (प्रपाठकों) में
- तैत्तिरीय आरण्यक के सप्तम से नवम परिच्छेद को कहते हैं— तैत्तिरीयोपनिषद्
- इस आरण्यक के प्रपाठकों के नाम दिये गये हैं—प्रथम पदों के आधार पर
- इसके दशम प्रपाठक (परिच्छेद) को कहा जाता है— महानारायणीयोपनिषद्
- अग्नि की उपासना का वर्णन है— तैत्तिरीय आरण्यक में

- इष्ट का चयन, पञ्चमहायज्ञ का वर्णन है— तैत्तिरीय आरण्यक में
- कुरुक्षेत्र, पाञ्चाल आदि का वर्णन है— तैत्तिरीय आरण्यक में
- प्रपाठकों का अवान्तर विभाजन किया गया है— अनुवाकों में
- अनुवाकों की कुल संख्या है— 139
- द्वितीय प्रपाठक में सर्वप्रथम विधान है— यज्ञोपवीत का
- सर्वप्रथम यज्ञोपवीत का वर्णन है— तैत्तिरीय आरण्यक में

2. मैत्रायणी आरण्यक

- कृष्ण यजुर्वेद की मैत्रायणी शाखा का आरण्यक है—मैत्रायणी आरण्यक
- मैत्रायणी आरण्यक प्रसिद्ध है— मैत्रायणी उपनिषद् के रूप में
- यह विभक्त है— प्रपाठकों में
- कुल प्रपाठक हैं — 7

3. सामवेदीय आरण्यक

इसमें आरण्यक हैं—दो[1]

1. तलवकार आरण्यक 2. छान्दोग्य आरण्यक

1. तलवकार आरण्यक

- तलवकार आरण्यक है— जैमिनीय शाखा का
- जैमिनीय शाखा का आरण्यक है— तलवकार
- 'तलव' का अर्थ है— संगीतज्ञ
- इसे कहा जाता है— जैमिनीयोपनिषद् ब्राह्मण
- तलवकार आरण्यक में अध्याय हैं— चार
- अध्याय विभक्त हैं— अनुवाकों में
- चतुर्थ अध्याय के दशम अनुवाक को कहते हैं— केनोपनिषद्

2. छान्दोग्य आरण्यक

- सामवेद के ताण्ड्य ब्राह्मण से सम्बद्ध आरण्यक है— छान्दोग्य

4- अथर्ववेदीय आरण्यक

- वह कौन सा वेद है, जिसमें आरण्यक नहीं हैं?— अथर्ववेद



1. सं. सा. स. इति.—कपिलदेव द्विवेदी पृ.सं. 78

दर्श-पौर्णमास यज्ञ

- वैदिक यज्ञों के 7 प्रमुख हविर्यज्ञों में से तीसरा यज्ञ है— दर्शपौर्णमास यज्ञ
- दर्शयाग होता है— अमावस्या को
- पौर्णमास यज्ञ होता है— पूर्णिमा को
- दर्शपौर्णमास कितने यागों का समुच्चय है?— 6
- 'दर्श यागों' का समूह है— 3
- 'पूर्णमास' यागों का समूह है— 3
- यज्ञों में अग्नि का आधान क्रमशः होता है—अमावस्या एवं पूर्णिमा को
- यागविधि सम्पन्न होती है— प्रतिपदा के दिन
- छः कर्म देते हैं— एक ही फल
- अमावस्या के याग हैं— तीन

  1. अग्नि प्रीत्यर्थ पुरोडाशयाग 2. इन्द्र प्रीत्यर्थ पुरोडाशयाग
  3. इन्द्रप्रीत्यर्थ पयोद्रव्यकयाग
- पूर्णिमा के याग हैं—तीन


  1. अष्टकपाल पुरोडाशयाग
  2. उपांशुयाग 3. एकादशकपाल पुरोडाशयाग
- दर्शपौर्णमासयाग कितने वर्ष तक प्रचलित है?— 30 वर्ष तक
- 30 वर्षों में कुल पूर्णमासियाँ होती हैं— 360
- 30 वर्षों में कुल अमावस्याएँ होती हैं— 360
- दाक्षायण— यज्ञ किया जाता है— 15 वर्ष तक
- यज्ञ के दिन को कहा जाता है— उपवसथ
- यज्ञ के द्वितीय दिन को कहा जाता है— यजनीय
- इसमें यजमान नियुक्त करता है— चार पुरोहितों को
- 'दर्श' की दृष्टि में पुरोडाश के देवता हैं—इन्द्र एवं इन्द्राणी

आख्यान

➢ आख्यान दो होते हैं— 1. स्वल्पकाय 2. दीर्घकाय

शुनः शेप आख्यान

➢ 'शुनः शेप' आख्यान है— ऐतरेय ब्राह्मण में
➢ 'शुनः शेप' आख्यान कहा जाता है— हरिश्चन्द्रोपाख्यान
➢ पुत्र प्राप्ति हेतु वरुण देव की उपासना की थी— हरिश्चन्द्र ने
➢ हरिश्चन्द्र के पुत्र का नाम था— रोहित
➢ हरिश्चन्द्र ने वरुण देव को क्या समर्पित करने को कहा था?— अपने पुत्र रोहित को
➢ वरुण देवता के कोप से हरिश्चन्द्र को रोग हुआ था— जलोदर
➢ हरिश्चन्द्र ने रोहित की जगह बलि देने के लिए किस बालक को खरीदा था?— शुनःशेप को
➢ 'शुनःशेप' के पिता का नाम था— अजीगर्त ऋषि
➢ हरिश्चन्द्र द्वारा किये जा रहे यज्ञ के ऋत्विक् थे— विश्वामित्र, वशिष्ठ, जमदग्नि [1]
➢ 'शुनःशेप' को देवताओं की शरण में जाने की सलाह मिली थी— विश्वामित्र से
➢ अग्नि, सविता, वरुण आदि देवताओं की स्तुति की थी—'शुनःशेप' ने
➢ विश्वामित्र ने पुत्र रूप में स्वीकार किया था— 'शुनःशेप' को
➢ विश्वामित्र ने शुनःशेप का नामकरण किया था— देवरात विश्वामित्र
➢ विश्वामित्र का दत्तक पुत्र था— देवरात
➢ विश्वामित्र का मूल नाम था— विश्वरथ



1. स. वा. बृ. इति. —बलदेव उपाध्याय

वाङ्मनस् आख्यान

➢ वाङ्मनस् आख्यान मिलता है— शतपथ ब्राह्मण[1] में
➢ मन और वाणी के बीच विवाद हुआ था— श्रेष्ठता को लेकर
➢ मन और वाणी विवाद शान्त करने के लिए किसके पास गये थे?— प्रजापति के पास
➢ प्रजापति ने किसके पक्ष में निर्णय दिया था?— मन के
➢ निर्णय सुनकर क्रोधित हुई थी— वाणी
➢ 'मनोऽनुगामी' किसे कहा गया?— वाणी को
➢ 'मनोऽनुगामी' किसने कहा था— प्रजापति ने
➢ किसका गर्भ गिर गया था?— वाणी का
➢ प्रजापति के लिए हवि न ले जाने का निर्णय किया था— वाणी ने
➢ प्रजापति को हवि दिया जाता है— मानसिक रूप से (निम्नस्वर से)
➢ इस आख्यान में मन्त्र हैं— 6
➢ वाणी के गर्भ को रचा था— देवताओं ने
➢ उसी गर्भ से पैदा हुए— अत्रि
➢ गलितगर्भा रजस्वला स्त्री को कहते हैं— आत्रेयी



1. शतपथ ब्राह्मण (1/4/5/8-13)

पञ्चमहायज्ञ

- पञ्च महायज्ञों का सम्पादन हो रहा है— वैदिक काल से
- शतपथ ब्राह्मण के अनुसार पञ्चमहायज्ञ हैं— पाँच
  1. ब्रह्मयज्ञ 2. पितृयज्ञ 3. देवयज्ञ 4. भूतयज्ञ 5. नृयज्ञ
- वैदिक मन्त्र का अध्ययनाध्यापन है— ब्रह्मयज्ञ
- ब्रह्मयज्ञ का वर्णन विस्तार से प्राप्त होता है— तैत्तिरीयारण्यक में
- प्राचीन ऋषियों के प्रति श्रद्धा एवं आदर मनुष्य प्रकट करता है— यज्ञ द्वारा
- ब्रह्मयज्ञ में अध्ययन किया जाता है— वेदाङ्ग, पुराण इत्यादि का
- मनुष्य पितरों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता है— पितृयज्ञ द्वारा
- पितृयज्ञ कितने प्रकार से संपादित होता है?— तीन
  1. तर्पण द्वारा 2. बलिहरण द्वारा 3. प्रतिदिन श्राद्ध द्वारा
- बलि का शेषांश पितरों को दिया जाता है— बलिहरण में
- प्रतिदिन के श्राद्ध में खिलाया जाता है— कम से कम एक ब्राह्मण को
- प्रतिदिन के श्राद्ध में नहीं होता है— पिण्डदान
- पार्वण श्राद्ध की विधि और नियमों का पालन नहीं होता है— प्रतिदिन के श्राद्ध में
- विद्वानों ने पितरों के मासिक श्राद्ध को कहा है— अन्वाहार्य
- पितरों के श्राद्ध-तर्पण के समय हुआ जाता है— अपसव्य
- पितरों के श्राद्ध-तर्पण के समय मन्त्रोच्चारण होना चाहिए— 'ॐ पितृभ्यः स्वधा'
- देवनिमित्त किया गया हवनादिक कार्य है— देवयज्ञ
- अग्नि में समिधा डालने से संपादन होता है— देवयज्ञ का
- सूर्य से उपलब्ध होती है— वृष्टि
- वृष्टि से उत्पन्न होता है— अन्न

- अन्न से उत्पन्न होती हैं— प्रजाएँ
- भूतयज्ञ को कहते हैं— बलिवैश्व देवयज्ञ
- असमर्थ प्राणियों की भोजन आदि से सहायता करने का भाव है— भूतयज्ञ में
- नृयज्ञ को कहा जाता है— अतिथियज्ञ
- जो ब्राह्मण एक रात्रि के लिए रुकता है, वह है— अतिथि [1]
- अतिथि सत्कार किसके उपरान्त किया जाता है?— बलिहरण के
- 'पञ्चमहायज्ञ' की विशेषताएँ हैं— दो
- पुरोहितों की आवश्यकता नहीं होती है— 'पञ्चमहायज्ञ' में
- 'पञ्चमहायज्ञ' कौन करता है?— गृहस्थ



1. मनुस्मृति - 3/102

व्याकरण एवं वैदिक व्याख्या–पद्धति

पदपाठ के नियम

- वैदिक मन्त्रों के पाठ उपलब्ध होते हैं— दो 1. संहितापाठ 2. पदपाठ
- मन्त्रों का प्रकृत उपलब्ध पाठ है— संहितापाठ
- संहितापाठ के प्रत्येक पद का विच्छेद होने पर कहा जाता है— पदपाठ
- स्वरों में पर्याप्त अन्तर आ जाता है— पदपाठ के
- संहितापाठ की सुरक्षा हेतु ऋषियों ने अपनाया है— पदपाठ पद्धति
- संहितापाठ में विद्यमान संधियों का विच्छेद करके रखना चाहिए— अलग-अलग
- प्रत्येक पद के बाद लगाना चाहिए— पूर्णविराम(।) का चिह्न
- संहितापाठ के अनुस्वार को पदपाठ में परिवर्तित किया जाता है— 'म्' के रूप में यथा— 'अग्निं' को 'अग्निम्'
- संहितापाठ में जाने वाले छान्दस् दीर्घ को पदपाठ में कर दिया जाता है— ह्रस्व, यथा— रक्षा॒ च नो॒ (ऋ.1/35/11) रक्ष॒ च नः॒
- भ्याम् भिस्, भ्यस्, सु, त्व, तरप्, तमप्, वडप्, मतुप, क्वसु इत्यादि प्रत्ययों के पूर्व लगता है— अवग्रह (ऽ)
- द्वन्द्वसमास तथा नञ्समास को छोड़कर समासयुक्त पदों के बीच लगता है— अवग्रह (ऽ) यथा— 'विश्वऽवेदसे भूरिऽशृङ्गऽव'
- उपर्सग के बाद कृदन्त या संज्ञा शब्द हो, तो उनके बीच लगता है— अवग्रह (ऽ), यथा— प्रऽजा। सुऽशिप्रः।
- यदि किसी शब्द के साथ 'इव' लगा हो, तो 'इव' के पूर्व लग जाता है— अवग्रह (ऽ), यथा— प्रवर्धिनीऽइव।
- यदि उपसर्ग और प्रत्यय दोनों एक साथ हों, तो प्रत्यय के पूर्व लगता है— अवग्रह (ऽ), यथा— आतस्थिऽवासौ।
- प्रकृति में कोई विकार न हुआ हो, तो प्रत्यय तथा विभक्ति के पूर्व लगता है— अवग्रह (ऽ), यथा— हरिऽभ्याम्

- प्रगृह्यसंज्ञक ई, ऊ, ए के साथ लगता है— 'इति', यथा— क्रन्दसी इति। इत्यादि
- सप्तम्यन्त पद में प्रयुक्त ई, ऊ के बाद लगता है— इति, यथा— सरसी इति।
- ओकारान्त निपात के बाद लगता है— इति, यथा— इन्द्रो इति।
- अस्मे, युष्मे, त्वे आदि के बाद लगता है— इति, यथा— अस्मे इति।
- रिफित विसर्जनीयान्त पद का रेफ यदि संहितापाठ में स्पष्ट दिखाई न पड़ता हो, तो उसको स्पष्ट करने के लिए पदपाठ के आगे होता है— इतिकरण। यथा— अन्तः= अन्तरिति। सवितः= सवितरिति।
- सम्बोधन के अन्त में 'ओ' आवे तो उसके बाद आता है— इति, यथा— विष्णोइति
- जब कोई पद इतिकरण से युक्त होता है, तो उसकी होती है— उपस्थित संज्ञा
- स्वः के बाद लगाकर दुहराया जाता है— 'इति', यथा— स्वरिति स्व।
- प्लुत होने के कारण जहाँ दीर्घ हुआ हो, तो वहाँ कर दिया जाता है— ह्रस्व, यथा— अच्छावद = अंच्छवद
- ऋग्वेदसंहिता में पदपाठ में अवग्रह दिखाने के लिए आवृति नहीं की जाती है— शब्दों की
- यजुर्वेद में अवग्रह दिखाने के लिए आवृत्ति की जाती है— शब्दों की, यथा— श्रेष्ठतमायेति श्रेष्ठऽतमाय।
- अथर्ववेद में पदपाठ होता है— ऋग्वेद के समान
- अथर्ववेद में अवग्रह के स्थान पर लगता है— बिन्दु, यथा— त्रि. सप्त
- सामवेद में शब्दों के साथ पदांशों का भी होता है— पदच्छेद, यथा— हव्य दातये हव्यदातये



स्वर

- वैदिक मंत्रों के उच्चारण एवं अर्थबोध के लिए आवश्यक हैं—स्वर
- वैदिक वाङ्मय में स्वर हैं—तीन
  1. उदात्त 2. अनुदात्त 3. स्वरित

1. **उच्चैरुदात्तः — उदात्त**

- कोई चिह्न नहीं होता है— उदात्त में
- कण्ठ, तालु आदि खण्ड स्थानों के ऊपर के भाग से जिन स्वरों का उच्चारण होता है, वह है—उदात्त

2. **नीचैरनुदात्तः — अनुदात्त**

- कण्ठ, तालु आदि स्थानों के नीचे के भाग से उच्चरित स्वर हैं—अनुदात्त
- ऋग्वेद पद्धति में अनुदात्त को अंकित किया जाता है—पड़ी रेखा (—) से

3. **समाहारः स्वरितः— स्वरित**

- उदात्त, अनुदात्त दोनों धर्मों का मेल जिस वर्ण में होता है, वह है— स्वरित
- स्वरित होता है—दो 1. स्वतन्त्र स्वरित, 2. आश्रित स्वरित
- स्वतन्त्र स्वरित होता है—दो 1. संधिज, 2. असंधिज
- संधिज स्वरित होता है—तीन प्रकार का
  1. क्षैप्र 2. प्रश्लिष्ट 3. अभिनिहित
- असंधिज स्वरित होता है—एक प्रकार का, 1. जात्य स्वरित या नित्य स्वरित
- आश्रित स्वरित है—पाँच
  1. पादवृत्त 2. प्रातिहत 3. तैरोव्यञ्जन 4. तैरोविराम 5. तायाभाव्य
- प्रातिशाख्य ग्रन्थों में स्वरित हैं— 9
- स्वरित को चिन्हित किया जाता है—स्वर के ऊपर खड़ी पाई (।) से यथा— अ॑ग्निः



वैदिक एवं लौकिक संस्कृत में अन्तर

- भारतीय भाषाओं के विकास को विभक्त किया गया है—तीन युगों में
  1. प्राचीन भारतीय आर्यभाषा युग— वैदिक युग से 500 ई.पू. तक
  2. मध्यकालीन आर्यभाषा युग— 500 ई. से 1000 ई.
  3. आधुनिक आर्यभाषा युग— 1000 ई. से अब तक
- वैदिक संस्कृत को कहा जाता है— वैदिकी, छन्दस्, छान्दस्
- लौकिक संस्कृत को प्रायः कहा जाता है— संस्कृत
- वैदिक संस्कृत में प्रयोग किया जाता है— उदात्तादि स्वरों का
- लौकिक संस्कृत में अभाव है—उदात्तादि स्वरों का
- वैदिक संस्कृत में स्वर हैं—तीन 1. उदात्त 2. अनुदात्त 3. स्वरित
- लौकिक संस्कृत में स्वर हैं— दो 1. ह्रस्व 2. दीर्घ
- वैदिक संस्कृत में प्रयोग है— ऌ स्वर का
- लौकिक संस्कृत में प्रयोग नहीं है— ऌ स्वर का
- वैदिक संस्कृत में प्रचुरता है— शब्द रूपों की
- लौकिक संस्कृत में प्रचुरता नहीं है— शब्द रूपों की
- वैदिक संस्कृत में धातुओं के परस्मैपद तथा आत्मनेपद होने के सन्दर्भ में नहीं हैं— कोई कठोर नियम
- लौकिक संस्कृत में इनके सन्दर्भ में हैं— कठोर नियम
- वैदिक संस्कृत में लङ् लकार का प्रयोग हो सकता है—किसी भी काल में
- लौकिक संस्कृत में लङ् लकार का प्रयोग होता है— भूतकाल में
- वैदिक संस्कृत में अधिक लकार है— लेट् लकार
- लौकिक संस्कृत में लकार हैं—10
- लेट् लकार का प्रायः प्रयोग हुआ है— भूतकाल में



वैदिक व्याख्या-पद्धति

- वेद की व्याख्या पद्धति को विभाजित किया जाता है— दो भागों में,
  1. भारतीय व्याख्या पद्धति 2. पाश्चात्य व्याख्या पद्धति
- भारतीय व्याख्या पद्धति है— दो 1. प्राचीन 2. अर्वाचीन
- प्राचीन व्याख्या पद्धति के भाग हैं— दो 1. वैज्ञानिक 2. याज्ञिक
- अर्वाचीन के भेद हैं— चार
  1. वैज्ञानिक 2. परम्परावादी 3. आध्यात्मिक
  4. पाश्चात्य मत समर्थक
- पाश्चात्य व्याख्या पद्धति है— तीन
  1. परम्परावादी 2. भाषाशास्त्रीय 3. समन्वयवादी

प्राचीन भारतीय पद्धति

- यास्क व्याख्यकार हैं— वैज्ञानिक
- यास्क का समय है— 800 ई.पू. [1]
- यास्क के ग्रन्थ का नाम है— निरुक्त
- निरुक्त में कुल अध्याय हैं— 14
- वेदों के प्रथम वैज्ञानिक व्याख्याकार हैं— यास्क

सायण

- सायण भाष्यकार हैं— याज्ञिक
- सायण का समय है— 1315 ई. से 1387 ई. तक [2]
- वेद भाष्यकारों में सर्वोपरि स्थान है— सायण का
- वैदिक साहित्य में उपलब्ध प्रायः सभी ग्रन्थों पर भाष्य लिखा है— सायण ने

---

1. सं. सा. इति.— उमाशंकर शर्मा 'ऋषि' पृ. सं. 110
2. सं. वा. बृ. इति.— बलदेव उपाध्याय पृ. सं. 639

- सायण ने सबसे पहले भाष्य लिखा था— कृष्णयजुर्वेद की तैत्तिरीय संहिता पर
- सायण निवासी थे— विजयनगर राज्य के
- विजयनगर राज्य स्थित था— तुङ्गभद्रा नदी के दक्षिण तट पर
- सायण के पिता का नाम था— मायण[1]
- सायण की माता का नाम था— श्रीमती या श्रीमायी[2]
- सायण के पुत्र थे— तीन[3]
- सायण के गुरु थे— तीन[4] 1. विद्यातीर्थ 2. भारतीतीर्थ 3. श्रीकण्ठ
- सायण का गोत्र था— भारद्वाज
- सायण गुरु को मानते थे— परमात्मस्वरूप
- सायण मन्त्री थे— राजा हरिहर के
- सायणाचार्य के ऋग्वेदभाष्य का नाम है— 'वेदार्थप्रकाश'
- 'वेदार्थप्रकाश' को समर्पित किया था— अपने गुरु विद्यातीर्थ को
- सायण के अग्रज थे— माधवाचार्य

ऋग्वेद भाष्यकार

1. स्कन्द स्वामी

- ऋग्वेद के उपलब्ध भाष्यकारों में सबसे प्राचीनतम भाष्यकार हैं— स्कन्द स्वामी
- स्कन्द स्वामी निवासी थे— गुजरात के वलभी नगर के
- स्कन्द स्वामी के पिता का नाम था— भर्तृध्रुव
- स्कन्दस्वामी गुरु थे— हरिस्वामी के
- स्कन्द स्वामी ने भाष्य लिखा था— निरूक्त पर

---

(1) सं.वां.बृ. इति.— बलदेव उपाध्याय पृ.सं. 639
(2) सं.वां.बृ. इति.— बलदेव उपाध्याय पृ.सं. 639
(3) सं.वां.बृ. इति.— बलदेव उपाध्याय पृ.सं. 639
(4) सं.वां.बृ. इति.— बलदेव उपाध्याय पृ.सं. 631

- हरिस्वामी ने भाष्य लिखा था—शतपथ ब्राह्मण पर
- हरिस्वामी के भाष्य का रचनाकाल है—638ई.[1]
- स्कन्द स्वामी का भाष्यरचनाकाल माना जा सकता है—7वीं शताब्दी ई. का प्रथम चरण
- स्कन्दस्वामी का भाष्य ऋग्वेद पर मिलता है—अर्धभाग तक (चतुर्थ अष्टक)
- शेषभाग की पूर्ति की है— नारायण तथा उद्गीथ ने
- स्कन्दस्वामी का भाष्य है—अध्यायक्रम के अनुसार
- स्कन्दस्वामी ने मंत्रों को माना है—5 प्रकार का[2]
- नारायण का भाष्य था—ऋ. के षष्ठ एवं सप्तम अष्टक पर
- ऋग्वेद के षष्ठ एवं सप्तम अष्टक पर भाष्य था—नारायण का
- ऋग्वेद के अष्टम अष्टक पर भाष्य था—उद्गीथ का

2. माधवभट्ट

- ऋग्वेद पर संक्षिप्त भाष्य लिखा था—माधवभट्ट ने
- माधवभट्ट पुत्र थे—वेङ्कट के[3]
- माधवभट्ट का भाष्य है—सायण से पहले का
- माधवभट्ट के भाष्य का नाम है—वेङ्कटमाधवीय

यजुर्वेदीय भाष्यकार

- कृष्णयजुर्वेद की तैत्तिरीय संहिता पर भाष्य लिखा है— भट्टभाष्कर ने
- भट्टभाष्कर के भाष्य का नाम है— ज्ञानयज्ञ[4]
- भट्टभाष्कर का समय है— 11वीं शताब्दी ई.
- उव्वट का समय है— 11वीं शताब्दी का मध्य
- शुक्ल यजुर्वेद की माध्यन्दिन शाखा पर भाष्य लिखा है—उव्वट ने
- उव्वट निवासी थे—अवन्ती के

(1) सं.सा.बृ. इति. —उमाशंकर शर्मा 'ऋषि' पृ. सं 111
(2) सं.सा.बृ. इति. —उमाशंकर शर्मा 'ऋषि' पृ. सं 632
(3) सं.सा.बृ. इति. —उमाशंकर शर्मा 'ऋषि' पृ. सं 111
(4) सं.सा.बृ. इति. —उमाशंकर शर्मा 'ऋषि' पृ. सं 112

- उव्वट ने अपने भाष्य का निर्माण किया था— भोज के शासन काल में
- उव्वट ने भाष्य लिखा था— ऋक्प्रातिशाख्य पर
- उव्वट ने भाष्य लिखा था—यजुर्वेद प्रातिशाख्य पर
- उव्वट ने भाष्य लिखा था—ईशावस्योपनिषद् पर
- उव्वट ने भाष्य लिखा था—ऋक् सर्वानुक्रमणी पर
- महीधर का समय है—16वीं शताब्दी ई.
- शुक्ल यजुर्वेद की माध्यन्दिन संहिता पर भाष्य लिखा था—महीधर ने
- महीधर के भाष्य का नाम है—'वेददीप'
- महीधर निवासी थे—काशी के
- महीधर ब्राह्मण थे—नागर
- हिन्दू नरेश लक्ष्मण सेन के सभासद थे— हलायुध
- शुक्ल यजुर्वेद की काण्व संहिता पर भाष्य लिखा था—हलायुध ने
- हलायुध के भाष्य का नाम है— 'ब्राह्मणसर्वस्व'
- लक्ष्मणसेन के धर्माधिकारी थे— हलायुध
- हलायुध का समय है— 12वीं शताब्दी का पूर्वार्ध[1]
- कृष्णयजुर्वेद की तैत्तिरीय संहिता पर भाष्य लिखा था—सायण ने

सामवेदीय भाष्यकार

- सामवेद पर प्रथम भाष्य मिलता है— माधव का
- माधव के सामवेदीय भाष्य का नाम है—'विवरण'
- सामवेद की कौथुमीय शाखा पर भाष्य लिखा था— गुणविष्णु ने
- गुणविष्णु के भाष्य का नाम था— छान्दोग्य मन्त्र
- सामवेद पर भाष्य मिलता है— सायण का

अथर्ववेदीय भाष्यकार

- अथर्ववेद की शौनक शाखा पर एक मात्र भाष्य मिलता है—सायण क

(1) वैदिक साहित्य और संस्कृति — बलदेव उपाध्याय पृ.सं. 57

भारतीय अर्वाचीन पद्धति

1. स्वामी दयानन्द सरस्वती—(वैज्ञानिक व्याख्या विधि)

- आर्य समाज के संस्थापक थे—दयानन्द सरस्वती
- दयानन्द सरस्वती ने सर्वप्रथम भाष्य लिखा था—शुक्लयजुर्वेद की माध्यन्दिन संहिता पर
- ऋग्वेद पर दयानन्द सरस्वती ने भाष्य लिखा था—ऋ. के 7वें मण्डल के दूसरे सूक्त के दूसरे मन्त्र तक
- वेदों की व्याख्या में दयानन्द सरस्वती ने सबसे प्रमाणित माना है—यास्क को
- एकेश्वरवाद का समर्थन किया है— दयानन्द सरस्वती ने
- वेदों को ईश्वर कृत माना है— दयानन्द सरस्वती ने
- मन्त्र भाग को ही वेद कहा है— दयानन्द सरस्वती ने
- दयानन्द ने वेद में मुख्य विषय माने हैं—चार
  1. ज्ञान 2. विज्ञान 3. कर्म 4. उपासना
- 'वेदार्थ प्रकाश' के रचनाकार हैं— दयानन्द सरस्वती
- दयानन्द का समय है— 1824-83 ई.

2. अरविन्द (आध्यात्मिक विधि)

- अरविन्द का समय है—1872-1950 ई.
- अरविन्द द्वारा वेदों पर रचित पुस्तक है—'वेद रहस्य' (on the vedas)
- वर्तमान के मान्य तत्त्वचिन्तकों में मूर्धन्य हैं—अरविन्द
- अरविन्द का विश्वविख्यात आश्रम है—पाण्डिचेरी में
- अरविन्द की व्याख्या विधि है—आध्यात्मिक
- अरविन्द वेद मन्त्रों के अर्थ को मानते हैं—दो
  1. यज्ञभाग में स्थूल अर्थ 2. अध्यात्म प्रवण में सूक्ष्म अर्थ
- हवन कुण्ड में प्रदीप्त अग्नि है—स्थूल अर्थ
- हृदय में प्रदीप्त इच्छा शक्ति है—सूक्ष्म अर्थ



पाश्चात्य व्याख्या पद्धति

1. परम्परावादी व्याख्या

विल्सन का समय है—1784-1860 ई. तक

- परम्परावादी यूरोपीय विद्वानों में अग्रणी हैं— होरेस विल्सन
- होरेस विल्सन की व्याख्या पद्धति है— परम्परावादी
- ऋग्वेद के प्रथम आंग्ल गद्य अनुवादक हैं— होरेस विल्सन
- सायण के प्रबल समर्थक थे— होरेस विल्सन
- ऋग्वेद का यह अनुवाद आश्रित है—सायण भाष्य पर
- मैक्समूलर का समय है—1823-1900 ई. तक
- मैक्समूलर था— जर्मनी का
- यूनीज बर्नूफ का शिष्य था— मैक्समूलर
- मैक्समूलर का सहपाठी था— रॉथ
- सायण भाष्य के साथ सम्पूर्ण ऋग्वेद का प्रकाशन किया—मैक्समूलर ने
- मैक्समूलर की रचना है— 'भारत से हम क्या सीखें'
- हितोपदेश का जर्मन अनुवाद किया था— मैक्समूलर ने
- 'प्राचीन संस्कृत साहित्य का इतिहास' के रचनाकार हैं— मैक्समूलर

2. भाषा शास्त्रीय व्याख्या

- रॉथ शिष्य थे— यूनीज बर्नूफ के
- रॉथ की सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण कृति है— संस्कृत महाकोश
- संस्कृत महाकोश को कहा जाता है— 'पीट्र्सवर्ग कोश'
- पाश्चात्य देशों में नया निरुक्त समझा जाता है— पीट्र्सवर्ग कोश को
- एडाल्फ रॉथ का समय है— 1821-95 ई. तक
- ग्रासमान का समय है—1809-77 ई. तक
- रॉथ का शिष्य था—ग्रासमान

- 'ध्वनि परिवर्तन' का विश्व प्रसिद्ध नियम है— ग्रासमान का
- 'वैदिक कोश' का प्रणयन किया था— ग्रासमान ने
- ऋग्वेद का जर्मन भाषा में पद्यानुभाव किया था— ग्रासमान ने

3. समन्वयवादी व्याख्या

- चेक ज़ाति के प्राच्य विद्याविद थे— लुडविग
- पाश्चात्य समन्वयवादी व्याख्याकार थे— लुडविग
- 6 खण्डों में ऋग्वेद का जर्मन अनुवाद किया था— लुडविग ने
- चारों वेदों का अंग्रेजी में पद्यानुवाद किया था— ग्रिफिथ ने
- वाल्मीकि रामायण का अंग्रेजी में पद्यानुवाद किया था— ग्रिफिथ ने
- काशी के संस्कृत कॉलेज में प्राचार्य थे— ग्रिफिथ
- बौद्ध साहित्य, वेद तथा सूत्रग्रन्थों में कार्य किया था— ओल्डनवर्ग ने
- मैक्समूलर द्वारा रचित ग्रन्थों का टिप्पणी सहित अनुवाद किया था— ओल्डनवर्ग ने
- 'ऋग्वेद का पाठालोचन तथा टिप्पणी' नामक ग्रन्थ जर्मन में लिखा था— ओल्डनवर्ग ने
- 'वेद का धर्म', के रचनाकार हैं— ओल्डनवर्ग
- ओल्डनवर्ग का समय है— 1854-1920 ई. तक
- कात्यायनकृत सर्वानुक्रमणी पर शोध कार्य किया था— मैक्डॉनल ने
- मैक्डॉनल का समय है— 1854 ई.



खण्ड-2

उपनिषद्

- वैदिक साहित्य का अंतिम भाग है— उपनिषद्
- उपनिषद् मुख्यतया द्योतक है— ब्रह्मविद्या का
- उपनिषद् किसके लिए है?— संन्यासी के लिए
- ज्ञान तथा उपासना का विस्तार पूर्वक व्याख्यान है— उपनिषदों में
- वेद का अन्तिम भाग होने के कारण उपनिषद् को कहा जाता है— वेदान्त
- 'उप+नि' इन दो उपसर्गों के साथ 'सद्' धातु से क्विप् प्रत्यय करके बना है— उपनिषद् शब्द
- मुक्तिकोपनिषद् के अनुसार उपनिषदों की संख्या है— 108 [1]
- उपनिषदों की संख्या शङ्कराचार्य ने मानी है— 10 [2]
- गूढ़ आत्मविद्या का निरूपण है— उपनिषद् में

10 उपनिषद्—

ईशावास्योपनिषद्, केनोपनिषद्, कठोपनिषद्, प्रश्नोपनिषद्, मुण्डकोपनिषद्, माण्डूक्योपनिषद्, तैत्तिरीयोपनिषद्, ऐतरेयोपनिषद्, छान्दोग्योपनिषद्, बृहदारण्यकोपनिषद् ।



---

1. सं. सा. इति.— उमाशङ्कर शर्मा 'ऋषि' पृ. सं.
2. सं. सा. इति.— उमाशङ्कर शर्मा 'ऋषि' पृ. सं.

ऋग्वेदीय उपनिषद्

1. ऐतरेय उपनिषद्

- ➢ 'ऐतरेय आरण्यक' में द्वितीय आरण्यक के 4 से 6 अध्यायों का नाम है— ऐतरेयोपनिषद्
- ➢ ऐतरेय उपनिषद् में कुल अध्याय हैं— तीन
- ➢ प्रथम अध्याय में खण्ड हैं— तीन
- ➢ द्वितीय अध्याय में खण्ड है— एक
- ➢ तृतीय अध्याय में खण्ड है— एक
- ➢ विश्व की उत्पत्ति का विवेचन है— ऐतरेय-उपनिषद् में
- ➢ पुरुष के तीनों जन्मों का निर्देश किया गया है— ऐतरेय-उपनिषद् में
- ➢ जन्म, जीवन, मरण का वर्णन है— द्वितीय अध्याय में
- ➢ आत्मा के स्वरूप का वर्णन है— तृतीय अध्याय में
- ➢ 'प्रज्ञानं ब्रह्म' महावाक्य है— ऐतरेय-उपनिषद् का
- ➢ 'सा भावयित्री भावयितव्या' यह पङ्क्ति सम्बद्ध है— ऐतरेयो. से
- ➢ परोक्षप्रिय होते हैं— देवगण
- ➢ 'इन्द्र' शब्द की व्युत्पत्ति दी गयी है— ऐतरयो. में
- ➢ पुरुष जन्म का वर्णन है— ऐतरेयो. (द्वितीय अध्याय) में

2. कौषीतकि उपनिषद्

- ➢ कौषीतकि आरण्यक के तीन से 6 अध्याय तक का भाग है— कौषीतकि उपनिषद्
- ➢ कौषीतकि उपनिषद् को कहा गया है— ब्राह्मणोपनिषद्
- ➢ इस उपनिषद् में कुल अध्याय हैं— चार
- ➢ अध्याय विभक्त हैं— खण्डों में

- ➢ प्रथम अध्याय में खण्ड हैं— 7
- ➢ द्वितीय अध्याय में खण्ड हैं— 15
- ➢ तृतीय अध्याय में खण्ड हैं— 9
- ➢ चतुर्थ अध्याय में खण्ड हैं— 20
- ➢ सम्पूर्ण उपनिषद् है— गद्यात्मक
- ➢ प्रथम अध्याय में वर्णन है— देवयान और पितृयान
- ➢ द्वितीय अध्याय में वर्णन है— आत्मा के प्रतीक का
- ➢ प्रतर्दन से ब्रह्म-विद्या इन्द्र सीखते हैं— तृतीय अध्याय में
- ➢ अजातशत्रु एवं बालाकि के आख्यान के प्रसंग में परब्रह्म का विवेचन है—चतुर्थ-अध्याय में



यजुर्वेदीय उपनिषद्

शुक्ल यजुर्वेद

1. ईशावास्योपनिषद्

- सबसे प्राचीन उपनिषद् है— ईशावास्योपनिषद्
- शुक्लयजुर्वेद के माध्यन्दिनशाखा का 40वाँ अध्याय है— ईशावास्योपनि
- ईशावास्योपनिषद् में कुल मन्त्र हैं— 18
- इसके ऋषि हैं— दध्यङ्ग आथर्वण
- विद्या और अविद्या के तात्त्विक विवेचन की प्रमुखावधारणा है— ईशावास्योपनिषद् की
- त्यागपूर्वक भोग, कर्म की निष्कामता, आत्मा का स्वरूप इत्यादि का वर्णन है— ईशावास्योपनिषद् में
- सम्भूति और असम्भूति का वर्णन है— ईशावास्योपनिषद् में
- ईशा. का चरमोद्देश्य है— आत्मतत्त्व का प्रतिपादन
- 'तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा' यह मन्त्रांश है— ईशावास्योपनिषद् का
- जगत् में जो कुछ स्थावर-जङ्गम है वह आच्छादनीय है— ईश्वर द्वा
- लोक में कर्म करते हुए कितने वर्ष तक जीने की इच्छा करनी चाहिए?— सौ वर्ष तक
- 'तास्ते प्रेत्याभिगच्छन्ति ये के चात्महनो जनाः' यह मन्त्रांश है— ईशावास्योपनिषद् में (3)
- देवताओं का सम्पति स्वरूप लोक है— असुर्य
- 'अनेजदेकं मनसो जवीयो' यह मन्त्रांश है— ईशावास्योपनिषद् में (4)
- इन्द्रियाँ प्राप्त नहीं कर पाती हैं— आत्मतत्त्व को
- जो चलने वाला न हो, उसे कहते हैं— अनेजत्

- 'तदन्तरस्य सर्वस्य तदु सर्वस्यास्य बाह्यतः' यह मन्त्रांश है— ईशावास्योपनिषद् में (5)
- जो साधक सम्पूर्ण भूतों को आत्मा में और समस्त भूतों में भी आत्मा को देखता है, ऐसी स्थिति है— अभेदर्शी की
- 'भूतान्यात्मैवा भूद्विजानतः' यह मन्त्रांश है— ईशा. में (7)
- सर्वगत, शुद्ध, अशरीरी, अक्षत, सर्वद्रष्टा, सर्वज्ञ, स्वयम्भू आदि कहा गया है— आत्मा को
- 'स पर्यगाच्छुक्रमकायमव्रणमस्नाविरं शुद्धमपापविद्धम्' यह मन्त्रांश है— ईशा. में (8)
- 'कविर्मनीषी परिभूः' कहा गया है— आत्मा को (8)
- 'स्वयम्भूर्याथातथ्यतोऽर्थान्' यह मन्त्रांश है— ईशा. में (8)
- ज्ञानमार्ग और कर्ममार्ग का वर्णन है— ईशावास्योपनिषद् में
- 'ततो भूय इव ते तमो य उ विद्यायां रताः' यह मन्त्रांश है— ईशा. में(9)
- अविद्या के उपासकों से भी अधिक अन्धकार में पड़ते हैं— मात्र विद्या में रत लोग
- मात्र अविद्या की उपासना करने वाले प्रवेश करते हैं— घोर अन्धकार में
- अविद्या का अर्थ है— कर्म
- अधिक अन्धकार में प्रवेश करते हैं— मात्र अविद्या के उपासक
- 'अन्यदेवाहुर्विद्ययान्यदाहुरविद्यया' यह मन्त्रांश है— ईशा. में (10)
- 'शुश्रुम धीराणां ये नस्तद्विचक्षिरे' यह मन्त्रांश है— ईशा. में
- 'विद्ययाऽमृतमश्नुते' यह मन्त्रांश है— ईशा. में (11)
- 'यस्तद्वेदोभयं सह' यह मन्त्रांश है— ईशा. में (11)
- विद्या से प्राप्त करता है— अमरत्व को
- 'सम्भवन' का अर्थ है— उत्पन्न होने

- 'सम्भवन' का नाम है— सम्भूति
- जिस कार्य की उत्पत्ति होती है, वह है— सम्भूति
- सम्भूति से भिन्न है— असम्भूति
- कार्य ब्रह्म की उपासना से प्राप्त करता है—मृत्यु को
- 'हिरण्मयेन पात्रेण सत्यस्यापिहितं मुखम्' यह मन्त्रांश है—ईशा. में (15)
- आदित्यमण्डलस्थ ब्रह्म का मुख ढका हुआ है— ज्योतिर्मय पात्र से
- 'तत्त्वं पूषन्नपावृणु सत्यधर्माय दृष्टये' यह मन्त्रांश है—ईशा. में (15)
- 'एकर्षि' कहा गया है— सूर्य को
- जगत् का पोषण करने के कारण सूर्य है— पूषा
- 'वायुरनिलममृतमथेदं भस्मान्तं शरीरम्' यह मन्त्रांश है—ईशा.में (17)
- 'ऊँ क्रतो स्मर' यह मन्त्रांश है— ईशा. में (17)
- 'अग्ने नय सुपथा' यह मन्त्रांश है —ईशा. में
- 'विश्वानि देव वायुवानि विद्वान्' यह मन्त्रांश है— ईशा. में (18)
- 'युयोध्यस्मज्जुहुराणमेनो भूयिष्ठां' यह मन्त्रांश है— ईशा. में (18)
- 'ते नम उक्तिं विधेम' यह मन्त्रांश है— ईशा. में (18)

2. बृहदारण्यकोपनिषद्

- शतपथ ब्राह्मण के अन्तिम 6 अध्यायों को कहा जाता है— बृहदारण्यकोपनिषद्
- इस उपनिषद् में कुल अध्याय हैं— 6
- सबसे विशालकाय गद्यात्मक उपनिषद् है— बृहदा.
- अश्वमेध यज्ञ, आत्मा से जगत् की उत्पत्ति का वर्णन है—प्रथम अध्याय में
- मृत्यु द्वारा सम्पूर्ण पदार्थों का ग्रास किये जाने का वर्णन है—प्रथम अध्याय में

- गार्ग्य (बालाकि), काशीराज और अजातशत्रु का संवाद है—द्वितीय अध्याय में
- याज्ञवल्क्य ने आत्मविद्या का उपदेश दिया था—मैत्रेयी को
- याज्ञवल्क्य की पत्नी का नाम है— मैत्रेयी
- गार्गी एवं याज्ञवल्क्य का प्रश्नोत्तर है—बृहदा. में
- याज्ञवल्क्य तथा अन्य दार्शनिकों के बीच शास्त्रार्थ हुआ था—जनक की सभा में (तृतीय अध्याय में)
- याज्ञवल्क्य ने जनक को ब्रह्म विषयक उपदेश दिया था—चतुर्थ अध्याय में
- ब्रह्मा प्रजापति, गायत्री, परलोक आदि के विषय में विचार किया गया है— पञ्चम अध्याय में
- श्वेतकेतु, आरुणि तथा प्रवाहण जैबलि के मध्य संवाद हुआ था—षष्ठ अध्याय में
- श्वेतकेतु, आरुणि तथा प्रवाहण जैबलि के मध्य संवाद हुआ था—बृहदा. में
- इस उपनिषद् के प्रमुख ऋषि हैं— याज्ञवल्क्य
- 'आत्मावाऽरेद्रष्टव्यः' यह मन्त्रांश है— बृहदा. का
- 'अहं ब्रह्मास्मि' यह मन्त्रांश है — बृहदा. का
- 'असतो मा सद्गमय' यह मन्त्रांश है — बृहदा. का
- 'पूर्णमदः पूर्णमिदं' यह मन्त्रांश है— बृहदा. का
- 'आमनस्तु कामाय सर्वं प्रिय' यह मन्त्रांश है— बृहदा. का



कृष्णयजुर्वेदीय उपनिषद्

1. कठोपनिषद्

- कृष्णयजुर्वेदीय कठ शाखा का उपनिषद् है— कठोपनिषद्
- गद्यात्मक एवं पद्यात्मक उपनिषद् है— कठोपनिषद्
- कठोपनिषद् में कुल अध्याय हैं— दो
- दोनों अध्याय विभक्त हैं— तीन-तीन वल्लियों में
- नचिकेता तथा यम संवाद का वर्णन है— कठोपनिषद् में
- अग्निविद्या का वर्णन है— कठोपनिषद् में
- ब्रह्मविद्या का वर्णन है—कठोपनिषद् में
- द्वितीय अध्याय में वक्ता हैं— यम
- आत्मा की व्यापकता एवं अन्त में योग का वर्णन है— द्वितीय अध्याय में
- नचिकेता के पिता ने यज्ञ किया था— विश्वजित यज्ञ
- नचिकेता के पिता का नाम था— वाजश्रवस
- वाजश्रवस के पिता का नाम था— वाजश्रवा
- प्रथमवल्ली में वर्णन है— वाजश्रवस के दान का
- नचिकेता की कथा का वर्णन है— प्रथम अध्याय में
- वाजश्रवस ने क्रोध में यमलोक जाने को कहा था— नचिकेता को
- नचिकेता को यम ने कितने वर दिये थे?— तीन
- प्रथम वर में नचिकेता ने मांगा था—पिता के शांत संकल्प, प्रसन्न एवं क्रोध रहित होने का
- नचिकेता यम के द्वार पर भूखे पड़ा रहा था— तीन रात्रि तक
- एक-एक रात्रि के लिए एक-एक करके तीन वर दिया गया था— नचिकेता को
- 'पीतोदका जग्धतृणा दुग्धदोहा निरिन्द्रियाः' यह मन्त्रांश है— कठोपनिषद् का (प्रथम अध्याय-1 वल्ली-3)

- 'अनन्दा नाम ते लोकास्तान्स' यह मन्त्रांश है—कठोपनिषद् का (प्रथम अध्याय-1 वल्ली-3)
- यम और नचिकेता का संवाद है— कठोपनिषद् में
- नचिकेता ने दूसरे वर में मांगा था— स्वर्गीय अग्नि का
- तीसरे वर में मांगा था— आत्मा के ज्ञान को
- गौतम वंशीय थे— वाजश्रवस
- स्वर्ग की अग्नि का नाम रखा गया था— नाचिकेताग्नि
- 'स होवाच पितरं तात......' यह मन्त्रांश है—कठोपनिषद् का (प्रथम अध्याय-1 वल्ली-4)
- 'बहूनामेमि प्रथमो बहूनामेमि मध्यमः।' यह मन्त्रांश है—कठोपनिषद् का (प्रथम अध्याय-1 वल्ली-5)
- 'वैश्वानरः प्रविशत्यतिथिर्ब्राह्मणो' यह मन्त्रांश है—कठोपनिषद् का (प्रथम अध्याय-1 वल्ली-7)
- 'आशाप्रतीक्षे संगतꣳ सुनृता....' यह मन्त्रांश है—कठोपनिषद् का (प्रथम अध्याय-1 वल्ली-8)
- 'तिस्रो रात्रीर्यदवात्सीर्गृहे मे...' यह मन्त्रांश है—कठोपनिषद् का (प्रथम अध्याय-1 वल्ली-9)
- 'शान्तसंकल्पः सुमना यथा' यह मन्त्रांश है—कठोपनिषद् का (प्रथम अध्याय-1 वल्ली-10)
- 'स्वर्गे लोके न भयं किञ्चनास्ति' यह मन्त्रांश है—कठोपनिषद् का (प्रथम अध्याय-1 वल्ली-12)
- 'शोकातिगो मोदते स्वर्गलोके' यह मन्त्रांश है—कठोपनिषद् का (प्रथम अध्याय-1 वल्ली-12)
- तीन बार नाचिकेत अग्नि का चयन करने वाला कहा जाता है— त्रिणाचिकेत
- 'शतायुषः पुत्रपौत्रान्वृणीष्व' यह मन्त्रांश है—कठोपनिषद् का (प्रथम अध्याय-1 वल्ली-23)

- 'न वित्तेन तर्पणीयो मनुष्यो' यह मन्त्रांश है— कठोपनिषद् का (प्रथम अध्याय-1 वल्ली-27)
- श्रेय को ग्रहण करने वाले का होता है— शुभ
- प्रेय का वरण करने वाला हो जाता है— पुरुषार्थ से पतित
- श्रेय और प्रेय मार्ग का वर्णन है— कठोपनिषद् में
- श्रेय— मार्ग को जाना जाता है— विद्या नाम से
- प्रेयमार्ग को जाना जाता है— अविद्या नाम से
- कठोपनिषद् की प्रथम वल्ली में कुल मन्त्र हैं— 29
- विवेकी व्यक्ति वरण करता है— श्रेय का
- मन्द बुद्धि वरण करता है— प्रेय का
- 'अविद्या या च विद्येति ज्ञाता' यह मन्त्रांश है— कठोपनिषद् का (प्रथम अध्याय-2 वल्ली-4)
- 'प्रमाद्यन्तं वित्तमोहेन मूढ़म्' यह मन्त्रांश है— कठोपनिषद् का (प्रथम अध्याय-2 वल्ली-6)
- 'शृण्वन्तोऽपि बहवो यं न विद्युः' यह मन्त्रांश है— कठोपनिषद् का (प्रथम अध्याय-2 वल्ली-7)
- 'कामस्याप्तिं जगतः प्रतिष्ठां' यह मन्त्रांश है— कठोपनिषद् का (प्रथम अध्याय-2 वल्ली-11)
- 'एतद्ध्येवाक्षरं ब्रह्म' यह मन्त्रांश है— कठोपनिषद् का (प्रथम अध्याय-2 वल्ली-16)
- कठोपनिषद् में अक्षर है— ब्रह्म
- 'न जायते म्रियते वा' यह मन्त्रांश है— कठोपनिषद् का (प्रथम अध्याय-2 वल्ली-18)
- 'अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो' यह मन्त्रांश है— कठोपनिषद् का (प्रथम अध्याय-2 वल्ली-18)
- 'न हन्यते हन्यमाने शरीरे' यह मन्त्रांश है— कठोपनिषद् का (प्रथम अध्याय-2 वल्ली-18)

- 'ऋतं पिबन्तौ सुकृतस्य लोके' यह मन्त्रांश है— कठोपनिषद् का (प्रथम अध्याय-3 वल्ली-1)
- प्राप्त और प्राप्तव्य भेद से है— दो आत्मा
- अजन्मा, नित्य, शाश्वत और पुरातन है— आत्मा
- कठोपनिषद् में आत्मा को कहा गया है— रथी
- कठोपनिषद् में शरीर को कहा गया है— रथ
- कठोपनिषद् में बुद्धि को कहा गया है— सारथि
- कठोपनिषद् में मन को कहा गया है— लगाम
- 'आत्मानं रथिनं विद्धि शरीरं रथमेव तु' यह मन्त्रांश है— कठोपनिषद् का (प्रथम अध्याय-3 वल्ली-3)
- विवेकी पुरुष ने इन्द्रियों को कहा है— घोड़ा
- शरीर, इन्द्रिय एवं मन से युक्त आत्मा को कहते हैं— भोक्ता
- इन्द्रियों से श्रेष्ठ है— विषय
- विषयों से श्रेष्ठ कहा गया है— मन को
- मन से उत्कृष्ट है— बुद्धि
- बुद्धि से उत्कृष्ट है— आत्मा
- 'महतः परमव्यक्तमव्यक्तात्पुरुषः परः' यह मन्त्रांश है— कठोपनिषद् का (प्रथम अध्याय-3 वल्ली-11)
- 'एष सर्वेषु भूतेषु गूढात्मा न प्रकाश्यते' यह मन्त्रांश है— कठोपनिषद् का (प्रथम अध्याय-3 वल्ली-12)
- 'उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत' यह मन्त्रांश है— कठोपनिषद् का (प्रथम अध्याय-3 वल्ली-14)
- 'क्षुरस्य धारा निशिता दुरत्यया' यह मन्त्रांश है— कठोपनिषद् का (प्रथम अध्याय-3 वल्ली-14)
- 'अनाद्यनन्तं महतः परं ध्रुवं' यह मन्त्रांश है— कठोपनिषद् का (प्रथम अध्याय-3 वल्ली-15)

- 'उक्त्वा श्रुत्वा च मेधावी ब्रह्मलोके महीयते' यह मन्त्रांश है— कठोपनिषद् का (प्रथम अध्याय-3 वल्ली-16)
- 'महान्तं विभुमात्मानं मत्वा धीरो न शोचति' यह मन्त्रांश है— कठोपनिषद् का (द्वितीय अध्याय-1 वल्ली-4)
- 'ईशानं भूतभव्यस्य न ततो विजुगुप्सते' यह मन्त्रांश है— कठोपनिषद् का (द्वितीय अध्याय-1 वल्ली-5)
- दोनों अरणियों के बीच में स्थित है— अग्नि (जातवेदा)
- 'मृत्योः स मृत्युमाप्नोति' यह मन्त्रांश है— कठोपनिषद् का (द्वितीय अध्याय-1 वल्ली-11)
- 'अंगुष्ठमात्रः पुरुषो मध्य आत्मनि तिष्ठति' यह मन्त्रांश है— कठोपनिषद् का (द्वितीय अध्याय-1 वल्ली-13)
- पुरुष शरीर के मध्य में स्थित है— अंगुष्ठपरिमाण
- नित्यविज्ञान स्वरूप अजन्मा (आत्मा) का पुर है— 11 दरवाजों वाला
- अन्तरिक्ष में विचरने वाला सर्वव्यापक वायु है— आत्मा
- 'न प्राणेन नापानेन मर्त्यो जीवति' यह मन्त्रांश है— कठोपनिषद् का (द्वितीय अध्याय-2 वल्ली-1)
- 'एको वशी सर्वभूतान्तरात्मा' यह मन्त्रांश है— कठोपनिषद् का (द्वितीय अध्याय-2 वल्ली-12)
- 'नित्योऽनित्यानां चेतनश्चेतनानामेको' यह मन्त्रांश है— कठोपनिषद् का (द्वितीय अध्याय-2 वल्ली-13)
- 'न तत्र सूर्यो भाति न चन्द्रतारकं' यह मन्त्रांश है— कठोपनिषद् का (द्वितीय अध्याय-2 वल्ली-15)
- 'ऊर्ध्वमूलोऽवाक्शाख एषोऽश्वत्थः सनातनः' यह मन्त्रांश है— कठोपनिषद् का (द्वितीय अध्याय-3 वल्ली-1)
- निर्मल बुद्धि में दर्शन होता है— आत्मा का
- पञ्च इन्द्रियाँ, मन सहित आत्मा में स्थित बुद्धि जब चेष्टाहीन होती है, तब की अवस्था है— परम गति की

- 'नैव वाचा न मनसा प्राप्तुं शक्यो न चक्षुषा' यह मन्त्रांश है— कठोपनिषद् का (द्वितीय अध्याय-3 वल्ली-12)
- यम द्वारा दी गयी विद्या एवं सम्पूर्ण योगविधि और ब्रह्मभाव प्राप्त कर नचिकेता हो गया— मृत्युहीन
- योगविधि का वर्णन है— कठोपनिषद् में
- प्रथम अध्याय की द्वितीय वल्ली में कुल मन्त्र हैं— 25
- प्रथम अध्याय की तृतीय वल्ली में कुल मन्त्र हैं— 17
- द्वितीय अध्याय की प्रथम वल्ली में कुल मन्त्र हैं— 15
- द्वितीय अध्याय की द्वितीय वल्ली में कुल मन्त्र हैं— 15
- द्वितीय अध्याय की तृतीय वल्ली में कुल मन्त्र हैं— 19

2. मैत्रायणी-उपनिषद्

- गद्य-पद्यात्मक उपनिषद् है— मैत्रायणी-उपनिषद्
- मैत्रायणी उपनिषद् में कुल प्रपाठक हैं— 7
- सांख्य योग के 6 अंगों का वर्णन है— मैत्रायणी-उपनिषद् में
- हठयोग के सिद्धान्त निर्दिष्ट हैं मैत्रायणी-उपनिषद् में
- राजा बृहद्रथ और ऋषि शाकटायन का संवाद वर्णित है— मैत्रायणी उपनिषद् में

3. तैत्तिरीयोपनिषद्

- तैतिरीय आरण्यक के सप्तम, अष्टम एवं नवम प्रपाठक को कहा जाता है— तैत्तिरीयोपनिषद्
- इन तीनों प्रपाठकों को क्रमशः कहा जाता है— शिक्षावल्ली, ब्रह्मानन्दवल्ली, भृगुवल्ली
- इन वल्लियों का विभाजन हुआ है— अनुवाकों में
- शिक्षावल्ली में अनुवाक हैं— 12
- ब्रह्मानन्दवल्ली में अनुवाक हैं— 9

- भृगुवल्ली में अनुवाक हैं— 10
- शिक्षा माहात्म्य का वर्णन है—शिक्षावल्ली में
- 'ओंकार' माहात्म्य का वर्णन है—प्रथम शिक्षावल्ली में
- वरुण द्वारा अपने पुत्र भृगु को उपदेश दिया गया है— तृतीय वल्ली में
- ब्रह्म तत्त्व का विवेचन किया गया है—द्वितीय वल्ली में
- 'अभयं प्रतिष्ठां विन्दते' यह मन्त्रांश है—तैत्तिरीयोपनिषद् का
- 'यस्माज्जातं जगत्सर्वं यस्मिन्नेव प्रलीयते' यह मन्त्रांश है—तैत्तिरीयोपनिषद् का (शिक्षावल्ली-1 अनुवाक)
- वर्ण, स्वर, मात्रा, बल, साम, संतान है—शिक्षा की व्याख्या
- अकारादि हैं—वर्ण
- उदात्तादि हैं—स्वर
- ह्रस्वादि हैं— मात्रा
- शब्दोच्चारण में होने वाला प्रयत्न है—बल
- एक ही नियम से उच्चारण करना है—साम
- संहिता है— संतान
- संहिता सम्बन्धी उपनिषदों को बांटा गया है—पाँच अधिकरणों में, 1. अधिलोक 2. अधिज्यौतिष 3. अधिविद्य 4. अधिप्रज 5. अध्यात्म
- इन अधिकरणों को विद्वानों ने कहा है—महासंहिता
- संहिता का प्रथम वर्ण है—पृथ्वी
- संहिता का अंतिम वर्ण है—द्युलोक
- संहिता का मध्यभाग है—आकाश
- महासंहिता में पूर्व वर्ण हैं—अग्नि
- महासंहिता में उत्तरवर्ण हैं—आदित्य
- 'संधीयते प्रजया पशुभिः' यह मन्त्रांश है—तैत्तिरीयोपनिषद् का (शिक्षावल्ली-3 अनुवाक)
- 'ब्रह्मवर्चसेनान्नाद्येन सुवर्गेण लोकेन' यह मन्त्रांश है—तैत्तिरीयोपनिषद् का (शिक्षावल्ली-3 अनुवाक)

- 'स मेन्द्रो मेधया' यह मन्त्रांश है—तैत्तिरीयोपनिषद् का (शिक्षावल्ली-4 अनुवाक)
- 'अमृतस्य देव धारणो भूयासम्' यह मन्त्रांश है—तैत्तिरीयोपनिषद् का (शिक्षावल्ली-4 अनुवाक)
- 'शरीरं मे विचर्षणम्' यह मन्त्रांश है—तैत्तिरीयोपनिषद् का (शिक्षावल्ली-4 अनुवाक)
- 'कर्णाभ्यां भूरि विश्रुवम्' यह मन्त्रांश है—तैत्तिरीयोपनिषद् का (शिक्षावल्ली-4 अनुवाक)
- 'श्रुतं मे गोपाय' यह मन्त्रांश है—तैत्तिरीयोपनिषद् का (शिक्षावल्ली-4 अनुवाक)
- 'कुर्वाणाचीरमात्मनः' यह मन्त्रांश है—तैत्तिरीयोपनिषद् का (शिक्षावल्ली-4 अनुवाक)
- 'भूर्भुवः सुवरिति वा' यह मन्त्रांश है—तैत्तिरीयोपनिषद् का (शिक्षावल्ली-5 अनुवाक)
- 'भूरिति वा अयं लोकः' यह मन्त्रांश है—तैत्तिरीयोपनिषद् का (शिक्षावल्ली-5 अनुवाक)
- 'आदित्येन वाव सर्वे लोका महीयन्ते' यह मन्त्रांश है—तैत्तिरीयोपनिषद् का (शिक्षावल्ली-5 अनुवाक)
- 'भूरिति वै प्राणः' यह मन्त्रांश है—तैत्तिरीयोपनिषद् का
- तीन व्याहतियाँ हैं—भू, भुवः और स्वः
- 'आकाश शरीरं ब्रह्म' यह मन्त्रांश है—तैत्तिरीयोपनिषद् का (शिक्षावल्ली-5 अनुवाक)
- 'सत्यात्म प्राणारामं मन आनन्दम' यह मन्त्रांश है—तैत्तिरीयोपनिषद् का (शिक्षावल्ली-5 अनुवाक)
- 'अग्निर्वायुरादित्यश्चन्द्रमा नक्षत्राणि' यह मन्त्रांश है—तैत्तिरीयोपनिषद् का (शिक्षावल्ली-7 अनुवाक)

- पृथिवी, अन्तरिक्ष, द्युलोक, दिशाएँ और अवान्तर दिशाएँ हैं— लोकपाङ्क्त
- अग्नि, वायु, आदित्य, चन्द्रमा और नक्षत्र हैं— देवतापाङ्क्त
- जल, ओषधि, वनस्पति, आकाश और आत्मा हैं— भूतपाङ्क्त
- 'सत्यं च स्वाध्यायप्रवचने च' यह मन्त्रांश है— तैत्तिरीयोपनिषद् का (शिक्षावल्ली-9 अनुवाक)
- 'कीर्तिः पृष्ठं गिरेरिव' यह मन्त्रांश है— तैत्तिरीयोपनिषद् का (शिक्षावल्ली-10 अनुवाक)
- 'सत्यं वद। धर्मं चर' यह मन्त्रांश है— तैत्तिरीयोपनिषद् का (शिक्षावल्ली-11 अनुवाक)
- 'स्वाध्यायान्मा प्रमदः' यह मन्त्रांश है— तैत्तिरीयोपनिषद् का (शिक्षावल्ली-11 अनुवाक)
- 'देवपितृकार्याभ्यां न प्रमदितव्यम्' यह मन्त्रांश है— तैत्तिरीयोपनिषद् का (शिक्षावल्ली-11 अनुवाक)
- 'मातृदेवो भव। पितृदेवो भव' यह मन्त्रांश है— तैत्तिरीयोपनिषद् का (शिक्षावल्ली-11 अनुवाक)
- 'आचार्य-देवो भव' यह मन्त्रांश है— तैत्तिरीयोपनिषद् का (शिक्षावल्ली-11 अनुवाक)
- 'अतिथिदेवो भव' यह मन्त्रांश है— तैत्तिरीयोपनिषद् का (शिक्षावल्ली-11 अनुवाक)
- 'ब्रह्मविदाप्नोति परम्' यह मन्त्रांश है— तैत्तिरीयोपनिषद् का (ब्रह्मा.-1 अनुवाक)
- 'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म' यह मन्त्रांश है— तैत्तिरीयोपनिषद् का (ब्रह्मा.-1 अनुवाक)
- सत्य, ज्ञान और अनन्त है— ब्रह्म
- आत्मा से उत्पन्न होता है— आकाश
- आकाश से उत्पन्न होता है— वायु
- वायु से उत्पन्न होती है— अग्नि

- अग्नि से उत्पन्न होता है— जल
- जल से उत्पन्न होती है— पृथ्वी
- पृथ्वी से उत्पन्न होती हैं— ओषधियाँ
- ओषधियों से उत्पन्न होता है— अन्न
- अन्न से उत्पन्न होता है— पुरुष
- 'अन्नाद्वै प्रजाः प्रजायन्ते' यह मन्त्रांश है— तैत्तिरीयोपनिषद् का (ब्रह्मा.-2 अनुवाक)
- पुरुषविधतामन्वयं पुरुषविधः यह मन्त्रांश है— तैत्तिरीयोपनिषद् का (ब्रह्मा.-2 अनुवाक)
- सर्वौषध कहा गया है— अन्न को
- विज्ञानमय को कहा गया है— पुरुषाकार
- श्रद्धा है— शिर
- दक्षिण हस्त है— ऋत
- उत्तर हस्त है— सत्य
- विज्ञानवान पुरुष विस्तार करता है— यज्ञ का
- 'स एको ब्रह्मण आनन्दः' यह मन्त्रांश है— तैत्तिरीयोपनिषद् का (ब्रह्मा.-4 अनुवाक)
- 'आनन्दं ब्रह्मणो विद्वान्। न बिभेति' यह मन्त्रांश है— तैत्तिरीयोपनिषद् का (ब्रह्मा.-4 अनुवाक)
- प्रश्नों का उत्तर एवं ब्रह्मोपदेश दिया था— भृगु को
- 'यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते' यह मन्त्रांश है— तैत्तिरीयोपनिषद् का (भृगु.-1 अनुवाक)
- 'प्राणेन जातानि जीवन्ति' यह मन्त्रांश है— तैत्तिरीयोपनिषद् का (भृगु.-3 अनुवाक)
- 'आकाशे पृथवी प्रतिष्ठिता' यह मन्त्रांश है— तैत्तिरीयोपनिषद् का (भृगु.-9 अनुवाक)

4. श्वेताश्वेतरोपनिषद्

- शैव धर्म का प्रतिपादक उपनिषद् है— श्वेताश्वेतरोपनिषद्
- इसमें कुल अध्याय हैं—6
- कठोपनिषद् के मन्त्र यथावत् रूप से विद्यमान हैं—श्वेताश्वेतरोपनिषद् में
- ब्रह्म की व्यापकता और उनके साक्षात्कार के उपाय वर्णित हैं—प्रथम अध्याय में
- योग का वर्णन है—द्वितीय अध्याय में
- ईश्वर की स्तुति रुद्र रूप में की गई है— तृतीय अध्याय में
- ब्रह्म की माया का वर्णन है— चतुर्थ अध्याय में
- त्रिगुणात्मिका होती है— सृष्टि
- द्वैतवादी सांख्य सिद्धान्त का वर्णन है— श्वेताश्वेतरोपनिषद्
- परमात्मा के जीव रूप शरीर धारण का वर्णन है— श्वेताश्वेतरोपनिषद् में
- एकरूप ब्रह्म का देवरूप में वर्णन किया गया है—षष्ठ अध्याय में
- श्वेताश्वेतरोपनिषद् है— पद्यात्मक



सामवेदीय उपनिषद्

1. छान्दोग्य उपनिषद्

- तलवकार शाखा के छान्दोग्य ब्राह्मण का उपनिषद् है— छान्दोग्य[1]
- छान्दोग्य उपनिषद् में कुल अध्याय हैं—8
- आठ अध्याय विभक्त हैं—154 खण्डों में
- यह उपनिषद् है— गद्यात्मक
- 'साम' एवं 'उद्गीथ' की महत्ता का वर्णन है— प्रथम अध्याय में
- सामगान में कुशल आचार्यों की कथा का वर्णन है—प्रथम अध्याय में
- 'ॐ' की उत्पत्ति तथा 'साम' के भेद वर्णित हैं— द्वितीय अध्याय में
- 'साम' को कहा गया है— अहंकार
- ब्रह्म के व्यक्त रूप का वर्णन है— तृतीय अध्याय में
- सूर्य की उपासना का वर्णन है— तृतीय अध्याय में
- अण्डे से सूर्योत्पत्ति का वर्णन है— तृतीय अध्याय में
- सत्यकाम, जाबालि, रैवत आदि के आख्यान वर्णित हैं—चतुर्थ अध्याय में
- बृहदारण्यक की कथाएँ वर्णित हैं—पञ्चम अध्याय में
- इन्द्रियों की श्रेष्ठता की कथा वर्णित है—पञ्चम अध्याय में
- श्वेतकेतु, आरुणेय एवं प्रवहण जैबलि का संवाद है—पञ्चम अध्याय में
- 6 दार्शनिकों के आत्मविषयक चिन्तन का चित्रण है—पञ्चम अध्याय में
- आरुणि ब्रह्मविद्या का उपदेश देते हैं— षष्ठ अध्याय में
- 'तत्त्वमसि' महावाक्य वर्णित है— छान्दोग्य-उपनिषद् में
- 'सर्वं खल्विदं ब्रह्म.' यह वर्णित है—छान्दोग्य-उपनिषद् में

---

1. संस्कृत साहित्य का इतिहास—उमाशंकर शर्मा 'ऋषि'

- 'विज्ञानमानन्दं' यह वर्णित है— छान्दोग्य-उपनिषद् में
- 'इतिहास पुराण पञ्चम् वेदानाम्' यह वर्णित है— छान्दोग्य-उपनिषद् में
- नारद और सनत्कुमार का वृत्तान्त वर्णित है— छान्दोग्य-उपनिषद् में
- 'दहर विद्या' का वर्णन है— छान्दोग्य-उपनिषद् में
- प्रजापति और उनके दो शिष्यों, इन्द्र और विरोचन का आख्यान है— छान्दोग्य-उपनिषद् में
- आत्मा की चार अवस्थाओं का वर्णन है— छान्दोग्य-उपनिषद् में

2. केनोपनिषद्

- सामवेद की जैमिनीयशाखा से सम्बद्ध है— केनोपनिषद्
- तलवकार या जैमिनीय-उपनिषद् कहा जाता है— केनोपनिषद् को
- 'केनेषितं पतति' से प्रारम्भ होने वाला उपनिषद् है— केनोपनिषद्
- जैमिनीयशाखा के ब्राह्मण का नवम अध्याय है— केनोपनिषद्
- केनोपनिषद् विभक्त है— चार खण्डों में
- प्रथम दो खण्ड में वर्णन है— ब्रह्म की अनिर्वचनीयता का
- तृतीय और चतुर्थ खण्ड में वर्णन है— उमा-हेमवती आख्यान का
- हिमालय पुत्री कही गयी हैं— उमा
- उमा-हेमवती आख्यान वर्णित है— केनोपनिषद् में
- उमा-हेमवती आख्यान का वर्णन है— तृतीय एवं चतुर्थ खण्ड में
- 'श्रोत्रं क उ देवो युनक्ति' यह मन्त्रांश है— केनोपनिषद् का (खण्ड-1/1)
- 'प्राणश्चक्षुषश्चक्षुरतिमुच्य धीराः' यह मन्त्रांश है— केनोपनिषद् का (खण्ड- 1/2)
- केनोपनिषद् में कुल मन्त्रों की संख्या है— 34
- 'यद्वाचानभ्युदितं येन वागभ्युद्यते' यह मन्त्रांश है— केनोपनिषद् का (खण्ड- 1/4)

- 'तदेव ब्रह्म त्वं विद्धि' यह मन्त्रांश है— केनोपनिषद् का (खण्ड-1/4)
- 'यन्मनसा न मनुते येनाहुर्मनो मतम्' यह मन्त्रांश है— केनोपनिषद् का (खण्ड-1/5)
- 'यच्छ्रोत्रेण न शृणोति' यह मन्त्रांश है— केनोपनिषद् में (खण्ड-1/7)
- 'यत्प्राणेन न प्राणिति ये प्राणः प्रणीयते' यह मन्त्रांश है— केनोपनिषद् का (खण्ड-1/8)
- उपास्य ब्रह्म का निगुर्ण ब्रह्म से अन्तर कहा गया है— प्रथम खण्ड में
- 'यदि मन्यसे सुवेदेति' यह मन्त्रांश है— केनोपनिषद् का (खण्ड-2/1)
- 'नाहं मन्ये सुवेदेति नो न वेदेति वेद च' यह मन्त्रांश है— केनोपनिषद् का (खण्ड-2/2)
- 'यस्यामतं तस्य मतं......' यह मन्त्रांश है— केनोपनिषद् का (खण्ड-2/3)
- 'अविज्ञातं विजानतां......' यह मन्त्रांश है— केनोपनिषद् का (खण्ड-2/3)
- 'प्रतिबोधविदितं मतममृतत्वं हि विन्दते' यह मन्त्रांश है— केनोपनिषद् का (खण्ड-2/4)
- 'आत्मना विन्दते वीर्यं' यह मन्त्रांश है— केनोपनिषद् का (खण्ड-2/4)
- 'विद्यया विन्दतेऽमृतम्' यह मन्त्रांश है— केनोपनिषद् का (खण्ड-2/4)
- 'ब्रह्मणो विजये देवा अमहीयन्त' यह मन्त्रांश है— केनोपनिषद् का (खण्ड-3/1)
- देवताओं के लिए विजय प्राप्त किया था— ब्रह्मा ने
- यक्ष रूप में प्रकट हुआ था— ब्रह्मा
- सर्वप्रथम यक्ष के पास भेजा गया था— अग्नि को
- 'तेऽग्निमब्रुवञ्जातवेद' यह मन्त्रांश है— केनोपनिषद् का (खण्ड-3/3)
- अग्नि के बाद यक्ष के पास गया था— वायु
- वायु के बाद देवताओं ने यक्ष के पास भेजा था— इन्द्र को
- किसके सामने यक्ष अन्तर्धान हो गया?— इन्द्र के
- इन्द्र ने यक्ष के बारे में पूछा था— उमा से

- ➤ 'सा ब्रह्मेति होवाच' यह मन्त्रांश है— केनोपनिषद् का (खण्ड-4/1)
- ➤ 'समीपस्थ ब्रह्म' का स्पर्श किया था— अग्नि, वायु और इन्द्र ने
- ➤ सबसे पहले ब्रह्म को जाना था— इन्द्र ने
- ➤ 'अथाध्यात्मं यदेतद्गच्छतीव' यह मन्त्रांश है— केनोपनिषद् का (खण्ड-4/5)
- ➤ 'सर्वाणि भूतानि संवाञ्छन्ति' यह मन्त्रांश है— केनोपनिषद् का (खण्ड-4/6)
- ➤ 'तद्ध तद्वनं नाम' यह मन्त्रांश है— केनोपनिषद् का (खण्ड-4/6)
- ➤ 'तस्यै तपो दमः कर्मेति प्रतिष्ठा' यह मन्त्रांश है— केनोपनिषद् का(खण्ड-4/8)
- ➤ 'वेदाः सर्वाङ्गानि सत्यमायतनम्' यह मन्त्रांश है— केनोपनिषद् का (खण्ड-4/8)
- ➤ 'पाप्मानमनन्ते स्वर्गे लोके ज्येये प्रतितिष्ठति' यह मन्त्रांश है— केनोपनिषद् का (खण्ड-4/9)



अथर्ववेदीय उपनिषद्

1. मुण्डकोपनिषद्

- ➤ अथर्ववेद की शौनक शाखा का उपनिषद् है— मुण्डकोपनिषद्
- ➤ मुण्डित शिष्यों द्वारा अध्ययन किये जाने के कारण इसे कहा गया— मुण्डक
- ➤ यह उपनिषद् विभक्त है— तीन मुण्डकों में
- ➤ प्रत्येक मुण्डक विभक्त है—दो-दो अध्यायों में (खण्ड)
- ➤ ब्रह्मा ने अपने ज्येष्ठ पुत्र अथर्वा को अध्यात्म शास्त्र का उपदेश दिया है— मुण्डकोपनिषद् में
- ➤ विद्या के भेद हैं—दो 1. परा 2. अपरा
- ➤ परा और अपरा विद्या का वर्णन है—मुण्डकोपनिषद् में
- ➤ अपरा विद्या है— वेदाङ्ग
- ➤ वेदाङ्ग का वर्णन है—मुण्डकोपनिषद् में
- ➤ पराविद्या है— ब्रह्मज्ञान
- ➤ ब्रह्म के व्यक्त रूपों का वर्णन है—द्वितीय मुण्डक में
- ➤ द्वैतवाद का निर्देश है—तृतीय मुण्डक में
- ➤ 'द्वा-सुपर्णा सयुजा सखाया' यह मन्त्र है—तृतीय मुण्डक में
- ➤ 'सत्यमेव जयते' यह वर्णित है—मुण्डकोपनिषद् में (तृतीय मुण्डक प्रथम खण्ड-6)
- ➤ 'ब्रह्मवेद ब्रह्मैव भवति' का उपदेश है—मुण्डकोपनिषद् का
- ➤ 'ॐ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम' यह शान्ति पाठ है—मुण्डकोपनिषद् में

2. माण्डूक्योपनिषद्

- ➤ माण्डूक्योपनिषद् है—अथर्ववेद में
- ➤ यह विभक्त है— 12 खण्डों में
- ➤ 'ॐकार' की महत्ता का वर्णन है—माण्डूक्योपनिषद् में
- ➤ तीनों काल एवं त्रिकालातीत है— ॐ
- ➤ आत्मा है— ब्रह्म

- आत्मा के पाद हैं— चार 1. जाग्रत 2. स्वप्न 3. सुषुप्ति 4. तुरीय
- 'ॐ' के तीन अक्षर हैं— अ+उ+म्
- गौडपाद द्वारा रचित ग्रन्थ 'माण्डूक्यकारिका' आधारित है— माण्डूक्योपनिषद् पर
- अद्वैत वेदान्त का प्रतिष्ठापक ग्रन्थ है— माण्डूक्यकारिका
- 'माण्डूक्यकारिका' विभाजित है— 4 खण्डों में
- प्रथम खण्ड में व्याख्या की गई— माण्डूक्योपनिषद् की
- यह उपनिषद् है— गद्यात्मक

3. प्रश्नोपनिषद्

- 'पैप्पलाद शाखा' से सम्बद्ध उपनिषद् है—प्रश्नोपनिषद्
- यह उपनिषद् विभक्त है—6 खण्डों में
- पैप्पलाद से 6 ऋषि अध्यात्म विषयक प्रश्न पूछते हैं—प्रश्नोपनिषद् में
- प्रत्येक खण्ड में पूछा गया है— प्रश्न
- इन खण्डों को कहा गया है— प्रश्न
- प्रथम प्रश्न पूछा गया था— कबन्धी कात्यायन द्वारा
- 'सृष्टि कैसे हुई'? यह प्रश्न है— कबन्धी कात्यायन का
- द्वितीय प्रश्न पैप्पलाद से पूछा गया था— भागर्व द्वारा
- कितने देवता प्रजा (सृष्टि) को धारण करते हैं? यह प्रश्न था—भार्गव का
- कौन उन्हें प्रकाशित करता है? यह प्रश्न था— भार्गव का
- कौन उनमें श्रेष्ठ है? यह प्रश्न था— भार्गव का
- चतुर्थ प्रश्न था— गार्ग्य का
- आत्मा की तीनों अवस्थाओं का रहस्य क्या है? यह प्रश्न था—गार्ग्य का
- पञ्चम प्रश्न था—सत्यकाम का
- 'ॐकार' की उपासना से किस लोक की विजय होती है? यह प्रश्न था—सत्यकाम का
- षष्ठ प्रश्न था—पुकेशा भारद्वाज का
- षोडश कला सम्पन्न पुरुष का स्वरूप क्या है? यह प्रश्न था—भारद्वाज का
- यह उपनिषद् है—गद्यात्मक



खण्ड–3
वेदाङ्ग

- वेदाङ्ग का वर्णन किया गया है— मुण्डकोपनिषद् में
- अङ्ग का अर्थ है— उपकार करने वाला
- वेद का उपकारक है— वेदाङ्ग
- वेदाङ्गों का मुख्य उद्देश्य है— तीन
- वेदों का अर्थबोध होता है— व्याकरण तथा निरुक्त से
- वेदों का सही उच्चारण होता है— शिक्षा तथा छन्द से
- वेदों का याज्ञिक प्रयोग होता है— कल्प तथा ज्योतिष से
- वेदाङ्ग सामान्यतया लिखे गए हैं— सूत्र शैली में
- वेदाङ्गों को वेद-पुरुष के विविध अवयवों का रूपक दिया गया है—पाणिनीय शिक्षा में
- 'छन्दः पादौ तु वेदस्य' यह सम्बद्ध है— पाणिनीय शिक्षा से
- 'निरुक्तं श्रोत्रमुच्यते' यह सम्बद्ध है— पाणिनीय शिक्षा से
- वेदाङ्ग हैं— 6
- वेदरूपी पुरुष का 'पैर' कहा गया है— छन्द को
- वेदरूपी पुरुष का 'हाथ' कहा गया है— कल्प को [1]
- वेदरूपी पुरुष की 'आँख' कहा गया है— ज्योतिष को
- वेदरूपी पुरुष का 'कान' कहा गया है— निरुक्त को
- वेदरूपी पुरुष की 'नाक' कहा गया है— शिक्षा को
- वेदरूपी पुरुष का 'मुख' कहा गया है— व्याकरण को
- शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छन्द और ज्योतिष हैं— वेदाङ्ग
- वेदाङ्गों के नाम तथा क्रम का उल्लेख सर्वप्रथम प्राप्त होता है— मुण्डकोपनिषद् में
- 'स्वरवर्णाद्युच्चारणप्रकारो यत्र शिक्ष्यते' यह है— शिक्षा [2]

---

1. पाणिनीय शिक्षा 2. सायण

- जिसके द्वारा हमें वैदिक मन्त्रों के शुद्धातिशुद्ध उच्चारण का ज्ञान होता है, वह है— शिक्षा
- वर्तमान में उपलब्ध शिक्षा ग्रन्थ हैं—32[1]
- वेदाङ्ग विद्या है—अपरा
- वेदाङ्ग अपरा विद्या है, इसका उल्लेख कहाँ हुआ है?— मुण्डकोपनिषद् में
- शिक्षावल्ली में शिक्षा के अंग हैं—6
- शिक्षावल्ली है— तैत्तिरीयोपनिषद् में
- वर्णों की संख्या है—64 [2]
- स्वर हैं— तीन
- मात्रा के भेद हैं—तीन 1. ह्रस्व 2. दीर्घ 3. प्लुत
- स्वरों के उच्चारण में लगने वाले समय को कहते हैं— मात्रा
- पाणिनीय शिक्षानुसार वर्णों के उच्चारण स्थान हैं— आठ
- स्पष्ट एवं सुस्वर वर्णोंच्चारण है— साम
- पदपाठ नियमों में प्रयुक्त शब्दों में सन्धि नियमों का लगाना है—संतान
- वेदाङ्ग का प्राचीनतम ग्रन्थ है— प्रातिशाख्य
- प्रातिशाख्य ग्रन्थ प्राचीन है— पाणिनीय शिक्षा से
- वेद विहित कर्मों की क्रमपूर्वक व्यवस्थित कल्पना करने वाला शास्त्र है— कल्प
- यज्ञ-यागादि विधानों का प्रतिपादन किया जाता है— कल्प में
- कल्पसूत्र के भेद हैं—चार

  1. श्रौतसूत्र 2. गृह्यसूत्र 3. धर्मसूत्र 4. शुल्बसूत्र
- वैदिक यागों को कहते हैं— श्रौतयाग
- वैदिक ब्राह्मणों में वर्णित यज्ञ-यागादि विधानों का संक्षिप्त वर्णन है— श्रौतसूत्र में
- हविर्याग हैं— 7
- सोमयाग हैं— 7

---

1. सं. सा. इति.— उमाशङ्कर शर्मा 'ऋषि'
2. पाणिनीय शिक्षा

- गार्हस्थ्य जीवन से सम्बद्ध कृत्यों का वर्णन है— गृह्यसूत्र में
- आचार शास्त्र के रूप में मान्य है— कल्प एवं ज्योतिष
- ध्वनि विज्ञान के अन्तर्गत रखे गए हैं— शिक्षा एवं छन्द
- अर्थ विज्ञान के अन्तर्गत रखे गए हैं— व्याकरण एवं निरुक्त
- गृह्यसूत्र में प्रतिपादित यज्ञ अनुष्ठित होते हैं— गृहाग्नि में
- 'पञ्चमहायज्ञों' का वर्णन है— गृह्यसूत्र में
- 'संस्कारों' का वर्णन है— गृह्यसूत्र में
- षोडष संस्कारों का वर्णन है—गृह्यसूत्र में
- सामाजिक जीवन के नियमों, विधि, आचार-विचार का वर्णन है— धर्मसूत्र में
- धर्मसूत्र को कहा जाता है—धर्मशास्त्र
- सबसे प्राचीनतम धर्मसूत्र माना गया है—गौतम धर्मसूत्र
- यज्ञ-वेदिका के निर्माण की विधि वर्णित है— शुल्बसूत्र में
- शुल्ब का अर्थ है— मापने की रस्सी
- वेदियों का निर्माण होता है—रस्सी से मापकर
- भारतीय ज्यामिति का आरम्भ होता है— शुल्बसूत्र से
- परम्परा से प्रथम व्याकरण कहा गया है— इन्द्र के व्याकरण को
- व्याकरण के सम्प्रदाय माने जाते हैं—8
- ब्रह्मा ने व्याकरण का कथन किया था— बृहस्पति से
- बृहस्पति ने व्याकरण का कथन किया था—इन्द्र से
- इन्द्र ने व्याकरण का कथन किया था—भारद्वाज से
- भारद्वाज ने व्याकरण का कथन किया था—ऋषियों से
- ऋषियों ने व्याकरण का कथन किया था—ब्राह्मणों से
- वर्तमान में व्याकरण वेदाङ्ग का प्रतिनिधि ग्रन्थ है—शब्दानुशासन
- निघण्टु के ऊपर लिखी गयी टीका है—निरुक्त
- वैदिक पदों में निरुक्ति बतलाने का कार्य है— निरुक्त का
- शब्दानुशासन में अध्याय हैं—8

- महाभारत के शान्तिपर्व के अनुसार निघण्टु के प्रणेता हैं— प्रजापति कश्यप
- निघण्टु में कुल अध्याय हैं— 5
- 5 अध्याय विभक्त हैं— तीन काण्डों में
- निरुक्त में कुल काण्ड हैं— तीन
- प्रारम्भिक तीन अध्यायों को कहते हैं— नैघण्टुक काण्ड
- चौथे अध्याय को कहते हैं— नैगमकाण्ड
- पाँचवें अध्याय को कहते हैं— दैवतकाण्ड
- निरुक्त के रचनाकार हैं— यास्क
- यास्क ने निरुक्त में कितने निरुक्तकारों का उल्लेख किया है?— 12
- निरुक्त में कुल अध्यायों की संख्या है— 14
- निरुक्त के परिशिष्ट के रूप में उपलब्ध हैं— दो अध्याय
- निरुक्त का प्रत्येक अध्याय विभक्त है— पादों में
- 13वें और 14वें अध्याय का विभाजन नहीं किया गया है— पादों में
- निरुक्त विभक्त है— काण्डों में
- प्रथम काण्ड का नाम है— नैघण्टुक काण्ड
- द्वितीय काण्ड का नाम है— नैगम काण्ड
- नैगम काण्ड का अन्य नाम है— ऐकपदिक काण्ड
- तृतीय काण्ड का नाम है— दैवत काण्ड
- निरुक्त में कुल पाद हैं— 58
- प्रथम अध्याय में पादों की संख्या है— 6
- द्वितीय अध्याय में पादों की संख्या है— 7
- तृतीय अध्याय में पादों की संख्या है— 5
- चतुर्थ अध्याय में पादों की संख्या है— 4
- पञ्चम अध्याय में पादों की संख्या है— 4
- षष्ठ अध्याय में पादों की संख्या है— 6
- सप्तम अध्याय में पादों की संख्या है— 7
- अष्टम अध्याय में पादों की संख्या है— 3

- नवम अध्याय में पादों की संख्या है— 4
- दशम अध्याय में पादों की संख्या है— 4
- एकादश अध्याय में पादों की संख्या है— 4
- द्वादश अध्याय में पादों की संख्या हैं— 4
- निरुक्त की भूमिका, पदों के चार भेद का वर्णन है— प्रथम पाद में
- षड्भावविकार, निरुक्त के प्रयोजन का वर्णन है— प्रथम पाद में
- निर्वचन का सिद्धान्त वर्णित है— प्रथम पाद में
- निरुक्त के प्रथम तीन अध्याय को कहते हैं— नैघण्टुक काण्ड
- निरुक्त के चतुर्थ से षष्ठ अध्याय को कहते हैं— नैगम काण्ड
- नैगम काण्ड विभक्त है— तीन खण्डों में
- सप्तम से द्वादश अध्याय को कहा जाता है— दैवत काण्ड
- दैवत काण्ड में खण्ड हैं— 6
- प्रत्येक नाम आख्यातज है, यह मत है— यास्क का
- निरुक्त के भाष्यकार हैं— दुर्गाचार्य
- दुर्गाचार्य कृत निरुक्त भाष्य का नाम है— ऋज्वर्था
- जिसमें अक्षरों की संख्या निर्धारित हो, वह है— छन्द
- 'यदक्षर-परिमाणकं तच्छन्दः' यह मत है— कात्यायन का
- सम्प्रति में छन्द का प्रतिनिधि ग्रन्थ है— छन्दसूत्र
- पिङ्गल ऋषि की रचना है— 'छन्दसूत्र'
- छन्द किस धातु से निष्पन्न है?— छद्
- छन्दसूत्र में कुल अध्याय हैं— 8
- छन्द का तात्पर्य है— आच्छादित करना
- प्रत्यक्ष शास्त्र कहा गया है— ज्योतिष को
- वेद पुरुष का चलनात्मक कार्य किया जाता है— छन्द वेदाङ्ग द्वारा
- काल विधायक शास्त्र है— ज्योतिष
- वैदिक कर्मकाण्ड के लिए आवश्यक शास्त्र है— ज्योतिष

- यज्ञ का विधान, काल, संवत्सर इत्यादि के लिए आवश्यक है— ज्योतिष
- ज्योतिष का प्रतिनिधि ग्रन्थ है— वेदाङ्ग ज्योतिष
- ज्योतिष-शास्त्र सर्वप्रथम विभाजित है— गणित एवं फलित में
- होरा का अन्य नाम है— जातक
- 'वेदाङ्ग ज्योतिष' रचित है— लगध द्वारा
- वेदाङ्ग ज्योतिष के भाग मिलते हैं—दो
  1. आर्च ज्योतिष 2. याजुष ज्योतिष
- आर्च ज्योतिष में श्लोक हैं— 36
- याजुष ज्योतिष में श्लोक हैं— 43
- मन्त्रों की लयात्मकता का निर्धारण किस वेदाङ्ग से सम्भव होता है?— छन्द से
- शब्दों की शुद्धताशुद्धता का निर्धारक वेदाङ्ग है— व्याकरण
- वर्ण के प्रमुख प्रकार हैं—दो 1. स्वर 2. व्यंजन
- स्वर का अभिप्राय है— स्वराघात
- आधुनिक ध्वनि विज्ञान का अध्ययन है— शिक्षाध्ययन
- शिक्षा के प्राचीनतम ग्रन्थ हैं— प्रातिशाख्य
- वेदों की शाखाओं के उच्चारण विधि को बताने वाले ग्रन्थ हैं— प्रातिशाख्य



निरुक्त

- यास्क द्वारा पदों का विभाजन किया गया है— चतुर्विध
- पद के भेद हैं—चार
- देवर्षि नारद को श्रीकृष्ण के पास द्वारकापुरी कौन भेजता है?— इन्द्र
- इन्द्र का सन्देश लेकर श्रीकृष्ण के पास आते हैं— नारद
- आकाश मार्ग से द्वारकापुरी आते हैं— नारद
- नारद का द्वारकापुरी में सत्कार करते हैं— श्रीकृष्ण
- शिशुपाल के पूर्व जन्मों और उसके अत्याचारों का वर्णन करते हैं— नारद
- शिशुपाल पूर्व जन्म में था— हिरण्यकशिपु तथा रावण
- 'श्रियः पति श्रीमति शासितुम्' यह मंगलाचरण है—'शिशुपालवधम्' का
- 'हिरण्यगर्भांकभुवं' हैं— नारद
- 'तिरश्चीनगति' किसकी है?— सूर्य की
- शिशुपालवधम् के प्रथम सर्ग में कुल श्लोक हैं— 75

- 'रथाङ्गपाणि:' कौन हैं?— श्रीकृष्ण
- 'शिशुपालवधम्' के मंगलाचरण में स्तुति की गयी है— श्रीकृष्ण की
- 'सदाभिमानैकधना हि मानिन:' यह उक्ति है— नारद की
- 'मेघे माघे गतं वय:' यह कहा गया है— मल्लिनाथ द्वारा
- वसुदेव का घर है— श्रीमति
- चन्द्रमा के समान लग रहे थे— नारद
- महाकवि माघ के प्रथम सर्ग में छन्द है— वंशस्थ
- 'शिशुपालवधम्' में श्लोकों की कुल संख्या है— 1650
- श्रीकृष्ण उद्धव तथा बलराम के साथ मन्त्रणा करते हैं— द्वितीय सर्ग में
- श्रीकृष्ण द्वारकापुरी से युधिष्ठिर के यज्ञ में शामिल होने के लिए प्रस्थान करते हैं— तृतीय सर्ग में
- श्रीकृष्ण की राजधानी का नाम था— द्वारकापुरी
- रैवतक पर्वत का वर्णन किया गया है— चतुर्थसर्ग में
- द्वारकापुरी का वर्णन किया गया है— तृतीय सर्ग में
- समुद्र का वर्णन किया गया है— तृतीय सर्ग में
- रैवतक पर्वत पर विहार करने के लिए सेना के प्रस्थान तथा ठहरने का वर्णन है— पञ्चम सर्ग में
- गज एवं अश्व का वर्णन किया गया है— पञ्चम सर्ग में
- छ: ऋतुओं का वर्णन किया गया है— षष्ठ सर्ग में
- छ: ऋतुओं में प्रथम ऋतु है— वसन्त ऋतु
- श्रीकृष्ण और यादवाङ्गनाओं के वन-विहार का वर्णन है— सप्तम सर्ग में
- जल विहार का वर्णन है— अष्टम सर्ग में
- सूर्यास्त एवं संध्या के प्रादुर्भाव का वर्णन है— नवम सर्ग में

- यादव तथा यादवाङ्गनाओं के मधुपान का वर्णन है— दशम सर्ग में
- प्रभात-वर्णन है— एकादश सर्ग में
- श्रीकृष्ण का सेनासहित प्रस्थान का वर्णन है— द्वादश सर्ग में
- सैनिकों का यमुना तट पर पहुँचने का वर्णन है— द्वादश सर्ग में
- यमुना का वर्णन है— द्वादश सर्ग में
- सैनिकों का यमुना पार करने का वर्णन है— द्वादश सर्ग में
- श्रीकृष्ण को यमुनापार आये हुए जानकर उनकी अगवानी के लिए पाण्डवों के पहुँचने का वर्णन है— त्रयोदश सर्ग में
- हस्तिनापुर में श्रीकृष्ण के प्रवेश का वर्णन है— त्रयोदश सर्ग में
- यज्ञ सभा एवं यज्ञ सभा में कृष्ण के पहुँचने का वर्णन है— त्रयोदश सर्ग में
- यज्ञ का वर्णन किया गया है— चतुर्दश सर्ग में
- युधिष्ठिर द्वारा श्रीकृष्ण भगवान को प्रथमार्घ्य देने का वर्णन है— चतुर्दश सर्ग में
- 'श्रिय:पति: श्रीमति शासितुं जगत' इसमें 'श्रीमति' है— श्रीकृष्ण का घर
- नारदजी किसके समान शुभ्र थे?— हिमालय पर्वत के
- श्रीकृष्ण जी श्याम होने में किसके समान थे?— नीलगिरि पर्वत के
- युधिष्ठिर द्वारा श्रीकृष्ण की प्रथम पूजा करने का वर्णन है— चतुर्दश सर्ग में
- श्रीकृष्ण की प्रथम पूजा से शिशुपाल के क्रोधित होने का वर्णन है— पञ्चदश सर्ग में
- शिशुपाल द्वारा श्रीकृष्ण की निन्दा करने का वर्णन है— पञ्चदश सर्ग में
- शिशुपाल के द्वारा भेजा गया दूत श्रीकृष्ण की सभा में आता है— षोडश सर्ग में

- श्रीकृष्ण के धनुष का नाम था— शार्ङ्ग
- श्रीकृष्ण के गदा का नाम था— कौमोदकी
- श्रीकृष्ण के खड्ग का नाम था— नन्दक
- शिशुपाल से युद्ध के लिए श्रीकृष्ण एवं सेनाओं के प्रस्थान करने का वर्णन है— सप्तदश सर्ग में
- दोनों दलों (श्रीकृष्ण एवं शिशुपाल) की सेनाओं के बीच घनघोर युद्ध होता है— अष्टदश सर्ग में
- बाणासुर का पुत्र था— वेणुदारी
- बलराम जी एवं वेणुदारी के युद्ध का वर्णन है— एकोनविंश सर्ग में (21 सर्ग)
- शिशुपाल और श्रीकृष्ण के बीच युद्ध होने का वर्णन है— विंश सर्ग में (20 सर्ग)
- श्रीकृष्ण द्वारा चक्र से शिशुपाल का सिर काटने का वर्णन है— विंश सर्ग में (20 सर्ग)
- शिशुपाल के शरीर से निकलकर तेजपुँज श्रीकृष्ण में विलीन होता है— विंश सर्ग में (20 सर्ग)

✦✦✦

सूक्तियाँ

1. 'श्रियः पतिः श्रीमति शासितुं'। 1/1
2. 'हिरण्यगर्भाङ्गभवुं मुनिं हरिः'। 1/1
3. 'प्रसिद्धमूर्ध्वज्वलनं हविर्भुजः'। 1/2
4. 'क्षणं क्षणोत्क्षिप्तगजेन्द्रकृत्तिना' 1/4
5. 'रथाङ्गपाणेः पटलेन रोचिषामृषित्विषः' 1/21
6. शरीरभाजां भवदीयदर्शनं व्यनक्ति कालत्रितयेऽपि योग्यताम्। 1/26
7. विलोकनेनैव तवामुना मुने! कृतः'। 1/29 (कृष्ण)
8. 'किमस्ति कार्यं गुरु योगिनामपि'। 1/31 (नारद)
9. उपप्लुतं पातुमदो मदोद्धतैस्त्वमेव विश्वम्भर! विश्वमीशिषे। 1/38 (नारद)
10. सदाभिमानैकधना हि मानिनः। 1/67 (नारद)
11. महीयांसः प्रकृत्या मितभाषिणः 2/13
12. क्षणे क्षणे यन्नवतामुपैति तदेव रूपं रमणीयतायाः।
13. अथवा श्रेयसि केन तृप्यते? 1/29 (कृष्ण)
14. 'ऋते रवेः क्षालयितुं क्षमेत'। 1/38 (नारद)
15. उत्तिष्ठमानस्तु परो नोपेक्ष्यः पश्यमिच्छता। 2/10

✦✦✦

नैषधीयचरितम्

- नैषधीयचरितम् के प्रणेता हैं— श्रीहर्ष
- 'खण्डनखण्डखाद्य' के रचनाकार हैं— श्रीहर्ष
- श्रीहर्ष के पिता का नाम है— श्रीहीर
- श्रीहर्ष की माता का नाम है— मामल्लदेवी
- श्रीहर्ष के माता-पिता का नाम ज्ञात होता है— नैषधीयचरित से (1/45)
- 'नैषधीयचरितम्' महाकाव्य है— बृहत्त्रयी
- 'नैषधीयचरितम्' का उपजीव्य है— नलोपाख्यान (महाभारत-वनपर्व)
- 'नैषधीयचरितम्' में कुल सर्ग हैं— 22
- श्रीहर्ष का समय माना जाता है— 12वीं शताब्दी का उत्तरार्द्ध
- 'नैषधीयचरितम्' का नायक है— नल
- 'नैषधीयचरितम्' की नायिका है— दमयन्ती
- 'नैषधीयचरितम्' का प्रतिनायक है— इन्द्र, अग्नि, यम, वरुण
- नैयायिक उदयनाचार्य ने शास्त्रार्थ में पराजित किया था— श्रीहीर को
- नल-दमयन्ती की कथा वर्णित है— 'नैषधीयचरितम्' में
- 'नैषधीयचरितम्' का सबसे बड़ा सर्ग है— 17वाँ
- 'नैषधीयचरितम्' का अंगीरस है— शृंगार रस
- श्रीहर्ष मुख्यतः कवि हैं— वैदर्भी रीति के
- श्रीहर्ष ने किस गुण का प्रयोग किया है?— ओज और प्रसाद गुण
- 'नैषधीयचरितम् में सबसे अधिक प्रयुक्त अलंकार है— श्लेष
- राजा नल के नायकत्व की कोटि है— धीरोदात्त
- श्रीहर्ष ने 'नैषध' में कितने छन्दों का प्रयोग किया है?— 19
- श्रीहर्ष का सर्वाधिक प्रिय छन्द है— उपजाति छन्द
- 'नैषध' में श्लेष का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण उदाहरण मिलता है— 13वें सर्ग में (पांच नलों के वर्णन में)

- 'निषध' देश के राजा नल के चरित का वर्णन है— प्रथम सर्ग में
- 'विदर्भ' देश के राजा थे— भीम (प्रथम सर्ग में)
- भीम की सौन्दर्यशालिनी पुत्री थी— दमयन्ती
- राजा नल के रूप के बारे में सुनी थी— दमयन्ती (प्रथम सर्ग में)
- बन्दीजनों द्वारा नल का वर्णन सुनकर रोमाञ्चित हो जाया करती थी— दमयन्ती (प्रथम सर्ग में)
- दमयन्ती के रूप एवं गुणों की प्रशंसा सुनी थी— नल ने (प्रथम सर्ग में)
- उपवन में सरोवर के किनारे सुरतक्लांत एवं एक ही चरण पर स्थित विश्राम करते हुए एक स्वर्णिम हंस को देखा था— नल ने (प्रथम सर्ग में)
- स्वर्णिम हंस को पकड़ा था— नल ने (प्रथम सर्ग में)
- नल के सामने महती करुणा के साथ विलाप किया था— हंस ने (प्रथम सर्ग में)
- विलाप करते-करते मूर्च्छित हो गया था— हंस (प्रथम सर्ग में)
- नल की अश्रुधारा से चेतनता को प्राप्त करता है— हंस (प्रथम सर्ग में)
- हंस को छोड़ देता है— नल (प्रथम सर्ग में)
- दमयन्ती के सौन्दर्य का वर्णन नल के समक्ष करता है— हंस (द्वितीय सर्ग में)
- नल द्वारा आग्रह किए जाने पर दमयन्ती के समीप कुण्डिनपुर जाता है— हंस (द्वितीय सर्ग में)
- दमयन्ती के पास हंस पहुँचता है— तृतीय सर्ग में
- हंस एकान्त में अपना परिचय देता है— दमयन्ती को (तृतीय सर्ग में)
- दमयन्ती के समक्ष नल के गुण एवं अनुपम सौन्दर्य का वर्णन करता है— हंस (तृतीय सर्ग में)
- दमयन्ती नल के प्रति अपने प्रेम को प्रकट करती है— हंस के समक्ष (तृतीय सर्ग में)

- दमयन्ती के पास से लौटकर हंस आता है— नल के पास (तृतीय सर्ग में)
- हंस अपनी सफलता की सूचना देता है— नल को (तृतीय सर्ग में)
- नल के विरह में दमयन्ती की विकलता का चित्रण है— चतुर्थ सर्ग में
- दमयन्ती की दशा को देखकर स्वयंवर का निर्णय लेते हैं— भीम (चतुर्थ सर्ग में)
- देवलोक में इन्द्र देवता के समक्ष दमयन्ती के सौन्दर्य का वर्णन करते हैं— नारद जी (चतुर्थ सर्ग में)
- दमयन्ती के सौन्दर्य के बारे में स्वयंवर में भाग लेने पृथ्वी पर जाते हैं— इन्द्र, अग्नि, यम, वरुण (पञ्चम सर्ग में)
- दमयन्ती के पास अपनी दूतियों को भेजते हैं— इन्द्र (पञ्चम सर्ग में)
- दमयन्ती के पिता के पास उपहारों को भेजते हैं— इन्द्र (पञ्चम सर्ग में)
- इन्द्र, अग्नि, यम और वरुण मार्ग में कुण्डिनपुर जाते हुए देखते हैं— नल को (पञ्चम सर्ग में)
- नल के सौन्दर्य को देखकर ईर्ष्या का भाव उत्पन्न होता है-- देवताओं में (पञ्चम सर्ग में)
- अपना परिचय देकर देवगण याचना करते हैं— नल से (पञ्चम सर्ग में)
- देवगणों की इच्छा पूर्ण करने का वचन देते हैं— नल (पञ्चम सर्ग में)
- देवगण दमयन्ती के पास जाने का आग्रह करते हैं— नल से (पञ्चम सर्ग में)
- दमयन्ती से प्रेम करने की बात नल कहता है— देवगणों से (पञ्चम सर्ग में)
- राजा नल को अदृश्य होने की शक्ति प्राप्त होती है— इन्द्र से (पञ्चम सर्ग में)
- अदृश्य नल दमयन्ती के भवन में जाते हैं— षष्ठ सर्ग में

- दमयन्ती से देवों में से ही किसी को चुनने का आग्रह करती हैं— देवदूतियाँ (षष्ठ सर्ग में)
- राजा नल दमयन्ती के सौन्दर्य को देखता है— सप्तम सर्ग में
- कवि द्वारा दमयन्ती के नख-शिख का चित्रण प्रस्तुत किया गया है— सप्तम सर्ग में
- नल अपने को दमयन्ती के समक्ष प्रकट करने का निश्चय करता है— सप्तम सर्ग में
- राजा नल अपने को दमयन्ती के समक्ष प्रकट करता है— अष्टम सर्ग में
- राजा नल दमयन्ती एवं सखियों के पूछने पर परिचय देता है— देवदूत के रूप में (अष्टम सर्ग में)
- राजा नल देवों में से ही एक को चुनने का आग्रह करता है— दमयन्ती से (अष्टम सर्ग में)
- नल-दमयन्ती का वार्तालाप वर्णित है— नवम सर्ग में
- दमयन्ती अपना निश्चय बताती है— नल को (नवम सर्ग में)
- नल दमयन्ती के सामने अपने को प्रकट करता है— नवम सर्ग में
- नल से स्वयंवर में आने का अनुरोध करती है— दमयन्ती (नवम सर्ग में)
- स्वयंवर आरम्भ होता है— 10वें सर्ग में
- इन्द्र आदि चार देव राजा नल का रूप धारण करते हैं— 10वें सर्ग में
- स्वयंवर में आये हुए राजाओं आदि का परिचय दमयन्ती को देती हैं— सरस्वती (11वें, 12वें सर्ग में)
- पाँचों नलों को देखकर आश्चर्य में पड़ जाती है— दमयन्ती (11वें सर्ग में)
- पाँचों नलों का श्लेषयुक्त वर्णन करती हैं— सरस्वती(13वें सर्ग में)
- पाँचों नलों के लिए निकलते पाँच अर्थ को कहा जाता है— पंचनली (13वें सर्ग में)

- इन्द्र आदि देवताओं की मन ही मन पूजा (स्तुति) करती है— दमयन्ती (14वें सर्ग में)
- देवगण प्रसन्न होते हैं— दमयन्ती पर (14वें सर्ग में)
- सरस्वती के श्लेष को समझने की शक्ति दमयन्ती को प्रदान करते हैं— देवगण (14वें सर्ग में)
- दमयन्ती नल को पहचान कर पुष्पों की माला डालती है— 14वें सर्ग में
- सरस्वती और देवगण आशीर्वाद देते हैं— नल-दमयन्ती को (14वें सर्ग में)
- विवाह की तैयारी का वर्णन है— 15वें सर्ग में
- भीम द्वारा बारात के स्वागत-सत्कार का वर्णन है— 16वें सर्ग में
- दमयन्ती से नल का विवाह होता है— 16वें सर्ग में
- दमयन्ती के विवाह से लौटते समय देवों की भेंट होती है— कलि से (17वें सर्ग में)
- दमयन्ती के स्वयंवर में जा रहा था— कलि (17वें सर्ग में)
- स्वयंवर सम्पन्न हो जाने की सूचना कलि को देते हैं— देवगण (17वें सर्ग में)
- राज्य से च्युत हो जाने का शाप नल को देता है— कलि (17वें सर्ग में)
- दमयन्ती से वियुक्त होने का शाप नल को देता है— कलि (17वें सर्ग में)
- नल-दमयन्ती के प्रथम मिलन तथा काम-क्रीडा का सांगोपांग वर्णन है— 18वें सर्ग में
- नल-दमयन्ती के विहार, वैतालिकों द्वारा नल को जगाने, सूर्योदय और चन्द्रास्त आदि का वर्णन है— 19वें-20वें सर्ग में
- नल विष्णु, शिव, वामन आदि देवों की स्तुति करता है— 21वें सर्ग में
- संध्या, रात्रि, दमयन्ती के सौन्दर्य के वर्णन के साथ समाप्त होता है— नैषध (22वें सर्ग में)

- राजा नल की कथा को किससे अधिक श्रेष्ठ कहा गया है?— अमृत से
- नैषध के प्रथमसर्ग में प्रथम पद्य से लेकर 142वें पद्य तक छन्द है— वंशस्थ
- किसकी कथा अमृत को तिरस्कृत कर देने वाली है?— नल की
- 'नलः स भूजानिरभूद् गुणाद्भुतः' इसमें 'भूजानिः' पद का अर्थ है— पृथ्वी जिसकी पत्नी थी
- विद्याओं की संख्या मानी गयी है— 14
- 14 विद्याओं में से प्रत्येक को चार-चार अवस्थाओं में परिणत् हो जाने पर उनकी संख्या हो गयी— 56
- राजा नल की जिह्वा के अग्रभाग पर सर्वदा कितनी विद्याएँ निवास करती थीं?— 18
- अठारह द्वीपों पर विजय प्राप्त कर ली थी— नल ने
- परस्पर विरोधिनी लक्ष्मी और सरस्वती दोनों के ही आश्रय थे— नल
- आठों दिशाओं के स्वामी थे— नल
- धर्म के चरण होते हैं— चार 1. तप, 2. ज्ञान, 3. यज्ञ, 4. दान
- पृथ्वी पर एक चरण से निवास करता था— अधर्म
- अतिशय दुर्बल होकर तपस्वी बन गया था— अधर्म
- **'स्फुरत्प्रतापानलधूममञ्जिम्'** इसमें समास है— बहुब्रीहि
- **'परश्शताः'** पद का अर्थ है— सौ से भी अधिक
- अतिवृष्टि आदि छः विपत्तियों को रोक दिया था— नल ने
- प्रथम अतिवृष्टि का नाम है— ईति
- शत्रुराजाओं की स्त्रियों के नेत्रों का अपना आश्रय बना लिया था— अतिवृष्टियों ने
- स्वर्ग का सर्वश्रेष्ठ वृक्ष माना जाता है— कल्पवृक्ष
- अभिलषित वस्तु को देने वाला वृक्ष है— कल्पवृक्ष
- मानव शरीर में रोम होते हैं— 350 करोड़

- अर्गल के समान दोनों भुजायें लम्बी तथा मोटी थी—नल की
- निमेषरहित दृष्टि से राजा नल को देखती थी—देवाङ्गनाएँ
- **'चक्षुःश्रवा'** कहा जाता है—सर्पजाति को
- राजा नल को पति रूप में वरण करने योग्य स्त्री थी—दमयन्ती
- बाणासुर के नगर का नाम था—शोणितपुर
- दिन छोटा होता है—हेमन्त ऋतु में
- रात्रि छोटी होती है—ग्रीष्म ऋतु में
- **'अमुष्य धीरस्य जयाय साहसी'** यहाँ 'जयाय' में विभक्ति है—चतुर्थी
- 'कमलासन' कहा जाता है—ब्रह्मा को
- विदर्भदेश की सुन्दरी थी—दमयन्ती
- राजा नल के हाथ पर किसका चिह्न विद्यमान था?—मकर रेखा का
- सिर को पंख से ढ़ककर एक पैर पर स्थित होकर क्रीड़ा सरोवर के पास सो गया था—हंस
- नैषध के 143वें पद्य में छन्द है—दोधक
- नैषध के 144वें पद्य में छन्द है—वसन्ततिलका
- नैषध के 145वें पद्य में छन्द है—शार्दूलविक्रीडित
- नैषध के प्रथम सर्ग में कुल श्लोक हैं—145
- **'रसैः कथा यस्य सुधावधीरिणी'** इसमें अलङ्कार है—व्यतिरेक
- **'काव्ये चारुणि'** इससे समाप्त होता है—प्रथम सर्ग
- **'निपीय यस्य क्षितिरक्षिणः कथाम्'** इसमें छन्द है—वंशस्थ



प्रमुख सूक्तियाँ

- 'निपीय यस्य क्षितिरक्षिणः कथाम्'—नैषध 1/1
- 'रसैः कथा यस्य सुधावधीरिणी'—नैषध 1/2
- 'ज्वलत्प्रतापावलिकीर्तिमण्डलः'—नैषध 1/2
- 'चतुर्दशत्वं कृतवान् कुतः स्वयम्'—नैषध 1/4
- 'अमुष्य विद्या रसनाग्रनर्तकी'—1/5
- 'प्रदक्षिणीकृत्य जयाय सृष्टया रराज नीराजनया स राजघः'—1/10
- 'दिगङ्गनाङ्गाभरणं रणाङ्गणे यशः पटं तद्भटचातुरी तुरी'—1/12
- 'तदा विधिः कुण्डलनां विधोरपि'—1/14
- मृषा न चक्रेऽल्पितकल्पपादपः प्रणीय दारिद्र्यदरिद्रतां नृपः—1/15
- 'समं मुदैव देवः कविना बुधेन च'—1/17
- 'अधारि पद्मेषु तदङ्घ्रिणा घृणा'—1/20
- 'कृतः परं भव्यमहो महोयसी'—1/24
- 'निमीलनभ्रंशजुषा दृशा भृशं निपीय तं यस्त्रिदशीभिरर्जितः'—1/27
- 'यथोह्यमानः खलु भोगभोजिना.'—1/32
- 'प्रियं प्रियां च त्रिजगज्जपिश्रियौ'—1/38
- 'स सिन्धुजं शीतमहस्सहोदरम्'—1/64
- 'मृषा मृधं सादिबले कुतूहलान्नलस्य नासीरगते वितेनतुः'—1/68
- 'ततः प्रसूने च फले च मञ्जुले'—1/76
- 'दिने दिने त्वं तनुरेधि रेऽधिकं पुनः'—1/90
- 'वियोगभाजोऽपि नृपस्य पश्यता'—1/100
- 'प्रियासु बालासु रतिक्षमासु च द्विपत्रितं पल्लवितश्च विभ्रतम्'—1/118
- 'विधाय मूर्तिं कपटेन वामनीम्.'—1/124
- 'नृपः पतङ्गं समधत्त पाणिना'—1/124
- 'न जातरूपच्छदजातरूपता द्विजस्य' यह कथन है—हंस का 1/129

- 'धिगस्तु तृष्णातरलं भवन्मनः समीक्ष्य पक्षान्मम हेमजन्मनः' यह कथन है— हंस का 1/130
- 'विगर्हितं धर्मधनैर्निबर्हणं विशिष्य' यह कथन है— हंस का 1/131
- 'धिगीदृशन्ते नृपतेः कुविक्रमं कृपाश्रये यः कृपणे पतत्रिणि' यह कथन है— हंस का 1/132
- 'मदेकपुत्रा जननी जरातुरा नवप्रसूतिर्वरटा तपस्विनी' यह कथन है— हंस का 1/135
- 'गतिस्तयोरेष जनस्तमर्दयन्नहो विधे! त्वां करुणा रुणद्धि नो' यह कथन है— हंस का 1/135
- 'मुहूर्तमात्रं भवनिन्दया दयासखाः' यह कथन है- हंस का 1/136
- 'प्रियः कियद्दूर इति त्वयोदिते' यह कथन है— हंस का 1/137
- 'ममैव शोकेन विदीर्णवक्षसा त्वयाऽपि चित्राङ्गि' यह कथन है— हंस का 1/140
- 'चिरेण लब्धा बहुभिर्मनोरथैर्गताः' यह कथन है— हंस का 1/141
- 'आर्जवं हि कुटिलेषु न नीति'— नैषध.
- 'मितं च सारं च वचोहि वाग्मिता'

+++

बुद्धचरितम्

- बुद्धचरितम् के प्रणेता हैं— महाकवि अश्वघोष
- महाकवि अश्वघोष मुख्यरूप से थे— बौद्धदार्शनिक
- अश्वघोष का काल माना जाता है— प्रथम शताब्दी लगभग
- बुद्धचरितम् में कुल सर्ग है— 28 (चीनी एवं तिब्बत में)
- महाकवि अश्वघोषरचित 'बुद्धचरितम्' में सर्ग उपलब्ध होते हैं— 13
- 'बुद्धचरितम्' है— महाकाव्य
- भगवान् बुद्ध के चरित का वर्णन है— बुद्धचरितम् में
- 19वीं शताब्दीं में 'बुद्धचरितम्' में चार सर्गों को जोड़ा था— अमृतानन्द ने
- 15 से 28 वें सर्ग तक के छन्दोबद्ध अनुवादक हैं— श्रीरामचन्द्र दास शास्त्री
- अश्वघोष रचित सर्ग मान्य हैं— 14
- बुद्ध का जन्म होता है— प्रथम सर्ग में
- बुद्धचरितम् के प्रथम सर्ग का नाम है— बुद्ध का जन्म
- बुद्धचरितम् के द्वितीय सर्ग का नाम है— अन्तःपुर विहार
- बुद्धचरितम् के तृतीय सर्ग का नाम है— संवेगोत्पत्ति
- बुद्धचरितम् के चतुर्थ सर्ग का नाम है— स्त्रीनिवारण
- बुद्धचरितम् के पञ्चम सर्ग का नाम है— महाभिनिष्क्रमण
- बुद्धचरितम् के षष्ठ सर्ग का नाम है— छन्दकविसर्जन
- बुद्धचरितम् के सप्तम सर्ग का नाम है— तपोवन प्रवेश
- बुद्धचरितम् के अष्टम सर्ग का नाम है— अन्तःपुर विलाप
- बुद्धचरितम् के नवम सर्ग का नाम है— कुमारान्वेषण
- बुद्धचरितम् के दशम सर्ग का नाम है— बिम्बिसारागमन

- बुद्धचरितम् के एकादश सर्ग का नाम है—कामनिन्दा
- बुद्धचरितम् के द्वादश सर्ग का नाम है—अराड्-दर्शन
- बुद्धचरितम् के त्रयोदश सर्ग का नाम है—कामविजय
- बुद्धचरितम् के चतुर्दश सर्ग का नाम है—बुद्धत्व प्राप्ति
- अश्वघोष-समकालीन थे—कनिष्क के
- अश्वघोष किस बौद्धसंगीति की अध्यक्षता किए थे—चतुर्थ बौद्धसंगीति का
- सौन्दरनन्द रचना है—अश्वघोष की
- शारिपुत्रप्रकरण के कृतिकार हैं—अश्वघोष
- सौन्दरनन्द में कुल सर्ग हैं— 18
- सौन्दरनन्द में किसकी कथा वर्णित है?—नन्द-सुन्दरी की
- सौन्दरनन्द है—महाकाव्य
- 'शारिपुत्रप्रकरण' है—प्रकरण



मेघदूतम्

- मेघदूतम् के रचनाकार हैं—महाकवि कालिदास
- संस्कृत साहित्य का प्रथम गीतिकाव्य है— मेघदूत
- खण्डकाव्य के भेद हैं—तीन
  1. स्त्रोत काव्य 2. गीतिकाव्य 3. शृङ्गारिक काव्य
- शृङ्गारिक काव्य के भेद हैं—दो 1. प्रबन्धकाव्य 2. मुक्तककाव्य
- प्रबन्धकाव्य है— मेघदूत
- मेघदूत का मंगलाचरण है— वस्तुनिर्देशात्मक
- मेघदूत में मुख्य रस है— विप्रलम्भ शृंगार
- मेघदूत में छन्द है—मन्दाक्रान्ता
- मेघदूत का कथानक लिया गया—रामायण या ब्रह्मवैवर्तपुराण से
- मेघदूत विभक्त है—दो भागों में 1. पूर्वमेघ 2. उत्तरमेघ
- मेघदूत के सर्वप्राचीन टीकाकार हैं—बल्लभदेव
- मेघदूत के 121 श्लोकों पर मल्लिनाथ द्वारा लिखी गयी टीका का नाम है—संजीवनी
- मेघदूत के 121 श्लोकों में प्रक्षिप्त श्लोकों की संख्या है—6
- मेघदूत के पूर्वमेघ में कुल श्लोक हैं—67
- मेघदूत के उत्तरमेघ में कुल श्लोक हैं—54
- मेघदूत का नायक है—यक्ष
- यक्ष का नाम है—हेममाली
- मेघदूत की नायिका है—यक्षिणी
- यक्षिणी का नाम है—विशालाक्षी
- यक्ष का शापान्त होता है—देवोत्थनी एकादशी को

- विष्णु शेष शय्या से उठते हैं—देवोत्थनी एकादशी को
- कुबेर ने यक्ष को कितने वर्ष का शाप दिया था?—1 वर्ष का
- यक्षों के स्वामी थे—कुबेर
- यक्ष शाप दिनों को बिताता है— रामगिरि (चित्रकूट) पर्वत पर
- मेघदूत पर लिखी गयी टीकाएँ हैं—50
- मल्लिनाथ के अनुसार मेघदूत में श्लोकों की कुल संख्या है—121
- मेघदूत के कितने श्लोक प्रमाणित माने जाते हें?—115 (पू. में. 63, उ. में 52)
- 'आषाणमास' के प्रथमदिन मेघ को 'वक्रक्रीड़ा' करते देखता है—यक्ष
- यक्ष कितने माह बिताकर मेघ को 'वक्रक्रीड़ा' करते देखता है?—8 माह
- 'कुटज' (गिरिमल्लिका) पुष्प से मेघ को अर्घ दिया था—यक्ष ने
- 'पुष्कर एवं आवर्तक' नामक बादलों के कुल में उत्पन्न हुआ था—मेघ
- किसका गर्जन पृथ्वी को शिलीन्ध्र पुष्पों से युक्त कर देता था?—मेघ का
- शिव के सिर पर स्थित चाँदनी से उज्जवल महलों से युक्त नगरी थी—अलका
- अलका किसकी नगरी थी?—कुबेर की
- कैलाश तक मेघ का साथी था—राजहंस
- विन्ध्य के पठार में बहती है—रेवा (नर्मदा) नदी
- दशार्ण की राजधानी थी—विदिशा
- वेतवा नदी बहती थी—विदिशा में
- अवन्तिका की राजधानी थी—उज्जयिनी
- इन्द्र ने 'नीलगिरि' नामक हाथी दिया था—प्रद्योत को
- महाकाल किस नदी के समीप थे?—गन्धवती
- सूर्य की प्रेयसी कही गयी है—कमलिनी
- कैलास के ऊर्ध्व भाग में स्थित है—अलका नगरी

- देवगिरि पर नित्य निवास करते थे—स्कन्द (कार्तिकेय)
- कुरुक्षेत्र है—ब्रह्मवर्त में
- सरस्वती नदी के जल का सेवन किया था—बलराम ने
- 'स्वर्णकमल' उत्पन्न होते हैं—मानसरोवर में
- मेघदूत का जर्मन भाषा में पद्यानुवाद किया है—मैक्समूलर ने
- मेघदूत का जर्मन भाषा में गद्यानुवाद किया है—श्वेट्ज ने
- मेघदूत का अंग्रेजी में पद्यानुवाद किया है—आर्थर राइडर एवं एच.जी. रूक ने
- हिन्दी भाषा में मेघदूत के पद्यानुवाद हो चुके हैं— 6
- मेघदूत को शोकगीत (Elegy) कहा है— डा. कीथ ने
- महाकवि कालिदास के मन्दाक्रान्ता छन्द की प्रशंसा की है—क्षेमेन्द्र ने
- यक्ष द्वारा अपने कार्य में प्रमाद करने के कारण शाप दिया था—कुबेर ने
- यक्ष द्वारा अपने कार्य में प्रमाद करने का कारण था—अपनी पत्नी में आसक्ति
- कुबेर ने एक वर्ष तक पत्नी से वियुक्त रहने का शाप दिया था—यक्ष को
- मेघदूत के आरम्भ में यक्ष की शापावधि का कितना समय शेष है?—4 माह
- मेघदूत के नायक की कोटि है—धीरललित
- मेघदूत की नायिका की कोटि है—पद्मिनी
- मेघदूत में किस गुण की प्रधानता है?—प्रसाद एवं माधुर्य गुण
- मेघदूत में प्रयुक्त रीति है—वैदर्भी रीति
- मेघदूत पद में समास है—बहुब्रीहि
- यक्षों के अधिपति कुबेर की राजधानी थी—अलका
- मेघ को अपनी प्रिया के पास सन्देश वाहक बनाकर भेजना चाहता है—यक्ष

- धुआँ, अग्नि, जल एवं वायु से निर्माण हुआ है— मेघ का
- मेघ के बाँयी ओर शब्द कर रहा था— चातक
- अलकापुरी का वर्णन है— उत्तरमेघ में
- अलकापुरी का भवन है— सीतमञ्जिला
- 'पुष्पक' नामक बाजे बजाये जाते हैं— अलकापुरी में
- 'रतिफल' नामक मदिरा का सेवन करते हैं— यक्ष
- मेघ किस दिशा की ओर मुख करके अपनी यात्रा आरम्भ करता है?— उत्तर दिशा की ओर
- इन्द्रधनुष से मेघ की उपमा दी गयी है— गोपवेषधारी श्रीकृष्ण की
- मेघ की यात्रा में सर्वप्रथम पड़ता है— माल प्रदेश
- आम्रकूट पर्वत की दावाग्नि पहले बुझायी थी— मेघ ने
- मित्रता के कारण आम्रकूट मेघ को धारण करेगा— सिर पर
- मेघ की यात्रा में पहला पर्वत है— आम्रकूट
- मेघ के मार्ग में मिलने वाली प्रथम नदी थी— रेवा (नर्मदा)
- किसका जल हाथियों के मदों से सुगन्धित तथा जामुन के कुञ्जों से अवरुद्ध है?— नर्मदा का
- रेवा नदी को पार करके मेघ पहुँचता है— दशार्ण देश
- दशदुर्गों का प्रदेश कहा जाता है— दशार्ण
- वेत्रवती नदी के तट पर स्थित है— विदिशा
- किस नदी की उपमा भ्रूभङ्गयुक्त नायिका से की गयी है?— वेत्रवती की
- मालवा के भिलसा नामक स्थान को माना जाता है— विदिशा
- विदिशा में मेघ ठहरता है— नीचैः पर्वत पर
- वेश्याओं द्वारा प्रयुक्त सुगंधित पदार्थों से युक्त गुफाओं वाला है— नीचैः पर्वत
- मेघ का मार्ग कहाँ जाते समय टेढ़ा होगा?— उज्जयिनी में
- उज्जयिनी जाते समय मेघ मार्ग में मिलता है— निर्विन्ध्या नदी से
- निर्विन्ध्या अपनी भंवर रूपी नाभि दिखाती है— मेघ को

- 'अवन्ती' में किसकी कथा प्रचलित है?— वत्सराज उदयन की
- देदीप्यमान स्वर्ग का टुकड़ा कहा गया है— उज्जयिनी को
- 'विशाला' कहा गया है— उज्जयिनी को
- उदयन ने प्रद्योत की पुत्री वासवदत्ता का अपहरण किया था— उज्जयिनी में
- प्रद्योत का स्वर्णमय ताड़ वृक्षों का वन था— उज्जयिनी में
- उज्जयिनी के महल की छत पर रात्रि व्यतीत करता है— मेघ
- उज्जयिनी के बाद मेघ के मार्ग में नदी आती है— गंभीरा
- यक्ष, जल को 'गंभीरा' का बताता है— वस्त्र
- यक्ष किनारों को बताता है— नितम्ब
- यक्ष बेंत की शाखाओं को गम्भीरा का बताता है— हाथ
- चर्मवती नदी पार करके मेघ कहां की स्त्रियों की उत्सुकता का विषय बनेगा?— दशपुर
- बलराम की पत्नी का नाम है— रेवती
- किसकी आँखों की उपमा सरस्वती नदी से की गयी है?— रेवती की
- 'कुरुक्षेत्र' के आगे 'कनखल' पर्वत के समीप बहती है— गङ्गा नदी
- गङ्गा नदी का नाम है— जह्नुकन्या
- हिमालय पर्वत पर परशुराम के पराक्रम का प्रमाण है— क्रौञ्चरन्ध्र
- क्रौञ्चरन्ध्र से हंस जाते हैं— मानसरोवर
- क्रौञ्चरन्ध्र का दूसरा नाम है— हंसद्वार
- उत्तरमेघ के प्रथम श्लोक में अलकानगरी की तुलना की गयी है— मेघ से
- मेघ के बिजली की तुलना की गयी है— अलकापुरी की स्त्रियों से
- इन्द्रधनुष की तुलना की गयी है— सुन्दर चित्रों से
- मेघ के गर्जन की तुलना की गयी है— अलकापुरी में बजाए जाने वाले मृदङ्गों से
- मेघ के जलधारण की तुलना की गयी है— मणिजड़ित फर्शों से
- मेघ की ऊँचाई की तुलना की गयी है— गगनचुम्बी शिखरों से

- अलका में सदैव वर्तमान रहती हैं—6 ऋतुएँ
- अलका की स्त्रियाँ क्रीड़ा के लिए हाथों में लिए रहती हैं—कमल
- अलकापुरी की स्त्रियाँ बालों में लगाये रहती हैं—कुन्दपुष्प
- अलकापुरी की स्त्रियाँ मुख पर लगाये रहती हैं—लोध्रपुष्प
- अलकापुरी की स्त्रियाँ जूड़ों में सजाती—कुरबक
- अलकापुरी की स्त्रियाँ कानों में लगाती हैं—शिरीष पुष्प
- अलकापुरी की स्त्रियाँ माँग में सजाती हैं—कदम्ब पुष्प
- यक्ष हमेशा युवावस्था को प्राप्त रहते हैं—अलका में
- 'रतिफल' नामक मद्य प्राप्त होता है—कल्पवृक्ष से
- अलका के बाह्य उद्यान का नाम है—वैभ्राज
- वैभ्राज उद्यान बनाया गया था—चित्ररथ द्वारा
- वैभ्राज उद्यान की रक्षा करता है—विभ्राज
- शिव का गण है—विभ्राज
- यक्ष का घर किसके समान है?—इन्द्रधनुष के
- अल्का में अलंकरण की समस्त सामग्री प्रदान करता है—कल्पवृक्ष
- यक्ष का घर कुबेर के घर से किस दिशा में स्थित है?—उत्तर दिशा
- यक्ष के घर के समीप वृक्ष है—मन्दारवृक्ष
- मन्दारवृक्ष पोषित किया गया था—यक्षिणी द्वारा
- रक्त, अशोक और मौलसिरी नाम के दो वृक्ष हैं—क्रीड़ाशैल पर
- माधवीलता का कुंज है—क्रीड़ाशैल पर
- यक्षिणी के बायें पैर का इच्छुक है—अशोक वृक्ष
- यक्षिणी के 'मुख की मदिरा' का अभिलाषी है—मौलसिरी (वकुल)
- यक्ष के द्वार के दोनों ओर चित्र बने हैं—शंख और पद्म के
- अलकापुरी में यक्ष के घर में बने क्रीड़ाशैल पर बैठता है—मेघ
- यक्ष के घर में पाली गयी है—मैना
- यक्षिणी विरह के दिनों की गणना करती है—पुष्पों से
- यक्षिणी विरह के दिनों में सोती है—भूमि पर



मेघदूत

पूर्व-मेघ

- यक्षश्चक्रे जनकतनयास्नानपुण्योदकेषु। 1
- आषाढस्य प्रथमदिवसे मेघमाश्लिष्टसानुं। 2
- कण्ठाश्लेषप्रणयिनि जने किं पुनर्दूरसंस्थे। 3
- प्रत्यासन्ने नभसि दयिताजीवितालम्बनार्थी। 4
- धूमज्योतिः सलिलमरुतां सन्निपातः क्व मेघः। 5
- कामार्त्ता हि प्रकृतिकृपणाश्चेतनाचेतनेषु। 5
- याच्ञा मोघा वरमधिगुणे नाधमे लब्धकामा। 6
- आशाबन्धः कुसुमसदृशं प्रायशो ह्यङ्गनानां। 9
- वन्द्यैः पुंसां रघुपतिपदैरङ्कितं मेखलासु। 12
- प्राप्ते मित्रे भवति विमुखः किं पुनर्यस्तथोच्चैः। 17
- सद्भावार्द्रः फलति न चिरेणोपकारो महत्सु। 17 क
- न क्षुद्रोऽपि प्रथमसुकृतापेक्षया संश्रयाय। 17
- रिक्तः सर्वो भवति हि लघुः पूर्णता गौरवाय। 20
- स्त्रीणामाद्यं प्रणयवचनं विभ्रमो हि प्रियेषु। 28
- अप्यन्यस्मिजलधर! महाकालमासाद्य काले। 36
- मन्दायन्ते न खलु सुहृदामभ्युपेतार्थकृत्याः। 40
- ज्ञातास्वादो विवृतजघनां को विहातुं समर्थः। 43
- आपन्नार्तिप्रशमनफलाः संपदो ह्युत्तमानाम्। 55
- वा न स्युः परिभवपदं निष्फलारम्भयत्नाः। 56
- हेमाम्भोजप्रसवि सलिलं मानसस्याददानः। 64



उत्तर-मेघ

- सङ्गीताय प्रहतमुरजाः स्निग्धगम्भीरघोषम्। 1
- वित्तेशानां न च खलु वयो यौवनादन्यदस्ति। 4
- मन्दाकिन्या सलिलशिशिरैः सेव्यमाना। 6
- मङ्ग्लानिं सुरतजनितां तन्तुजालावलम्बाः 9
- जातां मन्ये शिशिरमथितां पद्मिनीं वान्यरूपाम्। 23
- आलोके ते निपतति पुरा सा बलिव्याकुला वा। 25
- प्रायः सर्वो भवति करुणावृत्तिरार्द्रान्तरात्मा। 33
- वाचालं मां न खलु । 34
- कान्तोदन्तः सुहृदुपनतः सङ्गमात्किञ्चिदूनः। 40
- शापान्तो मे भुजगशयनादुत्थिते शार्ङ्गपाणौ। 50
- प्रत्युक्तं हि प्रणयिषु सतामीप्सितार्थक्रियैव। 54



नीतिशतकम्

- 'नीतिशतकम्' के रचनाकार हैं— भर्तृहरि
- भर्तृहरि की पत्नी का नाम है— पिङ्गला
- भर्तृहरि के गुरु माने जाते हैं— गोरखनाथ
- बौद्धमतानुसार भर्तृहरि के गुरु थे— वसुरात
- भर्तृहरि का छोटा भाई था— विक्रमादित्य
- भर्तृहरि के पिता का नाम था— गन्धर्वसेन
- मालवदेश के राजा थे— गन्धर्वसेन
- ईत्सिंग के कथन के आधार पर बौद्ध कहा जाता है—भर्तृहरि को
- वेदान्तोक्त ब्रह्म के उपासक थे— भर्तृहरि
- भर्तृहरि का समय माना जाता है— 57 ई.पू. लगभग अथवा 575-650 ई.
- भर्तृहरि की रीति थी—वैदर्भी रीति
- भर्तृहरि के गुण थे—प्रसाद और माधुर्य
- मुक्तककाव्य के प्रथमकवि थे—भर्तृहरि
- भर्तृहरि के प्रिय छन्द हैं—शार्दूलविक्रीडित, शिखरिणी
- शतकत्रय के रचयिता हैं—भर्तृहरि
- 'नीतिशतकम्' की विधा है—मुक्तककाव्य
- 'नीतिशतकम्' में कुल श्लोकों की संख्या है—121
- 'नीतिशतकम्' की मङ्गलाचरण सहित पद्धतियाँ हैं—11
- भर्तृहरि ने ब्रह्म की स्तुति के पश्चात मूर्ख निन्दा से किस ग्रन्थ का आरम्भ किया है?—'नीतिशतकम्' का
- शतकत्रय हैं—तीन

  1. नीतिशतक 2. शृंगारशतक 3. वैराग्य शतक
- भर्तृहरि की रचनाएँ हैं—चार

  1. वाक्यपदीय 2. नीतिशतक 3. शृंगारशतक 4. वैराग्यशतक

- स्वार्थसिद्धि के साथ-साथ परहित साधन के लिए उद्योगशील होते हैं— उत्तमव्यक्ति
- भर्तृहरि के अनुसार सज्जन की चारित्रिक विशेषता है— स्वाभिमानिता
- अतिनम्र स्वभाव होता है— परोपकारी का
- क्षमाशीलता और सहिष्णुता होनी चाहिए— गुरुओं में
- 'क्षीयन्ते खलु भूषणानि सतत वाग्भूषण भूषणम्' यह है— नीतिशतकम् में
- 'सत्सङ्गतिः कथय किं न करोति पुंसाम्' यह है— नीतिशतकम् में
- भर्तृहरि के अनुसार प्रगल्भतापूर्वक व्यवहार करना चाहिए— स्त्रियों के प्रति
- भर्तृहरि के अनुसार वीरता प्रदर्शित करना किसके प्रति श्रेयस्कर है?— शत्रुओं के प्रति
- विद्वानों का सम्मान करके प्रशंसा प्राप्त करता है— राजा
- नाना प्रकार के पतन कैसे व्यक्तियों का होता है?— विवेकभ्रष्ट
- अपनी अज्ञानता को छिपाने के लिए मूर्खजनों का एकमात्र उपाय है— मौन रहना
- कोई व्यक्ति किसके चित्त को वश में नहीं कर सकता है?— दुराग्रही मूर्ख व्यक्ति के
- भर्तृहरि ने नीतिशतक के मङ्गलाचरण में किस देव की स्तुति की है— ब्रह्म की
- 'विभूषणं मौनमपण्डितानाम्' यह सम्बद्ध है— नीतिशतकम् से
- 'नानाफलं फलति कल्पलतेवभूमिः' यह सम्बद्ध है— नीतिशतकम् से
- 'नीतिशतक' के मङ्गलाचरण में छन्द है— अनुष्टुप्
- 'नेता यस्य बृहस्पतिः' यहाँ 'यस्य' पद से संकेत किया गया है— इन्द्र का
- 'न्याय्यात् पथः प्रविचलन्ति पदं न धीराः' यह उक्ति है— 'नीतिशतकम्' की
- विद्याविहीन होते हैं— पशु के समान
- व्यक्ति अपने भाग्य से प्राप्त करता है— धन

- किसके चित्त को नहीं बदला जा सकता है?— मूर्ख के
- सान पर तराशी गई मणि प्राप्त होती है— शोभा को
- मनस्वियों की वृत्ति किसके समान होती है?— फूलों के
- धन की गतियाँ होती है— तीन
- भर्तृहरि के अनुसार सभी गुण आश्रय लेते हैं— धन का
- कुल का नाश होता है— कुपुत्र से
- 'कठिन असिधाराव्रत' कहा गया है— सेवा को
- 'नीतिशतकम्' का मङ्गलाचरण है— नमस्कारात्मक
- थोड़ा सा ज्ञान प्राप्त कर लेने पर मनुष्य किसके समान मदान्ध हो जाता है?— हाथी के
- 'येषां न विद्या न तपो न दानं ज्ञानं न शीलं न गुणो न धर्मः' यह सम्बद्ध है— नीतिशतक' से
- 'मनुष्यरूपेण मृगाश्चरन्ति' यह सम्बद्ध है— नीतिशतक से
- 'दिक्कालाद्यनवच्छिन्नानन्तचिन्मात्रमूर्तये' यह है— मङ्गलाचरण
- 'यां चिन्तयामि सततं मयि सा विरक्ता' यह सम्बद्ध है— नीतिशतकम् से
- 'व्यालं बालमृणालतन्तुभिरसौ रोद्धुं समुज्जृम्भते' यह सम्बद्ध है— नीतिशतकम् से
- भर्तृहरि ने नीति का वर्णन किया है— नीतिशतकम् में
- भर्तृहरि ने अपने शतकत्रय में वर्णन नहीं किया है— युद्ध का
- 'ब्रह्माऽपि नरं न रञ्जयति' यह उक्ति कही गयी है— मूर्ख के लिए
- विक्रमसंवत् के प्रवर्तक माने जाते हैं— विक्रमादित्य
- 'राजन् दुधुक्षसि यदि क्षितिधेनुमेनाम्' यह सूक्ति सम्बद्ध है— नीतिशतक से
- 'धिक् तां च तं च मदनं च इमां च मां च' इसमें माम्-पद से संकेत किया गया है— भर्तृहरि का
- 'यं यं पश्यसि तस्य तस्य पुरतो मा ब्रूहि दीनं वचः' इस पंक्ति के माध्यम से कवि समझा रहा है— चातकमित्र को

- 'लभेत् सिकतासु तैलम्' यहाँ 'सिकता' पद का अर्थ है—बालू
- 'व्यालं बालमृणालतन्तुभिरसौ' यहाँ 'व्यालम्' पद का अर्थ है—दुष्टगज
- 'हुतभुक्' पद का अर्थ है—अग्नि
- 'भवन्ति नम्रास्तरवः फलोद्गमैः' यह श्लोक सम्बद्ध है—नीतिशतक से
- 'प्रारब्धमुत्तमजनाः न परित्यजन्ति' यह कथन है—भर्तृहरि का
- 'पिशुनता यद्यस्ति किं पातकैः' इसमें 'पिशुनता' पद का अर्थ है—चुगुलखोरी
- 'शुचौ कैतवम्' इसमें 'कैतवम्' पद का अर्थ है—कपट
- 'छायेव मैत्री खलु सज्जनानाम्' यह सम्बद्ध है—नीतिशतक से
- विधाता ने मूर्खों के लिए एकमात्र आभूषण बनाया है—मौन को
- अग्नि नियन्त्रित की जाती है—जल से
- सूर्यताप नियन्त्रित किया जाता है—छाते से
- साहित्य, संगीत एवं कला से विहीन व्यक्ति किसके समान होता है?—पशु के
- विद्या, तप, दान, ज्ञान, शील, गुण और धर्म से विहीन व्यक्ति पृथ्वी पर है—भार स्वरूप
- मूर्खों के साथ इन्द्र के भवन में रहने की अपेक्षा किसके साथ वन में रहना श्रेष्ठ है?—वनचरों के
- 'न हि गणयति क्षुद्रो जन्तुः परिग्रहफल्गुताम्' यह है—'नीतिशतकम्' में
- 'आलस्यं हि मनुष्याणां शरीरस्थो महान् रिपुः' यह सम्बद्ध है—नीतिशतकम् से
- 'आलस्यं हि मनुष्याणां शरीरस्थो महान् रिपुः' इसमें छन्द है—अनुष्टुप्
- 'स जातो येन जातेन याति वंशः समुन्नतिम्' यह सम्बद्ध है—नीतिशतकम् से
- किसकी अवमानना से राजा की मूर्खता प्रकट होती है?—सत्कवियों की

- कभी न नष्ट होने वाला आभूषण है—वाणी (विद्या)
- सर्वश्रेष्ठ आभूषण है—विद्या
- परदेश गमन पर सर्वश्रेष्ठ धन सिद्ध होती है—विद्या
- गुरुओं की भी गुरु है—विद्या
- बुद्धि की जड़ता को हरती है—सत्संगति
- कीर्ति को सभी दिशाओं में फैलाती है—सत्संगति
- धन की गतियाँ हैं—तीन 1. दान 2. भोग 3. नाश
- किसकी भाँति राजनीति नाना रूपों वाली है?— वेश्या
- 'किसके रहने से मृत्यु की आवश्यकता नहीं होती है?—अपकीर्ति
- दिन के उत्तरार्द्ध की छाया की तरह किसकी मैत्री होती है?—सज्जनों की
- दिन के पूर्वार्द्ध की छाया की तरह किसकी मैत्री होती है?—दुर्जनों की
- अच्छे आचरण वाला पुत्र प्राप्त होता है—पुण्यवानों को
- पति का हित चाहने वाली पत्नी प्राप्त होती है—पुण्यवानों को
- दूसरे मित्र के पापकर्म को दूर करता है—सच्चा मित्र
- मनुष्य की कोटियाँ है—तीन 1. नीच 2. मध्यम 3. उत्तम
- विघ्न के भय से कार्य आरम्भ नहीं करते हैं—नीच मनुष्य
- जो मनुष्य कार्य आरम्भ करते हैं, परन्तु विघ्न आने पर छोड़ देते हैं, वे हैं—मध्यम कोटि के
- विघ्नों के आने पर भी कार्य को पूरा करते हैं—उत्तम व्यक्ति
- इस सम्पूर्ण त्रिलोक को जीत लेता है—धैर्यशाली पुरुष
- सभी आभूषणों का कारण है—शील (सदाचार)
- सर्वोत्कृष्ट आभूषण है—शील (सदाचार)
- सबसे बलवान है—भाग्य
- 'सर्वे गुणाः काञ्चनमाश्रयन्ते' यह है—'नीतिशतकम्' में
- 'दानं भोगो नाशः तिस्रो गतयो भवन्ति वित्त' यह है—नीतिशतकम में

✦✦✦

दशकुमारचरितम्

- संस्कृत गद्यकाव्य के मुख्य भेद माने जाते हैं— दो
  1. कथा, 2. आख्यायिका
- दण्डी की मुख्य कृतियाँ हैं— काव्यादर्श, दशकुमारचरितम् और अवन्तिसुन्दरीकथा
- दण्डी का काव्यशास्त्रीय ग्रन्थ है— काव्यादर्श
- दण्डी का अलंकारों से सम्बन्धित ग्रन्थ है— काव्यादर्श
- दण्डी का काल माना जाता हे— 600ई. लगभग
- 'दशकुमारचरितम्' है— आख्यायिका
- भारवि के प्रपौत्र थे— दण्डी
- दण्डी के पिता का नाम था— वीरदत्त
- दण्डी की माता का नाम था— गौरी
- आख्यायिका को विभक्त किया जाता है— उच्छवासों में
- 'दशकुमारचरितम्' विभक्त है— उच्छवासों में
- 'दशकुमारचरितम्' में कुल उच्छवास हैं— 8
- दशकुमारचरितम् में भाग हैं— तीन
- प्रथम भाग है— पूर्वपीठिका
- द्वितीय भाग है— चरित (मध्यपीठिका)
- तृतीय भाग है— उत्तरपीठिका
- पूर्वपीठिका में उच्छवासों की संख्या है— 5
- 'दशकुमारचरितम्' का आधारग्रन्थ है— बृहत्कथा
- 'दशकुमारचरितम्' के आठवें उच्छवास को कहते हैं— विश्रुतचरितम्
- कथा का प्रारम्भ होता है— पुष्पनगरी से
- पुष्पनगरी का आधुनिक नाम है— पटना
- दशकुमारचरितम् में कितने राजकुमारों का वर्णन है?— 10
- 'दशकुमारचरितम्' के राजकुमारों में प्रमुख हैं— राजवाहन

- राजवाहन के पिता का नाम है— राजहंस
- 'दशकुमारचरितम्' में रीति है— वैदर्भी
- 'दशकुमारचरितम्' में गुण है— प्रसादगुण
- दण्डी के पदों में प्रसिद्ध है— पदलालित्य
- मगध देश की राजधानी थी— पुष्पनगरी
- पुष्पनगरी पर शासन करता था— राजहंस
- धर्मपाल, पद्मोद्भव और सितवर्मा मन्त्री थे— राजहंस के
- सुमन्त्र, सुमित्र और कामपाल पुत्र थे— धर्मपाल के
- सुश्रुत और रत्नोद्भव पुत्र थे— पद्मोद्भव के
- सुमति और सत्यवर्मा पुत्र थे— सितवर्मा के
- समुद्री व्यापार में लग गया था— रत्नोद्भव
- यायावर (आवारा) था— कामपाल
- तीर्थयात्रा पर निकल गया था— सत्यवर्मा
- सुमन्त्र, सुमित्र, सुश्रुत और सुमति बड़े होकर मंत्री बने थे— राजहंस के
- मालव-नरेश था— मानसार
- मगध का राजा मानसार आक्रमण किया था— राजहंस पर
- युद्ध में राजहंस से परास्त हुआ था— मानसार
- मानसार को बन्दी बनाया था— राजहंस
- शिव की आराधना से मारक गदा प्राप्त किया था— मानसार
- राजहंस को युद्ध में हराया था— मानसार
- राजहंस को पुत्र प्राप्ति की बात बतायी थी— वामदेव ने
- 'वामदेव तपस्वी' की सेवा किया था— राजहंस
- मिथिला का राजा था— प्रहार वर्मा
- प्रहारवर्मा मित्र था— राजहंस का
- शबरसेना ने मार डाला था— प्रहार वर्मा को
- 'अवन्तिसुन्दरी' से विवाह किया था— राजवाहन
- 'दशकुमारचरितम्' का नायक है— राजवाहन
- भास्कर वर्मा की आयु थी— 8 वर्ष

- भास्कर वर्मा को पानी पिलाने के लिए पानी निकालते समय कुएँ में गिर गया था— नालीजंघा
- पुण्यवर्मा पुण्य कर्मों से कितने वर्ष की अवस्था को प्राप्त किये?— 100 वर्ष की
- प्रजा के पाप के कारण मृत्यु को प्राप्त हुआ था— पुण्यवर्मा
- अनन्तवर्मा को उपदेश देने वाला वृद्ध मन्त्री था— वसुरक्षित
- दुर्गुणों का आचार्य और काम शास्त्र में पारंगत था— बिहारभद्र
- कुमारावस्था से ही अनन्तवर्मा की सेवा में रहने वाला सेवक था— बिहारभद्र
- त्रयी, वार्ता, आन्वीक्षिकी और दण्डनीति चार विद्याओं का वर्णन है— 'दशकुमारचरितम्' में
- बिहारभद्र के अनुसार ज्ञान कर्म और उपासना का वैदिक ज्ञान प्राप्त होता है— त्रयी से
- गुप्तचरों अथवा अर्थशास्त्र का ज्ञान प्राप्त होता है— वार्ता से
- न्यायशास्त्र के ज्ञान की प्राप्ति होती है— आन्वीक्षिकी से
- राजनीति का ज्ञान प्राप्त होता है— दण्डनीति से
- व्यसन माने जाते हैं— सात
- अनन्त वर्मा को जुएँ की विशेषता बताता है— चन्द्रपालित
- अनन्तवर्मा से व्यसनों का वर्णन करता है— चन्द्रपालित
- कुन्तल का राजा था— आनन्द देव
- भोजवंशीय राजा था— पुण्यवर्मा
- विदर्भ देश का राजा था— पुण्यवर्मा
- पुण्यवर्मा का पुत्र था— अनन्तवर्मा
- अश्मक देश का राजा था— वसंतभानु
- अश्मक देश का मन्त्री था— चन्द्रपालित
- अनन्तवर्मा का पुत्र था— भास्कर वर्मा
- अनन्तवर्मा की हत्या की थी— वसंतभानु ने
- विदर्भ-राज्य पर अपना अधिकार कर लिया था— वसंतभानु
- अनन्तवर्मा की पत्नी का नाम था— वसुन्धरा

- भास्कर वर्मा की माता का नाम था— वसुन्धरा
- भास्कर वर्मा की बहन का नाम था— मंजुवादिनी
- विश्रुत की कथा में वर्णन है— विन्ध्यवासिनी देवी का
- रानी वसुन्धरा, भास्करवर्मा और मंजुवादिनी को लेकर कौन निकल जाता है?— वसुरक्षित
- ज्वर से रास्ते में मर जाता है— वसुरक्षित
- अनन्तवर्मा का सौतेला भाई था— मित्रवर्मा
- महिष्मती का शासक था— मित्रवर्मा
- मित्रवर्मा के यहाँ शरण ली थी— वसुन्धरा
- मित्रवर्मा द्वारा मंजुवादिनी का विवाह प्रचण्डवर्मा से करने की बात विश्रुत को ज्ञात हुई थी— वृद्ध से
- राजकुमार भास्करवर्मा की मृत्यु की अफवाह फैलाता है— विश्रुत
- प्रचण्डवर्मा का वध करता है— विश्रुत
- वसुन्धरा द्वारा विष के प्रयोग से मित्रवर्मा की हत्या करवाता है— विश्रुत
- कुशीलवेष धारण कर भरी सभा में वसन्त भानु का वध करता है— विश्रुत
- विदर्भ के सिंहासन पर भास्कर वर्मा को बैठाता है— विश्रुत
- विश्रुत का विवाह होता है— मंजुवादिनी से
- भास्कर वर्मा का मन्त्री था— आर्यकेतु
- आर्यकेतु को अपना सहायक बनाता है— विश्रुत
- वसुरक्षित मंत्री था— अनन्तवर्मा का
- वसन्त भानु का अमात्य था— इन्द्रपालित
- इन्द्रपालित का पुत्र था— चन्द्रपालित
- वसन्तभानु का सहयोगी वनवासी राजा था— भानुवर्मा
- महासामन्त कुन्तलपति का नाम था— अवन्तिदेव
- अनन्तवर्मा की पुत्री थी— मंजुवादिनी
- विश्रुतचरित में कुएँ में गिरने वाला भास्कर वर्मा का सहायक वृद्ध था— नालीजंघा
- वसुन्धरा की माता का नाम था— सागरदत्ता

- वसुन्धरा के पिता का नाम था— कुसुमधन्वा
- विश्रुत के पिता का नाम था— सुश्रुत
- विश्रुत के पितामह का नाम था— सिन्धुदत्त
- चण्डवर्मा का अनुज था— प्रचण्डवर्मा
- मित्रवर्मा का मन्त्री था— आर्यकेतु
- मुरल देश का अधिपति था— वीरसेन
- ऋचीक देश का अधिपति था— एकबीर
- काङ्कण का राजा था— कुमारगुप्त
- सासिक्य का स्वामी था— नागपाल
- सामन्तो को आपस में संघर्ष कराकर मार दिया— वसन्त भानु ने
- वन प्रदेश का राजा था— भानुवर्मा
- विश्रुत को भास्कर वर्मा की कहानी बताता है— वृद्ध नालीजंघा
- भास्कर वर्मा की बहन मंजुवादिनी की उम्र थी— 13 वर्ष
- भयंकर ज्वर से पीड़ित होकर अपना शरीर त्याग दिया था— वसुरक्षित
- नालीजंघा को भास्कर वर्मा को सुरक्षित स्थान पर ले जाने दिया था— वसुन्धरा ने
- पाटलिपुत्र के वैश्य वैश्रवण की पुत्री थी— सागरदत्ता
- कोसल देश का राजा था— कुसुमधन्वा
- भास्करवर्मा और विश्रुत ने वेषधारण किया था— अघोरी साधु का (कापालिक)
- नालीजंघा से वसुन्धरा के पास संदेश (योजना) पहुंचाता है— विश्रुत
- गायक का वेष धारण कर प्रचण्डवर्मा के समीप जाकर मनोरंजन करने लगा था— अघोरी साधु
- भास्कर वर्मा और विश्रुत घुसकर बैठे थे— छिद्र में
- भानुवर्मा को उकसाकर अनन्तवर्मा से लड़वाया था— वसन्तभानु ने



दशकुमार चरितम्

दशकुमारों का नाम एवं परिचय

1.	राजवाहन	:	मगधराज राजहंस का पुत्र
2.	सोमदत्त	:	राजहंस के मन्त्री सितवर्मा के छोटे पुत्र सत्यवर्मा का पुत्र
3.	पुष्पोद्भव	:	मन्त्री पद्मोद्भव के कनिष्ठ पुत्र रत्नोद्भव का पुत्र
4.	अपहारवर्मा	:	राजहंस के मित्र और मिथिला के सम्राट प्रहारवर्मा का पुत्र
5.	उपहारवर्मा	:	प्रहारवर्मा का दूसरा पुत्र
6.	अर्थपाल	:	राजहंस के मन्त्री धर्मपाल के छोटे पुत्र कामपाल का पुत्र
7.	प्रमति	:	सितवर्मा के ज्येष्ठ पुत्र सुमति की सन्तान
8.	मित्रगुप्त	:	धर्मपाल के ज्येष्ठ पुत्र सुमन्त्र का पुत्र
9.	मन्त्रगुप्त	:	धर्मपाल के मंझले पुत्र सुमित्र का पुत्र
10.	विश्रुत	:	पद्मोद्भव के ज्येष्ठ पुत्र



हर्षचरितम्

- बाणभट्ट की रचना है— हर्षचरितम्
- 'हर्षचरितम्' है— आख्यायिका
- बाणभट्ट की प्रारम्भिक रचना है— हर्षचरितम्
- 'हर्षचरितम्' विभक्त है— उच्छवासों में
- 'हर्षचरितम्' में कुल उच्छवास हैं— 8
- प्रारम्भिक तीन उच्छवासों में वर्णित है— बाण की आत्मकथा
- ऐतिहासिक वृत्त पर आश्रित है— हर्षचरितम्
- श्रीकण्ठ नामक देश का एक प्रदेश है— स्थाण्वीश्वर (थानेसर)
- स्थाण्वीश्वर का राजा था— पुष्पभूति
- शिव का बहुत बड़ा भक्त था— पुष्पभूति
- भैरवाचार्य नामक शिवभक्त से मुलाकात हुई थी— पुष्पभूति की
- भैरवाचार्य ने 'अट्टहास' नामक अद्भुत खड्ग भेट किया था— पुष्पभूति को
- भैरवाचार्य ने अपनी सिद्धि हेतु सहायता मांगी थी— पुष्पभूति से
- भैरवाचार्य का बाल सखा था— टिट्टिभ
- भैरवाचार्य का शिष्य था— कर्णताल
- राजा के अलावा भैरवाचार्य की सहायता हेतु अन्य थे— तीन
- कृष्णचतुर्दशी को अर्द्धरात्रि में राजा गया था— भैरवाचार्य की सहायता हेतु
- पृथ्वी को विदीर्ण करके निकला था— नागाधिपति
- नागाधिपति का नाम था— श्रीकण्ठ
- नागाधिपति का युद्ध हुआ था— पुष्पभूति से
- नागाधिपति का युद्ध में वध किया था— पुष्पभूति ने
- 'आचार्य' (भैरवाचार्य) के कार्य की सिद्धि का वर लक्ष्मी से मांगा था— पुष्पभूति ने

- हर्ष नाम के चक्रवर्ती राजा के जन्म का वरदान पुष्पभूति को दिया था— लक्ष्मी ने
- पुष्पभूति ने उत्पन्न किया था— हरिवंश को
- प्रभाकरवर्धन का वर्णन प्रारम्भ होता है— चतुर्थ उच्छवास में
- प्रभाकरवर्धन की पत्नी का नाम था— यशोमती
- प्रभाकरवर्धन की प्रथम सन्तान थी— राज्यवर्धन
- प्रभाकरवर्धन की द्वितीय सन्तान थी— हर्षवर्धन
- प्रभाकरवर्धन की तृतीय सन्तान थी— पुत्री राज्यश्री
- यशोमती के भाई का 8 वर्षीय पुत्र था— भंडि
- यशोमती का भाई अपने पुत्र भंडि को सौंपता है— प्रभाकरवर्धन को
- राज्यश्री के बन्दी बनाये जाने की घटना वर्णित है— षष्ठ उच्छवास में
- राज्यवर्धन द्वारा मालवनरेश पर आक्रमण की घटना वर्णित है— षष्ठ उच्छवास में
- हर्ष के दिग्विजय का विवरण प्राप्त होता है— सप्तम उच्छवास में
- राज्यश्री की पुनर्प्राप्ति होती है— अष्टम उच्छवास में
- राज्यवर्धन को हूणों पर आक्रमण का आदेश देता है— प्रभाकरवर्धन
- राज्यवर्धन द्वारा हूणों पर आक्रमण की घटना वर्णित है— पञ्चम उच्छवास में
- हर्षवर्धन का अग्रज था— राज्यवर्धन
- प्रभाकरवर्धन का लेखहारक सेवक है— कुरंगक
- प्रभाकरवर्धन का वैद्यकुमार है— सुषेण
- प्रभाकरवर्धन द्वारा पुत्रवत्पालित राजवैद्य था— रसायन
- प्रभाकरवर्धन के मृत्यु से पूर्व ही अग्निप्रवेश करता है— रसायन
- यशोमती की प्रतिहारी थी— वेला
- हर्षचरितम् के पञ्चम उच्छवास का नाम है— महाराजमरणवर्णनम्
- हर्षचरितम् के प्रथम उच्छवास का नाम है— वात्स्यायनवंशवर्णनम्
- हर्षचरितम् के द्वितीय उच्छवास का नाम है— हर्षचरितसंकेते (हर्षचरित का राजदर्शन)

- हर्षचरितम् के तृतीय उच्छवास का नाम है— हर्षचरित का राजवंश वर्णन
- हर्षचरितम् के चतुर्थ उच्छवास का नाम है— चक्रवर्तिजन्मवर्णनम्
- हर्षचरितम् के षष्ठ उच्छवास का नाम है— राजप्रतिज्ञावर्णनम्
- हर्षचरितम् के सप्तम उच्छवास का नाम है— छत्रलब्धि
- 'हर्षचरितम्' के मंगलाचरण में वर्णन किया गया है— शिव का
- 'हर्षचरितम्' का मंगलाचरण है— नमस्कारात्मक
- मौखरिवंशीय कान्यकुब्जनरेश था— अवन्तिवर्मा
- अवन्तिवर्मा का ज्येष्ठ पुत्र था— ग्रहवर्मा
- ग्रहवर्मा का विवाह हुआ था— राज्यश्री से
- राज्यश्री अपने पति के साथ विवाह के बाद गयी— कान्यकुब्ज
- राज्यवर्धन युवराज बनता है— पञ्चम उच्छवास में
- राज्यवर्धन द्वारा हूणों पर आक्रमण करते समय कुछ दूर साथ में गया था— हर्षवर्धन
- प्रभाकरवर्धन ने युवराज बनाकर हूणों पर विजय प्राप्ति के लिए भेजा था— राज्यवर्धन को
- 'नियतिर्विधाय पुंसां प्रथमं सुखमुपरि दारुणं दुःखम्' यह है— पञ्चम उच्छवास में
- राज्यवर्धन को युद्ध के लिए भेजा गया था— उत्तरापथ
- 'हर्ष' ने रात्रि के चतुर्थ प्रहर में देखा— स्वप्न
- 'हर्ष' वनाग्नि द्वारा जलाया जाता हुआ सिंह देखा था— स्वप्न में
- जलते हुए सिंह को देखकर सिंहनी को भी दावाग्नि में कूदते हुए स्वप्न में देखा था— हर्ष ने
- कुरंगनामक दूरगामी सन्देशवाहक को आते देखता है— हर्षवर्धन
- सन्देशवाहक द्वारा दिए पत्र को पढ़ता है— हर्षवर्धन
- प्रभाकरवर्धन पीड़ित थे— महान दाहज्वर से
- हर्षवर्धन के चलते समय बाईं ओर निकलते हुए मृगों ने विनाश की सूचना दी थी— सिंहो के

- कौआ सूर्याभिमुख होकर सूखे वृक्ष पर बैठकर काँव-काँव किसके निकलते समय करने लगा?— हर्षवर्धन के
- हर्षवर्धन राजधानी पहुँचता है— दूसरे दिन दोपहर को
- 'मातापितृसहस्राणि पुत्रदारशतानि च' यह सूक्ति है— 'हर्षचरितम्' की
- 'मातापितृसहस्राणि पुत्रद्वारशतानि च' इसमें छन्द है— अनुष्टुप्
- प्रासाद के तीसरे आंगन में जाता है— हर्षवर्धन
- बीमार राजा प्रभाकरवर्धन शयन कर रहा था— धवलगृह में
- तीसरे आंगन में होता है— रनिवास
- प्रासाद में कक्षाएँ होती थी— तीन
- हर्ष के चारों समुद्रों का आधिपत्य हथेली पर रहने की बात कहता है— प्रभाकरवर्धन
- रसायन नामक वैद्य कुमार की आयु थी— 18 वर्ष
- रसायन अग्नि में प्रवेश करता है— पञ्चम उच्छवास में
- प्रभाकरवर्धन की मृत्यु होती है— पञ्चम उच्छवास में
- यशोमती सती होती है— पञ्चम उच्छवास में
- पैदल ही सरस्वती नदी के तट पर जाती है— यशोमती



कादम्बरी

- कादम्बरी के प्रणेता हैं— बाणभट्ट
- बाणभट्ट का वंश था— वात्स्यायन/ वत्स वंश
- बाणभट्ट का निवास स्थान था— प्रीतिकूट ग्राम
- सोन नदी के तट पर स्थित था— प्रीतिकूट ग्राम
- प्रीतिकूट ग्राम आज है— पीरू ग्राम के रूप में (औरंगाबाद जिले में, बिहार)
- सम्राट हर्ष के सभा पण्डित थे— बाणभट्ट
- बाणभट्ट के पितामह का नाम था— अर्थपति
- बाणभट्ट के पिता का नाम था— चित्रभानु
- बाणभट्ट की माता का नाम था— राजदेवी
- बाणभट्ट के पुत्र का नाम था— भूषणभट्ट (पुलिन्दभट्ट)
- बाणभट्ट की बहन का नाम था— मालती
- बाणभट्ट उपासक थे— शिव के
- बाणभट्ट की रीति है— पाञ्चाली
- बाणभट्ट को 'महानयं भुजङ्गः' कहा है— हर्ष ने
- 'वाणी बाणो बभूव' यह कथन है— गोवर्धनाचार्य का
- 'तुरङ्गबाण' यह उपाधि है— बाणभट्ट की
- 'वश्यवाणी कविचक्रवर्ती' यह कथन है— हर्षवर्धन का
- 'पञ्चबाणस्तु बाणः' यह कथन है— जयदेव का (प्रसन्न राघव में)
- 'कविताकामिनी कौतुक' यह कथन है— जयदेव का
- 'बाणोच्छिष्टं जगत्सर्वम्' यह कहा गया है— बाणभट्ट को
- 'बाणस्तु पञ्चाननः' यह कथन है— चन्द्रदेव का
- संस्कृत गद्य— साहित्य की सर्वोत्कृष्ट रचना है— कादम्बरी
- कादम्बरी है— कथा
- कादम्बरी का अर्थ है— मदिरा, सुरा

- कादम्बरी का मुख्य भाग है— शुकनासोपदेश
- बाणभट्ट की रचनाएँ— पाँच
  1. हर्षचरित 2. कादम्बरी 3. चण्डीशतक,
  4. पार्वती परिणयनाटक 5. मुकुटताडित
- कादम्बरी की कथा विभक्त है— दो भागों में
  1. पूर्वार्द्ध 2. उत्तरार्द्ध
- कादम्बरी का उपजीव्य है— बृहत्कथा का मकरन्दिकोपाख्यान
- बृहत्कथा के प्रणेता हैं— गुणाढ्य
- बृहत्कथा की भाषा है— पैशाची
- कादम्बरी के पूर्वार्द्ध भाग के रचयिता हैं— बाणभट्ट
- कादम्बरी के उत्तरार्द्ध भाग के रचयिता हैं— पुलिन्दभट्ट
- 'कादम्बरी' का नायक है— चन्द्रापीड
- कादम्बरी की नायिका है— कादम्बरी
- कादम्बरी का सहनायक था— वैशम्पायन
- कादम्बरी की सहनायिका थी— महाश्वेता
- तीन जन्मों की कथा वर्णित है— कादम्बरी में
- कादम्बरी मे किसके तीन जन्मों की कथा वर्णित है?— चन्द्रापीड एवं वैशम्पायन
- चन्द्रापीड का प्रथम जन्म था— चन्द्रमा का
- चन्द्रापीड का द्वितीय जन्म था— चन्द्रापीड का
- चन्द्रापीड का तृतीय जन्म था— शूद्रक का
- वैशम्पायन का पहला जन्म था— पुण्डरीक का
- वैशम्पायन का द्वितीय जन्म था— वैशम्पायन का
- वैशम्पायन का तृतीय जन्म था— शुक का
- 'कादम्बरी' के नायक की कोटि है— धीरोदात्त
- 'कादम्बरी' की नायिका का विवाह से पूर्व की कोटि थी— परकीया मुग्धा
- 'कादम्बरी' की नायिका का विवाह के बाद की कोटि थी— स्वकीया मध्या

- कादम्बरी का प्रधान रस है— शृंगार
- कादम्बरी में गुण हैं— माधुर्य
- कादम्बरी के मंगलाचरण में नमस्कार किया गया है— त्रिगुण स्वरूप अजन्मा परब्रह्म को
- 'रजोजुषे जन्मनि सत्ववृत्तये स्थितौ......' यह है— मंगलाचरण
- रजोगुण सम्पन्न कहा गया है— ब्रह्मा को
- सत्त्वगुण सम्पन्न कहा गया है— विष्णु को
- तमोगुण सम्पन्न कहा गया है— शिव को
- कादम्बरी का मंगलाचरण है— नमस्कारात्मक
- कादम्बरी के मंगलाचरण में छन्द हैं— वंशस्थ
- भगवान शिव के चरण रज की स्तुति की गयी है— कादम्बरी के श्लोक में
- बाण ने अपने गुरु भर्वु (भत्सु) के चरणों की वन्दना किया है— तृतीय श्लोक में
- बाण ने कादम्बरी कथा की प्रशंसा किस श्लोक में की है— 8 एवं 9 में
- राजा शूद्रक के प्रभाव गुणों और वैभव के वर्णन से आरम्भ होती है— कादम्बरी कथा
- शूद्रक की राजधानी थी— विदिशा
- विदिशा का राजा था— शूद्रक
- राजा के सभामण्डप में आती है— चाण्डाल कन्या
- वैशम्पायन नामक शुक लेकर आयी थी— चाण्डाल कन्या
- शुक के गुणों का वर्णन करता है— वृद्ध
- शुक ने अपना सम्पूर्ण वृत्तान्त सुनाया था— शूद्रक को
- राजा शूद्रक का प्रधानमंत्री था— कुमारपालित
- अपना दक्षिण चरण उठाकर राजा की प्रशंसा में आर्या छन्द पढ़ता है— शुक
- शुक अपने जन्म की कथा किसके सामने सुनाता है?— शूद्रक के
- शुक ने राजा को नमस्कार किया था— आर्या छन्द में

- 'स्तनयुगमश्रुस्नातं समीपतरवर्ति हृदयशोकाग्नेः' यह कथन है— शुक का
- 'चरति विमुक्ताहारं व्रतमिव भवतो रिपुस्त्रीणाम्' यह कथन है— शुक का
- वैशम्पायन एवं उसके माता पिता का निवास स्थान था— शाल्मली (सेमर) वृक्ष
- वैशम्पायन के जन्म के अनन्तर मृत्यु हुई थी— वैशम्पायन की माता का
- महर्षि जाबलि का पुत्र था— हारीत
- वैशम्पायन को जाबालि के आश्रम में लाया था— हारीत
- वैशम्पायन के दुष्कर्म की कथा का वर्णन किया था— जाबालि ने (रात्रि में)
- वैशम्पायन कितनी श्रुतियों का वेत्ता था?— 22
- चाण्डाल कन्या (मातङ्गिनी) आयी थी— दक्षिणापथ से
- सभा विसर्जन के बाद शूद्रक गया था— व्यायामस्थली में
- वात्स्यायन नामक वंश में पैदा हुए थे— कुबेर
- 'त्रिभुवनप्रसवभूमिरिव विस्तीर्णा' यह विशेषता किसके लिए प्रयुक्त है?— विदिशा के लिए
- शूद्रक ने स्नान करके पूजा किया था— पशुपति शंकर की
- अवन्ति देश की राजधानी थी— उज्जयिनी
- उज्जयिनी का राजा था— तारापीड
- तारापीड की पत्नी का नाम था— विलासवती
- शुकनास नामक प्रधानमंत्री था— तारापीड का
- चतुर्दशी का व्रत कर विलासवती दर्शन करने गई थी— महाकाल का
- विलासवती किसकी आज्ञा से व्रताचरण करने लगी?— तारापीड की
- रात में अपने स्वप्न में विलासवती के मुख में चन्द्रमा को प्रवेश करते देखा था— तारापीड ने
- शुकनास की पत्नी का नाम था— मनोरमा

- स्वप्न में ब्राह्मण को मनोरमा की गोद में खिले कमल को रखते हुए देखा था— शुकनास ने
- तारापीड ने अपने पुत्र का नाम रखा था— चन्द्रापीड
- शुकनास ने अपने पुत्र का नाम रखा था— वैशम्पायन
- 'कूलूतदेश' के राजा की पुत्री थी— पत्रलेखा
- उज्जयिनी नरेश के पुत्र तारापीड एवं शुकनास के पुत्र वैशम्पायन की कथा का वर्णन करते हैं— जाबालि
- चन्द्रापीड के घोड़े का नाम था— इन्द्रायुध
- इन्द्रायुध पूर्व जन्म में था— कपिञ्जल
- चन्द्रापीड की सेविका थी— पत्रलेखा
- पत्रलेखा पूर्व जन्म में थी— रोहिणी
- पुण्डरीक का मित्र था— कपिञ्जल
- चाण्डाल कन्या पूर्व जन्म में माता थी— पुण्डरीक की
- चाण्डाल कन्या का पूर्वजन्म में नाम था— लक्ष्मी
- पुण्डरीक के पिता का नाम था— श्वेतकेतु
- शूद्रक की राजधानी विदिशा किस नदी के किनारे थी?— वेत्रवती (वेतवा) नदी के
- शूद्रक क्या बजाने में निपुण था?— मृदंग
- 'रजनिकरगभस्तयः' में 'गभस्तयः' पद का अर्थ है— किरणें
- शाल्मली वृक्ष का वर्णन है— कादम्बरी कथामुख में
- अच्छोद सरोवर में स्नान किया था— चन्द्रापीड ने
- इन्द्रायुध अश्व का सजीव वर्णन करने के कारण बाणभट्ट को कहा गया— तुरङ्गबाण
- अप्सराओं के कितने 'कुल' कहे गए हैं— 14
- दक्षराज की कन्या थी— मुनि और अरिष्टा
- गन्धर्वों ने समागम किया था— मुनि और अरिष्टा से
- मुनि के गर्भ से जन्म हुआ था— चित्ररथ का
- अरिष्टा के गर्भ से जन्म हुआ था— हंस का
- गन्धर्वराज हंस का विवाह हुआ था— गौरी से

- 'सोममयूखोत्पन्न' कुल में जन्म हुआ था— गौरी का
- हंस और गौरी की पुत्री थी— महाश्वेता
- पुण्डरीक के कान पर लगी पारिजात की कुसुम-मञ्जरी से आकर्षित होती है— महाश्वेता
- नन्दनवन के देवता द्वारा पारिजात मञ्जरी भेंट की गयी थी— पुण्डरीक को
- महाश्वेता की सहचरी थी— तरलिका
- गन्धर्वराज चित्ररथ की पुत्री थी— कादम्बरी
- कादम्बरी का वीणावाहक अनुचर था— केयूरक
- कादम्बरी की सहचरी थी— मदलेखा
- कादम्बरी की माता का नाम था— मदिरा
- गन्धर्वराज चित्ररथ का निवास स्थान था— हेमकूट पर्वत
- अच्छोद सरोवर का निर्माण करवाया था— चित्ररथ ने
- तम्बरू भाई था— हंस का
- चन्द्रवंशोत्पन्न थी— गौरी
- प्रियंगु-मञ्जरी होती है— गौरवर्ण की
- आर्याछन्दोबद्ध प्रेम पत्र लिखने वाला था— पुण्डरीक
- कादम्बरी का उल्लेख हुआ है— कथा के मध्य में
- कादम्बरी की प्रणयकथा का आधार कहा जा सकता है— महाश्वेता की प्रणयकथा को
- कादम्बरी एवं चन्द्रापीड के पुनर्मिलन से अन्त होता है— कादम्बरी कथा का
- कादम्बरी के कथामुख के प्रारम्भ में किस राजा का वर्णन है?— शूद्रक का
- यह सारा जगत किस कवि का उच्छिष्ट माना जाता है?— बाणभट्ट का
- 'भवादृशा एव भवन्ति भाजनान्युपदेशानाम्' यहाँ 'भवादृशा' पद से किसका संकेत है?— चन्द्रापीड का

✦✦✦

शुकनासोपदेश

- राज्याभिषेक के अवसर पर चन्द्रापीड को उपदेश दिया था— शुकनास ने
- शुकनास चन्द्रापीड के लिए कौन सा सम्बोधन प्रयुक्त करते हैं?— 'तात'
- किसके अनुसार युवावस्था के प्रभाव से उत्पन्न अन्धकार सूर्य से नहीं भेदा जा सकता है?— शुकनास के
- लक्ष्मी से उत्पन्न मद होता है— दु:ख देने वाला
- किसकी दाहज्वर को शीतल उपचारों से ठीक नहीं किया जा सकता?— दर्प (अभिमान) की
- किसका मल, स्नान एवं शौच आदि कार्यों से भी दूर नहीं होता है?— राग का
- 'अनर्थ' की परम्पराएँ हैं— चार
- जन्म से प्राप्त ऐश्वर्य को शुकनास ने कहा है— अनर्थकारी
- नयी युवावस्था को शुकनास ने कहा है— अनर्थकारी
- अनुपम सौन्दर्य को शुकनास ने कहा है— अनर्थकारी
- अलौकिक शक्ति को शुकनास ने कहा है— अनर्थकारी
- युवावस्था के आरम्भ में किस जल के प्रक्षालन के बाद भी बुद्धि कलुषता को प्राप्त करती है?— शास्त्रजल के
- किसको त्यागे बिना भी युवकों की दृष्टि लालिमा (राग) से युक्त रहती है?— श्वेतता के
- किससे उत्पन्न भ्रान्ति पुरुष को अपनी इच्छा से घुमाती है?— रजोगुण से
- इन्द्रियहरिणो को नष्ट कर देती है— उपभोगमृगतृष्णा
- विषयों में आसक्ति, दिग्भ्रमित व्यक्ति की तरह नष्ट कर देती है— पुरुष को
- चन्द्रमा की किरणें किस मणि में सरलता से प्रविष्ट होती है?— स्फटिक मणि में
- निर्मल हृदय में सरलता से प्रवेश करता है— उपदेश

- शिष्ट व्यक्ति की शोभा को हाथी के शंखाभूषण की तरह बढ़ा देते हैं— गुरुपदेश
- प्रदोष के चन्द्रमा के समान दोषरूपी अन्धकार को दूर करता है— गुरुवचन
- शुकनास सर्वप्रथम किसके विषय में चन्द्रापीड को उपदेश देते हैं?— लक्ष्मी के
- लक्ष्मी के चरित्र का प्रमुखता से चित्रण किया गया है— शुकनासोपदेश में
- दुष्टा, पिशाची, अनार्या, दुराचारिणी आदि पदों का प्रयोग किया गया है— लक्ष्मी के लिए
- 'यथा यथा चेयं चपला दीप्यते' यहाँ 'चपला' पद का संकेत किया गया है— लक्ष्मी के लिए
- 'इषव:' पद का अर्थ है— शूर (बाण, तीर)
- 'कुलीरा: इव तिर्य्यक् परिभ्रमन्ति' यहाँ 'कुलीर' पद का अर्थ है— केकड़ा
- 'खद्योत' पद का अर्थ है— जुगनू
- 'राहुजिह्वा धमेन्दुमण्डलस्य' यहाँ 'राहुजिह्वा' पद प्रयुक्त है— लक्ष्मी के लिए
- 'आशीविषा:' पद का अर्थ है— सर्प
- लक्ष्मी पैदा हुई थी— क्षीर सागर में
- लक्ष्मी ने पारिजात के पल्लवों से ग्रहण किया था— अनुराग
- लक्ष्मी 'कर्कशता' ग्रहण करती है— कौस्तुभमणि से
- पुरुषों में स्थित समस्तदोषों को गुणरूप में परिणत कर देते हैं— गुरुपदेश
- 'विदितवेदितव्यस्य अधीतसर्वशास्त्रस्य ते नाल्पमप्युपदेष्टव्यमस्ति' यहाँ 'अधीतसर्वशास्त्रस्य' पद प्रयुक्त किया गया है— चन्द्रापीड के लिए
- 'निम्नगा' पद का अर्थ है— नदी
- 'अमृतसहोदरापि कटुविपाका' है— लक्ष्मी
- महाकवि मयूरभट्ट की बहन से विवाह हुआ था— बाणभट्ट का।



महाश्वेता— वृत्तान्त

- महाश्वेता के आराध्यदेव भगवान शिव की प्रतिमा थी— चतुर्मुखी
- अमृत के समान ही सभी इन्द्रियों को सुखमग्न करने में समर्थ था— सरोवर का जल
- चन्द्रापीड किस किनारे पर पहुँच कर घोड़े से उतरा था?— दक्षिणी किनारे पर
- चन्द्रापीड किसके समान सरोवर से जलपान किया?— चातक के
- चन्द्रापीड किसके समान मृणाल-खण्डों का स्वाद लिया?— चकवे के
- चन्द्रापीड किसके समान अपने करों से कुमुद पुष्पों का स्पर्श किया?— चन्द्रमा के
- चन्द्रापीड विश्राम के समय सरोवर के किस किनारे से आती हुई गीत ध्वनि सुनी थी?— उत्तरी किनारे से
- कैलाश की तलहटी के किस स्थान में स्थित शिव का सिद्ध मन्दिर चन्द्रापीड ने देखा था?— चन्द्रप्रभ में
- श्वेतमुक्ताशैल से निर्मित मन्दिर था— शिव का
- महाश्वेता कितने वर्ष की प्रतीत हो रही थी— 18 वर्ष की
- शिवालय से कितने पद की दूरी पर महाश्वेता का निवास स्थान था?— 100
- महाश्वेता का बिछौना था— बल्कट का
- चन्द्रापीड से उसका वृत्तान्त पूछा था— महाश्वेता ने
- अप्सराओं का पहला कुल उत्पन्न हुआ था— ब्रह्मा से
- अप्सराओं का दूसरा कुल उत्पन्न हुआ था— वेदों से
- अप्सराओं का तीसरा कुल उत्पन्न हुआ था— अग्नि से
- अप्सराओं का चौथा कुल उत्पन्न हुआ था— वायु से
- अप्सराओं का पाँचवां कुल उत्पन्न हुआ था— अमृत से
- अप्सराओं का छठवाँ कुल उत्पन्न हुआ था— जल से

- अप्सराओं का सातवाँ कुल उत्पन्न हुआ था— सूर्य से
- अप्सराओं का आठवाँ कुल उत्पन्न हुआ था— चन्द्रमा की किरणों से
- अप्सराओं का नवाँ कुल उत्पन्न हुआ था— पृथ्वी से
- अप्सराओं का दसवाँ कुल उत्पन्न हुआ था— विद्युत से
- अप्सराओं का ग्यारहवाँ कुल उत्पन्न हुआ था— मृत्यु से
- अप्सराओं का बारहवाँ कुल उत्पन्न हुआ था— कामदेव से
- प्रजापति दक्ष की कन्या थी— मुनि और अरिष्टा
- मुनि और अरिष्टा का गन्धर्वों के साथ समागम से उत्पन्न हुआ था— दो कुल
- अप्सराओं की उत्पत्ति का वर्णन किया था— महाश्वेता ने
- अप्सराओं के सब मिलाकर कुल थे— 14
- मुनि की कुल कितनी सन्तानें थीं— 16
- मुनि का सोलहवां पुत्र था— चित्रसेन
- चित्रसेन के कुल भाई थे— 15
- पराक्रम एवं गुणों में सर्वश्रेष्ठ गन्धर्व था— चित्ररथ
- इन्द्र ने अपना मित्र बनाया था— चित्ररथ को
- भारतवर्ष के उत्तर में किंपुरुषवर्ष का हेमकूट नामक हर्ष-पर्वत निवास स्थान था— चित्ररथ और हंस का
- अच्छोद सरोवर को खुदवाया था— चित्ररथ ने
- चित्ररथ नामक वन का निर्माण करवाया था— चित्ररथ ने
- भगवान शंकर के शिवलिंग को बनवाकर स्थापित किया था— चित्ररथ ने
- अरिष्टा के कुल पुत्र थे— 6
- अरिष्टा के 6 पुत्रों में सबसे बड़ा पुत्र था— हंस
- जगत्प्रसिद्ध गन्धर्व हुआ था— हंस
- चन्द्रमा की किरणों से उत्पन्न अप्सराओं के कुल में दो कन्याएँ उत्पन्न हुई— श्वेतांगी और गौरी

- अपनी माता के साथ महाश्वेता स्नान करने गयी थी— अच्छोद सरोवर में
- महाश्वेता सरोवर में स्नान करने किस ऋतु में गयी थी?— वसन्त
- कामदेव का मित्र है— वसन्त
- श्वेतकमल से जन्म हुआ था— पुण्डरीक का
- पुण्डरीक के पिता का नाम था— श्वेतकेतु
- पुण्डरीक के बारे में पूँछती हैं— महाश्वेता
- पुण्डरीक के बारे में महाश्वेता को बताता है— कपिञ्जल
- मञ्जरी को अपने कानों से उतार कर महाश्वेता के कानों में पहनाया था— पुण्डरीक ने
- राजमहल का वह भाग जहाँ राजकुमारियाँ रहती थी— कन्यान्तःपुर
- महाश्वेता के साथ स्नान करने गयी थी— तरलिका
- गन्धर्वों का निवास स्थान था— हेमकूट
- तमालवृक्ष के पत्तो का रस निचोड़कर वल्कल के दुपट्टे की पट्टी पर चिट्ठी लिखा था— कपिञ्जल
- कपिञ्जल चिट्ठी देता है— तरलिका को
- महाश्वेता के लिए तरलिका से पत्र भेजता है— कपिञ्जल
- कपिञ्जल द्वारा लिखा गया पत्र निबद्ध था— आर्या छन्द में
- 'दूरं मुक्तालतया बिससितया विप्रलोभ्यमानो मे।
- हंस इव दर्शिताशो मानसजन्मा त्वया नीतः।। यह कथन है— कपिञ्जल का
- महाश्वेता से पुण्डरीक की माला लेने आया था— कपिञ्जल
- पुण्डरीक की चिन्तनीय दशा का वर्णन महाश्वेता से करता है— कपिञ्जल
- कपिञ्जल माला लेने गया था— सायंकाल में
- रूप का मित्र है— यौवन
- यौवन का मित्र है— कामदेव
- वसन्त का मित्र है— दक्षिण वायु (मलयानिल)

- महाश्वेता किससे मन्त्रणा कर प्रमद-वन की ओर पुण्डरीक से मिलने गयी?— तरलिका से
- स्वर्ग से उतरा महापुरुष किसके शरीर को उठाकर ले जाता है?— पुण्डरीक के
- मृत पुण्डरीक के साथ जाता है— कपिञ्जल
- महाश्वेता को प्राण न त्यागने की बात कहता है— महापुरुष
- पुण्डरीक के साथ महाश्वेता के मिलन की बात कहता है— महापुरुष
- 'अमृतवंश' था— मदिरा का
- महाश्वेता का शोक वृत्तान्त सुनकर विवाह न करने की प्रतिज्ञा की थी— कादम्बरी
- कुन्ती के वंश का नाम था— वृष्णिवंश
- अर्जुन को युद्ध में मार देने वाले पुत्र का नाम था— वभ्रुवाहन
- अर्जुन को जीवित करने वाली उनकी पत्नी का नाम था— नागकन्या उलूपी
- 'कामपीड़ा' में दिवंगत हो गया था— पुण्डरीक
- चन्द्रापीड पिता के बुलाने पर आता है— उज्जयिनी
- 'न परिचयं रक्षति, नाभीजनमीक्षते' यहाँ वर्णन है— लक्ष्मी का



शुकनासोपदेश की प्रमुख सूक्तियाँ

1. अकारणश्च भवति दुष्प्रकृतेरन्वयः श्रुतं वा विनयस्य।
2. 'अजस्रमक्षपावसानप्रबोधा घोरा च'।
3. कष्टमनञ्जनवर्तिसाध्यम् ऐश्वर्यतिमिरान्धत्वम्
4. अपरिणामोपशमो दारुणो लक्ष्मीमदः।
5. सततममूलमन्त्रशम्यः विषमो विषयविषास्वादमोहः।
6. अलीकाभिमानोन्मादकारीणि धनानि।
7. अशिशिरोपचारहर्योऽतितीव्रः दर्पदाहज्वरोष्मा।
8. नित्यमस्नानशौचबाध्यः बलवान् रागमलावलेपः।
9. अहंकार-दाहज्वर-मूर्च्छान्धकारिता विह्वला हि राजप्रकृतिः।
10. आरूढप्रतापो हि राजा त्रैलोक्यदर्शीव सिद्धादेशो भवति।
11. इन्द्रियहरिणहारिणी च सततमतिदुरन्तेयम्-उपभोगमृगतृष्णिकाः।
12. कनकमयमिव सर्वं पश्यन्ति तृष्णाविषमूर्च्छिता राजानः।
13. कुसुमशर-शरप्रहारजर्जरिते हि हृदये जलमिव गलत्युपदिष्टम्।
14. गन्धर्वनगरलेखेव पश्यत एव नश्यति।
15. गुरुवचनममलमपि सलिलमिव।
16. तरलहृदयमप्रतिबुद्धश्च मदयन्ति धनानि।
17. प्रतिशब्दक इव राजव चनमनुगच्छति जनो भयात्।
18. यौवनारम्भे अनुज्झितधवलतापि सरागैव भवति यूनां दृष्टिः।
19. यौवनारम्भे प्रायः शास्त्रजलप्रक्षालननिर्मलापि कालुष्यमुपयाति बुद्धिः।
20. राज्यविषविकारतन्द्राप्रदा राजलक्ष्मीः।
21. लतेव लक्ष्मीः विटपकानध्यारोहति।
22. अतिगहनं तमो यौवन प्रभवम्।



कादम्बरी के पात्र

शूद्रक – विदिशा का राजा, चन्द्रापीड का अवतार
कुमारपालित – शूद्रक का प्रधानामात्य
जाबालि – कथा कहने वाले महर्षि
हारीत – जाबालि का पुत्र
चन्द्रापीड – प्रधान नायक
तारापीड – चन्द्रापीड के पिता, उज्जयिनी के राजा
शुकनास – तारापीड का मंत्री
बलाहक – तारापीड का बलाधिकृत
मेघनाद – बलाहक का पुत्र चन्द्रापीड का महाबलाधिकृत
कैलास – अन्तःपुर का प्रधान कंचुकी
मंगल – शुकनास का भृत्य
जालपाद – जाबालि का शिष्य
पुण्डरीक – महर्षि श्वेतकेतु का पुत्र और महाश्वेता का प्रेमी
कपिञ्जल – पुण्डरीक का सखा
श्वेतकेतु – पुण्डरीक के पिता
हंस ‘ महाश्वेता के पिता
चित्ररथ – कादम्बरी के पिता
केयूरक – कादम्बरी का वीणा वाहक
क्षोरोद – चित्ररथ का कञ्चुकी
मातङ्गक – शबर सेनापति
वैशम्पायन – शुकशावक, पुण्डरीक का अवतार

इन्द्रायुध	-	चन्द्रापीड का घोड़ा, कपिञ्जल का अवतार
गन्धमादन	-	चन्द्रापीड का राजकुंजर
कालिन्दी	-	कादम्बरी की सारिका
परिहास	-	कादम्बरी का शुक, कालिन्दी का पति
कादम्बरी	-	नायिका
मदिरा	-	चित्ररथ की पत्नी, कादम्बरी की माता
गौरी	-	महाश्वेता की माता, हंस की पत्नी
मदलेखा	-	कादम्बरी की प्रधान सखी
तमालिका	-	कादम्बरी की सखी
तरलिका	-	महाश्वेता की ताम्बूल-करंक वाहिनी
पत्रलेखा	-	चन्द्रापीड की प्रियसखी
विलासवती	-	तारापीड की पत्नी, चन्द्रापीड की माता
मनोरमा	-	शुकनास की पत्नी
मकरिका	-	विलासवती की तांबूलकरंक वाहिनी
कुलवर्धना	-	विलासपती के अन्तःपुर की महत्तरिका
चाण्डालकन्या	-	पुण्डरीक की माता, लक्ष्मी का अवतार।

✦✦✦

शिवराजविजय

- अम्बिकादत्तव्यास के पितामह का नाम था— पं. राजाराम
- अम्बिकादत्तव्यास के पिता का नाम था— दुर्गादत्त
- अम्बिकादत्तव्यास के चाचा का नाम था— देवीदत्त
- अम्बिकादत्तव्यास के पुत्र का नाम है— राधाकुमार
- अम्बिकादत्तव्यास का गोत्र है— पाराशर
- अम्बिकादत्तव्यास का जन्म स्थान है— राजस्थान, जिला-जयपुर ग्राम रावत जी का झूला, मुहल्ला सिलावटी
- अम्बिकादत्तव्यास का जन्म समय था— चैत्र शु. अष्टमी संवत 1915 (1858ई.)
- अम्बिकादत्तव्यास की मृत्यु हुई थी— मार्ग शीर्ष (अगहन) कृष्णपक्ष त्रयोदशी सोमवार संवत 1957 (1900 ई.)
- काशी में अध्ययन अध्यापन किया था— अम्बिकादत्तव्यास ने
- अम्बिकादत्तव्यास की कुल रचनाएँ लगभग हैं— 78
- अम्बिकादत्तव्यास की हिन्दी रचना है— बिहारी-विहार (कुण्डलिनी छन्द में)
- 'पीयूष प्रवाह' पत्रिका का सम्पादन किया था— अम्बिकादत्तव्यास ने
- 'ब्रह्मामृतवर्षिणी' सभा द्वारा अम्बिकादत्तव्यास को उपाधि दी गयी थी— घटिकाशतक की
- 24 मिनट में एक सौ पद्य की रचना करने के कारण उपाधि दी गयी थी— घटिकाशतक की
- 'शतावधान' की उपाधि दी गयी थी— अम्बिकादत्तव्यास को
- काशी की महासभा द्वारा 'भारतरत्न' की उपाधि दी गयी थी— अम्बिकादत्तव्यास को

- ‘अभिनवबाण/ आधुनिकवाण’ की उपाधि दी गयी थी— अम्बिकादत्तव्यास को
- ‘भारतभूषण’ की उपाधि दी गयी थी— अम्बिकादत्तव्यास को
- ‘महाकवि’ की उपाधि दी गयी थी— अम्बिकादत्तव्यास को
- प्रथम ऐतिहासिक उपन्यास के प्रणेता थे— अम्बिकादत्तव्यास
- अम्बिकादत्तव्यास ने अपना जीवन-परिचय लिखा है— ‘बिहारी- विहार’ में
- कितने वर्ष की अवस्था में अम्बिकादत्त ने धर्मसभा की परीक्षा में पुरस्कार प्राप्त किया था?— 12 वर्ष की
- बिहार में ‘संस्कृत-संजीवनी समाज’ की स्थापना की थी— अम्बिकादत्त व्यास ने
- अम्बिकादत्तव्यास ने कितने वर्ष की अवस्था में काव्य रचना आरम्भ कर दिया था?— 10 वर्ष की
- ‘शिवराजविजयम्’ की रचना अम्बिकादत्त ने की थी— 1870ई. में
- ‘शिवराजविजयम्’ को अम्बिकादत्त की मृत्यु के बाद कब प्रकाशित किया गया था?— 1901 ई. में
- अम्बिकादत्तव्यास का विवाह हुआ था— 13 वर्ष में
- अम्बिकादत्तव्यास की मृत्यु हुई थी— संवत 1957 (1900 ई.) में
- ‘विष्णोर्माया भगवती यया सम्मोहितं जगत्’ यह मङ्गलाचरण है— शिवराजविजय का
- शिवराजविजय का मङ्गलाचरण लिया गया है— भागवतपुराण के दशम स्कन्ध से
- विष्णु की माया को ऐश्वर्यशालिनी बताया गया है— मङ्गलाचरण में
- ‘शिवराजविजय’ का कथानक विभक्त है— तीन विरामों में
- ‘प्रत्येक विराम में हैं— चार निःश्वास
- शिवराजविजय में कुल निःश्वास हैं— 12
- नमस्कारात्मक एवं वस्तुनिर्देशात्मक मङ्गलाचरण है— शिवराजविजय का

- ‘शिवराजविजयम्’ में रस है— वीर
- प्रातःकाल एवं सूर्य भगवान के वर्णन से आरम्भ होता है— शिवराजविजय
- ‘शिवराजविजयम्’ के नायक हैं— शिवाजी
- शिवाजी के काल में आश्रम बने थे— दो-2 कोस पर
- मुसलमानों की गतिविधियों पर नजर रखते थे— आश्रम
- गौरबटु की उम्र लगभग थी— 16 वर्ष
- गौरबटु का भाई (साथी) था— श्यामबटु
- बीजापुर दरबार ने शिवाजी से युद्ध के लिए भेजा था— अफजल खाँ को
- अफजल खाँ किस नदी के तट पर शिविर डाला था?— भीमा नदी
- बीजापुर के शासक ‘सन्धि’ के धोखे से पकड़ना चाहते थे— शिवाजी को
- बीजापुर दरबार का पत्र ले जाते समय यवन गुप्तचर ने अपहरण किया था— ब्राह्मण कन्या का
- भालू के आ जाने पर यवन युवक कन्या को छोड़कर चढ़ता है— शाल्मली वृक्ष पर
- ब्रह्मचारी गुरु के शिष्य थे— गौरसिंह और श्यामसिंह
- गौरसिंह और श्यामसिंह द्वारा बचायी गयी थी— ब्राह्मण कन्या
- यवन गुप्तचर मारा गया— गौरसिंह द्वारा
- बीजापुर का गुप्त सन्देश यवन के वस्त्रों से प्राप्त हुआ था— गौरसिंह को
- गुप्तसन्देश का पता चल जाता है— शिवाजी को
- अफजलखाँ को छलने की योजना बनाते हैं— शिवाजी
- बीजापुर से सन्धि प्रस्ताव लेकर भेजे गए थे— पं. गोपीनाथ
- पं. गोपीनाथ द्वारा प्रतापदुर्ग की तलहटी में अफजल खाँ से मिलने का प्रबन्ध किया था— शिवाजी ने

- गायक के वेष में अफजलखाँ के शिविर में जाकर भेद लिया था—गौरसिंह
- कपड़ों के अन्दर कवच और हाथों में 'बाघनख' नामक हथियार पहनकर अफजलखाँ से मिलने गए थे—शिवाजी
- आलिंगन के समय अफजल खाँ के कन्धों एवं गर्दन को फाड़कर मार डाला था—शिवाजी ने
- ब्राह्मण कन्या का संरक्षक था—एक वृद्ध ब्राह्मण
- ब्राह्मण कन्या गौरसिंह और श्यामसिंह की थी—बहन
- वृद्ध ब्राह्मण गौरसिंह और श्यामसिंह का था—पुरोहित देवशर्मा
- ब्रह्मचारी गुरु के अनुरोध पर अपना वृत्तान्त सुनाया था—गौरसिंह
- उदयपुर के जागीरदार खड्गसिंह की पुत्री थी—सौवर्णी
- उदयपुर के जागीरदार खड्गसिंह के पुत्र थे—गौरसिंह और श्यामसिंह
- 'पूना' पर अधिकार कर लिया था—'शाइस्ता खाँ'
- शिवाजी ने अपना संदेश रघुवीर सिंह द्वारा भेजा था—तोरण दुर्ग के अध्यक्ष के पास
- तोरणदुर्ग के अध्यक्ष की आज्ञा से हनुमान मंदिर में ठहरा था—रघुवीर सिंह
- पुरोहित 'देवशर्मा' सौवर्णी को लेकर रहता था—हनुमान मन्दिर में
- रघुवीर सिंह सौवर्णी को देखता है—वाटिका में
- रघुवीर सिंह को शाइस्ता खाँ के साथ होने वाले युद्ध का भविष्य पूछने को देवशर्मा के पास भेजा था—शिवाजी ने
- देवशर्मा ने यवनों के साथ युद्ध में विजय का भविष्य बताता है—रघुवीर सिंह को
- देवशर्मा ने आर्यों के साथ युद्ध में पराजय का भविष्य बताता है—रघुवीर सिंह को
- पंडित के वेश में 'माल्यश्रीक' के साथ 'शाइस्ता खाँ' के निवास पूना जाकर निरीक्षण किया था—शिवाजी ने

- शिवाजी का पीछा सन्देह के कारण करता है—चाँद खाँ
- शिवाजी ने वध किया—चाँद खाँ का
- बारात के बहाने पूना में प्रवेश करते हैं—शिवाजी
- चाँद खाँ और शाइस्ता खाँ के पुत्र मारे गए थे—रघुवीर सिंह द्वारा
- घायल उंगली के साथ भाग गया था—शाइस्ता खाँ
- औरंगजेब की पुत्री 'रोशनआरा' को गिरफ्तार किया था—रघुवीर सिंह ने
- गौरसिंह से अपने पुत्र 'वीरेन्द्र सिंह' का वृत्तान्त बताता है—ब्रह्मचारी गुरु
- सौवर्णी ने क्रूरसिंह द्वारा किए जाने वाले अपमान की बात बताती है—रघुवीर सिंह को
- शिवाजी के प्रति प्रेम प्रकट करती है—रोशनआरा
- शिवाजी ने पिता द्वारा दिए जाने पर ही स्वीकार करने की बात कही थी—रोशनआरा से
- जयसिंह से सन्धि करने पर विवश हुए थे—शिवाजी
- 'सन्धि में शिवाजी को वापस करना पड़ा था—रोशनआरा और मुअज्जम को
- 'बीजापुर' किले को रघुवीर सिंह की सहायता से जीता था—शिवाजी ने
- रहमतखाँ और क्रूरसिंह द्वारा राजद्रोही बताये जाने पर शिवाजी निष्कासित करता है—रघुवीर सिंह को
- 'राघवस्वामी' का वेशधारण कर शिवाजी का उपकार करता रहा—रघुवीर सिंह
- क्रूरसिंह का वध करता है—रघुवीर सिंह
- जयसिंह की सन्धि के अनुसार औरंगजेब के दरबार दिल्ली में उपस्थित होता है—शिवाजी
- औरंगजेब के दरबार में जाते हुए शिवाजी को रोकता है—रघुवीर सिंह
- शिवाजी को नजरबन्द करवाता है—औरंगजेब

- औरंगजेब की कैद से शिवाजी किसकी सहायता से भागने में सफल होते हैं?— रघुवीर सिंह के
- 'मण्डलेश्वर' पद प्रदान किया गया था— रघुवीर सिंह को
- सौवर्णी के साथ विवाह होता है— रघुवीर सिंह का
- 'सतारा नगर' को राजधानी बनाकर रहने लगे थे— शिवाजी
- कुटिया के चारों ओर थी— पुष्पवाटिका
- कुटिया के पूर्व दिशा में था— तालाब
- कुटिया के दक्षिण में स्थित पर्वत की कंदरा में समाधिरत थे— एक महामुनि
- ग्राम-प्रधान और ग्रामीण पूजा करते थे— महामुनि की
- महामुनि (योगिराज) को सर्वप्रथम शिखर से नीचे उतरते समय देखा था— गौर और श्यामबटु ने
- आश्रम में आकर काष्ठासन पर, उदयाचल पर सूर्य के समान आसीन हुए थे— योगिराज
- 'विक्रमराज्य में ऐसा उपद्रव' यह बात कही थी— योगिराज ने
- विक्रमादित्य के राज्य को बीते तो 'सत्रह सौ वर्ष' हो गए हैं, यह बात योगिराज को बतायी थी— ब्रह्मचारी गुरु ने
- विक्रमादित्य द्वारा शकों को जीते जाने को कल की बात बताते हैं— योगिराज
- युधिष्ठिर के समय समाधि लगायी थी— योगिराज ने
- युधिष्ठिर के समय समाधि लगाकर विक्रमादित्य के समय में उठे थे— योगिराज
- विक्रमादित्य के समय में समाधि लगाकर इस दुराचार समय में उठने की बात बताते हैं— योगिराज
- 'महमूद गजनवी' के भारत को बारह बार लूटने की बात योगिराज को बताते हैं— ब्रह्मचारी गुरु
- 'सोमनाथ' स्थित है— गुजरात में

- 'सोमनाथ' को धूल में मिलाया था— महमूद गजनबी ने
- किसकी किवाड़ें मूंगा, हीरे और मोतियों से बनी थीं?— सोमनाथ की
- 'सोमनाथ' में दो सौ मन सोने की जंजीर में लटकता था— महाघण्टा
- महादेव की मूर्ति पर गदा चलाने से रोकने के लिए महमूद गजनवी को कितने स्वर्ण मुद्राएँ देना चाहते थे?— 2 करोड़
- सिंधु नदी उतरकर 'गजिनी' वापस चला गया था— महमूद गजनबी
- 'गोर देश' निवासी शहाबुद्दीन ने आक्रमण किया था— भारत पर
- सं.1250 में दिल्ली को अश्वारोहियों से घेर लिया था— शहाबुद्दीन
- 'वाराणसी' पर राज्य किया था— शहाबुद्दीन ने
- भारत में यवन शासन का बीजारोपण मुख्यतः किया था— शहाबुद्दीन ने
- कुतुबुद्दीन नामक गुलाम को दिल्ली का प्रथम सम्राट बनाया था— शहाबुद्दीन ने
- 'आलमगीर' की उपाधि धारण किया था— औरंगजेब
- औरंगजेब ने दक्षिण के शासक के रूप में भेजा था— शाइस्ता खाँ को
- पूना नगर के सिंहदुर्ग में रह रहे थे— शिवाजी
- 'या कार्य सिद्ध होगा या शरीर नष्ट होगा' यह प्रतिज्ञा थी— शिवाजी की
- 'वीर शिवाजी' विजयी हो यह आशीर्वाद दिया था— योगिराज ने
- घुड़सवारों को मारकर 5 ब्राह्मणों को छुड़ाया था— गौरसिंह ने
- कुटीर की 'बल्ली' में तलवार छिपा रखा था— गौरसिंह
- यवन युवक की उम्र थी— 20 वर्ष
- 'कन्या' के रक्षणार्थ कुटी के द्वार पर तलवार लेकर खड़ा था— श्यामबटु
- 'सुकवि' नाम से विख्यात थे— अम्बिकादत्तव्यास
- महाराष्ट्रकेशरी के रूप में वर्णन है— शिवाजी का
- संस्कृत साहित्य में 20वीं शताब्दी का एक सफल ऐतिहासिक उपन्यास है— शिवराजविजयम्

- 'शिवराजविजयम्' में शिवाजी के कितने वर्षों की जीवनी है?— 10 वर्षों की
- गद्य काव्य है— शिवराजविजयम्
- बीजापुर का नवाब था— शाइस्ता खाँ
- 'ग्रामणी-ग्रामीण-ग्रामाः समागत्य मध्ये-मध्ये तं पूजयन्ति प्रणमन्ति स्तुवन्ति च।' यहाँ 'तम्' पद से संकेत किया गया है— योगिराज का
- 'नाहं मूर्तीः विक्रीणामि', यह कथन है— महमूद गजनबी का
- 'आः! वयमपि कुतः इति प्रष्टव्याः' यह कथन है— यवन युवक का
- 'उष्णीष' पद का अर्थ है— पगड़ी
- योगिराज के समाधि से जगने के समय शिवाजी निवास कर रहे थे— सिंहदुर्ग में
- योगिराज विक्रमादित्य के बाद जब समाधि से जगे तो दिल्ली का शासक था— औरंगजेब
- 'अनीकिनी' पद का अर्थ होगा— सेना
- 'अध्वनीनम्' पद का अर्थ होगा— पथिक
- 'नेदीयसी' पद का अर्थ होगा— समीप
- 'अलं भो अलम्! मयैव पूर्वमवचितानि कुसुमानि' यह कथन है— श्याम बटु का
- 'विक्रमराज्येऽपि कथमेष पातकमयो दुराचाराणामुपद्रवः?' यह कथन है— योगिराज का
- 'पुण्डरीकपटल' पद का अर्थ है— श्वेतकमल
- मुने! विलक्षणोऽयं भगवान् सकलकलाकलापकलनः' यह कथन है— योगिराज का
- 'सत्यं न लक्षितो मया समयवेगः।' यह कथन है— योगिराज का
- 'अद्य न तानि स्रोतांसि नदीनाम्' यह कथन है— ब्रह्मचारी गुरु का
- विक्रमादित्य को भारतभूमि छोड़कर गए हुए कितना समय बीत गया था?— 1700 वर्ष

- 'वयमपि तु स्वाङ्गागतसत्त्ववृत्तयः शिवस्य गणाः अत्रैव निवसामः' यह कथन है— गौरसिंह का
- अफजल खाँ के तीनों घोड़ों को मारा था— गौरसिंह ने
- 'विजयतां शिववीरः, सिद्ध्यन्तु भवतां मनोरथाः' यह कथन है— योगिराज का
- 'कार्यं वा साधयेयं देहं वा पातयेयम्' यह प्रतिज्ञा थी— शिवाजी की
- 'धिगस्मान् येऽद्यापि जीवामः' यह कथन है— ब्रह्मचारी गुरु की
- यवन युवक द्वारा अपहृत कन्या की अवस्था थी— 7 वर्ष लगभग
- 'सुघटितं शरीर सान्द्रां जटाम्' यह कथन है— योगिराज का
- 'अकूपास्तलम्' पद का अर्थ है— सागरतल
- ब्रह्मचारी बटु किस पत्ते के दोने में फूल तोड़ता है?— केले के
- 'जटाभिर्ब्रह्मचारी' इसमें तृतीया विभक्ति का प्रयोग किस सूत्र से है?— इत्थंभूतलक्षणे
- 'अहो! चिररात्राय सुप्तोऽहम् स्वप्नजालपरतन्त्रेणैव.....' यह कथन है— गौरबटु का
- 'रोलम्बकदम्ब' पद का शब्दार्थ है— भ्रमरसमूह
- 'आखण्डलदिक्' पद से किस दिशा का संकेत किया गया है?— पूर्व दिशा का
- 'हिंस्रः स्वपापेन विहिंसितः खलः साधुः समत्वेन भयाद विमुच्यते?' यह है— मङ्गलाचरण
- शिवाजी की माता का नाम है— जीजाबाई
- शिवाजी के पिता का नाम है— शाहजी भोसले
- 'निश्चक्राम कश्चित् गुरुसेवनपटुर्विप्रबटुः' यहाँ 'कश्चित्' से संकेत किया गया है— गौरसिंह का

+++

नलचम्पू

नलचम्पू के रचनाकार हैं— त्रिविक्रमभट्ट
- ➢ त्रिविक्रमभट्ट के पिता का नाम था— नेमादित्य या देवादित्य
- ➢ त्रिविक्रमभट्ट का समय है— 10वीं शताब्दी ई. पूर्वार्ध का
- ➢ उपलब्ध चम्पूकारों में सर्वप्रथम हैं— त्रिविक्रमभट्ट
- ➢ त्रिविक्रम-भट्ट का गोत्र था— शाण्डिल्य
- ➢ त्रिविक्रम-भट्ट थे— ब्राह्मण
- ➢ त्रिविक्रम-भट्ट के आश्रयदाता राजा थे— राष्ट्रकूटवंशी इन्द्रराज तृतीय
- ➢ 995 ई. के अभिलेख की रचना की थी— त्रिविक्रमभट्ट ने
- ➢ त्रिविक्रमभट्ट ने प्रशंसा की है— बाण की
- ➢ सर्वप्रथम त्रिविक्रमभट्ट के पद्य का उद्धरण राजा भोज ने दिया है— सरस्वती काण्ठाभरण में
- ➢ नलचम्पू विभक्त है— उच्छ्वास में
- ➢ नलचम्पू में कुल उच्छ्वास हैं— 7
- ➢ नल-दमयन्ती की प्रणयकथा वर्णित है— नलचम्पू में
- ➢ नलचम्पू में सुन्दर प्रयोग है— सभङ्ग, श्लेष का
- ➢ उपमा के सौन्दर्य पर मुग्ध होकर समीक्षकों ने 'यामुनत्रिविक्रम' की उपाधि दी थी— त्रिविक्रमभट्ट को
- ➢ अपने आपको महर्षि शाण्डिल्य के वंश में उत्पन्न बताया है— त्रिविक्रमभट्ट ने
- ➢ श्रीधर के पौत्र थे— त्रिविक्रमभट्ट
- ➢ 'निषध' नाम की नगरी किस देश में है?— आर्यावर्त
- ➢ 'निषध' नाम की नगरी की प्राकारभित्ति बनी थी— इन्द्रनीलमणि से
- ➢ 'निषध' नाम की नगरी के भवनों के प्राङ्गण किसकी शिलाओं से निबद्ध हैं? स्फटिक मणि की

- ➢ 'निषध' नाम की नगरी में रहते हैं— नल
- ➢ नल के मंत्री का नाम है— श्रुतशील
- ➢ नल का द्वितीय प्राण है— श्रुतशील
- ➢ विहार-वन में भयंकर जंगली सूकर के आने की सूचना राजा-नल को देता है— वनपालक
- ➢ राजा नल का सेनापति है— बाहुक
- ➢ राजा नल की आज्ञा से शिकार की सारी सामग्री प्रस्तुत कर देता है— बाहुक
- ➢ राजानल सूकर पर विजय के बाद थककर विश्राम करता है— सालवृक्ष के नीचे
- ➢ भगवान् शङ्कर के पवित्र चरणों से अधिष्ठित श्रीशैल नामक पर्वत है— दक्षिण दिशा में
- ➢ देवों और दानवों की गोष्ठी में समान रूप से पूजे जाने वाले देवता हैं— कार्तिकेय
- ➢ पथिक ने किस वृक्ष के नीचे विश्राम किया था?— बरगद के
- ➢ चन्द्र-वंशियों में श्रेष्ठ था— नल
- ➢ मङ्गलाचरण में नमस्कार किया गया है— शिवजी को
- ➢ 'जयति गिरिसुतायाः कामसन्ताप वाहिन्युरसि' यह मङ्गलाचरण है— नलचम्पू का
- ➢ प्रथम उच्छ्वास में श्लोकों की कुल सुख्या है— 64
- ➢ समस्त भूमण्डल में चमकते हुए तिलक सदृश था— आर्यावर्त
- ➢ भारत देश का 'अलङ्कार' कवि ने कहा है— आर्यावर्त को
- ➢ गंगा के पवित्र जल से आप्लावित है— आर्यावर्त
- ➢ किस महीने में वृक्ष की शाखाएँ पल्लवविहीन हो जाती हैं?— फाल्गुन के
- ➢ 'जयति तरुणयोषिल्लोचनानां विलासः' यह सम्बद्ध है— नलचम्पू से 1/2

* 'वन्दे रसान्तरप्रौढं स्रोत: सारस्वतं वहत्' यह सम्बद्ध है– नलचम्पू से 1/3
* प्रसन्ना: कान्तिहारिण्यो नानाश्लेषविचक्षणा: यह सम्बद्ध है– नलचम्पू से 1/4
* 'परस्य हृदये लग्नं न घूर्णयति यच्छिर:' यह सम्बद्ध है– नलचम्पू से1/5
* 'अक्षमालापवृत्तिज्ञा कुशासनपरिग्रहा' यह सम्बद्ध है– नलचम्पू से 1/7
* 'नमस्तस्मै कृता येन रम्या रामायणी कथा' यह सम्बद्ध है– नलचम्पू से1/11
* 'व्यास: क्षमाभृतां श्रेष्ठो वन्द्य: स हिमवानिव' यह सम्बद्ध है– नलचम्पू से1/12
* 'देश: पुण्यतमोदेश: कस्यासौ न प्रियो भवेत्' यह सम्बद्ध है– नलचम्पू से 1/28

+++

पात्र–परिचय

पुरुष–पात्र

अवसर पाठक	:	भीम और नल के सेवक
इन्द्र, कुबेर	:	लोकपाल
पर्वतक	:	नल का सेवक
पथिक	:	उत्तर दिशा से आया हुआ
पथिक	:	दक्षिण दिशा से आया हुआ
पुरुष	:	दिक्पालों का अनुचर
पुरोधा	:	भीम का पुरोहित
पुष्कराक्ष	:	दमयन्ती का दूत
	:	नल का सेवक
प्रस्ताव पाठक	:	नल का सेवक
	:	नल का सेनापति
ब्रह्मर्षि	:	जो नल के अभिषेक के समय आये थे
भद्रभूति	:	नल का दौवारिक
भीम	:	दमयन्ती के पिता तथा कुण्डिनपुर के राजा
मृगयावनपालक	:	नल का सेवक
	:	पयोष्णी तट के तपस्वी
मौहूर्तिक	:	राजा वीरसेन के ज्योतिषी
यम, वरुण	:	लोकपाल
	:	निषधसम्राट् तथा नल के पिता
वैतालिक	:	नल के सेवक
श्रुतशील	:	नलमन्त्री तथा सालङ्कायन का पुत्र
सालङ्कायन	:	वीरसेन का मन्त्री
सुन्दरक	:	दमयन्ती का किन्नर
सोम शर्मा	:	स्वयंवर निमन्त्रण के लिये उत्तर दिशा की ओर जाने वाला ब्राह्मण
हंस	:	दमयन्ती को लुभानेवाला नल का दूत

+++

स्त्री-पात्र

कक्कोलिका	:	दमयन्ती की चेटी
कलिका	:	दमयन्ती की चेटी
किरात कामिनियाँ	:	नर्मदा तट की
गोपी	:	विदर्भतीरचारिणी
गौरी	:	दमयन्ती-चेटी
चकोरी,चङ्गी	:	दमयन्ती-चेटी
चन्दना, चन्द्रप्रभा	:	दमयन्ती-चेटी
चन्द्रवदना, चन्द्री	:	दमयन्ती-चेटी
चम्पा	:	दमयन्ती-चेटी
दमयन्ती	:	भीमपुत्री
दन्दिनी	:	दमयन्ती-चेटी
परिहासशीला	:	दमयन्ती-चेटी
प्रियंवदिका	:	दमयन्ती-चेटी
प्रियंगुमञ्जरी	:	भीम पत्नी तथा दमयन्ती की माता
मज्जनकामिनियाँ	:	राजा भीम की सेविकायें
मालती	:	दमयन्ती-चेटी
रूपवती	:	राजा वीरसेन की पत्नी तथा नल की माता
लवङ्गिका	:	नल की सरोवर-रक्षिका
लवङ्गी	:	दमयन्ती-चेटी
विहङ्गवागुरिका	:	दमयन्ती की किन्नरी
सारसिका	:	नलवनपालिका
सुन्दरी	:	दमयन्ती चेटी
हंसी	:	दमयन्ती-चेटी
हंसी	:	नलदूत पक्षिप्रवर हंस की पत्नी

स्त्री-पुरुष

किन्नर मिथुन	:	सुन्दरक और विहङ्गवागुरिका दमयन्ती के सेवक

★★★

काव्यशास्त्र

काव्यप्रकाश

- भारतीय अलंकार शास्त्र का अद्वितीय ग्रन्थ है—काव्यप्रकाश
- साहित्यशास्त्र का 'आकर' ग्रन्थ है—काव्यप्रकाश
- काव्यप्रकाश विभक्त है—उल्लासों में
- काव्यप्रकाश में कुल उल्लास हैं—10
- 'परिकर-अलंकार' तक लिखा था—आचार्य मम्मट ने
- काव्यप्रकाश के रचनाकार हैं—आचार्य मम्मट
- काव्यप्रकाश के शेषभाग की रचना की थी—अल्लटसूरि ने
- आचार्य मम्मट निवासी बताए जाते हैं—कश्मीर के
- आचार्य मम्मट के पिता का नाम था—जैयट
- काव्यप्रकाश में भाग हैं—तीन

  1. कारिकाभाग 2. वृत्तिभाग 3. उदाहरणभाग
- काव्यप्रकाश की सबसे प्राचीन टीका 'संकेत' के प्रणेता हैं—माणिक्यचन्द्र
- काव्यप्रकाश पर विश्वनाथकृत टीका है —दर्पणटीका
- काव्यप्रकाश की सबसे नवीन टीका है—बालबोधिनी
- 'बालबोधिनी' टीका के रचनाकार हैं—वामनाचार्य
- काव्यप्रकाश में कारिकाओं की कुल संख्या है—142
- 142 कारिकाओं का विभाजन किया गया है—212 सूत्रों में
- 'काव्यप्रकाश' के प्रथम उल्लास का नाम है—काव्यप्रयोजनकारण-स्वरूपनिर्णय
- 'काव्यप्रकाश' के द्वितीय उल्लास का नाम है—शब्दार्थस्वरूपनिर्णय
- 'काव्यप्रकाश' के तृतीय उल्लास का नाम है—अर्थव्यञ्जकतानिर्णय
- 'काव्यप्रकाश' के चतुर्थ उल्लास का नाम है—ध्वनिनिर्णय

- 'काव्यप्रकाश' के पञ्चम उल्लास का नाम है— ध्वनिगुणीभूतव्यङ्ग्य-संकीर्णभेदनिर्णय
- 'काव्यप्रकाश' के षष्ठ उल्लास का नाम है— शब्दार्थचित्रनिरूपण
- 'काव्यप्रकाश' के सप्तम उल्लास का नाम है— दोषदर्शननिरूपण
- 'काव्यप्रकाश' के अष्टम उल्लास का नाम है— गुणालंकारभेदनिर्णय
- 'काव्यप्रकाश' के नवम उल्लास का नाम है— शब्दालंकारनिर्णय
- 'काव्यप्रकाश' के दशम उल्लास का नाम है— अर्थालंकारनिर्णय
- काव्यशास्त्र का आदिग्रन्थ माना जाता है— काव्यालङ्कार
- 'काव्यालङ्कार' के रचनाकार हैं— आचार्य भामह
- 'काव्यालङ्कारसंग्रह' के रचनाकार हैं— उद्भट
- 'काव्यालङ्कारसूत्र' के रचनाकार हैं— वामन
- काव्यशास्त्र के सम्प्रदाय हैं— 6
- रस सम्प्रदाय के प्रवर्तक आचार्य हैं — भरतमुनि
- ध्वनिसम्प्रदाय के प्रवर्तक आचार्य हैं — आनन्दवर्धन
- अलङ्कार सम्प्रदाय के प्रवर्तक आचार्य हैं — भामह
- रीति सम्प्रदाय के प्रवर्तक आचार्य हैं — वामन
- वक्रोक्ति सम्प्रदाय के प्रवर्तक आचार्य हैं — कुन्तक
- औचित्य सम्प्रदाय के प्रवर्तक आचार्य हैं — क्षेमेन्द्र
- 'वाग्देवतावतार' कहा जाता है— मम्मट को
- पाँच अवयवों से युक्त वाक्य को कहते हैं — ग्रन्थ
- 'काव्यप्रकाश' के मङ्गलाचरण में वर्णन किया गया है— सरस्वती का (कविभारती का)
- 'काव्यप्रकाश' के मङ्गलाचरण में अलंकार है— व्यतिरेक
- मङ्गलाचरण में ब्रह्मा की सृष्टि से उत्कृष्ट सृष्टि बतायी गयी है— कविभारती की
- मङ्गलाचरण में कितने प्रकार की विशेषताओं का वर्णन किया गया है?— चार
- मङ्गलाचरण में छन्द है— आर्या

- नियतिकृत नियमरहितां ह्लादैकमयीमनन्यपरतन्त्राम्। नवरसरुचिरां निर्मितिमादधती भारती कवेर्जयति।। यह काव्यप्रकाश का है— मङ्गलाचरण
- आर्या छन्द को 'प्राकृत' में जाना जाता है— 'गाथा' नाम से
- 'कवेर्जयति' के 'कवि' पद में विभक्ति है— षष्ठी
- 'काव्यं यशसेऽर्थकृते व्यवहारविदे शिवेतरक्षतये' यह काव्यप्रकाश का है— काव्यप्रयोजन
- 'कान्तासम्मिततयोपदेशयुजे' यह काव्यप्रकाश का है— काव्यप्रयोजन
- आचार्यमम्मट ने काव्य के प्रयोजन बताएँ हैं— 6
- काव्य की कौन सी शैली सबसे विलक्षण है?— उपदेशशैली
- 'धर्मार्थकाममोक्षेषु वैचक्षण्यं कलासु च' यह भामह का है— काव्यप्रयोजन
- प्रयोजन षट्क का निरूपण किया है— मम्मट ने
- 'धर्मादिसाधनोपायः सुकुमारक्रमोदितः' यह काव्यप्रयोजन है— कुन्तक का
- 'काव्यं सद् दृष्टादृष्टार्थं प्रीतिकीर्तिहेतुत्वात्' यह काव्य प्रयोजन है— वामन का
- 'तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलङ्कृती पुनः क्वापि' यह काव्य-परिभाषा है— मम्मट की
- 'शब्दार्थौ सहितौ काव्यम्' यह काव्य का लक्षण है— भामह का
- 'ध्वनिरात्मा काव्यस्य' यह काव्य का लक्षण है— आनन्दवर्धन का
- **'रीतिरात्मा काव्यस्य'** यह काव्य का लक्षण है— वामन का
- **'शरीरं तावदिष्टार्थव्यवच्छिन्ना पदावली'** यह काव्य का लक्षण है— दण्डी का
- **'ननु शब्दार्थयो काव्यम्'** यह काव्य का लक्षण है— रुद्रट का
- **'शब्दार्थौ सहितौ वक्रकविव्यापारशालिनि'** यह काव्य का लक्षण है— कुन्तक का
- **'शब्दार्थयोर्यथावत्सहभावेन् विद्या साहित्यविद्या'** यह काव्य का लक्षण है— राजशेखर का

- 'दृष्टार्थव्यवछिन्ना पदावली' यह काव्य का लक्षण है— अग्निपुराण का
- 'निर्दोषा लक्षणवती सरीतिगुणभूषणा' यह काव्य का लक्षण है— जयदेव का
- 'रमणीयार्थप्रतिपादकः शब्दः काव्यम्' यह काव्य का लक्षण है— पण्डितराजजगन्नाथ का
- 'वाक्यं रसात्मकं काव्यम्' यह काव्य का लक्षण है— विश्वनाथ का
- उपदेशशैली के प्रकार हैं— तीन
  1. प्रभुसम्मित 2. सुहृत्सम्मित 3. कान्तासम्मित
- प्रभुसम्मित शैली को कहा जाता है— शब्दप्रधान
- सुहृतसम्मित शैली को कहा जाता है— अर्थप्रधान
- कान्तासम्मित शैली को कहा जाता है— रसप्रधान
- वेदशास्त्र आदि की शैली है— प्रभुसम्मित
- इतिहासपुराण आदि की शैली है— सुहृत्सम्मित
- काव्यादि की शैली है— कान्तासम्मित
- 'त्रिवर्गसाधनं नाट्यम' यह काव्यप्रयोजन है— अग्निपुराण का
- चतुर्वर्गफलप्राप्तिः सुखादल्पधियामपि' यह काव्यप्रयोजन है— विश्वनाथ का
- 'शक्तिर्निपुणता लोकशास्त्रकाव्याद्यवेक्षणात्' यह काव्य हेतु है— मम्मट का
- 'इति हेतुस्तदुद्भवे' यह है— काव्यहेतु
- शक्ति (प्रतिभा) निपुणता और अभ्यास को काव्य के उद्भव का कारण मानते हैं— मम्मट
- कवित्वबीजरूप संस्कार विशेष है— शक्ति
- प्रतिभा, व्युत्पत्ति और अभ्यास को काव्य के उद्भव का हेतु मानते हैं— दण्डी
- 'नैसर्गिकी च प्रतिभा श्रुतं च बहु निर्मलम्' यह काव्य हेतु है— दण्डी का

- प्रतिभा मात्र को काव्य का हेतु स्वीकारते हैं— भामह, रुद्रट, जगन्नाथ, वामन आदि
- 'गुरुपदेशादध्येतुं शास्त्रं जडधियोऽप्यलम्' यह काव्य हेतु है— भामह का
- 'मनसि सदा सुसमाधिनि विस्फुरणमनेधाभिधेयस्य' यह काव्य हेतु है— रुद्रट का
- 'कवित्वस्य बीजं प्रतिभानम्' यह काव्य हेतु है— वामन का
- 'तस्य च कारणं कविगता केवला प्रतिभा' यह काव्य हेतु है— जगन्नाथ का
- काव्य के भेद मम्मट ने माने हैं— तीन
  1. उत्तम 2. मध्यम 3. अधम
- काव्य के चार भेद मानते हैं— पण्डितराज जगन्नाथ
- जगन्नाथ के मतानुसार काव्य के भेद हैं— चार
  1. उत्तमोत्तम 2. उत्तम 3. मध्यम 4. अधम
- उत्तम काव्य को कहा जाता है— ध्वनिकाव्य
- मध्यम काव्य को कहा जाता है— गुणीभूतव्यङ्ग्यकाव्य
- अधम काव्य को कहा जाता है— चित्रकाव्य (अवर काव्य)
- अधम काव्य के भेद हैं— दो, 1. शब्दचित्र, 2. अर्थचित्र
- 'इदमुत्तममतिशयिनि व्यङ्ग्ये वाच्याद् ध्वनिर्बुधैः कथितः' यह है— उत्तम काव्य
- वाच्यार्थ की अपेक्षा व्यङ्ग्यार्थ के अधिक चमत्कारयुक्त होने पर होता है— उत्तम काव्य का
- 'अतादृशि गुणीभूतव्यङ्ग्यं व्यङ्ग्ये तु' यह है— मध्यम काव्य
- वाच्यार्थ से अधिक चमत्कारी व्यंग्यार्थ न होने पर होता है— मध्यम काव्य
- 'निःशेषच्युतचन्दनं स्तनतटं निर्मृष्टरागोऽधरो' यह उदाहरण है— उत्तम काव्य का

- **'ग्रामतरुणं तरुण्या नववञ्जुलमञ्जरीसनाथकरम्'** यह उदाहरण है— मध्यम काव्य का
- 'शब्दचित्रं वाच्यचित्रमव्यङ्ग्यं त्ववरं स्मृतम्' यह है— अधम काव्य
- व्यङ्ग्यार्थ रहित काव्य को कहा जाता है— अधम काव्य
- 'स्वच्छन्दोच्छलदच्छकच्छकुहरच्छातेतराम्बुच्छटा.' यह उदाहरण है— अर्थचित्र का
- काव्य में 'शब्द' के भेद होते हैं— तीन
  1. वाचक 2. लाक्षणिक 3. व्यञ्जक
- अर्थ के भेद हैं— तीन 1. वाच्य 2. लक्ष्य 3. व्यङ्ग्य
- व्यञ्जक सिर्फ पाया जाता है— साहित्यशास्त्र में
- 'वाचक' शब्द बोधक होता है— मुख्यार्थ का
- सर्वप्रथम रखा गया शब्द है— वाचक
- वाचक शब्द के ऊपर आश्रित रहता है— लाक्षणिक
- वाचक शब्द के बाद स्थान आता है— लाक्षणिक का
- तीसरे स्थान पर रखा जाता है— व्यञ्जक
- तीन प्रकार का विभाग केवल है— शब्द की उपाधियों का
- व्याकरणशास्त्र में पद-पदार्थों का विवेचन कहलाता है— पदशास्त्र
- मीमांसा को कहा जाता है— वाक्यशास्त्र
- न्याय को कहा जाता है— प्रमाणशास्त्र
- शब्दशक्तियों के प्रकार हैं— तीन
  1. अभिधा 2. लक्षणा 3. व्यञ्जना
- चार प्रकार का 'अर्थ' मानते हैं— अभिहितान्वयवादी
- अभिहितान्वयवादी आचार्य हैं— कुमारिल
- अन्विताभिधानवादी आचार्य हैं— प्रभाकर
- कुमारिल के अनुयायी हैं— पार्थसारथिमिश्र
- **'तात्पर्यार्थ'** को मानते हैं— अभिहितान्वयवादी
- **'तात्पर्यार्थ'** को कहा जाता है— वाक्यार्थ
- तात्पर्यार्थ बोधक शक्ति को कहा जाता है— तात्पर्याख्याशक्ति

- व्यञ्जना को नहीं मानते हैं— मीमांसक
- मीमांसक कितने प्रकार की शक्ति मानते हैं?— तीन,
- 1. अभिधा, 2. लक्षणा, 3. तात्पर्यार्थ
- 'अस्मात् पदात् अयमर्थो बोद्धव्य:' यह है— अभिधा
- **'आकाङ्क्षा-योग्यता-सन्निधिवशाद् वक्ष्यमाणस्वरूपाणाम्'** यह है— अभिहितान्वयवाद
- **'वाच्य एव वाक्यार्थ'** यह है— अन्विताभिधानवाद
- आकांक्षा, योग्यता और सन्निधि से युक्त पदसमुदाय कहलाता है— वाक्य
- प्रभाकर के अनुयायी हैं— शालिकनाथ मिश्र
- 'येन पदेन् विना यस्य पदस्यान्वयानुभावकत्वं तेन पदेन सह' यह है— आकांक्षा
- श्रोता की जिज्ञासा-रूप है— आकांक्षा
- गौः, अश्वः, पुरुषः आदि उदाहरण हैं— आकांक्षा के
- 'पदार्थानां परस्परसम्बन्धे बाधाभावे' यह है— योग्यता
- 'वह्निना सिञ्चति' यह उदाहरण है— योग्यता का
- 'पदानामविलम्बेनोच्चरणम्' यह है— सन्निधि
- 'मातर्गृहोपकरणमद्य खलु नास्तीति साधितं त्वया।' यह उदाहरण है— वाच्य का
- 'साधयन्ती सखि सुभगं क्षणे-क्षणे दूनासि मत्कृते' यह उदाहरण है— लक्ष्य का
- 'पश्य निश्चलनिष्पन्दा बिसिनीपत्रे राजते बलाका' यह उदाहरण है— व्यङ्ग्य का
- 'साक्षात्संकेतितं योऽर्थमभिधत्ते स' यह लक्षण है— वाचक का
- साक्षात् संकेतित अर्थ को अभिधा शक्ति के लक्षण द्वारा कहने वाला शब्द है— वाचक
- संकेतित अर्थ के प्रकार हैं— चार
  1. जाति 2. गुण 3. क्रिया 4. यदृच्छा

- संकेतित अर्थ के रूप में केवल जाति को मानते हैं—मीमांसक
- 'जाति' को ही संकेतित अर्थ मानते हैं—मीमांसक
- उपाधि के भेद हैं—दो 1. सिद्ध 2. साध्य
- सिद्ध के भेद हैं—दो 1. पदार्थ का प्राणप्रद 2. विशेषाधानहेतु
- वस्तु का प्राणप्रद जीवनधायक वस्तुधर्म कहलाता है—जाति
- वस्तु का विशेषाधानहेतु होता है—गुण
- ग्रन्थकार के अनुसार संकेतग्रह नहीं होता है—व्यक्ति में
- व्यक्ति के उपाधिभूत-जाति-गुण, क्रिया और यदृच्छा धर्मों में होता है—संकेतग्रह
- शुक्ल आदि रूप के समान 'परिमाण' को भी गुण माना है—वैशेषिक दर्शन
- 'जाति' का ही दूसरा नाम है— सामान्य
- जातिविशिष्ट व्यक्ति में संकेतग्रह मानते हैं—नैयायिक
- बौद्धमतानुसार शब्द का अर्थ होता है—अपोह
- 'अपोह' को संकेतग्रह मानते हैं—बौद्ध
- 'स मुख्योऽर्थस्तत्र मुख्यो व्यापारोऽस्याभिधोच्यते' यह लक्षण है—अभिधा का
- साक्षात् संकेतित अर्थ कहलाता है—मुख्यार्थ (वाच्यार्थ)
- मुख्यार्थ का बोधन कराने में शब्द का जो मुख्य व्यापार होता है, वह है—अभिधा व्यापार
- 'मुख्यार्थबाधे तद्योगे रूढितोऽथ प्रयोजनात्' यह है—लक्षणा
- मुख्यार्थ की बोधिका शक्ति होती है—अभिधा
- मम्मट के अनुसार लक्षणा के कुल भेद हैं—6
- 'स्वसिद्धये पराक्षेपः' यह है—उपादान लक्षणा
- 'परार्थं स्वसमर्पणम्' यह है—लक्षण लक्षणा
- 'कुन्ताः प्रविशन्ति' यह उदाहरण है—उपादान-लक्षणा का
- 'गंगायां घोषः' यह उदाहरण है—लक्षण-लक्षणा का
- लक्षणा के भेद हैं—दो 1. शुद्धा 2. गौणी

- शुद्धा के भेद हैं—दो 1. उपादान-लक्षणा 2. लक्षण-लक्षणा
- गौणी के भेद हैं—दो
  1. सरोपा गौणी लक्षणा 2. साध्यवसाना गौणी लक्षणा
- सरोपा गौणी लक्षणा का उदाहरण है—गौर्वाहीकः
- साध्यवसाना गौणी लक्षणा का उदाहरण है—गौरयम्
- लक्षण-लक्षणा का वेदान्त में नाम है—जहत्स्वार्था लक्षणा
- मुकुलभट्ट का सिद्धान्त है—ताटस्थ्यसिद्धान्त
- 'सारोपान्या तु यत्रोक्तौ विषयी विषयस्तथा' यह है—सारोपगौणी-लक्षणा
- 'विषय्यन्तः कृतेऽन्यस्मिन् सा स्यात्' यह है— साध्यवसाना गौणी लक्षणा
- व्यञ्जना के भेद हैं—दो 1. शाब्दी 2. आर्थी
- शाब्दी व्यञ्जना के भेद हैं—दो 1. अभिधामूला 2. लक्षणामूला
- 'सशंखचक्रो हरिः' यह उदाहरण है—संयोग का
- 'अशंखचक्रो हरिः' यह उदाहरण है—वियोग का
- 'रामलक्ष्मणौ' यह उदाहरण है—साहचर्य का
- 'रामार्जुनगतिस्तयोः' यह उदाहरण है— विरोधित का
- 'स्थाणुं भज भवच्छिदे' यह उदाहरण है—अर्थ का
- 'सर्वं जानाति देवः' यह उदाहरण है—प्रकरण का
- 'कुपितो मकरध्वजः' यह उदाहरण है—लिङ्ग का
- 'देवस्य पुराराते:' यह उदाहरण है—अन्य शब्द की सान्निधि का
- 'मधुना मत्तः कोकिलः' यह उदाहरण है—सामर्थ्य का
- 'पातु वो दयितामुखम्' यह उदाहरण है—औचित्य का
- 'भात्यत्र परमेश्वरः' यह उदाहरण है—देश का
- 'चित्रभानुर्विभाति' यह उदाहरण है—काल का
- 'मित्रं भाति' यह उदाहरण है—व्यक्ति का
- 'मित्रो भाति' यह उदाहरण है—स्वर का
- शूरता इत्यादि धर्म हैं—आत्मा के
- रस के धर्म हैं—गुण

- 'विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्तिः' यह रस सूत्र है— भरतमुनि का
- भट्टलोल्लट का रससिद्धान्त है— उत्पत्तिवाद
- शंकुक का रससिद्धान्त है— अनुमितिवाद
- भट्टनायक का रससिद्धान्त है— भुक्तिवाद
- अभिनवगुप्त का रससिद्धान्त है— अभिव्यक्तिवाद
- भट्टलोल्लट हैं— मीमांसक
- आचार्य शंकुक हैं— नैयायिक
- आचार्य भट्टनायक हैं— सांख्यमतानुयायी
- अभिनवगुप्त है— ध्वनिवादी
- चित्रतुरगादिन्याय द्वारा रससिद्धान्त की स्थापना करते हैं— शंकुक
- आचार्य मम्मट पददोष मानते हैं— 16
- काव्यप्रकाश में वाक्यगत दोष की संख्या है— 21
- काव्यप्रकाश में अर्थदोष की संख्या है— 23
- काव्यप्रकाश में रसदोष की संख्या है— 13
- काव्यप्रकाश के अनुसार दोष हैं— तीन
  1. रसदोष 2. अर्थदोष 3. शब्द दोष
- मुख्यार्थहतिर्दोषो रसश्च मुख्यस्तदाश्रयाद् वाच्यः।
  उभयोपयोगिनः स्युः शब्दाद्यास्तेन तेष्वपि सः।। यह है— रसदोष
- ये रसस्याङ्गिनो धर्माः शौर्यादय इवात्मनः। यह है— काव्यगुण
- काव्यप्रकाशकार गुणों की संख्या मानते हैं— तीन
  1. माधुर्य, 2. ओज, 3. प्रसाद
- आचार्य वामन गुणों की संख्या मानते हैं— 10
- 'आह्लादकत्वं माधुर्यं शृङ्गारे द्रुतिकारणम्' यह है— माधुर्यगुण
- 'दीप्त्यात्मविस्तृतेर्हेतुरोजो वीररसस्थिति' यह है— ओजगुण
- 'शुष्केन्धनाग्निवत् स्वच्छजलवत्सहसैव यः।
  व्याप्नोत्यन्यत् प्रसादोऽसौ सर्वत्र विहितस्थितिः।।' यह है— प्रसादगुण

- 'उपर्कुवन्ति तं सन्तं येऽङ्गद्वारेण जातुचित्' यह है— अलंकार
- काव्य के अस्थिर धर्म होते हैं— अलंकार
- काव्य के स्थिर धर्म होते हैं— गुण
- सादृश्यमूलक अलंकार है— 29
- काव्यप्रकाश में कुल अलंकारों की संख्या है— 67
- अलंकार के भेद हैं— दो 1. शब्दालंकार 2. अर्थालंकार
  बीभत्स और रौद्र रसों में आधिक्य रहता है— ओजगुण का
- शब्दालंकार की कुल संख्या है— 5
- अर्थालंकार की कुल संख्या है— 61
- अनुप्रास अलंकार के भेद हैं— दो
  1. वर्णानुप्रास 2. लाटानुप्रास या पदानुप्रास
- 'वर्णसाम्यमनुप्रासः' यह है— अनुप्रास अलंकार
- वर्णानुप्रास के भेद हैं— दो 1. छेकानुप्रास 2. वृत्त्यनुप्रास
- 'सोऽनेकस्य सकृत्पूर्वः' यह है— छेकानुप्रास
- 'ततोऽरुणपरिस्पन्दमन्दीकृतवपुःशशी।
  दध्रे कामपरिक्षामकामिनी-गण्डपाण्डुताम्।।' यह उदाहरण है— छेकानुप्रास का
- 'एकस्याप्यसकृत्परः' यह है— वृत्त्यनुप्रास
- वृत्त्यनुप्रास के भेद हैं— तीन
  1. उपनागरिका 2. परुषा 3. कोमला
- 'माधुर्यव्यञ्जकैर्वर्णैरुपनागरिकोच्यते' यह है— उपनागरिका
- 'अनङ्गरङ्गप्रतिमं तदङ्ग भङ्गीभिरङ्गकृतमानसाङ्ग्याः' यह उदाहरण है— उपनागरिका का
- 'ओजःप्रकाशकैस्तैस्तु' यह है— परुषा
- माधुर्य, व्यञ्जक तथा ओज के प्रकाशक वर्णों से परे वर्णों से युक्त होती है— कोमला
- 'अपसारय घनसारं कुरु हारं दूर एव किं कमलैः'। यह उदाहरण है— कोमला का

- 'शब्दस्तु लाटानुप्रासो भेदे तात्पर्यमात्रतः' यह है— लाटानुप्रास
- पदानुप्रास के भेद हैं— पाँच
- यस्य न सविधे दयिता दवदहनस्तुहिनदीधितिस्तस्य' यह उदाहरण है— लाटानुप्रास का
- 'अर्थे सत्यर्थभिन्नानां वर्णानां सा पुनः श्रुतिः' यह है— यमक अलंकार
- यमक के भेद हैं— 11
- श्लेष अलंकार के भेद हैं— दो 1. शब्दश्लेष 2. अर्थश्लेष
- वाच्यभेदेन भिन्ना यद् युगपद्भाषणस्पृशः।
  शिलष्यन्ति शब्दाः श्लेषोऽसावक्षरादिभिरष्टधा।। यह है— शब्दश्लेष अलंकार
- शब्दश्लेष के भेद हैं— दो 1. सभङ्गश्लेष, 2. अभङ्गश्लेष
- सभङ्गश्लेष के भेद हैं— 8
- पृथुकार्त्तस्वरपात्रं भूषितनिः शेषपरिजनं देव।
  विलसत्करेणुगहनं सम्प्रति समभावयोः सदनम्।। यह उदाहरण है— पदश्लेष अलंकार का
- 'भेदाभावात्प्रकृत्यादेर्भेदोऽपि नवमो भवेत' यह है— अभङ्गश्लेष अलंकार
- 'योऽसकृत्परगोत्राणां पदच्छेदक्षणक्षमः' यह उदाहरण है— अभङ्गश्लेष अलंकार
- 'श्लेषः स वाक्ये एकस्मिन् यत्रानेकार्थता भवेत्' यह है— अर्थश्लेष
- **'उदयमयतेदिङ्मालिन्यं निराकुरुतेतरां, नयति निधनं निद्रामुद्रां प्रवर्तयति क्रियाः'** यह उदाहरण है— अर्थश्लेष का
- 'यदुक्तमन्यथावाक्यमन्यथाऽन्येन योज्यते' यह है— वक्रोक्ति अलंकार
- वक्रोक्ति अलंकार के भेद हैं— दो
  1. श्लेष वक्रोक्ति 2. काकु वक्रोक्ति
- 'नारीणामनुकूलमाचरसि चेज्जानासि कश्चेतेनो' यह उदाहरण है— पदभङ्ग श्लेष वक्रोक्ति का
- 'अहो केनेदृशी बुद्धिर्दारुणा वा निर्मिता' इसमें अलंकार है— अभङ्गश्लेष वक्रोक्ति

- 'काकुर्ध्वनेर्विकारः' यह है— काकु वक्रोक्ति
- 'गुरुजनपरतन्त्रतया दूरतरं देशमुद्यतो गन्तुम्' इसमें अलंकार है— अभङ्गश्लेष वक्रोक्ति
- 'साधर्म्यमुपमा भेदे' यह है— उपमालंकार
- उपमालंकार के प्रकार हैं— दो 1. पूर्णोपमा 2. लुप्तोपमा
- 'पूर्णोपमा' के प्रकार हैं— दो 1. श्रौती 2. आर्थी
- 'उपमानोपमेयसाधारणधर्मोपमाप्रतिपादकानामुपादाने पूर्णा' यह है— पूर्णोपमा
- उपमान, उपमेय, साधारण धर्म और उपमावाचक इन चारों का ग्रहण होने पर होती है— पूर्णोपमा
- श्रौती के भेद हैं— तीन 1. वाक्यगा 2. समास 3. तद्धित
- आर्थी के भेद हैं— तीन 1. वाक्यगा 2. समास 3. तद्धित
- काव्यप्रकाश में उपमालंकार के भेदोपभेद हैं— 29
- स्वप्नेऽपि समरेषु त्वां विजयश्रीर्न मुञ्चति।
  प्रभावप्रभवं कान्तं स्वाधीनपतिका यथा।। इसमें अलंकार है— वाक्यगा श्रौती
- 'सरसिजमिदमाननं च तस्याः सममिति चेतसि सम्मदं विद्यते' इसमें अलंकार है— वाक्यगा श्रौती
- 'शौरिर्भुजरिव चतुर्भिरदः सदा यो लक्ष्मीविलासभवनैर्भुवनं वभार' इसमें अलंकार हैं— समासगा श्रौती
- अवितथमनोरथपथनेषु प्रगुणगरिमगीतश्रीः।
  सरतरुसदृशः स भवानभिलषणीयः क्षितीश्वर न कस्य।। इसमें अलंकार है— समासगा आर्थी
- 'एकस्य द्वयोस्त्रयाणां वा लोपे लुप्ता' यह है— लुप्तोपमा
- लुप्तोपमा के प्रकार हैं— 19
- 19 प्रकार की लुप्तोपमा का विभाजन किया गया है— तीन प्रकार से, 1. एकलुप्ता 2. द्विलुप्ता 3. त्रिलुप्ता
- 5 धर्मलुप्ता, 2 उपमान लुप्ता और 6 वाचक लुप्ता हैं— एकलुप्ता

- 2 धर्मवाचक लुप्ता, 2 धर्मोपमान लुप्ता और वाचकोपमेयलुप्ता हैं—द्विलुप्ता
- त्रिलुप्ता है—एक
- 'तद्वद्धर्मस्य लोपे स्यान्न श्रौती तद्धिते पुनः' यह है— धर्मलुप्तोपमा
- धर्मलुप्तोपमा के भेद हैं—5
- 'उपमानानुपादाने वाक्यगाऽथ समासगा' यह है—उपमान लुप्तोपमा
- उपमान लुप्तोपमा के भेद हैं—दो 1. वाक्यगा 2. समासगा
- 'वादेर्लोपे समासे सा कर्माधारक्यचि क्यङि् कर्मकर्त्रोर्णमुलि' यह है—वाचक लुप्तोपमा
- वाचक लुप्तोपमा के भेद हैं—6
- 'सम्भावनमथोत्प्रेक्षा प्रकृतस्य समेन यत्' यह है—उत्प्रेक्षा अलंकार
- लिम्पतीव तमोऽङ्गानि वर्षतीवाञ्जनं नभः। असत्पुरुषसेवेव दृष्टिर्विफलतां गता।। इसमें अलंकार है—उत्प्रेक्षा अलंकार
- 'तद्रूपकमभेदो य उपमानोपमेययोः' यह है—रूपक अलंकार
- 'उपमानोपमेययोः अभेदो' यह है—रूपक अलंकार
- उपमान तथा उपमेय का अभेदारोप है—रूपक अलंकार
- रूपक के भेद हैं—तीन 1. साङ्ग 2. निरङ्ग 3. परम्परित
- साङ्गरूपक के प्रकार हैं—दो 1. समस्तवस्तुविषयक 2. एकदेशविवर्ती
- निरङ्ग के प्रकार हैं—दो 1. शुद्ध 2. मालारूप
- परम्पारित के प्रकार हैं—दो 1. श्लिष्ट 2. अश्लिष्ट
- श्लिष्ट और अश्लिष्ट के भेद हैं—दो 1. शुद्ध 2. मालारूप
- रूपक अलंकार के भेदोपभेद हैं—13
- 'प्रकृतं यन्निषिध्यान्यत्साध्यते सा' यह है—अपह्नुति अलंकार
- अपह्नुति अलंकार के भेद हैं—दो 1. शाब्दी 2. आर्थी
- जहाँ उपमेय का निषेध शब्दतः किया जाता है, वह है—शाब्दी अपह्नुति

- 'अवाप्तः प्रागल्भ्यं परिणतरुचः शैलतनये! कलङ्को नैवायं विलसति शशाङ्कस्य वपुषि'। इसमें अलंकार है—शाब्दी अपह्नुति
- 'बत सखि! कियदेतत् पश्य वर स्मरस्य प्रियविरहकृशेऽस्मिन रागिलोके तथा हि।' इसमें अलंकार है—आर्थी अपह्नुति
- 'परोक्तिर्भेदकैः श्लिष्टैः' यह है—समासोक्ति अलंकार
- अप्रकृत अर्थ का शोधन है—समासोक्ति अलंकार
- लब्ध्वा तव बाहुस्पर्श यस्याः स कोऽप्युल्लासः। जयलक्ष्मीस्तव विरहे न खलूज्ज्वला दुर्बला ननु सा' इसमें अलंकार है—समासोक्ति अलंकार
- 'अभवन् वस्तुसम्बन्धः उपमापरिकल्पकः' यह है—निदर्शना अलंकार
- निदर्शना अलंकार के भेद हैं—तीन
  1. वाक्यार्थ 2. पदार्थ 3. मालारूप
- क्व सूर्यप्रभवो वंशः क्व चाल्पविषया मतिः।
  तितीर्षुर्दुस्तरं मोहादुडुपेनास्मि सागरम्।। इसमें अलंकार है—निदर्शना
- 'उदयति विततोर्ध्वरश्मिरज्जावहिमरुचौ हिमधाम्नि याति चास्तम्' इसमें अलंकार है—पदार्थ निदर्शना अलंकार
- दोर्भ्यां तितीर्षति तरङ्गवतीभुजङ्गभादातुमिच्छति करेहरिणाङ्कबिम्बम्' इसमें अलंकार है—मालारूप निदर्शना अलंकार
- 'पुनरेतेषां सर्वेषां प्रतिबिम्बनम्' यह है—दृष्टान्त अलंकार
- दृष्टान्त अलंकार के प्रकार हैं—दो 1. साधर्म्य 2. वैधर्म्य
- 'त्वयि दृष्ट एव तस्या निर्वाति मनो मनोभवज्वलितम् ।
  आलोके हि हिमांशोर्विकसित कुसुमं कुमुद्वत्याः।।' इसमें अलंकार है—साधर्म्य दृष्टान्त
- 'तवाहवे साहसकर्मशर्मणः करं कृपाणान्तिकमानिनीषतः।
  भटाः परेषां विशरारुतामगुः दुधत्यवाते स्थिरतां हि पांसवः।।' इसमें अलंकार है—वैधर्म्य
- 'क्रियायाः प्रतिषेधेऽपि फलव्यक्तिः' यह है—विभावना अलंकार

➢ कुसुमितलताभिरहताऽप्यधत्त रुजमलिकुलैरदष्टापि परिवर्त्तते स्म नलिनीलहरीभिरलोलिताप्यघूर्णत सा।। इसमें अलंकार है— विभावना

➢ 'अखण्डेषु कारणेषु फलावचः' यह है— विशेषोक्ति अलंकार

➢ विशेषोक्ति अलंकार के प्रकार हैं— तीन
1. अनुक्तनिमित्ता 2. उक्तनिमित्ता 3. अचिन्त्यनिमित्ता

➢ निद्रानिवृत्तावुदिते द्युरत्ने सखीजने द्वारपदं पराप्ते।
श्लथीकृताश्लेषरसे भुजङ्गे चचालनालिङ्गनतोऽङ्गना सा।। इसमें अलंकार है— अनुक्तनिमित्ता विशेषोक्ति

➢ 'कर्पूर इव दग्धोऽपि शक्तिमान् यो जने जने।
नमोऽस्त्ववार्यवीर्याय तस्मै मकरकेतवे।। इसमें अलंकार है- उक्तनिमित्ता विशेषोक्ति

➢ 'स एकस्त्रीणि जयति जगन्ति कुसुमायुधः।
हरताऽपित नुं यस्य शम्भुना न बलं हृतम्।।' इसमें अलंकार- अचिन्त्यनिमित्ता

➢ 'सामान्यं वा विशेषो वा तदन्येन समर्थ्यते' यह है— अर्थान्तरन्यास अलंकार

➢ अर्थान्तरन्यास के भेद हैं— चार

➢ 'निजदोषावतमनसामतिसुन्दरमेव भाति विपरीतम्।
पश्यति पित्तोपहतः शशिशुभ्रं शंखमपि पीतम्।।' इसमें अलंकार है— अर्थान्तरन्यास

➢ 'सेष्टा संसृष्टिरेतेषां भेदेन यदिह स्थितिः' यह है— संसृष्टि अलंकार

➢ संसृष्टि अलंकार के प्रकार हैं— तीन
1. शब्दालंकार संसृष्टि 2. अर्थालंकार संसृष्टि
3. शब्दाअर्थालंकार संसृष्टि

➢ 'वदनसौरभलोभपरिभ्रमद्भ्रमरसंभ्रमसंभृतशोभया। इसमें अलंकार है— शब्दालंकार संसृष्टि

➢ जब काव्य में दो या दो से अधिक अलंकारों की 'नीरक्षीरन्यायेन' परस्परसापेक्ष रूप से एकत्र स्थिति होने पर होता है— सङ्कर अलंकार

➢ सङ्कर अलङ्कार के भेद हैं— तीन
1. अङ्गाङ्गिभाव 2. सन्देह 3. एकपदप्रतिपाद्यशङ्कर

➢ 'अविश्रान्तिजुषामातमन्यङ्गाङ्गित्वं तु सङ्करः' यह है— अङ्गाङ्गिभाव सङ्कर

➢ 'जटाभाभिर्भाभिः करधृतकलङ्काक्षवलयो।
वियोगिव्यापत्तेरिव कलितवैराग्यविशदः।।' इसमें अलंकार है— अङ्गाङ्गिभाव सङ्कर अलंकार

➢ 'एकस्य च ग्रहे न्यायदोषाभवादनिश्चयः' यह है— सन्देह सङ्कर अलंकार

➢ 'यथा गम्भीरो यथा रत्ननिर्भरो यथा च निर्मलच्छायः।
तथा किं विधिना एष सरसपानीयो जलनिधिर्न कृतः'।। इसमें अलंकार है— सन्देह सङ्कर अलंकार

➢ 'स्फुटमेकत्र विषये शब्दार्थालंकृतिद्वयम्। व्यवस्थितं च' यह है— एकपदप्रतिपाद्य

➢ 'स्पष्टोल्लसत्किरणकेसर सूर्य बिम्बविस्तीर्ण कर्णिकमथो दिवसारविन्दम्' इसमें अलंकार है— एकपदप्रतिपाद्य

➢ 'काव्यप्रकाश' के काव्यप्रयोजन में विभक्ति है— चतुर्थी

➢ 'काव्यप्रकाश' के काव्य-लक्षण में विभक्ति है— प्रथमा

➢ महिमभट्ट की रचना है— व्यक्तिविवेक

➢ 'सरस्वती कण्ठाभरण' एवं 'शृङ्गारप्रकाश' के प्रणेता हैं— भोज

➢ 'औचित्यविचारचर्चा' तथा 'कथामञ्जरी' के प्रणेता हैं— क्षेमेन्द्र

- ‘भारतमञ्जरी’ तथा ‘कविकण्ठाभरण’ के प्रणेता हैं—क्षेमेन्द्र
- काव्यप्रकाश में उल्लेख नहीं है—क्षेमेन्द्र का
- ‘अलंकार सर्वस्व’ के रचनाकार हैं—रुय्यक
- ‘काव्यानुशासन’ के रचनाकार हैं—हेमचन्द्र
- शब्दों की ‘चतुष्टयी प्रवृत्ति’ को स्वीकार किया है—आचार्य मम्मट ने
- काव्यप्रकाश पर लिखी गयी विश्वनाथकृत टीका है—काव्यप्रकाशदर्पण
- काव्यप्रकाश पर लिखी गयी गोविन्द ठाकुर कृत टीका है—काव्यप्रदीप
- काव्यप्रकाश पर लिखी गयी माणिक्यचन्द्रकृत टीका है—काव्यप्रकाश-संकेत
- काव्यप्रकाश में ‘उल्लास’ का अर्थ है—प्रकाश की एक झलक
- काव्यप्रकाश ग्रन्थ का प्रतिपाद्य विषय है—काव्यस्वरूपविवेचन
- रीति सम्प्रदाय को कहा जाता है—गुण सम्प्रदाय भी
- रसानुभूति का आन्तरिक और मुख्यकारण है—स्थायिभाव
- रति आदि के कारण का नाम है—विभाव
- रति आदि के कारण हैं—दो

  1. आलम्बनरूप 2. उद्दीपनरूप
- काव्य में मुख्यार्थ होता है—रस
- रस का अपकर्ष कहलाता है—दोष
- ‘मुख्यार्थहतिर्दोषः’ यह है—दोष
- ‘हति’ का अर्थ है—अपकर्ष
- वामन रीति मानते हैं—तीन

  1. वैदर्भी 2. गौड़ी 3. पाञ्चाली

+++

अष्टम उल्लास

- अष्टम उल्लास का नाम है—गुणालङ्कारभेद-निर्णय
- अष्टम उल्लास में मम्मट ने खण्डन किया है—भट्टोद्भट्ट के गुणालङ्कारविवेक का
- अष्टम उल्लास में मम्मट ने खण्डन किया है —वामन के गुणालङ्कारविवेक का
- अष्टम उल्लास में मम्मट ने खण्डन किया है—वामन-सम्मत दस गुणों का
- वामन के दस गुणों का अन्तर्भाव किया है—तीन गुणों में

  1. माधुर्य 2. ओज 3. प्रसाद
- दस शब्दगुण तथा दस अर्थगुणों का विभाग किया है—वामन ने
- गुणों को शब्द या अर्थ का धर्म न मानकर रस का धर्म मानते हैं—मम्मट
- शब्दगुण अथवा अर्थगुण का विभाग नहीं बन सकता—मम्मट
- भामहविवरण के लेखक हैं—भट्टोद्भट्ट
- गुण तथा अलङ्कार के भेद को मिथ्या माना है—भट्टोद्भट्ट ने
- भेद मानने वाले को गड्डलिका-प्रवाह (भेड़चाल) कहा है—भट्टोद्भट्ट ने
- गुणालङ्कार अभेदवादीमत है—भट्टोद्भट्ट का
- गुण तथा अलङ्कार दोनों में भेद मानते हैं—वामन
- वामन के ग्रन्थ का नाम है—काव्यालङ्कारसूत्र
- गुणालङ्कार भेदवादी मत है—वामन, आनन्दवर्धन और मम्मट का
- वामन के दस गुण (शब्द+अर्थ) हैं—1. ओज, 2. प्रसाद, 3. श्लेष, 4. समता, 5. समाधि, 6. माधुर्य, 7. सौकुमार्य, 8. उदारता, 9. अर्थव्यक्ति, 10. कान्ति

- 'ये रसस्याङ्गिनो धर्माः शौर्यादय इवात्मनः। उत्कर्षहेतवस्ते स्युरचलस्थितयो गुणाः'।। गुण की यह परिभाषा किसके अनुसार है?— मम्मट के
- 'काव्यशोभायाः कर्तारो धर्मा गुणाः; तदतिशयहेतवस्त्वलङ्काराः'। यह सम्बद्ध है— वामन से (काव्यालंकार सूत्र से)
- उपकुर्वन्ति तं सन्तं येङ्गद्वारेण जातुचित्। हारादिवदलङ्कारास्तेऽनुप्रासोपमादयः।। यह परिभाषा है— अलंकार की (मम्मटानुसार)
- आह्लादकत्वं माधुर्यं शृङ्गारे द्रुतिकारणम्' यह परिभाषा है— माधुर्य की
- सामान्यतः सम्भोगशृङ्गार में रहता है— माधुर्य
- करूण, विप्रलम्भ तथा शान्त में अधिक चमत्कारजनक (अतिशयान्वित) होता है— माधुर्य
- 'दीप्त्यात्मविस्तृतेर्हेतुरोजो वीररसस्थिति' यह परिभाषा है— ओज की
- वीभत्स तथा रौद्ररसों में आधिक्य होता है— ओज की
- 'शुष्केन्धनाग्निवत् स्वच्छजलवत्सहसैव यः। व्याप्नोत्यन्यत् प्रसादोऽसौ सर्वत्र विहितस्थितिः।। यह परिभाषा है— प्रसाद गुण की
- वामनोक्त दस शब्दगुणों तथा दस अर्थगुणों का खण्डन करके अपने 'त्रिगुणवाद' की स्थापना की है— मम्म्ट ने
- जहाँ वक्ता द्वारा किसी अभिप्राय से कथित वाक्य में श्रोता अन्य अर्थ की कल्पना करता है वहाँ होता है— श्लेष वक्रोक्ति (अर्थात् शब्द के दो अर्थवाला होने से)
- काकु का अर्थ होता है— बोलने का लहजा
- काकुरित्यभिधीयते यह परिभाषा है— काकुवक्रोक्ति की
- अनुप्रास अलङ्कार है— वर्णों की समानता

- अनुप्रास के प्रकार हैं— दो 1. छेकगत 2. वृत्तिगत
- छेक अर्थात् विदग्ध या चतुर (सहृदय) अनेक (व्यञ्जनों, वर्णों) की एक बार आवृत्तिरूप साम्य यह है— छेकगत अनुप्रास
- एक वर्ण का भी और अनेक वर्णों का भी अनेक बार आवृत्तिसाम्य यह है— वृत्त्यानुप्रास
- लाटानुप्रास को कहा जाता है— पदानुप्रास भी
- लाटानुप्रास के भेद होते हैं— पाँच
- 'अर्थे सत्यर्थभिन्नानां वर्णानां सा पुनः श्रुतिः यमकम्' यह परिभाषा है— यमक अलङ्कार की
- यमक अलङ्कार का उदाहरण है— 'समरसमरसोऽयम्'।
- यमक के भेद हैं— ग्यारह(11)
- श्लेष के भेद हैं— आठ

  1. वर्णश्लेष, 2. पदश्लेष, 3. लिङ्गश्लेष, 4. भाषाश्लेष, 5. प्रकृतिश्लेष 6. प्रत्ययश्लेष, 7. विभक्तिश्लेष, 8. वचनश्लेष

+++

नवम उल्लास

- नवम उल्लास में केवल वर्णन किया गया है—शब्दालङ्कारों का
- अलङ्कार का आधार होता है—शब्द और अर्थ
- अलङ्कार के प्रकार माने गये हैं—तीन
  1. शब्दालङ्कार 2. अर्थालङ्कार 3. उभयालङ्कार
- मम्मट के मत में अलङ्कारों की संख्या है—67
  (पाँच शब्दालङ्कार (5) + इकसठ अर्थालङ्कार (61) + एक उभयालङ्कार (1))
- मम्मट के अनुसार शब्दालङ्कार हैं—छः
  1. वक्रोक्ति 2. अनुप्रास 3. यमक
  4. श्लेष 5. चित्र 6. पुनरूक्तवदाभास
- काव्यप्रकाश के टीकाकार सोमेश्वर ने कितने शब्दालङ्कारों को माना है—छः
- वामनादि के अनुसार शब्दालङ्कार केवल हैं—दो
  1. अनुप्रास 2. यमक
- जो शब्द का परिवर्तन हो जाने पर सहन नहीं करता है, उसको कहा जाता है—'शब्दपरिवृत्यसहत्व' शब्दालङ्कार
- जहाँ किसी शब्द के पर्यायवाची रख देने पर भी अलङ्कार बना रहता है, उसको कहा जाता है—शब्दपरिवृत्तिसहत्व।
- शब्दालङ्कार के भेद हैं—दो
  1. सभङ्ग 2. अभङ्ग

- किस न्याय से शब्दालङ्काररूपश्लेष में दो शब्दों का श्लेष होता है?—जतुकाष्ठन्याय से
- किस न्याय से अर्थ-श्लेष में एक शब्द में दो अर्थों का श्लेष होता है—एकवृन्तगतफलद्वय-न्याय से
- वक्रोक्ति अलङ्कार के भेद हैं—दो
  1. श्लेषवक्रोक्ति 2. काकुवक्रोक्ति
- विशेष प्रकार के विन्यास से लिपिबद्ध किये गए वर्ण खड्ग आदि के आकार को प्रकट करते हैं—चित्रालंकार
- चित्रालङ्कार के प्रकार हैं— खड्गबन्ध, मुरजबन्ध, पद्मबन्ध, सर्वतोभद्र
- पुनरूक्तवदाभास अलङ्कार की परिभाषा है—'पुनरूक्त वदाभासो विभिन्नाकारशब्दगा एकार्थतेव' (अर्थात् भिन्न-भिन्न आकार वाले शब्दों में एकार्थकता का आभास होना)

+++

दशम उल्लास

- दशम उल्लास में वर्णन किया गया है— अर्थालङ्कारों का
- उपमा अलङ्कार का लक्षण है—'साधर्म्यमुपमा भेदे।'
- उपमा अलङ्काकर के अङ्ग हैं— तीन
  1. उपमान 2. उपमेय 3. साधारण
- उपमा अलङ्कार के मुख्य प्रकार हैं— दो
  1. पूर्णोपमा, 2. लुप्तोपमा,
- उपमा अलङ्कार के कुल कितने प्रकार मम्मट को अभीष्ट हैं— 25 प्रकार
- रूद्रट ने अपने काव्यालङ्कार में उपमा के 25 भेदों के अतिरिक्त भेद माना है— मालोपमा (दो प्रकार का) और रशनोपमा (दो प्रकार का)
- एक ही वस्तु के एक वाक्य में उपमान तथा उपमेय रूप होने पर होता है— अनन्वय अलङ्कार
- उपमान तथा उपमेय का परिवर्तन (विपर्यास) अलङ्कार होता है— उपमेयोपमा अलङ्कार
- प्रकृत (अर्थात् वर्ण्य उपमेय) की सम (अर्थात् उपमान) के साथ सम्भावना होता है— उत्प्रेक्षा अलङ्कार
- उत्प्रेक्षा अलङ्कार का लक्षण है—'सम्भावनमथोत्प्रेक्षा प्रकृतस्य समेन यत्'।
- सादृश्य के कारण उपमेय का उपमान के साथ संशयात्मक ज्ञान (संशय) होता है— ससन्देह अलङ्कार
- उपमान और उपमेय (जिनका भेद प्रसिद्ध है) का अभेद वर्णन कहलाता है— रूपक अलङ्कार
- 'तद्रूपकमभेदो य उपमानोपमेययोः' यह लक्षण है— रूपक अलङ्कार का

- मुखचन्द्रः (मुखं चन्द्रः) में अलङ्कार है— रूपक
- जहाँ प्रकृत अर्थात् वर्णनीय (उपमेय) का निषेध करके अन्य अर्थात् उपमान की सिद्धि की जाती है वहाँ अलङ्कार होता है— अपह्नुति अलङ्कार
- अपह्नुति अलङ्कार का लक्षण है—'प्रकृतं यन्निषिध्यान्यत्साध्यते सा त्वपह्नुतिः'
- अपह्नुति के प्रकार हैं— दो, 1. शाब्दी, 2. आर्थी
- जहाँ एक ही वाक्य में अनेक अर्थ प्रकृत हो वहाँ होता है— श्लेष अलङ्कार
- श्लिष्ट (श्लेषयुक्त) विशेषणों द्वारा अर्थात् अपकृत अर्थ का बोधन है— समासोक्ति अलङ्कार
- समासोक्ति अलङ्कार का लक्षण है—'परोक्तिभेदकैः श्लिष्टैः समासोक्तिः'
- जहाँ वस्तु का (अभवन्) असम्भव या अनुपद्यमान सम्बन्ध (प्रकृति की अप्रकृत के साथ) उपमा की कल्पना होता है, वहाँ अलङ्कार होता है— निदर्शना अलङ्कार
- निदर्शना अलङ्कार का लक्षण है—'निदर्शना-अभवन् वस्तुसम्बन्ध उपमापरिकल्पकः।'
- 'क्व सूर्यप्रभवो वंशः क्व चाल्पविषया मतिः।
  तितीर्षुर्दुस्तरं सोहादुडुपेनास्मि सागरम्।।' प्रस्तुत पद्य में अलङ्कार है— निदर्शना
- 'इदं किलात्याजमनोहरं वपुस्तपः क्षमं साधयितुं य इच्छति।
  ध्रुवं स नीलोत्पलपत्रधारया शमीलतां छेत्तुमृषिर्व्यवस्यति।। प्रस्तुत पद्य में अलङ्कार है— निदर्शना
- जहाँ प्रस्तुत अर्थ की प्रतीति कराने वाली जो अप्रस्तुत अर्थ की प्रशंसा का वर्णन है, वह कहलाता है— अप्रस्तुत प्रशंसा
- अप्रस्तुतप्रशंसा अलङ्कार का लक्षण है— अप्रस्तुतप्रशंसा या सा सैव प्रस्तुताश्रय।'

- अप्रस्तुतप्रशंसा के भेद हैं— पाँच
- अतिशयोक्ति का अर्थ है—'अतिशयिता प्रसिद्धिम् अतिक्रान्ता लोकातीता उक्तिः'।
- अतिशयोक्ति के वर्णन में होती है— लोकोत्तरता
दण्डपाणि	दण्डः पाणौ यस्य सः	दण्ड+सु, पाणि+ङि	बहुब्रीहि

द्वन्द्व समास का उदाहरण

धवखदिरौ	धवश्च खदिरश्च	धव+सु, खदिर+सु	द्वन्द्व
राजदन्तः	दन्तानां राजा	दन्त+आम्, राजन्+सु	ष.तत्पुरुष
धर्मार्थौ	धर्मश्च अर्थश्च	धर्म+सु,अर्थ+सु	द्वन्द्व
हरि हरौ	हरिश्च हरश्च	हरि+सु, हर+ सु	द्वन्द्व
शिवकेशवौ	शिवश्च केशवश्च	शिव+सु, केशव+सु	द्वन्द्व
युधिष्ठिरार्जुनौ	युधिष्ठिरश्च अर्जुनश्च	युधिष्ठिर+सु, अर्जुन+सु	द्वन्द्व
पाणिपादम्	पाणी च पादौ च	पाणि+औ, पाद+औ	द्वन्द्व
रथिकाश्वारोहम्	रथिकाश्च अश्वारोहाश्च- तेषां समाहारः	रथिकजस्, अश्वारोह+जस्	द्वन्द्व
अर्काश्वमेधम्	अर्कश्च अश्वमेधश्च- तयोः समाहारः	अर्क+सु, अश्वमेध+सु	द्वन्द्व
उद्ध्येरावति	उद्ध्यश्च इरावती च	उद्ध्य+सु, इरावती+सु	द्वन्द्व
गङ्गाशोणम्	गङ्गा च शोणश्च	गङ्गा+सु, शोण+सु	द्वन्द्व
अहिनकुलम्	अहयश्च नकुलाश्च	अहि+जस्, नकुल+जस्	द्वन्द्व

गोव्याघ्रम	गावश्च व्याघ्राश्च	गो+जस्, व्याघ्र+जस्	द्वन्द्व
ईशकृष्णौ	ईशश्च कृष्णश्च	ईश+सु, कृष्ण+सु	द्वन्द्व
गवाश्वम्	गावश्च अश्वाश्च तयोः समाहारः	गो+जस्, अश्व+जस्	
रुरुपृषतम्	रुरवश्च पृषताश्च	रूरू+जस्, पृषत्+जस्	द्वन्द्व
कुशकाशम्	कुशाः च काशाःच	कुशः+जस्,काशः+जस्	द्वन्द्व
ब्रीहियवम्	ब्रीहयश्च यवाश्च	ब्रीहि+जस्, यव+जस्	द्वन्द्व
दधिघृतम्	दधि च घृतं च	दधि+सु, घृत+सु	द्वन्द्व
पूर्वापरम्	पूर्वं च अपरं च	पूर्व+सु, अपर+सु	द्वन्द्व
शीतोष्णम्	शीतं च उष्णम् च	शीत+ सु, उष्ण+सु	द्वन्द्व
होतापोतारौ	होता च पोता च	होतृ +सु, पोतृ+सु	द्वन्द्व
मातापितरौ	माता च पिता च	मातृ+सु, पितृ+सु	द्वन्द्व
पितापुत्रौ	पिता च पुत्रश्च	पितृ+सु, पुत्र+सु	द्वन्द्व
मित्रावरुणौ	मित्रश्च वरुणश्च	मित्र+सु, वरूण+सु	द्वन्द्व
अग्नीषोमौ	अग्निश्च सोमश्च	अग्नि+सु, सोम+सु	द्वन्द्व
अग्नीवरुणौ	अग्निश्च वरूणश्च	अग्नि+सु, वरुण+सु	द्वन्द्व
द्यावापृथिव्यौ	द्यौश्च पृथिवी च	दिव+सु, पृथिवी+सु	द्वन्द्व
मातरपितरौ	माता च पिता च	मातृ+सु, पितृ+सु	द्वन्द्व
वाक्त्वमचम्	वाक्च त्वक्च	वाच्+सु, त्वच्+स	द्वन्द्व
वाक्त्विम्	वाक्च त्विट् च	वाच्+सु, त्विष्+सु	द्वन्द्व
छत्रोपानहम्	छत्रं च उपानत् च	छत्र+सु,उपानत्+सु	द्वन्द्व
प्रावृट्छरदौ	प्रावृट् च शरद् च	प्रावृट्+सु, शरद्+सु	द्वन्द्व

✦✦✦

परस्मैपद विधान

- 'अनुपराभ्यां कृञः' सूत्र से होने वाले परस्मैपद का उदाहरण है— अनुकरोति, पराकरोति
- 'अभिप्रत्यतिभ्यः क्षिपः' सूत्र से होने वाले परस्मैपद का उदाहरण है— अभिक्षिपति
- 'प्राद्वहः' सूत्र से होने वाले परस्मैपद का उदाहरण है— प्रवहति
- 'परेर्मृषः' सूत्र से होने वाले परस्मैपद का उदाहरण है— परिमर्षति
- 'व्याङ्परिभ्यो रमः' सूत्र से विधान होता है— परस्मैपद का (उदाहरण-विरमति)
- 'उपाच्च' सूत्र से विधान होता है— परस्मैपद का (उदाहरण-उपरमति)

आत्मनेपद

- कर्मव्यतिहार में होता है— आत्मनेपद का विधान
- कर्मव्यतिहार में आत्मनेपद का विधान करने वाला सूत्र है— 'कर्तरिकर्मव्यतिहारे'
- 'अन्यस्य योग्यं कार्यं यत्र अन्यः करोति इति' यह है— कर्मव्यतिहार
- 'अन्यस्य योग्यं कार्यं अन्यः करोति इति' इसका उदाहरण है— व्यतिलुनीते
- 'नेर्विशः' सूत्र से होता है— आत्मने पद (यथा— निविशते)
- 'परिव्ययेभ्यः क्रियः' सूत्र से होता है— आत्मनेपद
- 'परिव्ययेभ्यः क्रियः' का उदाहरण है— परिक्रीणीते, विक्रीणीते, अवक्रीणीते
- 'विपराभ्यां जेः' सूत्र से होने वाले आत्मने पद का उदाहरण है— विजयते, पराजयते

- 'समवप्रविभ्यः स्थः' सूत्र से होने वाले आत्मने पद का उदाहरण है— सन्तिष्ठते, अवतिष्ठते
- 'अपह्नवे ज्ञः' सूत्र से होने वाले आत्मने पद का उदाहरण है— अपजानीते
- 'कर्मवाच्य' सूत्र से होने वाले आत्मने पद का उदाहरण है— सर्पिषोजानीते
- 'उदश्चरः सकर्मका' सूत्र से होने वाले आत्मने पद का उदाहरण है— धर्ममुच्चरते
- 'समस्तृतीयायुक्तात्' सूत्र से होने वाले आत्मने पद का उदाहरण है— रथेन सञ्चरते
- 'दाणश्च सा चेच्चतुर्थ्यर्थे' सूत्र से होने वाले आत्मने पद का उदाहरण है— दास्या संयच्छतेकामी
- 'पूर्ववत्सनः' सूत्र से होने वाले आत्मने पद का उदाहरण है— एदिधिषते
- 'भुजोऽनवने' सूत्र से होने वाले आत्मने पद का उदाहरण है— 'ओदनं भुङ्क्ते'

पाणिनीय शिक्षा

- 'पाणिनीय शिक्षा के रचनाकार हैं— पाणिनि
- 'अष्टाध्यायी' के रचनाकार हैं— पाणिनि
- 'अष्टाध्यायी' में कुल अध्याय हैं— आठ
- 'पाणिनि' का माता का नाम था— दाक्षी
- 'पाणिनि' की प्रत्येक अध्याय विभक्त है— चार पादों में
- वेदाङ्ग है— 6
- षड् वेदाङ्गों में गणना की जाती है— शिक्षा की
- वेद का घ्राण कहा गया है— शिक्षा को
- 'शिक्षा घ्राणं तु वेदस्य' यह है— शिक्षा
- जिसमें स्वर, वर्ण आदि के उच्चारण की शिक्षा दी जाती है, उसे कहते हैं?— शिक्षा

(स्वरवर्णाद्युच्चारण प्रकारो यत्र शिक्ष्यते उपदिश्यते सा शिक्षा)

- तैत्तिरीय-उपनिषद् के अनुसार शिक्षा के अङ्ग हैं—6,
  1. वर्ण, 2. स्वर, 3. मात्रा, 4. बल, 5. साम, 6. सन्तान
- ऋग्वेदीय शिक्षा ग्रन्थ है—पाणिनीय शिक्षा
- पाणिनीय शिक्षा के अनुसार वर्णों की कुल संख्या है—63 या 64
- (त्रिषष्टिश्चतुःषष्टिर्वा वर्णाः शम्भुमते मताः)
- यह वर्ण संख्या किसके मत पर आधारित है—भगवान शिव के
- पाणिनीय सम्प्रदाय में भगवान शिव को पाणिनि का माना गया है—दीक्षा गुरु
- स्वर की संख्या है—21
- स्पर्श वर्ण हैं—25, ('क' से 'म' पर्यन्त)
- यकार से हकार तक वर्ण हैं—आठ (य,र,ल,व,श, ष,स,ह)
- यम हैं—चार
- अनुस्वार हैं—1
- विसर्ग हैं—1
- ककार, खकारादि, जिह्वामूलीय हैं—1
- पकार, फकारादि, उपध्मानीय हैं—1
- दुस्स्पृष्ट हैं—1
- प्लुतलृकार हैं—1
- अनुस्वार, विसर्ग, जिह्वामूलीय और उपध्मानीय हैं—पराश्रित वर्ण
- 'संस्कृत' और 'प्राकृत' की वर्ण संख्या हैं— 63 या 64
- स्वरों की दृष्टि से 'अच्' के प्रकार हैं—तीन
  1. उदात्त 2. अनुदात्त 3. स्वरित
- काल की दृष्टि से भी 'अच्' हैं—तीन 1. ह्रस्व 2. दीर्घ 3. प्लुत
- शरीर की जठराग्नि को आहत या प्रदीप्त करता है—मन
- वर्णों के उच्चारण स्थान हैं—आठ,
  1. उर (हृदय) 2. कण्ठ 3. शिरस् (मूर्धा)
  4. जिह्वामूलीय 5. दन्त 6. नासिका 7. ओष्ठ 8. तालु

- वर्णों के उच्चारण दोष हैं—6,
  1. गीती, 2. शीघ्री, 3. शिरः कम्पी, 4. लिखितपाठक,
  5. अनर्थज्ञ, 6. अल्पकण्ठ
- वर्णोच्चरण के गुण हैं—6,
  1. माधुर्य 2. अक्षरव्यक्तिः 3. पदच्छेद 4. सुस्वर
  5. धैर्य 6. लयसमर्थ (लय के साथ)
- हाथ की तर्जनी अङ्गुली को समझना चाहिए—उदात्त का सूचक
- हाथ की मध्यम अङ्गुली को समझना चाहिए—प्रचय का सूचक
- हाथ की कनिष्ठिका अङ्गुली को समझना चाहिए—अनुदात्त का सूचक
- हाथ की अनामिका अङ्गुली को समझना चाहिए— स्वरित का सूचक
- स्वर के आश्रय पद के प्रकार होते हैं—9
  1. अन्तोदात्त 2. आद्युदात्त 3. उदात्त 4. अनुदात्त 5. नीच स्वरित
  6. मध्योदात्त 7. स्वरित 8. द्व्युदात्त 9. त्र्युदात्त
- अनुदात्त स्वर का स्थान है—हृदय
- उदात्त स्वर का स्थान है—मूर्धा
- स्वरित स्वर का स्थान है—कर्णमूल
- प्रचय का स्थान है—समस्त मुख
- चाषर (नीलकण्ठ) पक्षी बोलता है—एकमात्राकालिक (ह्रस्व)
- काक पक्षी बोलता है—द्विमात्राकालिक (दीर्घ)
- मयूर पक्षी बोलता है—त्रिमात्राकालिक (प्लुत)
- नकुल (नेवला) बोलता है—अर्द्धमात्राकालिक (व्यञ्जन)
- वेदवर्ण दुष्ट होने पर यजमान को बनाता है—अल्पायु
- स्वरहीन होने पर यजमान को बनाता है—रोगी
- विधिवत् हस्तस्वर सञ्चारणपूर्वक वेदपाठ करने वाला निवास करता है—ब्रह्मलोक में

➤ ऋग्वेद के तीन स्वरों में अन्तर्भाव होता है— सप्तस्वरों का
➤ निषाद और गान्धार किस स्वर में आते हैं?— उदात्त में
➤ ऋषभ और धैवत का किस स्वर में अन्तर्भाव होता है?— अनुदात्त में
➤ षड्ज, मध्यम और पञ्चम का किस स्वर में अन्तर्भाव होता है?— स्वरित में
➤ ऊष्म या विसर्जनीय वर्णों की कितने प्रकार की गति होती है?— 8
➤ 'अ' वर्ण और 'हकार' कहे गए हैं— कण्ठस्थानीय
➤ 'इ' वर्ण 'यकार-शकार' कहे गए हैं— तालुस्थानीय
➤ 'उ' वर्ण और 'पवर्ग' कहे गए हैं— ओष्ठस्थानीय
➤ 'ऋ' वर्ण, 'टवर्ग', रेफ, षकार, मूर्धन्य, 'लृ', 'तवर्ग', लकार और सकार कहे गए हैं— दन्तस्थानीय
➤ कवर्ग को कहा गया है— जिह्वामूल
➤ वकार को कहा गया है— दन्तोष्ठ्य
➤ 'ए' तथा 'ऐ' को कहा गया है— कण्ठतालव्य
➤ 'ओ' तथा 'औ' को कहा गया है— कण्ठोष्ठ्य
➤ प्रयत्न हैं— दो, 1. आभ्यन्तर प्रयत्न, 2. बाह्य प्रयत्न
➤ संवृत वर्ण को जानना चाहिए— एकमात्रिक
➤ विवृत वर्ण को जानना चाहिए— द्विमात्रिक
➤ व्यञ्जनों में सभी सघोष वर्ण कहे गए हैं— संवृत
➤ व्यञ्जनों में सभी अघोष वर्ण कहे गए हैं— विवृत
➤ स्वरित का एक विशिष्ट रूप है— कम्प स्वर
➤ अधम पाठक के प्रकार हैं— 6
➤ वर्णोच्चारण के छः दोषों वाले पाठक कहलाते हैं— अधम पाठक
➤ लिखित पाठक हैं— अधम पाठक
➤ वर्णोच्चारण के 6 गुणों से युक्त पाठक कहे जाते हैं— उत्तमपाठक
➤ सभी स्वर हैं— अस्पृष्ट
➤ य्, र्, ल्, व्, है— ईषत्स्पृष्ट
➤ श्, ष, स, ह, हैं— अर्द्धस्पृष्ट
➤ शेष व्यञ्जन हैं— स्पृष्ट



ऐच्छिक-3
दर्शनशास्त्र
योगसूत्र

➤ योगदर्शन के प्रणेता हैं— महर्षि पतञ्जलि
➤ 'योगसूत्र' के रचनाकार हैं— महर्षि पतञ्जलि
➤ 'चित्तवृत्तिनिरोधः' यह है— योग
➤ चित्तवृत्तियों का निरोध है— योग
➤ योगसूत्र विभक्त है— चार पाद में
1. समाधिपाद 2. साधनपाद 3. विभूतिपाद 4. कैवल्यपाद
➤ योगसूत्र पर भाष्य लिखा है— व्यास जी ने
➤ योगसूत्र में कुल सूत्र हैं— 195
➤ समाधिपाद में कुल सूत्र हैं— 51
➤ साधनपाद में कुल सूत्र हैं— 55
➤ विभूतिपाद में कुल सूत्र हैं— 55
➤ कैवल्यपाद में कुल सूत्र हैं— 34
➤ योगदर्शन के अनुसार पदार्थो की संख्या है— 26
➤ 'अथ योगानुशासनम्' यह है— योगसूत्र से
➤ 'अथ योगानुशासनम्' इसमें 'अथ' शब्द है— अधिकारवाचक
➤ व्यास भाष्य में योग के भेद हैं— चार
1. वितर्कानुगत 2. विचारानुगत 3. आनन्दानुगत 4. अस्मितानुगत
➤ योगानुशासन का अर्थ है— योगप्रतिपादक शास्त्र
➤ प्रतिपाद्यविषय है— योग
➤ युज् (समाधौ) धातु से 'घञ्' प्रत्यय लगाकर बना है— योग
➤ चित्त की स्वाभाविक अवस्थाओं को ही जाना जाता है— चित्तभूमि नाम से

- चित्तभूमियाँ हैं— पाँच
  1. क्षिप्त 2. मूढ 3. विक्षिप्त 4. एकाग्र 5. निरुद्ध
- 'रजसा विषयेष्वेव वृत्तिमत्' यह है— क्षिप्त
- 'तमसा निद्रादि वृत्तिमत्' यह है— मूढ
- सदैव तेषु-तेषु विषयेषु क्षिप्यमाणमत्यन्तमस्थिरम्' यह है— क्षिप्त
- क्षिप्त का अर्थ है— चञ्चल
- तमोगुण के उद्रेक के कारण मूर्च्छादिव्यापारवान् चित्त की स्थिति कही जाती है— मूढ
- 'क्षिप्ताद् विशिष्टं विक्षिप्तम्' यह है— विक्षिप्त
- 'सत्त्वाधिक्येन समादधदपि चित्तं रजोमात्रयान्तरान्तरा विषयान्तरवृत्तिमद्' यह है— विक्षिप्त
- सत्त्वगुण का आधिक्य रहता है— विक्षिप्तभूमि में
- 'यस्त्वेकाग्रे चेतसि सद्भूतमर्थं प्रद्योतयति, क्षिणोति च क्लेशान्, कर्मबन्धनानिश्लथयति निरोधमभिमुखं 'करोति' यह है, एकाग्र
- सम्प्रज्ञात-समाधि के नाम से जानी जाती है— एकाग्रचित्त भूमि
- 'निरुद्धं च निरुद्धसकलवृत्तिकं, संस्कार मात्रशेषमित्यर्थः' यह है— निरुद्धचित्तभूमि
- मनुष्य का चित्त जिन-2 परिस्थितियों में रहता है, वह है— चित्तवृत्ति
- चित्तवृत्ति को बाँटा गया है— दो वर्गों में
- प्रमाणादि भेद से चित्तवृत्तियाँ हैं— पाँच
- 1. प्रमाण 2. विपर्यय 3. विकल्प 4. निद्रा 5. स्मृति
- 'क्लेशहेतुकाः कर्माशय प्रचय क्षेत्रीभूताः' ये हैं— क्लिष्टवृत्तियाँ
- 'ख्यातिविषयागुणाधिकारविरोधिन्योऽक्लिष्टा' ये हैं— अक्लिष्टवृत्तियाँ
- पुरुष विवेकज्ञान में सहायक सिद्ध होने वाली वृत्तियाँ हैं— अक्लिष्ट
- 'इन्द्रियप्रणालिकया चित्तस्य बाह्यवस्तूपरागात्तद्विषया सामान्य-विशेषात्मनोऽर्थस्य विशेषावधारणप्रधाना वृत्तिः' यह है— प्रत्यक्ष प्रमाण

- प्रत्यक्ष प्रमाण के समान रूप वाला पौरुषेय बोध ही है— फल (प्रमा)
- प्रमाण नामक वृत्ति के भेद हैं— तीन
  1. प्रत्यक्ष 2. अनुमान 3. आगम
- प्रमा का करण है— प्रमाण
- 'अनुमेयस्य तुल्यजातीयेष्वनुवृत्तो भिन्नजातीयेभ्योव्यावृत्तः, सम्बन्धो यस्तद्विषया सामान्यावधारणप्रधाना वृत्तिः' यह है— अनुमान
- 'शब्दात्तदर्थविषया वृत्तिः श्रोतुः' यह है— आगम
- 'विपर्ययो मिथ्याज्ञानमतद्रूपप्रतिष्ठतम्' यह है— विपर्यय
- ज्ञेय वस्तु से भिन्न रूप में प्रतिष्ठित मिथ्याज्ञान कहा जाता है— विपर्यय
- 'द्विचन्द्रदर्शनं सद्विषयेणैकचन्द्रदर्शनेन बाध्यतइति' यह उदाहरण है— विपर्यय का
- विपर्यय को कहा जाता है— अविद्या
- विपर्यय के खण्ड (क्लेश) हैं— पाँच
- अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश ये 5 क्लेश हैं— विपर्यय के
- अज्ञान या अविद्या के भेद हैं— पाँच
- 'शब्दज्ञानानुपाती वस्तुशून्यो' यह है— विकल्प
- शब्दज्ञान से उत्पन्न तथा निर्वस्तुक होता है— विकल्प
- 'अभावप्रत्ययालम्बनावृत्तिः' यह है— निद्रा
- अभाव के कारणभूत तमोगुण को विषय बनाने वाली वृत्ति होती है— निद्रा
- 'अनुभूतविषयासम्प्रमोषः' यह है— स्मृति
- अनुभूत विषय की चित्त में उपस्थिति है— स्मृति
- पाँचों वृत्तियों का निरोध होता है— अभ्यास और वैराग्य से (अभ्यासवैराग्याभ्यां तन्निरोधः)
- चित्तवृत्तियों के निरोध के उपाय हैं— दो 1. अभ्यास 2. वैराग्य
- 'तत्र स्थितौ यत्नः' यह है— अभ्यास

- 'दृष्टानुश्रविकविषयवितृष्णस्य वशीकारसंज्ञा' यह है— वैराग्य
- वैराग्य को बताया गया है— दो 1. अपरवैराग्य 2. परवैराग्य
- 'तत्परं पुरुषख्यातेर्गुणवैतृष्ण्यम्' यह है— परवैराग्य
- पुरुष की ख्याति के कारण गुणों के प्रति जो उपेक्षा बुद्धि होती है, वह है— परवैराग्य
- समाधि के प्रकार हैं— दो 1. सम्प्रज्ञात 2. असम्प्रज्ञात
- वितर्कविचारानन्दाऽस्मितानुगमात्' यह है— सम्प्रज्ञात
- 'विरामप्रत्ययाभ्यासपूर्वः संस्कारशेषोऽन्यः' यह है— असम्प्रज्ञात
- असम्प्रज्ञातसमाधि के प्रकार हैं— दो 1. उपायप्रत्यय 2. भवप्रत्यय
- 'तत्रोपायप्रत्ययो योगिनां भवति' यह है— उपायप्रत्यय
- 'विदेहप्रकृतिलयानाम्' यह है— भवप्रत्यय
- प्रधान और पुरुष से अलग है— ईश्वर
- **'क्लेशकर्म विपाकाशयैरपरामृष्टः पुरुषविशेषः'** यह है— ईश्वर
- सर्वज्ञता का बीज अपनी पराकाष्ठा को प्राप्त होता है— ईश्वर में
- **'पूर्वेषामपि गुरुः कालेनानवच्छेदात्'** यह कौन है?— ईश्वर
- 'प्रणवः वाचकः' यह है— ईश्वर का
- 'प्रणव' किसका वाचक है?— ईश्वर का
- ईश्वर का अभिधायक शब्द है— ओङ्कार
- ओङ्कार जप के पश्चात् करना चाहिए— योगसाधन
- योगसाधन के पश्चात् करना चाहिए— जप
- जप और योग की सिद्धि से साक्षात्कार होता है— परमात्मा का
- व्याधि, स्त्यान, संशय, प्रमाद, आलस्य, अविरति, भ्रांतिदर्शन, अलब्धभूमिकत्व और अनवस्थितत्त्व ये हैं— चित्त के विक्षेप (विघ्न)
- चित्त के विक्षेप को कहा जाता है— विघ्न
- दुःख, दौर्मनस्य, अङ्गकम्पन, श्वास और प्रश्वास ये साथी हैं— विक्षेपों के
- 'नासिकाग्रे धारयतोऽस्य या दिव्यगन्धसंवित् सा' यह है— गन्धप्रवृत्ति

- जिह्वा के अग्रभाग में साक्षात्कार होता है— दिव्यरस का (रसप्रवृत्ति)
- तालु में दिव्यरूप का साक्षात्कार होता है, वह है— रूपप्रवृत्ति
- जिह्वा के मध्य भाग में दिव्य स्पर्श का साक्षात्कार होता है, वह है— स्पर्शप्रवृत्ति
- जिह्वा के जड़ में दिव्यशब्द का साक्षात्कार होता है— शब्दप्रवृत्ति
- पार्थिव परमाणु का सूक्ष्मविषय है— गन्धतन्मात्र
- जलीय परमाणु का सूक्ष्मविषय है— रसतन्मात्र
- वायवीय परमाणु का सूक्ष्मविषय है— स्पर्शतन्मात्र
- आकाश का सूक्ष्मविषय है— शब्दतन्मात्र
- सब तन्मात्राओं का सूक्ष्मविषय है— अहंकार
- अहंकार का सूक्ष्मविषय है— महत्तत्त्व
- महत्तत्त्व का सूक्ष्मविषय है— अव्यक्त प्रकृति
- किससे सूक्ष्म कुछ नहीं है?— अव्यक्त प्रकृति से
- सम्प्रज्ञात के भेद हैं— चार

  1. वितर्कानुगत 2. विचारानुगत 3. आनन्दानुगत 4. अस्मितानुगत
- समाधि का प्रयोग योग के पर्याय के रूप में किया है— पतञ्जलि ने
- 'वितर्कश्चित्तस्यालम्बने स्थूल आभोगः' यह है— वितर्कानुगत
- वितर्कानुगत के प्रकार हैं— दो, 1. सवितर्क, 2. निर्वितर्क
- सूक्ष्म पञ्चतन्मात्र रूप ग्राह्यविषयक विशिष्ट भावना है— विचारानुगत (सूक्ष्मो विचारः)
- 'आनन्दो ह्लादः' यह है— आनन्दानुगत
- 'एकात्मिका संविदस्मिता' यह है— अस्मितानुगत
- सबीज समाधि कहा जाता है— सम्प्रज्ञात समाधि को
- निर्बीज समाधि कहा जाता है— असम्प्रज्ञात समाधि को
- विचारानुगत समाधि है— दो 1. सविचारसमापत्ति 2. निर्विचारसमापत्ति
- सबीज समाधि, धममेध, सविल्पक ये सब हैं— सम्प्रज्ञात समाधि
- निर्बीज समाधि या निर्विकल्पक को कहा जाता है— असम्प्रज्ञात समाधि

- समाहित चित्त वाले योगी को उस वैशारद्य काल में जो विशिष्ट प्रज्ञा उत्पन्न होती है, वह है—ऋतम्भरा **(ऋतम्भरा तत्र प्रज्ञा)**
- 'तस्यापि निरोधे सर्वनिरोधान्निर्बीजः समाधिः' यह है—असम्प्रज्ञात समाधि
- समाधिजन्यप्रज्ञा की विरोधी होने के साथ-2 उस प्रज्ञा से उत्पन्न होने वाले संस्कारों की भी विरोधी होती है—निर्बीजसमाधि
- 'तपः स्वाध्यायेश्वरप्रणिधानानि' यह है—क्रियायोग
- तपस्या, स्वाध्याय और ईश्वर प्रणिधान है—क्रियायोग
- समाधि को भावित करने के लिए और क्लेशों को हल्का करने के लिए होता है—क्रियायोग
- अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश ये पाँच हैं—क्लेश
- क्लेश हैं—पाँच
- पाँच मिथ्याज्ञान हैं—क्लेश
- प्रसुप्त, तनु, विच्छिन्न और उदार परवर्ती क्लेशों की प्रसवभूमि है—अविद्या
- 'अनित्याऽशुचिदुःखानात्मसु नित्यशुचिसुखाऽऽत्मख्यातिः' यह है—अविद्या
- अनित्य पदार्थ में नित्य पदार्थ का ज्ञान है—अविद्या
- 'दृग्दर्शनशक्त्योरेकात्मतेव' यह है—अस्मिता
- दृक्शक्ति (पुरुष) और दर्शनशक्ति (बुद्धि) की प्रतीयमान एकात्मता है—अस्मिता
- 'सुखानुशयीरागः' यह है—राग
- सुख का अनुवर्ती है—राग
- 'दुखानुशयी द्वेषः' यह है—द्वेष
- दुःख का अनुवर्ती (क्लेश) है—द्वेष
- 'स्वरसवाही विदुषोऽपि तथारूढः' यह है—अभिनिवेश
- चित्त के लय के द्वारा निवर्तनीय होते हैं—सूक्ष्मक्लेश

- विवेकख्याति के द्वारा नष्ट की जाने योग्य होती है—क्लेशों की वृत्तियाँ
- 'दुःखमनागतम्' यह है—हेय
- भविष्यकालिक दुःख है—हेय
- 'द्रष्टृदृश्ययोः संयोगः' यह है—हेयहेतु
- द्रष्टा और दृश्य का संयोग है—हेय का हेतु
- द्रष्टा है—पुरुष
- प्रकाशक्रियास्थितिशीलं भूतेन्द्रियात्मकं भोगापवर्गार्थम् यह है—दृश्य
- 'प्रकाशशीलं सत्त्वम्' यह है—सत्त्वगुण
- प्रकाशस्वभाव वाला है—सत्त्वगुण
- 'क्रियाशीलं रज' यह है—तमोगुण
- 'स्थितिशीलंतमः' यह है—तमोगुण
- 'तदभावात् संयोगाभावो हानं, तद्दृशेः' यह है—कैवल्य
- अविद्या के मिट जाने से संयोग का नाश हो जाना है—हान
- हान पुरुष का है—कैवल्य
- मिथ्याज्ञानशून्य विवेकख्याति उपाय है—हान का
- विवेकख्यातियुक्त योगी की उत्कृष्ट स्तर वाली प्रज्ञा के प्रकार हैं—सात
- योग (निर्बीजसमाधि) के अङ्ग हैं—आठ
- 'यमनियमाऽऽसनप्राणायाम प्रत्याहार धारणा ध्यानसमाधयोऽष्टावङ्गानि' ये हैं—योग के अङ्ग
- अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह हैं—यम
- यम के प्रकार हैं—पाँच
- 'सर्वथा सर्वदा-सर्वभूतानामनभिद्रोहः' यह है—अहिंसा
- सब प्रकार से (मनसा, वाचा, कर्मणा) सदैव सब प्राणियों को पीड़ा न पहुँचाना है—अहिंसा
- 'यथार्थे वाङ्मनसे' यह है—सत्त्य

- 'गुप्तेन्द्रियस्योपस्थस्य संयमः' यह है— ब्रह्मचर्य
- 'तत्प्रतिषेधः पुनरस्पृहारूपम्' यह है— अस्तेय
- 'विषयाणामर्जनरक्षणक्षयसङ्गहिंसादोषदर्शनादस्वीकरणम्' यह है— अपरिग्रह
- अस्पृहारूप है— अस्तेय
- ब्रह्मचर्य प्रतिष्ठा में होता है— वीर्यलाभ
- 'शौचसन्तोषतपः स्वाध्यायेश्वरप्रणिधानानि' यह है— नियम
- शौच के भेद हैं— दो 1. बाह्य 2. आभ्यन्तर
- 'तत्र शौचं मृज्जलादिजनितं मेध्याभ्यवहरणादि च' यह है— बाह्य शौच
- 'चित्तमलानामाक्षालनम्' यह है— आभ्यन्तरशौच
- चित्त के दोषों का धोना है— आभ्यन्तरशौच
- 'सन्निहितसाधनादधिकस्यानुपादित्सा' यह है— सन्तोष
- 'द्वन्द्वसहनम्' यह है— तप
- 'जिघत्सापिपासे, शीतोष्णे' यह है— द्वन्द्व
- 'मोक्षशास्त्राणामध्ययनं प्रणवजपो वा' यह है— स्वाध्याय
- स्वाध्याय से लाभ होता है— इष्टदेवता सम्प्रयोग का
- 'तस्मिन् परमगुरौ सर्वकर्मार्पणम्' यह है— ईश्वरप्रणिधान
- ईश्वर प्रणिधान से होती है— समाधिसिद्धि
- अहिंसा के प्रतिष्ठित हो जाने पर उस योगी के पास छट जाता है— वैरभाव
- सत्य के प्रतिष्ठित हो जाने पर किसकी आश्रयता आ जाती है?— क्रियाओं और उनके फलों की
- अस्तेय के प्रतिष्ठित हो जाने पर उपस्थिति होती है— सभी रत्नों की
- ब्रह्मचर्य के प्रतिष्ठित हो जाने पर होता है— वीर्यलाभ (सामर्थ्यलाभ)
- जन्मों तथा उनके प्रकार का सम्यक् ज्ञान किसके स्थिर होने पर होता है— अपरिग्रह
- निरतिशय सुख की प्राप्ति होती है— सन्तोष से

- तप से अशुद्धि का नाश हो जाने पर होती है— कायसिद्धि और इन्द्रियसिद्धि
- इष्ट देवताओं का सम्पर्क होता है— स्वाध्याय से
- 'स्थिर सुखम्' यह है— आसन
- 'श्वासप्रश्वासयोर्गतिविच्छेदः' यह है— प्राणायाम
- आसनसिद्धि हो जाने पर बाह्य वायु को ग्रहण करना है— श्वास
- 'कौष्ठ्यस्य वायोर्निःसारणम्' यह है— प्रश्वास
- श्वास और प्रश्वास की गति को रोकना है— प्राणायाम
- प्राणायाम होते हैं— त्रिविध 1. रेचक 2. पूरक 3. कुम्भक
- 'यत्र प्रश्वासपूर्वको गत्यभावः स बाह्यः' यह है— रेचक (बाह्य) प्राणायाम
- यत्र श्वासपूर्वको गत्यभावः स आभ्यन्तरः यह है— आभ्यन्तर (पूरक) प्राणायाम
- 'यत्रोभयाभावः सकृत्प्रयत्नाद्भवति' यह है— स्तम्भवृत्ति (कुम्भक) प्राणायाम
- 'स्वविषयासम्प्रयोगे चित्तस्वरूपानुकार इवेन्द्रियाणाम्' यह है— प्रत्याहार
- इन्द्रियों की प्रबल वशवर्तिता होती है— प्रत्याहार से
- 'देशबन्धश्चित्तस्य' इसका नाम है— धारणा
- चित्त को किसी भीतरी या बाहरी प्रदेश में लगाना है— धारणा
- 'तत्र प्रत्ययैकतानता' यह है— ध्यान
- धारणा में ज्ञान की एकतानता ही है— ध्यान
- 'तदेवार्थमात्रनिर्भासं स्वरूपशून्यमिव' यह है— समाधि
- महर्षि पतञ्जलि बहिरङ्ग साधन मानते हैं— पाँच
- योग के आठ अङ्गों में से प्रारम्भिक 5 अङ्ग को पतञ्जलि सम्प्रज्ञातयोग के प्रति मानते हैं— बहिरङ्ग
- योग के शेष तीन अङ्गों (धारणा, ध्यान, समाधि) को सम्प्रज्ञात समाधि का कहा गया है— अन्तरङ्ग
- साधनरूप में प्रतिष्ठित है— सम्प्रज्ञातसमाधि
- धारणा, ध्यान और समाधि तीनों एकत्र होने पर कहे जाते हैं— संयम

- संयम को जीतने से योगी को प्रकाश होता है— प्रज्ञा का
- निर्बीजसमाधि के लिए बहिरङ्ग है— संयम
- वितर्कादिभेद से सम्प्रज्ञातसमाधि के प्रकार हैं— चार
- 'शान्तोदिताव्यपदेश्य धर्मानुपाती' यह है— धर्मी
- 'योग्यतावच्छिन्ना धर्मिणः शक्तिरेव' यह है— धर्म
- तीनों परिणामो (धर्म, लक्षण व अवस्था) में संयम करने से योगी को साक्षात्कार (ज्ञान) होता है— अतीत तथा अनागत का
- संस्कारों के साक्षात्कार से ज्ञान होता है— पूर्वजन्मों का (संस्कारसाक्षात्करणात्पूर्वजातिज्ञानम्)
- संस्कार के प्रकार हैं— दो 1. वासनारूप 2. धर्माधर्मरूप
- स्मृति और अविद्यादि क्लेशों को उत्पन्न करते हैं— वासनारूप
- कर्मफलभोग के हेतुभूत हैं— धर्माधर्मरूप
- आयुरूपी फल वाले कर्म के प्रकार होते हैं— दो
  1. सोपक्रम 2. निरुपक्रम
- 'मैत्रीकरुणामुदितेति तिस्रो' यह हैं— भावनाएँ
- प्रातिभ, श्रावण, वेदन, आदर्श, आस्वाद तथा वार्ता नामक सिद्धियाँ उत्पन्न होती हैं— पुरुषज्ञान से
- निर्माणचित्त के प्रकार हैं— पाँच
- कर्मजाति के प्रकार हैं— चार
  1. पापात्मक 2. पुण्यपापात्मक 3. पुण्यात्मक 4. पुण्यपापरहित
- दुरात्माओं की कर्मजाति होती है— पापात्मक
- बाह्यक्रियाओं से सम्पादित कर्मजाति होती है— पुण्यपापात्मक
- तपस्या, स्वाध्याय और ध्यान करने वालों की कर्मजाति होती है— पुण्यात्मक
- क्षीणक्लेश संन्यासियों की कर्म जाति होती है— पापपुण्यरहित
- 'पुरुषार्थशून्यानां गुणानां प्रतिप्रसवः' यह है— कैवल्य
- 'स्वरूपप्रतिष्ठा वा चितिशक्तिरिति' यह है— कैवल्य
- योगसूत्र में कैवल्य के भेद हैं— दो

+++

ब्रह्मसूत्र

- 'ब्रह्मसूत्र' कृति है— बादरायण की
- 'ब्रह्मसूत्र' पर शारीरक भाष्य लिखा है— शंकराचार्य ने
- बादरायण विरचित ब्रह्मसूत्र के कुल अध्याय हैं— चार
- बादरायण विरचित ब्रह्मसूत्र में चार अध्याय विभक्त हैं— पाद में
- ब्रह्मसूत्र के चार अध्यायों में कुल पाद हैं— 16
- कृष्णद्वैपायन कृत 'ब्रह्मसूत्र' में कुल अधिकरण है— 191
- बादरायणकृत ब्रह्मसूत्र में कुल सूत्र हैं— 555
- 'अथातो ब्रह्मजिज्ञासा' यह सम्बद्ध है— ब्रह्मसूत्र से
- शङ्कराचार्य अभिमत सिद्धान्त है— ब्रह्माद्वैतवाद
- माया और अविद्या में भेद नहीं मानते हैं— शङ्कराचार्य
- शङ्कराचार्य के अनुयायियों में कितने वाद प्रचलित थे?— तीन,
  1. अवच्छेदवाद, 2. प्रतिबिम्बवाद, 3. आभासवाद
- भ्रम को ही कहते हैं— अध्यास
- अध्यास के प्रकार हैं— दो, 1. सादि, 2. अनादि
- 'स्मृतिरूपः परत्र पूर्वदृष्टावभासः' यह है— अध्यास
- वेदान्तमीमांसा नामक शास्त्र का प्रथम सूत्र है— 'अथातो ब्रह्मजिज्ञासा'
- 'अथातो ब्रह्मजिज्ञासा' यहाँ 'अथ' का अर्थ है— आनन्तर्य
- 'ब्रह्मसूत्र' में शंकरसम्मत 'अथ' पद का अर्थ अभिप्रेत है— साधनचतुष्टयानन्तर्य
- 'ब्रह्मणः जिज्ञासा ब्रह्मजिज्ञासा' यहाँ ब्रह्मणः पद में विभक्ति है— षष्ठी
- 'ब्रह्मणः जिज्ञासा ब्रह्मजिज्ञासा' यहाँ ब्रह्मणः पद में किस सूत्र द्वारा षष्ठी विभक्ति है— कर्तृकर्मणोः कृति
- जानने की इच्छा को कहते हैं— जिज्ञासा (ज्ञातुमिच्छा जिज्ञासा)
- सब प्राणियों का सत्यात्मा सत्यस्वरूप है— ब्रह्म
- 'असाधारणधर्मवचनम्' यह है— लक्षण

- 'स्वरूपं सद्व्यावर्तकम्' यह है— स्वरूप लक्षण
- लक्ष्य से अन्य होकर जो भेदक हो, वे लक्षण होते हैं— तटस्थ
- ब्रह्मसूत्र में 'ब्रह्म' का तटस्थ लक्षण है—'जन्माद्यस्य यत:'
- जन्मादि इस सूत्र के प्रथम पद में समास है— बहुब्रीहि
- जगत् का कारण माना गया है— ब्रह्म को
- लक्षण के प्रकार हैं— दो 1. स्वरूप लक्षण 2. तटस्थ लक्षण
- 'कादाचित्कत्वे सति व्यावर्तकम्' यह है— तटस्थलक्षण
- 'यत:' पद निर्देशक है— कारण (निमित्तोपादान) का
- 'जन्माद्यस्य यत:' इस सूत्र के भाष्य में शंकराचार्य ने ब्रह्मज्ञान को माना है— सिद्धवस्तु विषयक
- अध्यास का तात्पर्य हैं— अज्ञान या अविद्या से
- 'अध्यासो नाम अतस्मिंस्तद्बुद्धि:' यह है— अध्यास
- 'पुत्रभार्यादिषु विकलेषु सकलेषु वा अहमेव विकल: सकलो वेति' यह उदाहरण है— अध्यास का
- 'अनिर्वचनीयख्याति' यह सिद्धान्त है— शङ्कराचार्य का
- 'आत्मख्याति' इसे स्वीकार करते हैं— योगाचार (विज्ञानवादीबौद्ध)
- 'असतख्याति' इसे स्वीकार करते हैं— माध्यमिक (शून्यवादी बौद्ध)
- 'अख्याति' इसे स्वीकार करते हैं— प्रभाकर मीमांसक
- अन्यथाख्याति इसे स्वीकार करते हैं— नैयायिक
- ब्रह्म के यथार्थस्वरूप के ज्ञान में प्रमाण हैं— ऋग्वेदादि शास्त्र
- 'शास्त्रयोनित्वात्' यहाँ 'योनि' शब्द की 'कारण' एवं 'प्रमाण' परक द्व्यर्थकता के आधार पर व्याख्या प्रस्तुत की है— शङ्कराचार्य ने
- 'शास्त्रप्रमाणकम्' यह है— ब्रह्म
- 'ब्रह्मभावश्च मोक्ष:' यह हैं— मोक्ष
- ब्रह्मभाव या ब्रह्मावगति को कहा गया है— मोक्ष
- नित्य-शुद्ध ब्रह्मस्वरूप वाला है— मोक्ष
- 'मोक्ष' को उत्पाद्य नहीं मानते हैं— शंकराचार्य
- अद्वैत मत में ख्याति है— अनिर्वचनीय ख्याति



न्याय-सिद्धान्तमुक्तावली

- न्यायसिद्धान्तमुक्तावली के रचनाकार हैं— विश्वनाथ पञ्चानन भट्टाचार्य
- न्यायसिद्धान्तमुक्तावली में किस न्याय ग्रन्थ की टीका है?— कारिकावली की
- कारिकावली में कुल कारिका है— 168
- संसारमहीरुहस्य बीजाय' इस मङ्गलाचरण में ईश्वर संसार का किस तरह का कारण है?— निमित्तकारण
- न्यायसिद्धान्त मुक्तावली में पदार्थ हैं— 7
- द्रव्य, गुण, कर्म सामान्य, विशेष, समवाय तथा अभाव, ये सात हैं— पदार्थ
- द्रव्य हैं— 9
- 'क्षित्यप्तेजोमरुद्व्योमकालदिग्देहिनो मन:' यह है— द्रव्य
- पृथिवी, जल, तेजस, वायु, आकाश, काल, दिक् आत्मा और मन ये 9 हैं— द्रव्य
- गुणों की कुल संख्या है— 24
- कर्म हैं— पाँच

  1. उत्क्षेपण 2. अपक्षेपण 3. आकुञ्चन 4. प्रसारण 5. गमन
- सामान्य के भेद हैं— दो 1. पर, 2. अपर
- 'नित्यत्वे सति अनेक समवेतत्वम्' यह है— संयोग
- 'अन्त्यो नित्य द्रव्य वृत्तिविशेष: परिकीर्तित:' यह है— विशेष
- 'घटादीनां कपालादौ द्रव्येषु गुणकर्मणो:।
- तेषु जातेश्च सम्बन्ध: समवाय: प्रकीर्तित:।।' यह है— समवाय
- अभाव के प्रकार हैं— दो 1. संसर्गाभाव 2. अन्योन्याभाव
- संसर्गाभाव के प्रकार हैं— तीन

  1. प्रागभाव 2. ध्वंसाभाव 3. अत्यन्ताभाव
- अन्योन्याभाव से भिन्न अभाव को कहते हैं— संसर्गाभाव

- 'अन्यथासिद्धिशून्यस्य नियता पूर्ववर्तिता' यह है—कारण
- कारण के प्रकार हैं— तीन
  1. समवायिकारण, 2. असमवायिकारण, 3. निमित्तकारण
- 'यत्समवेतं कार्यं भवति ज्ञेयं तु समवायिजनकं तत्' यह है—समवायिकारण
- पट तन्तुओं में उत्पन्न होता है—समवाय सम्बन्ध से
- तन्तु पट कार्य के प्रति है—समवायिकारण
- समवायिकारण के प्रकार हैं—दो
  1. कार्यैकार्थप्रत्यासत्ति 2. कारणैकार्थप्रत्यासत्ति
- पटादि के प्रति तन्तुसंयोगादि किस तरह के कारण हैं?—कार्यैकार्थ-असमवायि कारण
- पटरूप के प्रति तन्तुरूप किस तरह के कारण हैं?—कारणैकार्थअसमवायि कारण
- अन्यथासिद्ध के प्रकार हैं—पाँच
- 'आभ्यां समवायि कारणासमवायिकारणाभ्यां पर भिन्नं कारणं तृतीयम्' यह है—निमित्तकारण
- पट के प्रति तुरी, वेमादिक हैं—निमित्तकारण
- 'घटं प्रति दण्डत्वमिति' यह है—अन्यथासिद्ध
- घटादि कार्य के प्रति दण्डत्व है—प्रथम अन्यथासिद्ध
- घटादि कार्य के प्रति दण्डरूप है—द्वितीय अन्यथासिद्ध
- घटादि कार्य के प्रति आकाश है—तृतीय अन्यथासिद्ध
- घटादि कार्य के प्रति कुम्हार का पिता है—चौथा अन्यथासिद्ध
- घटादि कार्य के प्रति दैवागत रासभादि है—पाँचवा अन्यथासिद्ध
- पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश ये पाँच हैं—भूत
- पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु ये चार हैं—स्पर्श वाले
- आत्मा और भूत होते हैं—विशेष गुण वाले
- 'तत्र क्षितिर्गन्धहेतुः' यह है—पृथिवी

- पृथिवी में रस कितने प्रकार का होता है?—6
- पृथिवी का गन्ध कितने प्रकार का माना गया है?—दो
- उत्पन्न पदार्थों का निमित्तकारण है—काल
- 'दूरान्तिकादिधी हेतुरेका नित्या दिगुच्यते' यह है—दिक्
- 'आत्मेन्द्रियाद्यधिष्ठाता' यह है—आत्मा
- चार्वाक के शरीरात्मवाद, इन्द्रियात्मवाद और मनसात्मवाद सिद्धान्त का खण्डन किया है—न्यायसिद्धान्त मुक्तावलीकार ने
- विज्ञानवाद का खण्डन किया है—न्यायसिद्धान्त मुक्तावलीकार ने
- सांख्यमत का खण्डन किया है—न्यायसिद्धान्त मुक्तावलीकार ने
- 'नित्यविज्ञानमेवात्मा' यह मत है—अद्वैतवादीवेदान्ती का
- 'नित्यविज्ञानमेवात्मा' इसका खण्डन किया है—न्यायसिद्धान्त मुक्तावलीकार ने
- आत्मा को ज्ञान स्वरूप नहीं मानते हैं—नैयायिक
- बुद्धि (ज्ञान) के प्रकार हैं—दो 1. अनुभूति 2. स्मृति
- अनुभूति के प्रकार हैं—चार
  1. प्रत्यक्ष, 2. अनुमिति, 3. उपमिति, 4. शब्द
- चार अनुभूति के प्रमाण हैं—चार
- चार्वाक प्रमाण मानता है—प्रत्यक्ष को
- बौद्ध और वैशेषिक प्रमाण मानते हैं—दो 1. प्रत्यक्ष 2. अनुमान
- सांख्य प्रमाण मानता है—तीन 1. प्रत्यक्ष 2. अनुमान 3. शब्द
- न्याय प्रमाण मानता है—चार 1. प्रत्यक्ष 2. अनुमान 3. उपमान 4. शब्द
- प्रभाकर मीमांसक प्रमाण मानते हैं—5
- कुमारिल मीमांसक प्रमाण मानते है—6
- प्रत्यक्ष के भेद हैं—6,
  1. घ्राणज 2. रासन 3. चाक्षुष 4. स्पार्शन 5. श्रौत्र 6. मानस
- निर्विकल्प हैं—ज्ञान

अतीन्द्रिय माना जाता है— ज्ञान
- ➢ इन्द्रिय छः प्रकार के प्रत्यक्ष में हैं— कारण
- ➢ प्रत्यक्ष के प्रकार हैं— दो 1. लौकिक 2. अलौकिक
- ➢ लौकिक प्रत्यक्ष के कितने प्रकार के सन्निकर्ष होते हैं?— 6
- ➢ अलौकिक सन्निकर्ष के प्रकार हैं— तीन
- ➢ 1. सामान्यलक्षण 2. ज्ञानलक्षण 3. योगज
- ➢ व्यापार का अर्थ है— सन्निकर्ष
- ➢ योगज सन्निकर्ष के भेद हैं— दो, 1. युक्त, 2. युञ्जान
- ➢ 'व्याप्ति' का अर्थ होता है— अविनाभाव या साहचर्यनियम
- ➢ 'साध्यवदन्यस्मिन्न सम्बन्ध उदाहृतः' यह है— व्याप्ति (कारिकावली)
- ➢ 'वह्निमान् धूमात्' यह उदाहरण है— व्याप्ति (कारिकावली)का
- ➢ 'अथवाहेतुमन्निष्ठविरहाप्रतियोगिना' साध्येन हेतोरैकाधि-करण्यं व्याप्तिरुच्यते' यह है— व्याप्ति (विश्वनाथ पञ्चानन मत)
- ➢ हेत्वाभास के प्रकार है— पाँच
- ➢ 'हेतोः आभासाः' यह है हेत्वाभास (नव्यनैयायिकों का मत)
- ➢ 'हेतुवदाभासन्तेइति' यह है हेत्वाभास (प्राचीन नैयायिकों का मत)
- ➢ अनैकान्तिक, विरुद्ध, असिद्ध, सत्प्रतिपक्ष, कालात्ययापदिष्ट ये पाँच हैं— हेत्वाभास के प्रकार
- ➢ असिद्ध हेत्वाभास के भेद हैं— तीन
  1. आश्रयासिद्ध 2. स्वरूपासिद्ध 3. व्याप्यत्वासिद्ध
- ➢ अनैकान्तिक हेत्वाभास के भेद हैं— तीन
  1. साधारण 2. असाधारण 3. अनुपसंहारी
- ➢ 'साधारणाद्यन्यतमत्वम्' यह है— अनैकान्तिक हेत्वाभास
- ➢ 'यः सपक्षे विपक्षे च भवेत् साधारणस्तु स' यह है— साधारण
- ➢ 'सर्वसपक्षविपक्ष व्यावृत्तः पक्षमात्रवृत्तिः' यह है— असाधारण
- ➢ 'धूमवान वह्नेः' यह उदाहरण है— साधारण अनैकान्तिक हेत्वाभास का

- ➢ 'शब्दो नित्यः शब्दत्वात्' यह उदाहरण है— असाधारण अनैकान्तिक हेत्वाभास का
- ➢ 'सर्वमनित्यम् प्रमेयत्वाद्' यह उदाहरण है— अनुपसंहारी अनैकान्तिक हेत्वाभास का
- ➢ 'अन्वयव्यतिरेकदृष्टान्तरहितः' यह लक्षण है— अनुपसंहारी अनैकान्तिक
- ➢ 'साध्याभावव्याप्तो हेतुः' यह है— विरुद्ध हेत्वाभास
- ➢ 'शब्दो नित्यः कृतकत्वात्' यह उदाहरण है— विरुद्ध हेत्वाभास का
- ➢ 'असिद्धिमान् हेत्वाभासः' यह है— असिद्ध हेत्वाभास
- ➢ 'पक्षे पक्षतावच्छेदकस्याभावं' यह है— आश्रयासिद्ध हेत्वाभास
- ➢ स्वरूपासिद्धिस्तु पक्षे व्याप्त्याभिमतस्याभावः' यह है— स्वरूपासिद्ध हेत्वाभास
- ➢ नीलधूमादि को हेतु मानने पर होता है— व्याप्त्यासिद्ध हेत्वाभास
- ➢ 'काञ्चनमयोपर्वतो वह्निमान् धूमात्' यह उदाहरण है— आश्रयासिद्ध हेत्वाभास का
- ➢ 'ह्रदोद्रव्यं धूमात्' यह उदाहरण है— स्वरूपासिद्ध हेत्वाभास का
- ➢ 'पर्वतो वह्निमान् नीलधूमात्' यह उदाहरण है— व्याप्त्यासिद्ध हेत्वाभास का
- ➢ 'विरुद्धयोः परामर्शैः हेतोः' यह है— सत्प्रतिपक्ष हेत्वाभास
- ➢ 'पक्षे साध्याभावादिः' यह है— कालात्ययापदिष्ट हेत्वाभास
- ➢ शब्दोनित्यः श्रावणत्वात्, शब्दत्ववत् यह उदाहरण है— सत्प्रतिपक्ष हेत्वाभास का
- ➢ 'शब्दोऽनित्यः जन्यत्वात् घटवत्' यह उदाहरण है— सत्प्रतिपक्ष हेत्वाभास का
- ➢ 'वह्निरनुष्णो द्रव्यत्वात्' यह उदाहरण है— कालात्ययापदिष्ट हेत्वाभास का



सर्वदर्शन संग्रह

जैनमत

- जैनदर्शन के आदि प्रवर्तक थे— ऋषभदेव
- ऋषभदेव के पिता का नाम है— नाभिराय
- जैनों के कुल तीर्थंकर थे— 24
- जैनों के अन्तिम तीर्थंकर हैं— महावीर
- जैन लोग अपने धर्म के प्रचारक सिद्धों को कहते थे— तीर्थंकर
- जैनधर्म के 23वें तीर्थंकर थे— पार्श्वनाथ
- काशी के राजा अश्वसेन के पुत्र थे— पार्श्वनाथ
- पार्श्वनाथ की माता का नाम था— वामादेवी
- पार्श्वनाथ का जन्म हुआ था— 517 ईसवी पूर्व
- 'ज्ञातृक' नामक क्षत्रियवंश में जन्म हुआ था— वर्धमान (महावीर) का
- महावीर का जन्म हुआ था— 540 ई.पू. (कुण्डग्राम, वैशाली)
- वर्धमान के पिता का नाम था— सिद्धार्थ
- वर्धमान की माता का नाम था— त्रिशला
- वर्धमान की पत्नी का नाम था— यशोदादेवी
- वर्धमान के ज्येष्ठ भ्राता का नाम था— नन्दिवर्धन
- 13 वर्षों के बाद कैवल्य ज्ञान प्राप्त हुआ था— वर्धमान को
- पावापुरी में 72वर्ष की आयु में मृत्यु हुई थी— वर्धमान की
- 'जिन' और 'महावीर' की उपाधि दी गयी थी— वर्धमान को
- 'जिन' शब्द का अर्थ है— जीतने वाला
- सभी प्रकार के विकारों को जीत लेने वाला कहा जाता है— 'जिन'
- जैनदर्शन प्रत्येक पदार्थ के कितने लक्षण स्वीकार करता है— तीन
  1. उत्पाद 2. व्यय 3. ध्रौव्य

- जैनदर्शन में पदार्थों की संख्या मानी गयी है— 7
- जैनदर्शन में कितने सम्प्रदाय पाये जाते हैं— दो
  1. दिगम्बर, (भद्रबाहु के शिष्य)
  2. श्वेताम्बर (स्थूलभद्र के शिष्य)
- जैनदर्शन में मोक्ष के साधन हैं— त्रिरत्न
- जैन दर्शन में सम्यक् दर्शन, सम्यक्ज्ञान, सम्यक् चरित्र ये हैं— त्रिरत्न
- 'सर्वदर्शनसंग्रह' के प्रणेता हैं— माधवाचार्य
- 'जिनदेव' के द्वारा कहे गए तत्त्वों में रुचि होना कहलाता है— सम्यक्दर्शन
- जैनदर्शन में नित्या-नित्यात्मक, सामान्य विशेषात्मक, त्रिलक्षण सम्पन्न माना गया है— द्रव्य
- गुणरूप से नित्य है— द्रव्य
- पर्यायरूप से अनित्य है— द्रव्य
- द्रव्य में गुण हैं— ध्रुव
- गुणपर्यायात्मक कहा गया है— द्रव्य को
- जैनदर्शन का विशिष्ट सिद्धान्त है— अनेकान्तवाद
- जैनदर्शन है— नास्तिकदर्शन
- सम्यक्दर्शन के अङ्ग हैं— आठ
- सम्यक् ज्ञान के भेद हैं— पाँच
  1. मति 2. श्रुत 3. अवधि 4. मनः पर्याय 5. केवल
- सम्यक्ज्ञान के 5 भेदों में से प्रथम (मति) को कहते हैं— परोक्ष
- सम्यक्ज्ञान के 5 भेदों में से द्वितीय (श्रुत) को कहते हैं— प्रत्यक्ष
- मति ज्ञान के भेद हैं— चार
  1. अवग्रह 2. ईहा 3. अवाय 4. साधारण
- 'संसरणकर्मोच्छित्तावुद्यतस्य श्रद्दधानस्य ज्ञानवतः पापगमनकारण क्रियानिवृत्तिः' यह है— सम्यक् चरित्र

➢ सम्यक् चरित्र के महाव्रत हैं—पाँच
1. अहिंसा 2. सूनृत (सत्य) 3. अस्तेय 4. ब्रह्मचर्य 5. अपरिग्रह
➢ 'न यत्प्रमादयोगेन जीवितव्यपरोपणम्।
चराणां स्थावराणां च तदहिंसा व्रतं मतम्'।। यह है—अहिंसाव्रत
➢ प्रियं पथ्यं वचस्तथ्यं सूनृतं व्रतमुच्यते।
तत्तथ्यमपि नो तथ्यमप्रियं चाहितं च यत्'।। यह है—सत्यव्रत
➢ 'अनादानमदत्तस्यास्तेयव्रतमुदीरितम्।
ब्रह्याः प्राणाः नृणामर्थो हरता तं हता हि ते।। यह है—अस्तेयव्रत
➢ दिव्यौदरिककामानां कृतानुमतकारितैः।
मनोवाक्कायतस्त्यागो ब्रह्माष्टादशधा मतम्।। यह है—ब्रह्मचर्यव्रत
➢ 'सर्वभावेषु मूर्च्छायास्त्यागः स्यादपरिग्रहः' यह है—अपरिग्रह
➢ प्रत्येक व्रत की भावनाएँ हैं— पाँच-पाँच
➢ ज्ञान के रूप में है—जीव
➢ अज्ञान के रूप में हैं—अजीव
➢ वाचकाचार्य के अनुसार औपशमिक, क्षायिक और दोनों का मिश्रण, औदयिक और पारिणामिक ये पाँच भाव रूप हैं—जीव के अपने
➢ 'अनुदयप्राप्तिरूपे कर्मण उपशमे सति जीवस्योत्पद्यमानोभाव' यह है—औपशमिक
➢ 'कर्मणः क्षये सति जायामानोभावः' यह है—क्षायिक
➢ 'उभयात्मा भावः' यह है—मिश्र
➢ 'जलस्यार्धस्वच्छता' यह उदाहरण है—मिश्र का
➢ 'कर्मोदये सति भवन्भावः' यह है—औदयिक
➢ 'कर्मोपशमाद्यनपेक्षः सहजो भावश्चेतनत्वादिः' यह है—पारिणामिक
➢ स्पर्श, रस, गन्ध और वर्ण से युक्त होते हैं—पुद्गल
➢ पुद्गल के प्रकार हैं—दो 1. अणु 2. स्कन्ध
➢ जैनदर्शन तत्त्वों की संख्या मानता है—सात
➢ जीव, अजीव, आस्रव, बन्ध, संवर, निर्जरा और मोक्ष ये सात हैं—तत्त्व (पदार्थ)

➢ उमास्वाति ने बन्ध के कितने कारण बताए हैं?—चार
1. मिथ्यादर्शन, 2. अविरति, 3. प्रमाद, 4. कषाय
➢ मिथ्यादर्शन के भेद हैं—दो
➢ 'पृथिव्यादिषट्कोपादानं षडिन्द्रियासंयमनं च' यह है—अविरति
➢ 'पञ्चसमितित्रिगुप्तिष्वनुत्साहः' यह है—प्रमाद
➢ 'क्रोधादिः' यह है—कषाय
➢ बन्धन के भेद हैं—चार
1. प्रकृतिबन्ध 2. स्थितिबन्ध 3. अनुभवबन्ध, 4. प्रदेशबन्ध
➢ 'आस्रवनिरोधः' यह है—संवर
➢ गुप्ति के भेद हैं—तीन
➢ समिति के भेद हैं—पाँच
➢ 'अर्जितस्य कर्मणस्तपः प्रभृतिभिर्निर्जरणं निर्जराख्यं तत्त्वम्' यह है—निर्जर
➢ निर्जरा के भेद हैं—दो
1. यथाकाल, 2. औपक्रमिक
➢ 'बन्धहेत्वभावनिर्जराभ्यां कृत्स्नकर्मविप्रमोक्षणम्' यह है—मोक्ष
➢ 'सप्तभङ्गीनय' यह है—जैनों का
➢ 'सप्तभङ्गीनय' के प्रकार हैं—7
➢ 'भङ्ग' का अर्थ है—समुच्चय
➢ जैन दार्शनिक सभी 'नय' के साथ किस शब्द का प्रयोग करते हैं?—'स्यात्' का
➢ 'स्यादस्ति' का अर्थ है—किसी प्रकार है
➢ 'स्यान्नास्ति' का अर्थ है— किसी प्रकार नहीं है
➢ स्यादस्ति च नास्ति च का अर्थ है— किसी प्रकार है और नहीं है
➢ 'स्यादवक्तव्यः' का अर्थ है—किसी प्रकार अवर्णनीय है
➢ 'स्यादस्ति चावक्तव्यः' का अर्थ है—किसी प्रकार है और अवर्णनीय है

- 'स्यान्नास्ति चावक्तव्यः' का अर्थ है—किसी प्रकार नहीं है और अवर्णनीय है
- 'स्यादस्ति च नास्ति चावक्तव्यः' का अर्थ है—किसी प्रकार है, नहीं है, अवर्णनीय है
- सापेक्षता और अनेकान्तता का द्योतक है—'स्यात्' शब्द
- 'सरजोहरणा भैक्षभुजो लुञ्चितमूर्धजाः। श्वेताम्बराः क्षमाशीला निःसङ्गा जैनसाधवः' यह है—श्वेताम्बर
- 'लुञ्चिताः पिच्छिका हस्ताः पाणिपात्राः' यह है—दिगम्बर
- 'ऊर्ध्वाशिनो गृहे दातुर्द्वितीयाः स्युर्जिनर्षयः' यह है—दिगम्बर
- जैनदर्शन के अनुसार गुणस्थानों की संख्या है— 14
- मोक्षमार्ग के सोपानों को जैनदर्शन में कहते हैं—गुणस्थान



बौद्धमत

- बौद्धदर्शन के संस्थापक थे—गौतमबुद्ध
- गौतमबुद्ध का नाम था—सिद्धार्थ
- बौद्धदर्शन के आदि प्रवर्तक हैं—सिद्धार्थ
- सिद्धार्थ के पिता का नाम था—शुद्धोदन
- सिद्धार्थ की माता का नाम था—मायादेवी
- 19 वर्ष की अवस्था में सिद्धार्थ ने किया था—महाभिनिष्क्रमण
- वैशाखी पूर्णिमा को जन्म हुआ था—सिद्धार्थ का
- वैशाखी पूर्णिमा को बुद्धत्व प्राप्त हुआ था—सिद्धार्थ को
- सिद्धार्थ ने निर्वाण प्राप्त किया था—कुशीनगर में (80 वर्ष की आयु में)
- मानव क्लेशों से उद्धार पाने के लिए 'विनय' तथा धर्म की शिक्षा सिद्धार्थ ने लोगों को दी थी—मागधी भाषा में
- व्याप्ति का ही दूसरा नाम है—अविनाभाव
- अन्वय और व्यतिरेक को नहीं मानते हैं—बौद्ध
- कार्य-कारण-सम्बन्ध के निश्चय के द्वारा निश्चय होता है—व्याप्ति का
- कार्य-कारण-सम्बन्ध का निश्चय कार्य और कारण के प्रत्यक्ष उपलम्भ और अनुपलम्भ निर्भर करता है—पाँच अवयवों पर
- बौद्धदर्शन के सम्प्रदाय हैं—चार

  1. माध्यमिक (शून्यवाद)
  2. योगाचार, (विज्ञानवाद)
  3. सौत्रान्तिक (बाह्यार्थानुमेयवाद)
  4. वैभाषिक (बाह्यार्थप्रत्यक्षवाद)

- 'सब कुछ शून्य होना है—माध्यमिक के अनुसार

- 'बाह्यपदार्थों का शून्य' होना है— योगाचार के अनुसार
- बाह्य पदार्थों का अनुमान से ज्ञान होना है— सौत्रन्तिक के अनुसार
- बाह्य पदार्थों का प्रत्यक्ष से ज्ञान होना है— वैभाषिक के अनुसार
- शून्यवाद का मत सम्बद्ध है— नागार्जुन से
- 'योगाचार' के आचार्य हैं— दिङ्नाग
- बौद्धदर्शन को विभक्त किया गया था— दो भागों में
  1. हीनयान 2. महायान
- माध्यमिक और योगाचार सम्प्रदाय हैं— महायान के
- सौत्रान्तिक और वैभाषिक सम्प्रदाय हैं— हीनयान के
- 'सौत्रान्तिक' का विशेष सम्बन्ध है— सुत्तपिटक से
- 'केवल' वर्तमान की सत्ता को मानते हैं— सौत्रान्तिक
- सभी कालों की सत्ता को मानने के कारण वैभाषिक कहलाते हैं— सर्वास्तिवादी
- योगाचार मत में एकमात्र सत्ता है— विज्ञान
- योगाचार मत में विज्ञान को स्वीकार किया गया है— अद्वैत रूप में
- 'सब कुछ दुःख है, दुःख है' यह विचार (भावना) है— बौद्ध की (सर्वं दुःखं दुःखम्)
- 'सर्वं स्वलक्षणं स्वलक्षणम्' यह बौद्धों की है— दूसरी भावना
- साधारणतया 'शून्य' शब्द का अर्थ समझा जाता है— असत् या अभाव
- माध्यमिकों के अनुसार 'शून्य' का अर्थ होता है— अनिर्वचनीय
- 'शून्य' को एक 'अनिर्वचनीय' तत्त्व कहा है— माध्यमिकों ने
- अप्राप्त ज्ञान की प्राप्ति के लिए प्रश्न करना कहलाता है— योग
- गुरु की बातों को स्वीकार करना कहलाता है— आचार
- 'गुरूक्तस्यार्थस्याङ्गीकरणमाचारः' यह है— आचार

- शिष्य को कितने काम करने हैं?— दो
  1. योग 2. आचार
- 'अप्राप्तस्यार्थस्य प्राप्तये पर्यनुयोगो' यह है— योग
- योगाचार का दूसरा नाम है— विज्ञानवाद
- बाहरी पदार्थों को शून्य नहीं मानते हैं— सौत्रान्तिक लोग
- बाहरी पदार्थों को अनुमेय मानते हैं— सौत्रान्तिक लोग
- सौत्रान्तिक और वैभाषिक मानते हैं— दोनों को (आन्तर एवं बाह्य पदार्थ)
- आन्तर और बाह्य पदार्थ दोनों को नहीं मानते हैं— माध्यमिक
- केवल आन्तर पदार्थ को मानते हैं— विज्ञानवादी
- 'आलय विज्ञान' और 'प्रवृत्ति विज्ञान' वस्तुतः सिद्धान्त हैं'— विज्ञानवादियों के
- प्रवृत्तिविज्ञान के भेद हैं— 7
- 'नामाहमास्पदं विज्ञानम्' यह है— आलयविज्ञान
- साकारचित्त को कहते हैं— ज्ञान
- ज्ञान के कारण हैं— चार
  1. आलम्बन 2. समनन्तर 3. सहकारी 4. अधिपति
- चित्त और चित्त के विकारों के रूप में स्कन्ध (अमूर्त्त तत्त्व) के प्रकार हैं— पाँच
- रूपस्कन्ध, विज्ञानस्कन्ध, वेदनास्कन्ध, संज्ञास्कन्ध और संस्कारस्कन्ध ये हैं— पाँच स्कन्ध
- विषयों के साथ इन्द्रियों का नाम है— रूपस्कन्ध
- आलयविज्ञान और प्रवृत्तिविज्ञान का प्रवाह है— विज्ञानस्कन्ध
- पहले कहे गए इन दोनों स्कन्धों के सम्बन्ध से उत्पन्न सुखदुःखादि प्रतीतियों का प्रवाह है— वेदनास्कन्ध

- 'गौ' इत्यादि शब्दों को व्यक्त करने वाले ज्ञानों का प्रवाह है— संज्ञास्कन्ध
- वेदनास्कन्ध पर आधारित रागद्वेषादि क्लेश, मद-मानादि तथा धर्म-अधर्म को कहते हैं— संस्कारस्कन्ध
- विज्ञान के प्रकार हैं— दो

  1. आलयविज्ञान 2. प्रवृत्तिविज्ञान
- आर्य सत्य हैं— चार

  1. दुःख 2. समुदय 3. निरोध 4. मार्ग
- समुदय का अर्थ है— दुःख का कारण
- दुःख के कारण के प्रकार हैं— दो

  1. प्रत्यय पर आधारित 2. कारण पर आधारित
- आध्यात्मिक वस्तुओं का हेतुनिबन्धन कारण ही कहलाता है— भवचक्र
- सब की सत्ता स्वीकार करते हैं— वैभाषिक
- बाह्य पदार्थों को अनुमान का विषय मानते हैं— सौत्रान्तिक
- प्रत्यक्षतः किसी भी अर्थ की सत्ता को स्वीकारते नहीं हैं— सौत्रान्तिक
- अर्थ के प्रकार हैं— दो 1. ग्राह्य 2. अध्यवसेय
- निर्विकल्पक रूप में जो ग्रहण होता है, वह है— प्रमाण
- जिसमें कल्पना बिल्कुल नहीं रहती है, वह है— निर्विकल्पक
- सविकल्पक के रूप में जो अध्यवसाय रहता है, वह है— अप्रमाण
- जिसमें वस्तु की कल्पना का ज्ञान होता है, वह है— सविकल्पक
- एकमात्र प्रमाण है— निर्विकल्पक प्रत्यक्ष
- 'कल्पानापोढमभ्रान्तं प्रत्यक्षम्' यह है— निर्विकल्पक प्रत्यक्ष
- बौद्धों के सिद्धान्त में आयतनों की संख्या है— 12
- बारह आयतनों की पूजा देने वाली होती है— मोक्ष
- 5 ज्ञानेन्द्रियाँ, 5 कर्मेन्द्रियाँ, मन और बुद्धि ये द्वादश हैं— आयतन
- प्रमाण हैं— दो

  1. प्रत्यक्ष 2. अनुमान

- वैभाषिक आदि बौद्धों के प्रस्थान प्रसिद्ध हैं— चार
- अर्थ को ज्ञान से युक्त मानते हैं— वैभाषिक
- बाह्य अर्थ को प्रत्यक्ष द्वारा ग्रहणीय नहीं लेते हैं— सौत्रान्तिक
- बाह्य अर्थ को अनुमेय मानते हैं— सौत्रान्तिक
- बुद्धि ही आकार के साथ है, यह मत है— योगाचार का
- केवल ज्ञान को ही अपने में स्थित मानते हैं— माध्यमिक
- 'विज्ञानमेवात्मा' यह सिद्धान्त है— बौद्ध का
- ईश्वर की सत्ता नहीं स्वीकार करता है— बौद्ध
- असत्कार्यवाद सिद्धान्त है— बौद्ध का
- बुद्ध द्वारा उपदिष्ट आर्य सत्यों की संख्या है— 4
- बौद्धदर्शन में कितने 'परमाणु' हैं— 4
- नास्तिक दर्शन है— बौद्धदर्शन
- नास्तिक दर्शनों की संख्या है— 3
- आस्तिक दर्शनों की संख्या है— 6
- 'आत्मख्याति' को स्वीकार करते हैं— योगाचार
- 'असतख्याति' को स्वीकार करते हैं— माध्यमिक

✦✦✦

ऐच्छिक- 4

काव्यप्रकाश

(द्वितीय उल्लास)

- ➢ काव्य-लक्षण के शब्दार्थों का निरूपण किया गया है— द्वितीय उल्लास में
- ➢ काव्यप्रकाश के द्वितीय उल्लास का नाम है— शब्दार्थस्वरूपनिर्णय
- ➢ शब्द के भेद हैं— तीन
  1. वाचक 2. लक्षक 3. व्यञ्जक
- ➢ अर्थ के भेद हैं— तीन
  1. वाच्य 2. लक्ष्य 3. व्यङ्ग्य
- ➢ साहित्यशास्त्र को छोड़कर अन्य शास्त्रों में किस शब्द का निरूपण नहीं किया गया है? व्यञ्जक का
- ➢ मुख्यार्थ का बोधक है— वाचक शब्द
- ➢ वाचक शब्द के ऊपर आश्रित रहता है— लाक्षणिक शब्द
- ➢ वाचक और लाक्षणिक शब्द की अपेक्षा रखता है— व्यञ्जक शब्द
- ➢ यह तीन प्रकार का विभाग केवल है— शब्द की उपाधियों का, शब्दों का नहीं
- ➢ तीन प्रकार के अर्थों को प्रकट करने वाली वृत्तियाँ हैं— तीन
  1. अभिधा 2. लक्षणा 3. व्यञ्जना
- ➢ आचार्य मम्मट ने शब्द की कितनी वृत्तियों (व्यापार) को स्वीकार किया है?— तीन
- ➢ व्यञ्जक सिर्फ पाया जाता है— साहित्यशास्त्र में
- ➢ शब्द शक्तियों के प्रकार हैं— तीन 1. अभिधा 2. लक्षणा 3. व्यञ्जना
- ➢ 'अभिहितान्वयवाद' के अनुयायी हैं— मीमांसक
- ➢ 'अभिहितान्वयवाद' के आचार्य हैं— कुमारिलभट्ट

- अन्विताभिधानवाद के आचार्य हैं— पार्थसारथिमिश्र
- ➢ कुमारिलभट्ट के अनुयायी हैं— प्रभाकर आदि
- ➢ अर्थ का चतुर्थ भेद माना जाता है— तात्पर्यार्थ
- ➢ 'तात्पर्यार्थ' को मानते हैं— अभिहितान्वयवादी
- ➢ 'तात्पर्यार्थ' को कहा जाता है— वाक्यार्थ
- ➢ 'तात्पर्यार्थ' बोधक शक्ति को कहा जाता है— तात्पर्याख्याशक्ति
- ➢ मीमांसक नहीं मानते हैं— व्यञ्जना को
- ➢ मीमांसक कितने प्रकार की शब्द शक्ति मानते हैं— तीन
  1. अभिधा 2. लक्षणा 3. तात्पर्यार्थ
- ➢ पदार्थों का परस्पर सम्बन्ध पदों से नहीं अपितु वक्ता के तात्पर्य के अनुसार होता है, यह मत है— अभिहितान्वयवादियों का
- ➢ आकांक्षा, योग्यता और सन्निधि से युक्त पदसमुदाय ही कहलाता है— वाक्य
- ➢ श्रोता की जिज्ञासा रूप है— आकांक्षा
- ➢ पदार्थों के परस्पर सम्बन्ध में बाधा का अभाव है— योग्यता
- ➢ एक ही पुरुष द्वारा अविलम्ब पदों का उच्चारण करना है— सन्निधि
- ➢ 'वाच्य एव वाक्यार्थः' यह सिद्धान्त है— अन्विताभिधानवादियों का
- ➢ प्रायः सभी अर्थों का व्यञ्जकत्व भी माना जाता है— साहित्यशास्त्र में
- ➢ 'मातर्गृहोपकरणमद्य खलु नास्तीति साधितं त्वया।
  तद्भण किं करणीयमेवमेव न वासरः स्थायी।।' यह उदाहरण है— वाच्यार्थ का
- ➢ 'साधयन्ती सखि सुभगं क्षणे-क्षणे दूनासि मत्कृते।
  सद्भावस्नेहकरणीयसदृशकं तावद् विरचितं त्वया।।' यह उदाहरण है— लक्ष्यार्थ का
- ➢ 'पश्य निश्चलनिष्पन्दा बिसिनीपत्रे राजते बलाका।
  निर्मलमरकतभाजनपरिस्थिता शङ्खशुक्तिरिव।।' यह उदाहरण है— व्यङ्ग्यार्थ का

- 'साक्षात्संकेतितं योऽर्थमभिधत्ते स वाचक:' यह है— वाचक
- साक्षात् संकेतित अर्थ को अभिधा शक्ति के द्वारा कहने वाला शब्द कहलाता है— वाचक
- संकेतित अर्थ के भेद हैं— चार
  1. जाति 2. गुण 3. क्रिया 4. यदृच्छा
- संकेतित अर्थ के रूप में केवल 'जाति' को ही मानते हैं— मीमांसक
- उपाधि के मुख्य रूप से प्रकार हैं— दो
  1. वस्तुधर्म 2. वक्तृयदृच्छासन्निवेशित
- 'लक्षणा' का मुख्य कारण बतलाया गया है— मुख्यार्थ बाध
- 'लक्षणा' व्यङ्ग्य की दृष्टि से कितने प्रकार की कही गयी है?— तीन
  1. व्यङ्ग्यरहित लक्षणा 2. गूढ़व्यङ्ग्य 3. अगूढव्यङ्ग्य
- 'लक्षणा' का आश्रयभूत शब्द कहलाता है— लाक्षणिक शब्द
- व्यञ्जना के भेद हैं— दो
  1. शाब्दी व्यञ्जना 2. आर्थी व्यञ्जना
- शाब्दी व्यञ्जना के भेद हैं— दो
  1. अभिधामूला 2. लक्षणामूला
- 'अनेकार्थस्य शब्दस्य वाचकत्वे नियन्त्रिते। संयोगाद्यैरवाच्यार्थधीकृद् व्यापृतिरञ्जनम्।।' यह है अभिधामूला व्यञ्जना
- व्यञ्जना-व्यापार से युक्त शब्द कहलाता है— व्यञ्जक
- 'गुरुमत' कहा जाता है— प्रभाकर के मत को
- प्रभाकर को 'गुरु' की उपाधि दी थी— कुमारिलभट्ट ने
- 'अत्र तु नोक्तं तत्रापि नोक्तम् इति पौनरुक्त्यम्' यह उक्ति है— कुमारिलभट्ट की
- अत्र 'तुना' उक्तं तत्र 'अपिना' उक्तम् इति पौनरुक्त्यम् यह उक्ति है— प्रभाकर की



पञ्चम उल्लास

- 'ध्वनिगुणीभूतव्यङ्ग्य सङ्कीर्ण भेदनिर्णय' नामक उल्लास है— पञ्चम उल्लास
- गुणीभूतव्यङ्ग्य रूप मध्यम काव्य के भेदों का निरूपण किया गया है— पञ्चम उल्लास में
- गुणीभूतव्यङ्ग्य के भेद हैं— आठ
- अगूढमपरस्याङ्गं वाच्यसिद्ध्यङ्गमस्फुटम्। सन्दिग्धतुल्यप्राधान्ये काक्वाक्षिप्तमसुन्दरम्।। यह आठ भेद है— गुणीभूतव्यङ्ग्य के
- अत्रासीत् फणिपाशबन्धनविधि: शक्त्या भवद्देवरे गाढं वक्षसि ताडिते हनुमता द्रोणाद्रिरत्राहृत:।। यह उदाहरण है— अगूढव्यङ्ग्य का
- जहाँ असहृदयजनों को भी व्यङ्ग्यार्थ की शीघ्र प्रतीति हो जाती है, वह है— अगूढव्यङ्ग्य गुणीभूतव्यङ्ग्य
- जहाँ व्यङ्ग्यार्थ वाक्य के तात्पर्यरूप किसी अन्य प्रधान अर्थ का अङ्ग (उपकारक) हो जाता है, वह है— अपरस्याङ्गव्यङ्ग्य गुणीभूतव्यङ्ग्य
- जहाँ वाच्यार्थ की सिद्धि व्यङ्ग्यार्थ के अधीन होती है, वह है— वाच्यसिद्ध्यङ्ग गुणीभूतव्यङ्ग्य
- जहाँ व्यङ्ग्यार्थ को सहृदयजन भी सहज में नहीं समझ पाते हैं, वह है— अस्फुट गुणीभूतव्यङ्ग्य
- जहाँ वाच्यार्थ प्रधान है अथवा व्यङ्ग्यार्थ प्रधान है यह सन्देह होता है, वह है— संदिग्ध प्राधान्य गुणीभूतव्यङ्ग्य
- जहाँ चमत्कारोत्पादन में वाच्यार्थ तथा व्यङ्ग्यार्थ का तुल्य सामर्थ्य होता है, वह है— तुल्यप्राधान्य गुणीभूतव्यङ्ग्य
- जहाँ काकु नामक ध्वनिविकार से आक्षिप्त व्यङ्ग्यार्थ के बिना वाच्यार्थ का स्वरूप ही निष्पन्न नहीं होता है, वह है— काक्वाक्षिप्त

➢ जहाँ व्यङ्ग्यार्थ स्वभाव से ही वाच्यार्थ की अपेक्षा कम चमत्कारपूर्ण होता है, वह है— असुन्दर गुणीभूतव्यङ्ग्य

➢ 'काञ्चीगुणग्रथनभाजनमेष सोऽस्मि जीवन्न सम्प्रति भवामि किमावहामि' यहाँ पर 'जीवन' इस अर्थान्तर संक्रमित वाच्य (पद) का व्यङ्ग्य है— अगूढ

➢ उन्निद्रकोकनदरेणुपिशङ्गिताङ्गा गायन्ति मञ्जु मधुपा गृहदीर्घिकासु। एतच्चकास्ति च रवेर्नवबन्धुजीवपुष्पच्छदाभमुदया चलचुम्बिबिम्बम्।। यहाँ चुम्बन इस अत्यन्ततिरस्कृतवाच्य का व्यङ्ग्य है— अगूढ

➢ अत्रासीत् फणिपाशबन्धनविधिः शक्त्या भवद्देवरेगाढं वक्षसि ताडिते हनुमता द्रोणाद्रिरत्राहृतः।

➢ दिव्यैरिन्द्रजिदत्र लक्ष्मणशरैर्लोकान्तरं प्रापितः केनाप्यत्र मृगाक्षि! राक्षसपतेः कृत्ता च कण्ठाटवी।। यहाँ पर 'केनापि' इसमें है— अर्थशक्तिमूलक संलक्ष्यक्रमव्यङ्ग्यअगूढ

➢ अयं स रशनोत्कर्षी पीनस्तनविमर्दनः।
नाभ्यूरुजघनस्पर्शी नीवीविस्रंसनःकरः।। यह उदाहरण है— अपराङ्गगुणीभूतव्यङ्ग्य का

➢ यहाँ 'अयं' इत्यादि में शृङ्गाररस है— व्यङ्ग्य

➢ यहाँ पर शृङ्गार (अपर), करुण का है— अङ्ग

➢ 'भ्रमिमरतिमलसहृदयतां प्रलयं मूर्च्छां तमः शरीरसादम्।
मरणञ्च जलदभुजगजं प्रसह्य कुरुते विषं वियोगिनीनाम्।।' यह उदाहरण है— वाच्यसिद्ध्यङ्ग का

➢ 'अदृष्टे दर्शनोत्कण्ठा दृष्टे विच्छेदभीरुता।
नादृष्टेन न दृष्टेन भवता लभ्यते सुखम्।।' यह उदाहरण है— अस्फुट गुणीभूतव्यङ्ग्य का

➢ 'हरस्तु किञ्चित्परिवृत्तधैर्यश्चन्द्रोदयारम्भ इवाम्बुराशिः।
उमामुखे बिम्बफलाधरोष्ठे व्यापारयामास विलोचनानि।।' यह उदाहरण है— संदिग्धप्राधान्य का

➢ 'ब्राह्मणातिक्रमत्यागो भवतामेव भूतये।
जामदग्न्यस्तथा मित्रमन्यथा दुर्मनायते।।' यह उदाहरण है-- तुल्य-प्राधान्य का

➢ मथ्नामि कौरवशतं समरे न कोपाद् दुःशासनस्य रुधिरं न पिबाम्युरस्तः।
यह उदाहरण है— काक्वाक्षिप्त का

➢ 'वानीरकुञ्जोड्डीनशकुनिकोलाहलं शृण्वन्त्याः।
गृहकर्मव्यापृताया वध्वाः सीदन्त्यङ्गानि।।' यह उदाहरण है— असुन्दर व्यङ्ग्य का

+++

वक्रोक्तिजीवितम्

- 'वक्रोक्तिजीवितम्' के रचनाकार हैं— आचार्य कुन्तक
- वक्रोक्ति संप्रदाय के संस्थापक हैं— आचार्य कुन्तक
- कुन्तक के अनुसार साहित्य शब्द का अर्थ है— शब्दार्थ का पूर्ण सामंजस्य
- कुन्तक के अनुसार काव्य के प्रयोजन हैं— तीन
- कुन्तक के सिद्धान्त के अनुसार काव्य की आत्मा है— वक्रोक्ति
- 'प्रसिद्धाभिधानव्यतिरेकिणी विचित्रैवाभिधा' यह है— वक्रोक्ति
- प्रसिद्ध कथन से भिन्न विचित्र अभिधा अर्थात् वर्णन शैली ही है— वक्रोक्ति
- वैदग्ध्य का अर्थ है— विदग्धता
- वैदग्ध्य से अभिप्राय है— कविकर्म-कौशल का
- स्थान-स्थान पर वक्र, विचित्र, चारु आदि शब्दों का पर्याय रूप में प्रयोग किया है— कुन्तक ने
- कुन्तक के अनुसार सम्पूर्ण काव्य-विधान का केन्द्र बिन्दु है— प्रतिभा
- प्रतिभा के स्वरूप के विषय में कुन्तक का दृष्टिकोण है— समन्वयवादी
- कुन्तक के अनुसार पूर्वजन्म और इस जन्म के संस्कारों का परिपाक है— प्रतिभा
- वक्रोक्ति को काव्य के अलंकार का पर्याय माना है— कुन्तक ने
- शब्द-अर्थ के सौन्दर्य अथवा अलंकार की समष्टि का ही दूसरा नाम है— वक्रोक्ति
- कुन्तक मूलतः वक्रता (वक्रोक्ति) के भेद मानते हैं— 6
  1. वर्णविन्यास वक्रता 2. पदपूर्वार्द्ध वक्रता 3. पदपरार्ध
  4. वाक्य 5. प्रकरण 6. प्रबन्ध
- वर्ण के बाद काव्य का दूसरा अवयव है— पद

- पदपूर्वार्द्ध वक्रता के मुख्य भेद हैं— 8
- प्रकरण वक्रता के मुख्यभेद हैं— 9
- प्रबन्ध वक्रता के मुख्यभेद हैं— 6
- श्रीमद्राजानककुन्तकविरचित 'वक्रोक्तिजीवितम्' नामक ग्रन्थ के भाग हैं— दो
  1. कारिकाभाग 2. वृत्तिभाग
- कारिकाभाग एवं वृत्तिभाग दोनों के रचयिता हैं— कुन्तक
- कुन्तक ने मूलकारिका भाग का नाम रखा है— काव्यालङ्कार
- कुन्तक ने वृत्तिभाग का नाम रखा है— वक्रोक्तिजीवितम्
- 'वक्रोक्तिजीवितम्' के मङ्गलाचरण के प्रथम श्लोक में ग्रन्थकार ने नमस्कार किया है— शिव को
- कुन्तक के इष्टदेव हैं— शिव
- कुन्तक ने जगत्त्रितय के वैचित्र्य रूप चित्रकर्म के निर्माता के रूप में स्मरण किया है— शिव को
- 'जगत्त्रितयवैचित्र्यचित्रकर्मविधायिनम्' यह वक्रोक्तिजीवितम् का है— मङ्गलाचरण
- 'शिवं शक्तिपरिस्पन्दमात्रोपकरणं नुमः' यह वक्रोक्ति जीवितम् का है— मङ्गलाचरण
- आचार्य कुन्तक माने जाते हैं— कश्मीरी
- वक्रोक्ति सम्प्रदाय के प्रवर्तक हैं— आचार्य कुन्तक
- ग्रन्थ के आरम्भ में कुन्तक ने मङ्गलाचरण में नमस्कार किया है— सरस्वती देवी को
- ग्रन्थ का मङ्गलाचरण है— नमस्कारात्मक
- कवि का कर्म (रचना) है— काव्य
- कुन्तक के मत में अलङ्कार काव्य का है— स्वरूपाधायक धर्म
- 'शब्दार्थौ सहितौ वक्रकविव्यापारशालिनि।
  बन्धे व्यवस्थितौ काव्यं तद्विदाह्लादकारिणि।।' यह काव्य-लक्षण है— कुन्तक का

➤ शब्द और अर्थ दोनों मिलकर हैं— काव्य

➤ 'तद्विदाह्लादकारित्व' होता है— शब्द और अर्थ में

➤ काव्य-लक्षण में 'तत्' का अर्थ है— काव्य

➤ काव्य-लक्षण में 'विद्' का अर्थ है— मर्मज्ञ

➤ सहित (शब्द तथा अर्थ) का भाव है— साहित्य (सहितयोर्भावःसाहित्यम्)

➤ 'वर्णविन्यास-वक्रता' प्राचीन आलङ्कारिकों में प्रसिद्ध है— अलंकार नाम से

➤ कुन्तक ने काव्य रचना का कारणभूत स्वीकार किया है— मार्गों को

➤ कुन्तक कितने मार्ग का उल्लेख करते हैं? तीन
1. सुकुमार मार्ग 2. विचित्र मार्ग 3. मध्यम या उभयात्मक मार्ग

➤ कुन्तक ने तीनों मार्गों के गुण बताए हैं— चार
1. प्रसाद 2. माधुर्य 3. लावण्य 4. अभिजात

➤ 'अम्लानप्रतिभोद्भिन्ननवशब्दार्थबन्धुरः।
अयत्नविहितस्वल्पमनोहारिविभूषणः।।' यह है— सुकुमार मार्ग

➤ 'वक्रोक्ति जीवितम्' विभक्त है— उन्मेषों में

➤ वर्तमान में 'वक्रोक्ति' जीवितम् में कुल उन्मेष है— चार

➤ कुन्तक ने काव्य लक्षण में कितनी चीजों का समावेश किया है— पाँच
